दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :312
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 13 सितम्बर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## न्यूज डायरी

### माकपा नेता सीताराम येचुरी का निधन



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** मार्कसवादी काम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी का आज निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। वे काफी समय से गंभीर थे और सीने में दर्द के बाद उन्हें दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान में भर्ती कराया गया था।येचुरी की देखभाल एम्स के डॉक्टर की निगरानी में चल रहा था। एम्स येचुरी को रेस्परेटरी सपोर्ट पर रखा गया था। येचुरी ने 1974 में लिबरल फेडरेशन ऑफ इंडिया से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। इसके बाद वे मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गए थे।

### अरविंद केजरीवाल की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच दिल्ली आबकारी नीति के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर 13 सितंबर को फैसला सुनाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने 5 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से एएसजी एसवी राजू ने अरविंद केजरीवाल की जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि अगर इनको जमानत दी गई तो ये गवाहों को प्रभावित करेंगे और गवाह अपने बयान से मुकर जायेंगे। उन्होंने कहा था कि केजरीवाल जमानत के लिए सीधे हाई कोर्ट चले गए जबकि उनको सेशन कोर्ट में जाना चाहिए था। केजरीवाल कोई असाधारण व्यक्ति नहीं हैं, जिनके लिए अलग दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। राजू ने कहा था कि केजरीवाल की गिरफ्तारी में किसी भी तरह उनके मौलिक अधिकार का हनन नहीं हुआ। गिरफ्तारी के लिए उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया। ईडी के केस में केजरीवाल हिरासत में थे, तो कोर्ट की इजाजत लेकर सीबीआई केस में उनकी गिरफ्तारी की गई।

### 70 साल से अधिक उम्र वालों का भी बनेगा आयुष्मान कार्ड, 6 करोड़ बुजुर्गों को मिलेगा फायदा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड जारी करने का निर्णय लिया है। इस फैसले के तहत 12.3 करोड़ परिवारों को लाभ होगा, और इससे लगभग 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा पहुंचेगा।आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। इस पहल से बुजुर्गों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा और उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर किया जा सकेगा।ऐसे परिवार जो पहले से आयुष्मान भारत योजना का हिस्सा हैं, उनके परिवार में अगर एक भी व्यक्ति 70 साल से अधिक आयु का है, तो उनको 5 लाख रुपए प्रति साल तक का अतिरिक्त टॉप-अप मिलेगा। ये शेयर्ड हेल्थ कवर होगा। ऐसे परिवार जो मौजूदा समय में आयुष्मान भारत योजना के दायरे में नहीं आते हैं। उनमें 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को इसमें शामिल किया जाएगा और उन्हें हर साल के लिए 5 लाख रुपए का शेयर्ड कवर मिलेगा।

### फिर कसा 'सिख फॉर जस्टिस' पर शिकंजा, केंद्र ने 5 साल के लिए बढ़ाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी समूह 'सिख फॉर जस्टिस' पर लगे प्रतिबंध को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। यह कार्रवाई आतंकवाद और अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए लागू की गई कठोर यूएपीए अधिनियम के तहत की गई है।राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 'सिख फॉर जस्टिस' और अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज कर रखे हैं। पिछले साल, एजेंसी ने पंजाब और चंडीगढ़ में उनके संपत्तियों को भी जब्त कर लिया था। भारत सरकार ने पहली बार जुलाई 2019 में 'सिख फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध लगाया था, जिसे अब इस साल बढ़ा दिया गया है।

## ● ● गणपति विसर्जन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला ● ●

# ढोल-ताशा बजाने दें, ये उनके दिल में है

**▶▶ एनजीटी के आदेश पर लगाई रोक**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान ढोल-ताशा समूहों में लोगों की संख्या 30 तक सीमित करने के एनजीटी के निर्देश पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने आदेश सुनाते हुए कहा कि उन्हें ढोल-ताशा करने दीजिए, यह पुणे का दिल है।

इससे पहले एनजीटी ने गणेश उत्सव के दौरान सामूहिक प्रदर्शन में संख्या सीमित कर दी थी। एनजीओ ने सीजेआई के सामने एनजीटी के 30 अगस्त के आदेश को उठाते हुए कहा, एनजीटी पुणे में गणपति के विसर्जन के लिए ढोल ताशा समूह में लोगों की संख्या को प्रतिबंधित करने का लिखित आदेश दिया है। एनजीटी ने गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए लोगों की संख्या कैसे सीमित कर सकता है?एनजीटी के आदेश के खिलाफ पुणे स्थित ढोल-ताशा समूह की याचिका पर दोपहर 2 बजे सुनवाई करने का फैसला करते हुए, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य के अधिकारियों को नोटिस जारी किया।

वकील अमित पई ने कहा कि सौ वर्षों से अधिक समय से पुणे में %ढोल-ताशा% का बहुत ÷गहरा सांस्कृतिक महत्व÷ रहा है और इसकी शुरुआत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने की थी।उन्होंने कहा कि एनजीटी का 30 अगस्त का निर्देश ऐसे समूहों को प्रभावित करेगा। पीठ ने कहा नोटिस जारी करें... लिस्टिंग के अगले दिन तक, दिशा संख्या 4 (ढोल-ताशा समूहों में व्यक्तियों की संख्या पर) के संचालन पर रोक रहेगी। उन्हें अपना %ढोल ताशा% करने दें। यह पुणे के दिल में है।

## कठुआ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड

**▶▶ जैश-ए-मोहम्मद के 2 टॉप कमांडर ढेर**



**कठुआ ,(आरएनएस)।** जम्मू रीजन के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता प्राप्त की है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो प्रमुख आतंकियों को मार गिराया है। इन आतंकवादियों के पास से एक एम-4 राइफल, एक एके सीरीज की राइफल, गोला-बारूद, और खाद्य सामग्री बरामद की गई है। मुठभेड़ अभी भी जारी है और ऑपरेशन खंडारा इलाके में चल रहा है।सुरक्षा बलों की विभिन्न टीमों द्वारा जम्मू रीजन में आतंकवादियों की तलाश और उनका खात्मा लगातार जारी है। भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीमें इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही हैं।खंडारा इलाके में आतंकवादियों की उपस्थिति की जानकारी मिलने पर सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। आतंकवादियों ने घिरे होने पर फायरिंग की, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। कई घंटे तक चले इस संघर्ष में सुरक्षाबलों ने दोनों आतंकवादियों को मार गिराया।कठुआ जिले के इस संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षाबलों को यह बड़ी कामयाबी मिली है। बारिश और कठिन परिस्थितियों के बावजूद, सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों तक पहुंचने और उनका खात्मा करने में सफलता प्राप्त की है।

## निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की बढ़ी मुश्किल

**● कोर्ट पहुंचा यूपीएससी के लिए गलत प्रस्तुतियाँ देने का मामला**

**● दिल्ली उच्च न्यायालय ने भेजा नोटिस**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने यूपीएससी की याचिका पर पूजा खेडकर को नोटिस जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने गलत प्रस्तुतियाँ दी हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज (12 सितंबर) पूर्व परिवीक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) प्रशिक्षु पूजा खेडकर से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उनके खिलाफ अदालत में कथित रूप से गलत बयान और हलफनामा देने के लिए झूठी गवाही की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है।यूपीएससी ने तर्क दिया कि 31 जुलाई को जिस संचार के माध्यम से खेडकर की उम्मीदवारी रद्द की गई थी, उसी दिन उन्हें उनके पंजीकृत ईमेल-आईडी पर सूचित किया गया था। इसने कहा कि यह वही ईमेल आईडी थी, जो सिविल सेवा कार्यक्रम (सीएसपी) 2022 के लिए उनके ऑनलाइन आवेदन में पंजीकृत थी। हालांकि, उन्होंने अदालत में झूठा बयान दिया कि उन्हें आदेश नहीं दिया गया है और उन्हें यूपीएससी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ही इसकी जानकारी मिली है, यह दावा किया गया।यूपीएससी का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कौशिक ने कहा कि पूर्व अधिकारी ने अपने वकीलों को भी गलत जानकारी दी और वह अच्छी तरह से जानती थी कि वह शपथ पर झूठा बयान दे रही है, फिर भी उसने जानबूझकर झूठे बयान की सत्यता की शपथ ली।वकील वर्धमान कौशिक द्वारा दायर आवेदन में कहा गया है, ÷अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त करने के उद्देश्य से शपथ पर गलत बयान देना एक बहुत ही गंभीर अपराध है, जो कानूनी व्यवस्था की नींव को कमजोर करता है।इसमें दावा किया गया कि खेडकर का हलफनामा 28 जुलाई, 2024 का था, जब यूपीएससी द्वारा जारी 31 जुलाई का आदेश अस्तित्व में भी नहीं था।यूपीएससी ने अदालत से उचित कार्यवाही शुरू करने और झूठी गवाही देने के अपराध के लिए कानून के अनुसार खेडकर के खिलाफ जांच का निर्देश देने का आग्रह किया। खेडकर ने पहले यूपीएससी की प्रेस विज्ञप्ति को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें कहा गया था कि उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है।उन्होंने दावा किया था कि रद्द करने के आदेश के बारे में उन्हें कभी सूचित नहीं किया गया और उन्हें इसके बारे में केवल प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पता चला। यूपीएससी की इस दलील पर गौर करने के बाद कि वह दो दिनों के भीतर उनकी उम्मीदवारी रद्द करने के अपने आदेश की जानकारी देगा, अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया था।

## जिन्होंने हमेशा शोषण किया, अराजकता फैलाई, उनका एकमात्र एजेंडा लोगों को बांटना - मुख्यमंत्री

**▶▶ 57 जनपदों, 350 तहसीलों, 825 विकासखंडों में बनाएंगे अटल आवासीय जैसे विद्यालय**



**लखनऊ,(हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिकसत्र 2024-25 का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सीएम योगी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। यही नहीं, उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाईदेंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे। उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी।

बिना भेदभाव समाज के हर तबके को मिल रही उत्तम शिक्षा योगी ने कहा कि व्यक्ति हो या समाज, उसे सुशिक्षित किए बगैर आप सभ्य और समर्थ समाज और राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते।सीएम योगी ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता का मानक बने। बिनाभेदभाव के समाज के हर तबके के बच्चे को उसकी जाति, चेहरा, क्षेत्र और भाषा पूछे बगैर देश, समाज, सरकार के संसाधनों पर अधिकार मिलनाचाहिए। इसी अधिकार का अहसास दिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय को शिक्षा के एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। सीएम ने कहा कि अभी औपचारिक रूप से एकक्लास रूम में बच्चों के साथ इंटरैक्शन का अवसर मिला। प्रतिभा जाति, मत और मजहब की बंधक नहीं होती। प्रतिभाकहीं भी पैदा हो सकती है, उसको सिर्फ एक मंच देना है। उसके लिए उचित अवसर उपलब्ध करवाना है और यही सरकार का दायित्व होना चाहिए।जिन्होंनेहमेशा शोषण किया वो गरीबों की पीड़ा नहीं समझ पाएंगे मुख्यमंत्री ने बंटवारे की राजनीति करने वालों पर हमला करते हुए कहा कि ये जाति के नाम पर लड़ाने वाले समाज में सामाजिक न्याय के नाम पर सामाजिक वैमनस्यता पैदा कर देश केदुश्मनों को प्रोत्साहित करने वाले लोग गरीबी के दंश को क्या झेल पाएंगे, क्या समझ पाएंगे। जिन लोगों ने हमेशा शोषण किया, अराजकता फैलाई, कभी गरीबीनहीं देखी, उनसेउम्मीद करना कि वो बीओसी बोर्ड से जुड़े हुए रजिस्टर्ड श्रमिक या इन निराश्रितबच्चों जिन्होंने कोविड कालखंड में अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है, उनकी पीड़ा को समझ पाएंगे। उन लोगों केपास उसे समझने के लिए न समय है, न फुर्सत है, क्योंकि उनके अपने ऐजेंडे हैं। उनका एकमात्र एजेंडा और ध्येय राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों को बांटना है। इसके अलावा उनको कुछ भी नहीं दिखाई देता।

## संजौली मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने को राजी हुआ मुस्लिम पक्ष

**▶▶ निगम आयुक्त से मांगी इजाजत**



**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की विवादित संजौली मस्जिद मामले में नया मोड़ आ गया है। एक दिन पहले संजौली में हिन्दू समुदाय की ओर से किये गए जबरदस्त प्रदर्शन से यह मामला गरमा गया है। विवाद को खत्म करने के लिए मुस्लिम पक्ष ने पहल की है। संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष के साथ मुस्लिम समुदाय के स्थानीय लोग गुरुवार को नगर निगम शिमला के दफ्तर पहुंचे और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को कब्जे में लेने या इसे सील करने की मांग की। बड़ी बात यह है कि मस्जिद कमेटी ने आयुक्त से यह भी गुहार लगाई कि वे उन्हें मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को स्वयं हटाने की अनुमति प्रदान करें।मुस्लिम समुदाय का कहना है कि उनकी ओर से यह पहल किसी की दबाव में नहीं बल्कि अमन और शांति कायम करने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि नगर निगम आयुक्त से इस मस्जिद में जो अवैध निर्माण हुआ है उसे सील करने का आग्रह किया गया है। मस्जिद के इमाम शहजाद ने बताया कि मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को वे खुद हटाने के लिए तैयार हैं।

सभी लोग यहां पर मिलजुल कर रहते हैं और इस मामले को राजनीति से ना जोड़ा जाए। वहीं संजौली मस्जिद कमेटी के प्रधान अब्दुल लतीफ ने कहा कि हमने निगम आयुक्त को ज्ञापन सोनकर इस मस्जिद में जो अवैध निर्माण हुआ है उसको सील करने के साथ ही यह आग्रह किया है कि जो अवैध निर्माण है उसे खुद हटाने हटाने चाहते हैं, आयुक्त ने इस पर गौर करने का आश्वासन दिया।नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने कहा है कि मुस्लिम समुदाय के लोग आज यहां पर उनसे मिले हैं और उन्होंने ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि हम यहां पर अमन शांति से ऐसे रहना चाहते हैं और जो अवैध निर्माण है, उस हिस्से को सील करने का आग्रह किया गया है। साथ ही जो अवैध निर्माण हुआ है उसे वह खुद हटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मस्जिद से जुड़ा मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उनके इस प्रस्ताव पर जल्द ही फैसला दिया जाएगा।

## संवैधानिक पद पर बैठे 'एक व्यक्ति' का देश के दुश्मनों में शामिल होना निंदनीय, घिनौना और असहनीय-जगदीप धनखड

**▶▶ राहुल गांधी का नाम लिए बिना उप राष्ट्रपति ने कहा कि उनके बयानों से हर भारतीय को दुःख हुआ**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनके बयानों और कृत्यों से घोर असहमति दर्ज की। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे 'एक व्यक्ति' का देश के दुश्मनों में शामिल होने से ज्यादा निंदनीय, घिनौना और असहनीय कुछ नहीं हो सकता।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-ढ्ढ के प्रतिभागियों के तीसरे बैच को संबोधित करते हुए कहा ÷मैं इस बात से दुःखी और परेशान हूं कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को भारत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्हें न तो हमारे संविधान का कोई ज्ञान है और न ही उन्हें राष्ट्रीय हित की कोई जानकारी है।÷ उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आप जो देख रहे हैं उसे देखकर आपका भी दिल दहल रहा होगा। यदि हम सच्चे भारतीय हैं, और हम अपने राष्ट्र में विश्वास करते हैं, तो हम कभी भी राष्ट्र के दुश्मनों का पक्ष नहीं लेंगे। हम सभी अपने राष्ट्रहित के लिए अंतिम सांस तक कृतसंकल्पित रहेंगे।उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमेशा याद रखिए कि इस आज़ादी को पाने में, इस आज़ादी की रक्षा करने में और इस देश की रक्षा करने में कितनों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारे भाई-बहन देश की रक्षा में पूरी तरह तत्पर हैं। माताओं ने अपने बेटे खोये हैं, युवा बेटियों ने अपने पति खोये हैं। हम अपने राष्ट्रवाद का उपहास नहीं उड़ा सकते। उन्होंने कहा कि देश के बाहर हर एक भारतीय को इस राष्ट्र का राजदूत बनना होगा। यह कितना दुखद है कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति ठीक इसका उलटा कर रहा है। इससे अधिक निंदनीय, घिनौना और असहनीय कुछ नहीं हो सकता कि आप देश के शत्रुओं के साथ शामिल हो जाएं।

## चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर को दहलाने की साजिश नाकाम

**● भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद**




**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में केरन सेक्टर के जंगल में सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। आतंकियों ने हथियार और गोला-बारूद को गहराई में छिपाया था। बताया जा रहा है कि स्पेशल इलेक्शन ऑब्जर्वर और इंटेलिजेंस एजेंसी द्वारा इसकी जानकारी दिए जाने के बाद भारतीय सेना ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। माना जा रहा है कि इन हथियारों को आतंकियों के आकाओं ने छिपाया था ताकि जम्मू-कश्मीर में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को पाकिस्तान के इशारे पर बाधित किया जा सके।भारतीय सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्ग' पर जारी पोस्ट में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक जॉइंट ऑपरेशन चलाया था। इसने बताया कि इलाके की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई, जिसमें एके 47 के कारतूस, हथगोले, ढ्ढश्वष्ठ बनाने में इस्तेमाल सामग्री और अन्य सामान शामिल है। सेना ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति और आगामी घटनाओं को देखते हुए यह बरामदगी महत्वपूर्ण है।बता दें कि जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में हुई एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया था कि घटनास्थल से 2 आतंकवादियों के शव बरामद किए गए गए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे पाकिस्तान के हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही, घटनास्थल से एक एम-4 कार्बाइन, एक एके राइफल, एक पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद तथा खाद्य सामग्री बरामद की गई है।

## भारतीय सेना के दो अधिकारियों को बुरी तरह से पीटा

**▶▶ दोनों की महिला मित्रों के साथ हथियारबंद बदमाशों ने किया सामूहिक बलात्कार**



**इंदौर, एजेंसियॉ।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में बुधवार को पिकनिक पर निकले दो सेना अधिकारियों की पिटाई की गई और उनकी दो महिला मित्रों में से एक के साथ हथियारबंद बदमाशों ने सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस शिकायत के अनुसार, घटना तब हुई जब जिले के महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे मेजर रैंक के दो अधिकारी जाम गेट इलाके में अपनी दो महिला मित्रों के साथ पिकनिक मनाने निकले थे।जब समूह इलाके में पहुंचा तो पिस्तौल, चाकू और डंडों से लैस कम से कम आठ से दस लोगों ने उनकी कार को घेर लिया। शिकायत में कहा गया है कि उन्होंने दोनों सेना अधिकारियों और उनके दोस्तों पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने उनके पर्स और अन्य कीमती सामान भी छीन लिए।इसके बाद बदमाशों ने एक अधिकारी और एक महिला को बंधक बना लिया और दूसरे अधिकारी और महिला को उनकी रिहाई के लिए 10 लाख रुपये की फिरौती लाने के लिए भेज दिया। हमलावरों द्वारा रिहा किए गए अधिकारी ने अपने कमांडिंग ऑफिसर (सीओ) को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस सतर्क हो गई और मौके पर पहुंच गई।पुलिस के मौके पर पहुंचते ही हमलावर मौके से भाग गए। चारों लोगों को मेडिकल जांच के लिए महू सिविल अस्पताल लाया गया और डॉक्टरों के अनुसार, अधिकारियों के शरीर पर चोटों के निशान थे। मेडिकल रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि हमलावरों ने एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार भी किया था। घटना के बाद, लूट, डकैती, बलात्कार और आर्म्स एक्ट से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इंदौर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस टीमें भी गठित कीं।घटना के बारे में बात करते हुए इंदौर के एसपी रुरला हितिका वासल ने कहा, ÷हमें सूचना मिली कि जाम गेट पर चार लोगों, दो पुरुषों और दो महिलाओं पर हमला किया गया और लूटपाट की गई। हमने तुरंत अपनी टीम भेजी और दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि आरोपी ने अपनी महिला मित्र के साथ कुछ अनुचित किया था।

रजिस्ट्रेशन नंबर-327
तीस साल का अनुभव प्राप्त
सभी प्रकार की समस्या के निदान के लिए निःशुल्क संपर्क करें।

तांत्रिक आशिक बाबा
पहले ही दिन से आराम, पैसे के लेनदेन का कोई झंझट नहीं।
जैसे-शादी विवाह में बाधा, बच्चा खो गया है, वशीकरण आदि।
पताः शाह जी पूरा, एडीए पुलिस चौकी के पास, नैनी, प्रयागराज
मो-9793403230, 9335128224

**महाकुंभ- 2025** प्रयागराज को भी योगी सरकार ने दिया वाटर लेज़र शो का उपहार

# कालिंदी की लहरों पर उतरेगी कुंभ की आभा, वाटर लेज़र शो के लिए 21.38 करोड़ की वित्तीयस्वीकृति

## यमुना नदी के दो सेतुओं के बीच में बोट क्लब के सामने आयोजित होगा वाटर लेज़र शो



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ को भव्य स्वरूप देने के लिए संकल्पित प्रदेश की योगी सरकार ने यहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक और सौगात दी है। पर्यटक अब संगम क्षेत्र के अलावा यमुना नदी के तट पर बोट क्लब में एक भव्य वाटर लेज़र शो का आनंद ले सकेंगे। इस प्रोजेक्ट को शासन से प्रशासकीय व वित्तीय मंजूरी मिल गई है।

योगी सरकार प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के साथ इसे नव्य स्वरूप भी दे रही है। प्रयागराज में यमुना में प्रदेश का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सौगात देने के बाद अब यमुना पर ही प्रदेश के सबसे बड़े वाटर लेज़र शो में का उपहार भी मिला है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए यह विशेष आकर्षण का केंद्र साबित होगा। सरकार ने इसे वित्तीय एवम प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। इसके लिए 24.99 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था जिसमे 21.85 करोड़ के बजट की प्रशासकीय एवम वित्तीय स्वीकृति हो गई है। इसके अलावा 6 करोड़ की प्रथम किश्त भी जारी कर दी गई है। पर्यटन विभाग की तरफ से इसका निर्माण कराया जायेगा। जिसकी कार्यदाई संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड होगी।

### प्रदेश का सबसे लंबे वाटर लेज़र शो का बनेगा रिकॉर्ड

**प्रयागराज।** गंगा नदी के बाद यूपी पर्यटन विभाग अब यमुना नदी में भी पर्यटन की संभावनाओं की तलाश कर रहा है। प्रयागराज में इसे मूर्त रूप देने के कालिंदी में वाटर लेज़र शो का आयोजन इसी की परिणिति है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि यमुना नदी में सरकार की तरफ से स्वीकृत हुआ लेज़र वाटर शो प्रदेश का सबसे अधिक लंबाई में आयोजित होने वाला शो होगा। यह शो 60 मीटर की लंबाई में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले प्रदेश में जिन चार तीन शहरों में इसे नदी की लहरों पर उतारा गया है उसमें काशी और चित्रकूट में 30 मीटर और चित्रकूट में 25 मीटर की लंबाई शामिल है।

इसे यमुना नदी में नए और पुराने पुल के बीच बोट क्लब में आयोजित किया जायेगा। अभी प्रतिदिन 25 मिनट के चार शो आयोजित करने की योजना है। इसकी ऊंचाई 50 फीट होगी। यह शो महाकुंभ में शुरू हो जाएगा और इसके बाद आरंभ में पांच साल तक इसके ऑपरेशन एवम मेंटीनेंस की योजना है। शो की थीम पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है

लेकिन महाकुंभ की गाथा और भगवान शिव की स्तुति की प्रस्तुति पर सहमति बन चुकी है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में नही कराया जा रहा कीटनाशक छिड़काव

**जारी (प्रयागराज)।** ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है, छिड़काव से ग्रामीण क्षेत्रो के वंचित रह जाने से ज्यादातर गांवों में लोगों को मच्छरों के प्रकोप से होने वाले डेंगू, मलेरिया, व टायफाइड जैसी प्रांण घातक बीमारियों के चपेट में आने का भय बना रहता है 7 दिनद्वरात मच्छरों का आतंक बना रहता है 7 स्थानीय लोगों का कहना है कि चाहे दिन हो या हो रात, घर में हों या बाहर मच्छरों के प्रकोप से नही बचा जा सकता है

स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों व धार्मिक स्थलों व बाजारों में आज तक स्वच्छता अभियान कभी नही चलाया गया 7 ग्रामीण क्षेत्र जैसेद्वग्राम पंचायतद्वमझियारी, कूंड़ी, गौहानी, अतरसुइया, गड़ैया कला,, गड़ैया खुर्द, मैदा, खूझी, रैपुरा,भिस्कुरी ,रामपुर लोटाढ, रामपुर, कोटर, रेंगा, आदि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान व कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया जाना अति आवश्यक है। ग्रामीणों का कहना है कि, उच्चाधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जायजा अथवा भ्रमण न किये जाने के कारण स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा घोर लापरवाही बरती जाती है।

# चिकित्सा सहित तकनीकी शिक्षा राजभाषा में दिये जाने की ज़रूरत- प्रो मिश्र

## हमीदिया महिला महाविद्यालय के राजभाषा सप्ताह का समापन



**प्रयागराज।** हमीदिया महिला महाविद्यालय के राजभाषा सप्ताह के समापन अवसर पर बोलते हुए महाकौशल विश्वविद्यालय, जबलपुर मध्य प्रदेश के कुलपति प्रो. आर.सी. मिश्र ने कहा कि प्रयाग ने हिन्दी के क्षेत्र में बड़ी बड़ी विभूतियों को दिया है। महादेवी, बच्चन, निराला, पन्त, महावीर प्रसाद द्विवेदी, धीरेन्द्र वर्मा, दूधनाथ सिंह जैसी विभूतियाँ प्रयाग को ही कर्मक्षेत्र बनाकर काम कर रहीं थीं। राजभाषा का आंदोलन चलाने वाले राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन का भी संबंध प्रयाग से है। अगर इतिहास का पुनर्लेखन किया जाए तो न जाने कितने अदृश्य हीरो राजभाषा के लिए संघर्ष करने वाले प्रयाग से सम्बन्धित मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा राजभाषा में दी जा रही है अन्य प्रदेशों में भी चिकित्सा सहित तकनीकी शिक्षा राजभाषा में दिये जाने की ज़रूरत है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए हिन्दी विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने कहा व्यापक प्रचार एवं जन लोकप्रियता के कारण हिन्दी भारत की स्वयं सिद्ध राष्ट्रभाषा है। संविधान के अनुसार वह राजकाज की भाषा अर्थात राजभाषा भी है परंतु अंग्रेज़ी के वर्चस्व एवं भाषायी कूटनीति के कारण हिन्दी ही नहीं भारत के अन्य भाषाएँ भी सम्यक रूप से विकसित नहीं हो पा रही हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या और उर्दू की ख्यातिलब्ध लेखिका और विद्वान प्रो. नासेहा उस्मानी ने कहा कि हिन्दी देश का गौरव है। दुनिया के सामने हिन्दी हमारी पहचान है। इसमें प्रवीणता और कुशलता हमारा स्वभाव होना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्राचीन इतिहास विभाग की प्रो. नसरीन बेगम ने कहा कि भाषा शीतल पानी की धार की तरह है। आज भारत ही नहीं दुनिया में हिन्दी का प्रचार प्रसार बढ़ा है। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने की गीत और काव्यपाठ भी प्रस्तुत किया तथा राजभाषा सप्ताह के दौरान संपन्न भाषण,निबन्ध और कहानी लेखन के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर प्रो. सबीहा आज़मी, डॉ. सिद्दीक़ी जाबिर, डॉ. शमारानी, डॉ. शबनम आरा, डॉ. नीरजा वर्मा, डॉ. अंकिता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक और छात्राएँ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ

## कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अटल आवासीय विद्यालय बेलहट में किया गया



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा वर्चुअल माध्यम से गुरूवार को अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारम्भ किया गया। जनपद में मुख्यमंत्री के शुभारम्भ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अटल आवासीय विद्यालय, बेलहट, कोरांव में किया गया। इस अवसर पर विधायक कोरांव श्री राजमणि कोल, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अटल आवासीय विद्यालय, बेलहट, कोरांव प्रयागराज में भी शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारम्भ हुआ।

आयोजित कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त, प्रयागराज द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया गया, तदोपरान्त दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण, स्वागत गीत एवं नृत्य आदि के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा-6 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया तथा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवप्रवेशित कक्षा-6 व कक्षा-9 के बच्चों को शैक्षिक किट प्रदान किया गया। अतिथियों द्वारा परिसर में वृक्षारोपण किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा उक्त शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के रूप में हाथ की छाप लगाया गया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कन्नौजिया, उप जिलाधिकारी कोरांव श्रीमती आकांक्षा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह, उप श्रम आयुक्त राजेश मिश्रा, सहायक श्रमायुक्त डां0 संजय कुमार लाल, समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारीगण, सुरेश चन्द्रा, प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय, बेलहट, कोरांव, प्रयागराज एवं विद्यालय के शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान करें शिक्षक जिससे जीवन यात्रा हो सुगम - जिलाधिकारी

## अटल आवासीय विद्यालय बेलहट में शैक्षिक सत्र के शुभारंभ पर बच्चों को दी गई शुभकामनाएं





**कोरांव(प्रयागराज)।** कोरांव के अटल आवासीय विद्यालय बेलहट में गुरुवार को शैक्षिक सत्र 2024 - 25 का शुभारंभ मंडलायुक्त व जिलाधिकारी सहित कई अन्य जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों के अलावा स्थानीय भाजपा विधायक राजमणि कोल की मौजूदगी में किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया जहां पर जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल ने नामांकित बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए संबोधन में कहा कि शिक्षक बच्चों का संपूर्ण और सर्वांगीण विकास करने में कोई भी कोर कसर न छोड़ें। बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान की जाए जिससे उनकी जीवन यात्रा सुगम बन सके। इतना ही नहीं उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि सभी बच्चे गुरुजनों से प्राप्त शिक्षा को पूर्ण मनोयोग के साथ ग्रहण कर राष्ट्रहित में लगाएं जिससे सरकार द्वारा करोड़ों की लागत से बनवाए गए अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण सार्थक सिद्ध हो सके। विद्यालय शुभारंभ के पुनीत अवसर पर डीएम द्वारा नामांकित बच्चों के बीच निःशुल्क बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम को उक्त के अलावा विधायक राजमणि कोल सहित कई अन्य ने संबोधित करते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा बच्चों हेतु बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और साफ सफाई का निरीक्षण किया गया जहां पर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। इतना ही नहीं उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया। इस अवसर पर तमाम विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह बीडीओ मनोज कुमार सिंह सहित कई स्थानीय अधिकारी व भाजपाइयों के अलावा विद्यालय परिवार और आम जनमानस उपस्थित रहे।

## खड़ी ट्राली से टकराया बाइक सवार हुई मौत

**कोरांव (प्रयागराज)।** कोरांव थाना क्षेत्र के बढ़वारी कला गांव में सड़क के किनारे खड़े ट्राली ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक हुए युवक की मौके पर शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की बाइक के नंबर के आधार पर पता चला है कि बाइक जितेंद्र पुत्र राम रज्जन निवासी पिपराव थाना खीरी की है। मृतक किसी दूसरे की बाइक लेकर आया था या उसी की बाइक है यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने को लेकर उसकी चोटिल फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर पहचान कराने की कोशिश में जुटी हुई थी। मृतक युवक ड्रमंडगंज की ओर से कोरांव की तरफ आ रहा था कि बढ़वारी कला गांव में सड़क के किनारे खड़े ट्राली ट्रैक्टर से टकरा गया था।

# इथेल हिगिनबॉटम स्कूल एवं कॉलेज का अलंकरण समारोह मनाया गया

**नैनी(प्रयागराज)।** इथेल हिग्गिनबॉटम स्कूल एवं कॉलेज के सभागार में छात्र और छात्राओं के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक डा0 श्रीमती सामला सुनीथा मसीह थी।

कार्यक्रम का आरंभ इथेल की छात्राएं मिशैल रॉबर्ट के बाइबिल पाठ द्वारा किया गया । तत्पश्चात् मिशैल रॉबर्ट, ज्वॉयस लाल और ऐंड्रिया प्रसाद ने अपनी मधुर आवाज में एक प्रार्थना गीत ईश्वर से विश्व शांति और एकता की कामना करते हुए प्रस्तुत किया।

इसके उपरांत मुख्य अतिथि डा0 श्रीमती सामला सुनीथा मसीह को प्रधानाचार्य श्री सैमसन जेम्स रॉबिन्सन और उपप्रधानाचार्या श्रीमती कामिनी प्रसाद ने पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया।कार्यक्रम की



श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि ने नवचयनित कॉलेज कप्तान विनीत श्रीवास्तव, उप कप्तान साक्षी एवं छात्र परिषद के अन्य सदस्यों के नामों की घोषणा की, जिसके बाद मुख्य अतिथि ने सभी को बैच पहनाये। इसके बाद विद्यालय के अन्य हाऊस, खेल परिषद और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को उनके प्रभारी शिक्षक द्वारा बैच पहनाये गये। तत्पश्चात सभी छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा अपने कर्तव्यों एवम जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्ण निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।

विद्यालय की प्रबंधक डा0 श्रीमती सामला सुनीथा मसीह ने नवचयनित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन संकल्पो से भरा है। उन्होंने नेतृत्व और सफल प्रबंधन के गुणों को बताते हुए कहा कि किसी पद एवं उपाधि को धारण करना अधिकारों का प्रयोग नहीं बल्कि सेवा प्रदान करना है। आपको अपने विचारों एवं मानवीय मूल्यों का निर्वहन करना है।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सैमसन जेम्स रॉबिन्सन ने मुख्य अतिथि को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया तथा सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि छात्रों की उपलब्धियां शिक्षक एवं अभिभावकों का सम्मिलित प्रयास है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपने पद की गरिमा बनाए रखने तथा अपने पद के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने को कहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## जारी में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेशोत्सव

**जारी( प्रयागराज )** गणेशोत्सव शुरू है। इस दौरान जारी बाजार , समेत विभिन्न कस्बों व गावों में पंडाल सजाकर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। क्षेत्र के जारी, कटरा जय महाकाल कमेटी व बाबा गोविन्द दास के मंदिर में लोक और भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को विघ्न विनायक भगवान गणेश जी का जन्म हुआ । इस उपलक्ष्य में जारी,मिश्रा बांध ,गडैयाकला ,पालपट्टी खूजी, डांडों, रेंगा, सेमरी, बड़हा आदि जगहों के गणेश पंडाल भक्ति संगीत और जयघोष के नारों से गुंजायमान रहे। जगह-जगह पर लंबोदर भगवान की विविध रूपों में झांकियां सजाई गई है। श्रद्धालुओं के गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से इलाका गुंजायमान हो रहा है।

# हेमवती नन्दन बहुगुणा महाविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी प्रयागराज में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी रहे। महापौर का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य ने किया ।कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महापौर ने छात्र-छात्राओं को अधिक संख्या में कौशल प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया ताकि अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं रोजगार प्राप्त कर सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन की अध्यक्षता में और रोजगार समिति की प्रभारी प्रोफेसर (डॉ) सुवर्णा सरकार के कुशल दिशा निर्देशन में अधिक संख्या में स्नातक उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं ने सेवायोजन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत विभिन्न कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन कंपनियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को रोजगार प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की रोजगार समिति के समस्त सदस्यों डॉ अनुभा श्रीवास्तव, डॉ पूनम शुक्ला, डॉ अमित मिश्रा और श्री अजय मिश्रा ने छात्र-छात्राओं के रजिस्ट्रेशन और अन्य संबंधित कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। महापौर ने छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ से डॉ भास्कर शुक्ला और डॉ अर्चना राय ने दी।

# इज़राइली अनुसंधान केंद्र और शुआट्स ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने रमत यिशाई में स्थित इज़राइल के कृषि अनुसंधान संगठन के तहत न्यू यार अनुसंधान केंद्र, इब्दा लैब के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

न्यू यार रिसर्च सेंटर, इज़राइल के पीआई डॉ. मवाफाक इब्दाह और प्रोफेसर (डॉ.) एस.डी. मेकार्टी, निदेशक अनुसंधान और डॉ. के.पी. राव, सहायक प्रोफेसर जैविक विज्ञान विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन शुआट्स में अंतःविषय अनुसंधान और सहयोग के माध्यम से टिकाऊ, पुनर्योजी कृषि, पर्यावरण संरक्षण में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए संकाय और छात्रों को समान रूप से लाभान्वित करेगा और उत्तर प्रदेश में संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला में किसानों और अन्य हितधारकों को लाभान्वित करेगा ।उत्तरी इज़राइल में न्यू यार अनुसंधान केंद्र, जलवायु परिवर्तन, और टिकाऊ और पुनर्योजी कृषि पर ध्यान केंद्रित करता है और अंतःविषय अनुसंधान से जुड़े पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए सुलभ, सस्ती और स्वस्थ कृषि उपज सुनिश्चित करने का प्रयास करता है। सहयोग, और आर्थिक विकास, किसानों को उनकी उपज बढ़ाने, फसल पोषण में सुधार करने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाना है जो शुआट्स की अनुसंधान प्राथमिकताओं के अनुरूप है ।प्रो. (डॉ.) आर.बी. लाल, कुलपति, शुआट्स ने इस समझौता ज्ञापन को लागू करने में उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रो. (डॉ.) एस.डी. मेकार्टी, निदेशक अनुसंधान, शुआट्स और डॉ. के.पी. राव, सहायक प्रोफेसर, जैविक विज्ञान विभाग की सराहना की और उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें आशीर्वाद दिया ।

## अंडर-23 ट्रायल के लिए 49 क्रिकेटर चयनित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-23 ट्रायल के लिए इलाहाबाद मंडल (प्रयागराज, चित्रकूट, मिर्जापुर और भदोई) के 49 क्रिकेटरों का चयन किया गया। सभी चयनित खिलाड़ी पहले यहां 14 और 15 सितंबर को दिल्ली पब्लिक स्कूल मैदान, नैनी में आयोजित होने वाले ट्रायल में भाग लेंगे।

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डॉ. सुरेश द्विवेदी के अनुसार चयनित क्रिकेटरों के नाम इस प्रकार हैं। अखिल कुमार कश्यप, अब्दुर रहमान, पीयूष मिश्र, मनु राजा, प्रथम मिश्र, फैज़ अली, अविनाश द्विवेदी, अभिषेक सिंह, वर्तुल शुक्ला, सत्येंद्र यादव, प्रिंगल अवस्थी, हर्षित सिंह चंदेल, सिद्धार्थ मिश्र, कुशाग्र खुराना, आकाश त्रिपाठी, धीरेंद्र यादव, अभिनव सिंह, अनुज मिश्र, आदित्य राज तिवारी, सुयश सिद्धार्थ सिंह, हर्षित नारायण तिवारी, देवांश पाठक, शिवांश यादव, तरूण कुमार पांडेय, दिव्यांश राज पांडेय, पुनीत गुप्ता, अभिनव तिवारी, वीरेंद्र मिश्र, सक्षम अवस्थी, आदित्य यादव, कुंवर योग, सागर शुक्ला, सुव्रत प्रसाद तिवारी, विकास यादव, आदित्य प्रजापति, दिव्यांश त्रिपाठी, दीपक कुमार बिंद, बालश्याम यादव, अभिनय मिश्रा, मोहम्मद हम्माद खान, संदीप पटेल, श्रेयस सिंह, आदर्श कुमार मिश्र, करण यादव, कृष्णा यादव, रुद्राक्ष यादव, अर्जित सिंह, तन्मय पांडेय, शुभम सिंह। चयनितों को 14 सितंबर को सुबह नौ बजे एसीए के संयुक्त संयोजक सोमेश्वर पांडेय (प्रबंधन) से सम्पर्क करने के लिए कहा गया है।

# 4 हजार करोड़ के जीएसटी स्कैम के 55 आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 4000 करोड़ रुपए से अधिक के जीएसटी फ्रॉड के दर्जनों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। अब आरोपी रिहा नहीं किए जाएंगे। केस की सुनवाई न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने की। गौतमबुद्धनगर के राजीव जिंदल समेत 55 अन्य की जमानत अर्जियों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि जमानत देते समय अदालत को अपराध की प्रकृति, साक्ष्य की विश्वसनीयता, दंड की संभावना, अभियुक्त का आचरण और परिस्थितियां, मुकदमे में अभियुक्त की उपस्थिति सुनिश्चित करना, गवाहों को प्रभावित कर सकने की संभावना, आम जनता और राज्य का व्यापक हित आदि तमाम बातों पर विचार करना होता है। सीनियर जर्नलिस्ट सौरभ द्विवेदी ने नोएडा के सेक्टर-20 थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरी फर्जी आईडी इस्तेमाल किया गया। बिना मेरी अनुमति के पंजाब और महाराष्ट्र में जीएसटी फर्मों का पंजीकरण कराया गया। मामले की जांच की जाए, ऐसा करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाए। मामले में पुलिस ने एसआईटी गठित की और इन्वेस्टिगेशन शुरू हुई। इसके बाद परत दर परत राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे फ्रॉड का खुलासा हुआ। पता चला पूरे फ्रॉड में दर्जनों अभियुक्त शामिल हैं, जो लोगों की फर्जी आईडी का इस्तेमाल कर जीएसटी रजिस्ट्रेशन करते हैं। उस पर फर्जी तरीके से टैक्स इनपुट क्रेडिट लेकर सरकार को करोड़ों का चूना लगा रहे हैं।कोर्ट को बताया गया कि आरोपी फर्जी जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन करा, इनपुट टैक्स क्रेडिट हासिल करते थे और सरकार को हजारों करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचा चुके हैं। अब तक की जांच में आरोपियों ने 4000 करोड़ के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट किया है। जबकि 2,645 हजार करोड़ रुपए से अधिक का सरकार के खजाने को नुकसान पहुंचाया जा चुका है। मामले की जांच अभी चल रही है। आरोपियों के बयान के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान भी की जा रही है।सरकार का कहना था कि जांच में कई अभियुक्तों के पास से बड़ी संख्या में कंपनियों के डाटा, फर्जी सिम कार्ड, मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज और कैश रुपए बरामद हुए हैं। जमानत याचिका में इस बात की दलील दी गई कि फर्जी जीएसटी नंबर उत्तर प्रदेश के बाहर के राज्यों से प्राप्त किए गए हैं। शिकायतकर्ता स्वयं दिल्ली का रहने वाला है और एफआईआर गौतम बुद्ध नगर में दर्ज कराई गई है। इसमें नामजद नहीं और झूठे केस में फंसाया गया है। इस लिए जमानत दी जाए।

कोर्ट ने इस आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि भले ही फर्जी कंपनियां दूसरे राज्यों में बनाई गई हैं। जीएसटी में सिर्फ राज्य के भीतर ही नहीं अंतरराज्यीय सप्लाई चेन की भी निगरानी की जाती है। शिकायत की सत्यता के बाद क्षेत्राधिकार के आधार पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए सभी जमानत याचिकाओं को खारिज़ कर दिया।

# भगवान कृष्ण के सुंदर बाल रूप ने दर्शकों को किया सम्मोहित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मंगलवार को छोटे-छोटे प्यारे-प्यारे बच्चों ने जब भगवान कृष्ण के मनोहरी रूप को धारण कर दर्शकों के समक्ष नटखट श्री कृष्णलीला की झांकी प्रस्तुत की तो दर्शक तालियां बजाते हुए मंत्रमुग्ध हो गए। संस्कार भारती प्रयागराज इकाई के तत्वाधान में नटखट प्री-स्कूल, मुंडेरा में आयोजित बाल- गोकुलम, बाल-कृष्ण सज्जा कार्यक्रम के अंतर्गत 22 बच्चों ने राधा-कृष्ण का दिव्य स्वरूप लेकर एकल-युगल एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किये और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। संस्कार भारती प्रयागराज इकाई के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार मिश्र ने सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये। संस्कार भारती प्रयागराज के कला प्रमुख व मीडिया प्रभारी कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया कि संस्कार भारती का यह कृष्णा-सज्जा कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। स्कूल के प्रधानाचार्य ओंकार साहू ने अतिथिगण का स्वागत अभिनंदन किया। चित्रा बनर्जी ने आभार प्रकट किया एवं अनीता- वंशिका ने मंच संचालन तथा नैतिक सोनी ने अपना अमूल्य योगदान किया।

# गणेश महोत्सव में श्याम मित्र मंडल सदस्यों ने मिलकर प्रसाद चढ़ाया

## ● मौलवीगंज पंडाल पर छप्पनभोग चढ़ाए गए





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल कस्बे में गणेश महोत्सव में श्याम मित्र मंडल के सदस्य लोगों ने मिलकर बुधवार को करन चौराहे पर गणेश जी के पंडाल में प्रसाद चढ़ाया, महाकाल ग्रुप के सदस्यों ने मिलकर भव्य गणेश पंडाल सजाया जो पांच दिनों से लगातार भगवान गणेश जी के दर्शन के लिए हजारों लोग दर्शन कर के लिए कस्बे में निकलते हैं कस्बे में दर्जनों जगह गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई है।

बता दे सराय अकिल स्थित करन चौराहा पर सजी गणेश महोत्सव में सराय अकिल श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने मिलकर प्रसाद चढ़ाया

जिसमें चित्तापुर से आए डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव व श्याम मित्र मंडल के सदस्यों के साथ पूजा अर्चना की तथा भक्तों के लिए प्रसाद बनवाकर पंडाल में बंटवाया, श्याम मित्र मंडल के श्याम केशरवानी राजेश केसरवानी डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव के साथ पूजा अर्चना कर भगवान गणेश जी का आशीर्वाद लिया वही मौलवी गंज में गणपति बप्पा का पंडाल सजाया गया

जो भक्तों ने राधा कृष्ण की नाम पर दीपक जलाकर छप्पनभोग चढ़ाया,कस्बे में दर्जनों जगह गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई है गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा सराय अकिल कस्बा गूंजमान रहा मौके पर श्याम मित्र मंडल के राजेश केसरवानी श्याम केशरवानी श्री श्याम केशरवानी बब्बू रस्तोगी सुरज जयसवाल अमित रस्तोगी शोभित रस्तोगी शिवम रस्तोगी रामचंद् मोदनवाल गणेश महोत्सव अध्यक्ष अंकुर पांडे अमित अग्रहरि नव संघ कमेटी अध्यक्ष गोलु गुप्ता अग्रहरि जय अग्रहरि हर्ष सोनी अरुण जैन मनोज सोनी मनीष गुप्ता उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल राज मोदनवाल दीपक आदि लोग शामिल है।

## अंदावा में भक्तों ने बाबा बैजनाथ का पूजन के बाद किया भंडारा



**सैनी, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ अंदावा में गुरुवार को सावन मास में देवघर में दर्शन को गए कावंरिया भक्तों ने गुरुवार को पुनः बाबा बैजनाथ का शिवलिंग तैयार कर विधिवत पूजन अर्चन किया। उसके बाद भक्तों ने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें कस्बे के समस्त ग्रामवासी पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक सौरभ केसरवानी, सोनू, सचिन केसरवानी, कुलदीप, विनोद, बच्चा सोनी, रामजी कावरियां संघ के सदस्यों ने किया था।

# कौशाम्बी ब्लॉक के बंधुरी रसूली गांव मे प्रधान सचिव ने किया लाखों रुपये का गमन

● 20 साल बीत जाने के बाद भी नाली इंटर लॉकिंग जैसे निर्माण नही हुआ

● सड़कें कचरे मे तब्दील है लोगों का निकलना दूभर, लोगों ने की जांच की मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** योगी सरकार भले ही ग्रामीण विकास के लिए लाखों रुपए पानी की तरह बहा रही हो, लेकिन प्रधान सचिव के कमाऊ नीति के चलते आज भी गांव मे विकास कार्य शुन्य साबित हो रहा है, इसी तरह कौशाम्बी कौशाम्बी ब्लॉक के बंधुरी रसूली पुर गांव का बुरा हाल है, यहां के प्रधान सचिव की कमाऊनीति के चलते गांव मे विकास कार्य शून्य है, आरोप है की कागजों पर विकास कार्य दिखाकर प्रधान सचिव ने कई लाखों रुपये की हेरा फेरी की है, आरोप है ये भी है की नाली,

इंटर लॉकिंग जैसे बिना विकास कार्य कराये ही प्रधान सचिव ने लाखों रुपये निकाल कर बन्दर बाँट कर लिए है, ग्रामीणों ने बताया बीस साल बीत जाने गये उसके बाद भी इंटर लॉकिंग नाली निर्माण आदि जैसे विकास कार्य नही करवाये गये जिससे जल निकासी पूरी तरह ठप है, सड़कों मे जलभराव और कचरे का अम्बार लगा हुआ है, पूरी की पूरी सड़के जल भराव और कचरे मे तब्दील है, लोगों का निकलना दूभर हो गया है,पैर रखने तक की जगह नही है, गांव की जसोदा, गुलाबिया, शिवकली इब्राहिम आदि लोगों ने बताया ग्राम प्रधान इधर विकास नही करते सिर्फ अपनी तरफ करते है, कई साल हो गये कोई विकास नही करते पैसा आता है तो जाता कहाँ है ये सब जांच का विषय है, अगर प्रधान सचिव के खिलाफ जांच हुई तो कार्यवाही होना तय है, फ्लिहाल ग्रामीणों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कर समस्या से निजात दिलाने और विकास कार्यो की जांच की मांग किया है।

# जानकीपुर में स्वच्छता प्रदर्शनी व प्रश्नोत्तरी सत्र का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिले में एक सितंबर शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सिराथू ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जानकीपुर में गुरुवार को छात्र छात्राओं ने स्वच्छ विद्यालय प्रदर्शनी लगाई। इसके माध्यम से छात्रो ने स्वच्छता को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

प्रदर्शनी में छात्रों ने कूड़ादान,फिनायल, झाड़ू,स्वच्छता के प्रतीक चिंन्ह के रूप फूलों के गुलदस्ते व साफ सफाई का संदेश देने वाले पोस्टर बनाकर स्वच्छता के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। विद्यालय की शिक्षिका शालिनी सिंह तोमर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। छात्रों ने प्रदर्शनी अधिक से अधिक पोस्टर फोटो व आसानी से उपलब्ध होनी वाली साफ सफाई की वस्तुओं का उपयोग किया है, जिससे कम पढ़े-लिखे लोग भी आसानी से समझ सकें। कार्यक्रम के अंत मे प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षिका शालिनी सिंह तोमर ने बच्चों से स्वच्छता से जुड़े प्रश्न किये जिसका छात्रों ने बहुत ही बेबाकी से उत्तर दिया। छात्रों ने भी अपनी शिक्षिका से भी स्वच्छता से जुड़े प्रश्नों का समाधान जानकार उत्साहित रहे।

## जिला ओलंपिक एसोसिशन कौशाम्बी के संयुक्त सचिव बनाए गए अतुल सोनकर



**कौशाम्बी।** जिला ओलंपिक एसोसिएशन कौशाम्बी ने अतुल सोनकर को संयुक्त सचिव के पद पर मनोनीत किया। ज्ञात हो कि अतुल जी कराटे एसोसिएशन कौशाम्बी के सेक्रेटरी और कोच भी हैं,जिले से इनकी अगुआई में माह अगस्त में कराटे की नेशनल चौंपियनशिप का आयोजन चौक स्टेडियम लखनऊ में संपन्न हुआ था जिसमें जिले से तेरह बच्चों ने प्रतिभाग किया था और सभी बच्चों ने मिलकर चार गोल्ड,दो सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल कुल तेरह मेडल प्राप्त करके जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया था। बधाई देने का तांता लग गया,बधाई देने वालों में कृष्ण कुमार,रीना शर्मा,नरेंद्र केसरवानी,आयुष साहू,विपिन सिंह, नीरज केसरी आदि ने उनका मुंह मीठा करवाते हुए उनके नेतृत्व में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आधार संशोधन सेन्टरों को प्रातः 06 बजे से सायं 08 बजे तक संचालित कर लोगों की समस्याओं का करें निराकरण-डीएम

● जिलाधिकारी ने आधार कार्ड बनवाने, संशोधन व ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने में लोगों को हो रहीं समस्याओं के सम्बन्ध में अधिकारियो के साथ बैठक कर दियें आवश्यक दिशा-निर्देश

● ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने में कोई भी व्यक्ति किसी दलाल के झांसे में न आयें, इसके लिए लोगों को किया जाय जागरूक-जिलाधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आधार कार्ड बनवानेध्संशोधन एवं ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने में लोगों को आ रहीं समस्याओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियो के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

बैठक में जिलाधिकारी ने आधार कार्ड बनवानेध्संशोधन सम्बन्धी मामलों में लोगों को आ रहीं समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी आधार संशोधन सेन्टरों को प्रातः 06 बजे से सायं 08 बजे तक खोलकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाय, जिससे लोगों की भीड़ न एकत्र होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आधार बनवानेध्संशोधन से सम्बन्धित जो भी सेन्टर हैं, उसकी लिस्ट सभी तहसीलों सभी विकास खण्डों, पंचायत भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों में अवश्य चस्पा करवायें।

जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों को ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने के लिए कॉमन सर्विस सेन्टर कहॉ-कहॉ पर है, इसकी लिस्ट परिवहन कार्यालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलां पर निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क सहित चस्पा करवायें। उन्होंने कहा कि लोगों को ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने में कोई परेशानी न हो, न ही उन्हें परिवहन विभाग के बार-बार चक्कर लगाना पड़ें तथा किसी भी दलाल के झांसे में न आयें, इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाय। जिलाधिकारी ने प्राइवेट स्कूलों में चल रहीं बसों का लगातार फिटनेस की जॉच कराने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही कराने के भी निर्देश दियें।

उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए उन्हें कन्डक्टरध्ड्राइवर के पद पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाय एवं इसके लिए उनको निःशुल्क ट्रेनिंग भी करायी जाय। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रवीन्द्र कुमार जायसवाल एवं एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कबड्डी अंडर 16 प्रतियोगिता 28 से

**कौशाम्बी।** 28 से 30 सितम्बर 2024 तक कौशाम्बी में प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कबड्डी अंडर 16 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल कार्यालय कौशाम्बी द्वारा उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मंडली टीम के चयन हेतु जिला स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कबड्डी ट्रायल का आयोजन 13 सितंबर 2024 को अपराहन 3रू00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशांबी में किया जाएगा जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी मंडल स्तरीय चयन ट्रायल्स में भाग लेंगे मंडल स्तरीय ट्रायल्स दिनांक 17 सितंबर 2024 को सुबह 10 बजे मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में किया जाएगा ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का वजन 55 किलोग्राम या उससे कम एवं जन्मतिथि 1 जनवरी 2009 के बाद की होगी वह पात्र होंगे

# जनता के हाथ होगी सफाई की कमान सब हेड, हर वार्ड में गठित हुई 'स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति

▸▸ समिति के अध्यक्षों के साथ सफाई अभियान को लेकर हुई बैठक, चलेगा 155 घंटो का अभियान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर क्षेत्र के भरवारी कार्यालय में दुर्गा भाभी सभागार में ईओ रामसिंग, अध्यक्ष कविता पासी ने बृहस्पतिवार को स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के साथ के अध्यक्षों के साथ बैठक कर 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष सफाई अभियान शुरू करने की घोषणा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कविता पासी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155 जन्म दिवस पर 26 सितंबर से 1 अक्टूबर तक लगातार 155 घंटे सफाई अभियान चलेगा,

14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष सफाई अभियान सभी वार्डो में चलेगा स ईओ रामसिंग ने कहा कि नगर क्षेत्र में दो मुख्य बाजार है भरवारी कस्बा और मूरतगंज दोनों जगह सफाई कर्मी सुबह सफाई कर देते हैं तो ब्यापारियो से कहना है कि वो लोग अपनी दुकान और गोदाम खोलकर साफ सफाई में निकले कचड़े को डस्टबिन में रखें जिससे कर्मचारी उसे उठा ले जाए, सड़को पर न फेंके, सार्वजनिक स्थल पर जहा सबसे ज्यादा कचड़ा या गंदगी होगी स्पाट चिन्हित कर सफाई अभियान की शुरुवात वही से होगी और सफाई करने के बाद वही पौध रोपण कार्य होगा स इस दौरान ब्रांड एंबेसडर रोशनी देवी, बबलू गौतम,सभासद मोहम्मद हुसैन उर्फ मुन्नान , मोहम्मद शादाब, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार,सभासद प्रतिनिधि तुषार केसरवानी, सुनिल कुमार, अमित भारतीय श् राजुश् सहित अन्य सभी ने अपनी अपनी बात रखी।

नगर क्षेत्र की स्वच्छता में आज जनमानस की प्रभावशाली ढंग से सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अब हर वार्ड में 'स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति' का गठन पूरा हो गया। हर वॉर्ड में समिति के दस दस सदस्य बनाए गए हैं सभासद अध्यक्ष बने है,समिति को वार्ड में संपूर्ण स्वच्छता स्थापित करनी होगी। इसके लिए समिति को नगर पालिका से पूरा सहयोग दिया जाएगा। नगर पालिका के अधिकारियों के साथ समिति की प्रत्येक माह बैठक होगी, जिसमें महीने भर के कामकाज का समिति से फीड बैक लिया जाएगा। इस रिपोर्ट के आधार पर नगर प्रशासन वार्ड की स्वच्छता के लिए कदम उठाएगी।

### पुरस्कार और परिचय पत्र मिलेंगे

कौशाम्बी। अच्छा काम करने वाली समितियों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्हें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा। समिति के कार्यो का मूल्यांकन एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से होगा। इसके अलावा समिति में शामिल सभी सदस्यों को नगर पालिका द्वारा परिचय पत्र जारी किए जाएंगे। समिति को यह करने होंगे काम - डोर टू डोर व्यवस्था लागू कराना - सफाई कर्मचारियों से समन्वय बनाकर नाले, नालियों और सड़कों की सफाई कराना - शौचालय निर्माण और पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन कराना - वार्ड में स्थित शैक्षिक व अन्य संस्थानों में स्वच्छता

# अहले हरम के लुटे हुए काफिले की याद में निकाला गया मोहर्रम का आखिरी अमारी जुलूस

● ऐतिहासिक अमारी जुलूस में अजादारों ने नम आंखों से अलम, जुलजनाह,गहवारा को किया रुखसत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत करारी स्थित हजरतगंज वार्ड स्थित हुसैनिया शरीफाबाद में अहले हरम के लुटे हुए काफिले की याद में ऐतिहासिक अमारी जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत तेलावत ए कुरआन से की गई। मौलाना अहमद रजा ने मजलिस को खेताब करते हुए कहा कि आज की तारीख हमारे लिए बहुत अहम है, आज ही के दिन इमाम हुसैन का लुटा हुआ काफिला मदीना पहुंचा था तो वहीं हमारे 11 वें इमाम हसन अस्करी की शहादत की भी तारीख है। मजलिस के बाद तकरीर हुई, अलम, जुलजनाह ,गहवारा और अमारियां बरामद की हुई। अजादार शबीहों की ज्यारत करते हुए देर तक रोते रहे।

अंजुमने असगरिया के तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक अमारी जुलूस गुरुवार को दिन में 11 बजे बरामद हुआ। मौलाना की मजलिस के बाद जावेद अमीर ने इफ्तेताही तकरीर की। उन्होंने तकरीर के बीच बयान करते हुए कहा कि जब इमाम हुसैन का लुटा हुआ काफिला मदीना पहुंचा तो मदीना के लोगों ने रोते बिलखते अहले हरम का इस्तेकबाल किया। तकरीर के दरमियान सबसे पहले स्याह(काले) परचम बरामद हुए, उसके बाद हजरत अब्बास का अलम, इमाम हुसैन का जुलजनाह,अली असगर का गहवारा और जनाबे जैनब उम्मे कुलसूम व जनाबे फिज्जा की अमारियां बरामद हुई। अजादारों ने नम आंखों से शबीहों की ज्यारत की। कब्रे सकीना पर पहला नौहा मशहूर नौहाख्वान मीसम गोपालपुरी ने पढ़ा। उसके बाद दिल्ली से आये नौहाख्वान मोहम्मद रजा ने नौहा पढ़ा-थरथराने लगा लिखते लिखते दास्ताने सकीना बसद रंजो गम। कब्रे सकीना पर तारीखी तकरीर मौलाना सैयद जवादुल हैदर जवादी ने की, उन्होंने कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत के बाद बीबी सकीना पर होने वाले जुल्म को बयान किया तो हर आंख भर आई महिलाएं चीख मारकर रोने लगीं। तकरीर के बाद कब्रे सकीना खोली गई महिलाओं और पुरुषों ने कब्रे सकीना की ज्यारत की। कब्रे सकीना पर मशहूर नौहा सैफ और नजफी ने पढ़ा- कहती मैयत पा ये बानो बुका देखते ही देखते क्या हो गया, नींद ये कैसी है मेरी महलका आती नही जिसमें नफ्स की सदा, खाक पा बीबी न सो,बाली सकीना उठो। इस नौहे पर नवजवानों ने दिल खोलकर मातम किया। जुलूस शिया जामा मस्जिद पहुंचा तो मौलाना जमीर हैदर रिजवी ने तकरीर कर शहादते इमाम हसन अस्करी बयां किया तो लोग गिरया करते हुए इमामबाड़े की तरफ चले। आखिरी अलविदाई तकरीर खतीबे अहलेबैत सैयद हसन मोहम्मद रिजवी ने की, शबीहें रुखसत हो रही थीं तो हर अजादार गिरिया करते हुए अहले हरम के लुटे हुए काफिले को रुखसत किया। नवजवानों ने अलविदाई नौहा पढ़ा- कर्बला में सोने वालो माह पारो अलविदा, ऐ अजादाराने मौला तुम पुकारो अलविदा। कार्यक्रम का संचालन हुसैन रिजवी ने किया।

# परिवार परामर्श केंद्र ने पति पत्नी के आपसी विवाद को कराया समाप्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** परिवार परामर्श केंद्र कौशाम्बी द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आधार पर नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण के आधार पर परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी उप निरीक्षक श्याम नारायण यादव व हेड कांस्टेबल राम बहादुर पाल व महिला हेड कांस्टेबल पूनम महिला व महिला कांस्टेबल के माध्यम से 08 फाइलों की काउंसलिंग किया गया, काउंसलिंग के दौरान 01 फाइल में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता किया गया। दोनों पक्षों की परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। दंपति द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पति-पत्नी को सुलह समझौता कराया गया । दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया कि अब हम दोनों एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों को सलाह दिया गया कि अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा विपक्षी को हिदायत दिया गया कि आवेदिका पत्नी के साथ बीती हुई बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे व दोनों लोग अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपना जीवन यापन करेंगे।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से भगाया, शिकायत

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के सालेपुर गांव में मायके में रह रही एक विवाहिता से उसके पति ने मारपीट कर जबरन जेवरात छीनकर भाग गया। ससुराल में उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। इसके बाद उसे घर से भगा दिया गया। ससुरालियों के उत्पीड़न से ऊबकर विवाहिता मायके पहुंची। यहां भी आरोपी पति पहुंचकर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने स्थानीय थाने में घटना की शिकायत किया है। करारी के सालेपुर गांव की परवीन पुत्री संजय ने बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पूर्व कुर्मियन का पूरा, महावा थाना पश्चिम शरीरा के असफाक पुत्र कुल्लू के साथ हुई थी। उसकी डेढ़ साल की एक बेटी है। शादी के कुछ माह बाद ही पति और ससुराली दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। करीब छह माह पहले आरोपी ससुरालियों ने उसका उत्पीड़न और मारपीट कर घर से भगा दिया। इसके बाद विवाहिता अपने मायके पहुंच गई। आरोप है कि पति असफाक वृहस्पतिवार को सालेपुर आया और रात वहीं पर रुका। इसके बाद शुक्रवार की भोर वह पत्नी परवीन से मारपीट कर उसके जेवर झुमकी, छागल, मंगलसूत्र आदि जबरन छीनकर भाग गया।

घटना की उलाहन पीड़िता ने आरोपी के सगे मामा सादिक से किया। उलाहना देने पर सादिक और उसके बेटे ने भी पीड़िता को गाली गलौच कर भगा दिया। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो दिन पूर्व चोरी हुए मवेशी को कड़ाधाम पुलिस ने किया बरामद, आरोपी को भेजा जेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के कंथुवा गांव से दो दिन पूर्व चोरी हुए मवेशी को पुलिस ने बरामद कर लिया है।मवेशी के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वहीं एक अन्य फरार आरोपी की धर पकड़ का प्रयास कर रही है।जानकारी के अनुसार कड़ा के कंथुवा गांव में गत मंगलवार की रात शातिर चोरों ने घर के बाहर बंधे भोला पाल पुत्र जगत पाल की एक कीमती मवेशी को पार कर दिया था।पीड़ित ने मामले की शिकायत कड़ाधाम पुलिस से की तो पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह के निर्देश पर गठित हुई टीम ने चोरी गए मवेशी को एक आरोपी संग बरामद कर लिया है।चौकी प्रभारी अलीपुरजीता सुशील कुमार के नेतृव में गठित की गयी टीम ने मवेशी को अजुहा बाजार से गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने मौके से अरबाज उर्फ बिल्लू पुत्र सरवर अली निवासी निजामकापूरा मजरा ताजमल्लहन थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को धर दबोचा और अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया।पुलिस मामले में फरार एक अन्य आरोपी शहबाज पुत्र महताब निवासी उपरोक्त की भी धर पकड़ का प्रयास कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

## जेठ ने भयाहू को पीट कर किया घायल

**पट्टी प्रतापगढ़** –दहेज की खातिर जेठ ने भयाहू को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव की रहने वाली साजमा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी मुस्लिम रीति-रिवाज से वर्ष 2022 में हुई थी। पिता ने हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद उससे दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की डिमांड की जाने लगी। जब विवाहिता ने इनकार किया तो आरोप है कि बीते 25 जुलाई को उसे जेठ ने लाठी-डंडे से जमकर पीटा और धारदार हथियार से पैर काटने का प्रयास किया, जिससे विवाहिता का पैर अर्ध रूप से कट गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए मछलीशहर ले गए। जहां से उपचार होने के बाद गुरूवार को पीड़िता की मां किस्मातुल अपनी बेटी के साथ पट्टी कोतवाली पहुंची और ससुरालीजनों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## छेडछाड व मारपीट का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने गुरूवार को मारपीट तथा छेडछाड के आरोप को लेकर तहरीर दी है। लालगंज के रानीगंज कैथौला क्षेत्र के एक गांव की पीडिता ने आरोप लगाया है कि गुरूवार को सुबह आठ बजे चार आरोपियो ने रंजिश को लेकर उसे तथा उसकी बहू को मारापीटा। मारपीट के दौरान एक आरोपी पर पीडिता ने बहू के साथ अश्लील हरकत का भी आरोप तहरीर मे लगाया है। पीड़िता का कहना है कि शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि जमीनी विवाद को लेकर शिकायत मिली है, तथ्यों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर प्रमोद तिवारी हुए दुखी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव तथा पूर्व राज्यसभा सांसद सीताराम येचुरी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होनें कहा कि स्वर्गीय सीताराम येचुरी ने सादगीपूर्ण तथा अपने मिलनसार व्यक्तित्व के साथ सम्पूर्ण जीवन समाज के लोगों के उत्थान के लिए समर्पित किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि राज्यसभा में सांसद के रूप में वे अपनी बातों को मुखर होकर रखते थे। उन्होनें स्व0 सीताराम येचुरी की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि वह एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी होने के साथ अच्छे लेखक भी थे। उन्होनें कहा कि स्वर्गीय येचुरी के निधन से उन्हे एक अपने सच्चे हितैषी को खो देने की मर्मान्तक पीड़ा हुई है। उन्होनें कहा कि स्व. येचुरी के असमय निधन से देश का एक देदीप्यमान नक्षत्र सदा सर्वदा के लिए अस्त हो गया है। जिसकी भरपायी कभी सम्भव नहीं होगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का यह बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## अभा अधिवक्ता परिषद का स्थापना दिवस समारोह आज


**प्रतापगढ़।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सेंट्रल बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ ईकाई के आयोजकत्व में 13 सितम्बर 2024 दिन शुक्रवार समय तीन बजे से अखिल भारतीय परिषद का स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल एडवोकेट ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। उक्त स्थापना दिवस समारोह में मुख्य वक्ता के रुप में लोक तंत्र रक्षक सेनानी वारिष्ठ अधिवक्ता पंडित राम सेवक त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त निदेशक अभियोजन हेमंत कुमार मिश्र तथा परिषद के अवध प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल दूबे, अधिवक्ता परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राम कृष्ण मिश्र  रहेंगे। श्री शुक्ल ने परिषद के सभी दायित्वधारियों व कार्यकारिणी सदस्यों तथा अधिवक्ताओं से कार्यक्रम में समय से पहुंचने का अनुरोध किया है।

## स्व.सरिता त्रिपाठी की आठवीं पुण्यतिथि पर उन्हें किया गया याद



**कुंडा/ प्रतापगढ** बाबागंज विधान सभा के हुलासगढ़ स्थित प. रमाकांत त्रिपाठी बालिका संस्कृत महाविद्यालय हुलासगढ़ के प्रांगण में स्व. सरिता त्रिपाठी को उनकी आठवीं पुण्यतिथि पर उनकी फोटो पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया गया एवम उनकी पुण्यतिथि मनाई गई।इस अवसर पर सरिता चेरिटेबल द्वारा पुण्य तिथि के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए हुए बच्चों को स्मृति भेंट स्वरूप स्कूली बैग का वितरण किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश त्रिपाठी त्यागी जी ने किया।वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजापुर व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद मिश्रा नंदू ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।बताते चलें कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज कुमार मिश्र( सहायक अध्यापक दिल्ली सरकार) ने शिक्षा के विषय पर बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किए।वहीं इस आयोजन के दौरान विद्यालय में प्रधानाचार्य अर्चना शुक्ला,संस्थापक गोपीनाथ त्रिपाठी,शैलेंद्र पांडेय सिंघम(भाजपा नेता)शिवाय मिश्रा शिवम् (अधिवक्ता) भाजपा नेता रवि मिश्रा,अमन पांडेय पत्रकार,प्रदीप त्रिपाठी,संदीप त्रिपाठी,अजय तिवारी,सुनील शुक्ला,शुभम गुप्ता,अविनाश शुक्ला,सुशील त्रिपाठी,मोहित त्रिपाठी आदर्श दुबे शीलू समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सुंदरकांड भंडारे में उमड़ी भीड़



**प्रतापगढ़।** नगर के सिविल लाइंस इलाके में मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक डा मनोज खत्री के संयोजन में गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। देर शाम पाठ का समापन होने के पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें काफी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओ ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# जनपद में 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जायेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान-जिलाधिकारी

## ● जिलाधिकारी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक


**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर आगामी 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक चलाए जाने वाले स्वच्छता की सेवा-2024 अभियान को सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कल सायंकाल कैम्प कार्यालय सभागार में समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/पंचायत, जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारी सहित एडीओ पंचायत के साथ बैठक कर अभियान की सफलता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छता अभियान को बढ़ाना देने के उद्देश्य से लोगो में जन जागरूकता लाए तथा अभियान के साथ जोड़कर श्रमदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अभियान अवधि के दौरान सभी शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि इस अभियान सार्वजनिक भागीदारी में वृद्धि के साथ स्कूलों, मोहल्लों, स्वच्छ वातावरण समितियों तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रो की भागीदारी लेते हुए अच्छे कार्य करने वाले लोगो को पुरस्कृत किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की भागीदारी के तहत लोगो को अभियान



के साथ जोड़े तथा सम्पूर्ण स्वच्छता के प्रति उन्हें प्रेरित करें साथ ही सफाई कार्मिको व अन्य सफाई से जुड़े कार्मिके के स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाए। इसी प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो को भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सार्वजनिक स्थानों, समस्त कार्यालयों, संस्थागत भवनों, वाणिज्य और प्रमुख बाजार क्षेत्रो, शैक्षिक संस्थानो, पार्क, संरक्षित क्षेत्रो, टेकिंगऔर शिविर स्थलों, जल निकायो, तालाबों, पर्यटन स्थलो, धार्मिक और अध्यात्मिक स्थलो, विरासत वाले क्षेत्रो में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र सुरक्षा शिविरों पर सफाई मित्रो की स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं तक पहुंत तथा पी0पी0ई0किट और सुरक्षा गियर का वितरण, सामाजिक कल्याण लिंकेज और सफाई मित्रो तथा उनके परिवारों का पंजीकरण सुनिश्चित कराए जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सफाई मित्रों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाए। नगरीय व मलिन बस्तियों की गहन सफाई के साथ ही तालाबों सफाई और सुन्दरीकरण, प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत बनाना, नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रो, गंगा किनारे घाटो सफाई व संरक्षण, विरासत क्षेत्रो की सफाई व संरक्षण, विभिन्न ढाबा, होटलों तथा मैरिज लान, स्वास्थ्य केन्द्रो आदि क्षेत्रो में सफाई और स्वच्छता अभियान के तहत सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा के दिशा निर्देशो का अक्षरशः पालन करते इसके सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाया जाए। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने कहा कि कोई ग्राम पंचायत स्वच्छता से छूटने न पाये और सभी एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि जो भी गतिविधियां स्वच्छता को लेकर की जायें उसकी फोटो पोर्टल पर समय से अपलोड करें। स्वच्छता की सेवा अभियान की समय-समय पर निगरानी करते रहें। उन्होने कहा कि सभी लोग स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाए तथा लोगो में भी इसकी आदत डालने के लिए इसके महत्व के बारे में जागरूक करें। उन्होनें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान के तहत स्कूलों में भी विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित कर बच्चों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक में सामुदायिक शौचालय एवं व्यक्तिगत शौचालय के सम्बन्ध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि जितने भी कार्य शौचालय के पूर्ण कर लिये गये है उसकी रिपोर्ट खण्ड प्रेरक ली जाये। एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया कि जितने भी सफाई कर्मी ग्राम पंचायत में लगे है उनसे निरन्तर साफ-सफाई का कार्य कराया जाये अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जाये। उन्होने पंचायत भवन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, ईओ नगर पालिका/नगर पंचायत, एडीओ पंचायत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## सेंधमारी कर चोरों ने नकदी समेत उड़ाये जेवरात, छानबीन में जुटी पुलिस



**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के कटरा संग्राम सिंह रामपुर बावली के समीप अज्ञात चोरों ने सेंध काट कर नकदी व गहने पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी है। गांव के कन्हैया लाल चौरसिया के घर बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर दी। आलमारी का लाक तोडकर चोरो ने छः हजार नकदी व सोने चांदी के जेवरात, बर्तन व कपड़े उड़ा लिये। चोरी की वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की रैकिंग ठीक रखें, अन्यथा होगी कार्रवाई-जिलाधिकारी

**● जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की**

**● आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतें डिफाल्टर होने पर 05 अधिकारियों को दी गयी प्रतिकूल प्रविष्टि**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर कार्यो/योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन विभागों की योजनाओं में रैकिंग ठीक नही है वह रैकिंग ठीक कर लें अन्यथा की स्थिति में आगामी माह में विभागों की रैकिंग ठीक नही पायी जायेगी उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में निस्तारित करें, सभी सम्बन्धित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गम्भीरता से लें। समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की रैकिंग खराब पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त (खाद्य) अभय कुमार सिंह को चेतावनी निर्गत करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार आबकारी विभाग, डूडा विभाग, पंचायती राज विभाग, पर्यटन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पशुपालन विभाग, जल निगम, प्रोबेशन विभाग, समाज कल्याण, कृषि विभाग व राजस्व विभाग की रैकिंग ठीक नही पायी गयी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि सीएम डैशबोर्ड में जिन विभागो की योजनाओं में रैकिंग ठीक नही है उसमें सुधार लायें। आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 310 शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में है तथा 15 शिकायतें असंतोषजनक है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एसडीएम कुण्डा, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता विद्युत खण्ड सदर, जिला पंचायत राज अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी बिहार को प्रतिकूल प्रविष्टि हेतु निर्देशित किया किया। उन्होने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर यदि अगले माह में रैकिंग ठीक नही हुई तो और शिकायतें डिफाल्टर हुई तो सम्बन्धित अधिकारी की इन्क्रीमेन्ट रोकने की कार्यवाही की जायेगी। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यदि एक सप्ताह से ज्यादा किसी प्रकार की जांच या प्रार्थना पत्र लम्बित पाये जायेगें तो कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी ए0एन0 प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संस्कृत विद्वान हरिहर पाल त्रिपाठी का निधन, प्रमोद तिवारी ने घर पहुंचकर स्मृति को किया नमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के छोटी काशी राजातारा निवासी संस्कृत विद्वान पं. हरिहर पाल त्रिपाठी 82 का बुधवार की रात निधन हो गया। हरिहर पाल के निधन की जानकारी होने पर क्षेत्र के संस्कृत विद्वानों में शोक छा गया। वह राजातारा स्थित श्रीच्छात्रपाल संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबन्धक भी थे। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पं. हरिहरपाल त्रिपाठी ने संस्कृत शिक्षा तथा वैदिक परम्परा के क्षेत्र में महनीय योगदान दिया।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी छोटी काशी पहुंचे और पं. हरिहरपाल त्रिपाठी की स्मृति को नमन किया। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने भी स्व. त्रिपाठी के निधन को विद्वता के क्षेत्र में उनके गौरवपूर्ण योगदान को अविस्मरणीय बताया। गुरूवार को जिले के मानिकपुर गंगा घाट पर उनका अन्तिम संस्कार किया गया।

मुखाग्नि बड़े बेटे हनुमत पाल त्रिपाठी ने दिया। संस्कृत विद्वान



हरिहर पाल के निधन पर पूर्व बीडीओ पं. विधिदेव शुक्ल, आचार्य डॉ. शिवमूर्ति शास्त्री, डॉ. शक्तिधरनाथ पाण्डेय, डॉ. ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, आचार्य राजेश मिश्र, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विशालमूर्ति मिश्र, डॉ. श्यामदुलारी सिंह, आचार्य पारस नाथ त्रिपाठी, आचार्य देवानंद मिश्र, आचार्य प्रताप नारायण मिश्र, महन्त मयंक भाल गिरि आदि ने दुख जताते हुए कहा कि पं. हरिहरपाल त्रिपाठी के निधन से संस्कृत भाषा के क्षेत्र में वेद तथा व्याकरण की शिक्षा को सूनापन दे गया है। क्षेत्र के संस्कृत प्रेमियों को भी स्व. हरिहरपाल के प्रधानाचार्य पुत्र हंसराज पाल त्रिपाठी से मिलकर संवेदना प्रकट करते देखा गया।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेªट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता शनी यादव निवासी होशियारपुर ने शिकायत किया कि ग्राम होशियारपुर का गाटा संख्या 660 जो चकमार्ग के खाते में दर्ज है और चकमार्ग मौके पर खाली है, प्रार्थी व अन्य लोगों को आने जाने में असुविधा है, जनहित में चकमार्ग को बनवाया जाये तथा मिट्टी डलवाना आवश्यक है इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथधाम को निर्देशित किया है कि रास्ते का निर्माण करायें, राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन कराया जा चुका है आख्या उपलब्ध करायें। शिकायतकर्ता दूधनाथ निवासी आशापुर ने शिकायत किया कि प्रार्थी से पप्पू मोदनवाल ने कोई बैनामा नही कराया है और प्रार्थी की भूमि को जबरन कब्जा कर लिया, प्रार्थी ने कई बार जमीन/मकान खाली कर देने को कहा परन्तु पप्पू मोदनवाल खाली नहीं कर रहा है तथा आमादा फौजदारी होता है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसओ जेठवारा को निर्देशित किया है कि यदि बैनामा इत्यादि नही हुआ है तो विपक्षी द्वारा उसका उपयोग करने का अधिकार नहीं है उचित कार्यवाही करें। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अन्य प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, कोहराम

**▸▸ परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की फांसी के फंदे से हुई मौत को लेकर परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के बभनपुर गांव निवासी अनिल वर्मा 27 की बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनो ने घटना को लेकर हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। मृतक अनिल वर्मा बुधवार की शाम गांव के कुलदीप वर्मा उर्फ ललई के साथ बाजार गया था। करीब सात बजे वह घर वापस पहुंचा। मृतक की मां के मुताबिक घर पर उसने तथा उसकी बेटी ने अनिल से खाना पूछा तो उसने मना कर दिया। इसके थोड़ी देर में किसी ने अनिल को बुलवाया। अनिल बाहर निकल गया। रात करीब



साढे आठ बजे अनिल का शव घर के करीब एक देवस्थान पर पीपल के पेड़ में साड़ी के फंदे से झूलता देखा गया। शव देख मां तथा उसकी पत्नी खुशबू चीखने चिल्लाने लगी। सूचना पर लालगंज कोतवाल नीरज यादव व रानीगंज कैथौला चौकी प्रभारी सुनील फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। यहां परिजनों ने अनिल की हत्या की बात कही तो पुलिस के होश उड़ गये। पुलिस ने मृतक के परिजनो को पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराया। देर रात शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। मृतक का पिता किशन वर्मा दिल्ली में मजदूरी किया करता है। मृतक अनिल अपने घर में सबसे बड़ी संतान था। अभी चौबीस अप्रैल को ही उसकी शादी हुई थी। घटना को लेकर मृतक की मां शान्ती देवी तथा छोटी बहन अनू व मीरा एवं पत्नी खुशबू का रोना बिलखना देख गांव के लोगों की भी आंखे भर आयीं। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद घटना के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

# .. अब सीओ और कप्तान ही तुम्हें दिलायेंगे न्याय, खाकी के बिगड़े बोल

**● लीलापुर थाना क्षेत्र की पीड़िता ने सीओ से मिलकर सुनाया दुखडा, कोतवाल को सीओ ने लगायी फटकार**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीएम के लाख निर्देशों के बावजूद पुलिस थानों में महिलाओं के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार पर जाने क्यों नहीं अंकुश लग पा रहा है। जिले के कप्तान तक के कड़क मिजाजी का लीलापुर थाने पर रत्ती भर असर नही दिख पा रहा है।

ताजा मामला भी पुलिसिया दुर्व्यवहार को लेकर लीलापुर पुलिस को फिर सुर्खियों में ला दिया है। पुलिस पर मनमानी एफआईआर दर्ज करने के साथ पीडिता के साथ अमानवीय व्यवहार का गंभीर आरोप चौकाने वाला है। लीलापुर थाना क्षेत्र के छेमर सरैंया गांव की राजवती पत्नी रामदास ने गुरूवार को सीओ से मिलकर मारपीट की घटना में पुलिस पर अभद्रता की शिकायत दर्ज करायी है। पीडिता का कहना है कि बीती आठ सितंबर को उसे तथा परिवार के सदस्यों को आरोपियो ने मारापीटा। घटना को लेकर उसने लीलापुर थाने में तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने मेडिकल के नाम पर उसके बेटे का हस्ताक्षर कराकर मनमुवाफिक केस दर्ज कर लिया।

पीडिता का कहना है कि उसने सीओ से इस बात की शिकायत की तो लीलापुर कोतवाल भड़क उठे। पीड़िता का आरोप है कि लीलापुर थाने में कोतवाल ने सीओ तथा एसपी से शिकायत को लेकर उसे फटकार लगायी।

पीडिता ने सीओ से रोते बिलखते बताया कि सीओ के निर्देश पर वह थाने पहुंची तो भडके कोतवाल ने कहा कि अब तुम्हारा मामला कप्तान और सीओ ही देखेंगे। पीडिता का आरोप है कि थाने में उसे जातिसूचक गालियां दी गयी। शिकायत सुनकर सीओ रामसूरत सोनकर ने प्रभारी निरीक्षक को फोन पर कडी फटकार लगायी। सीओ ने प्रभारी निरीक्षक को पीडिता के शिकायती पत्र पर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इस बाबत सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि पीडिता ने शिकायती पत्र दिया है, पुलिस को विवेचना में तथ्यों के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

संक्षिप्त खबरें

## कालेज में मोबाइल ले जाने पर अध्यापक ने छात्र को डंडे से पीटा, शिकायत



**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के स्थानीय नगर पंचायत स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज में गुरुवार को कालेज में मोबाइल लाने पर अध्यापक ने दसवीं कक्षा के छात्र को डंडे से जमकर पीट दिया। पिटाई से छात्र घायल हो गया। घायल छात्र ने पुलिस चौकी जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट है।कस्बा चायल के अशोक नगर मोहल्ला निवासी उपलक्ष्य साहू पुत्र सीताराम साहू स्थानीय श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज में दसवीं का छात्र है। गुरुवार को छात्र उपलक्ष्य साहू कालेज में मोबाइल लेकर गया था। जबकि कालेज में बच्चों को मोबाइल लाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। आरोप है कि मोबाइल छिपाने और झूठ बोलने पर अध्यापक भीष्म ने छात्र को बिना समझाए डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से छात्र की जांघ के दोनों तरफ गंभीर चोटें आई।घायल छात्र ने स्थानीय पुलिस चौकी जाकर अध्यापक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।इस संबंध में प्रधानाचार्य संतोष कुमार शर्मा का कहना है कि छात्र पढ़ाई में अच्छा होने के साथ साथ मंडल स्तर पर स्पोर्ट भी खेल चुका है। इधर बीच उसकी आदतें बिगड़ रही थी। वह कक्षा में अनुशासनहीनता कर रहा था। हांलाकि अध्यापक को पिटाई के बजाय उसकी शिकायत अभिवावक से करनी चाहिए थी। वहीं आरोपित अध्यापक का कहना है कि आरोप बेबुनियाद है।

## दबंग युवाओं ने मामूली विवाद में अधेड़ को पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के तेरहमील निवासी सुनील कुमार पटेल ने बताया कि गुरुवार सुबह उसके पिता सुखराम पटेल काजीपुर भैंस खरीदने की नियत से गया था। वापस लौटते समय रास्ते में ड्राई फ्रूट की फेरी करने वाला साइकिल पर खड़ा था। कुछ लोग उसकी ड्राई फ्रूट खरीद रहे थे। सुखराम के ड्राई फ्रूट को खराब बताने पर फेरीवाला गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सुखराम की पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे रामू, अनिल, मोहित,शिवशंकर और सुनील को भी जमकर पीट दिया। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## दबंग भाइयों ने साथियों संग मामूली विवाद में दम्पति को पीटा

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के डिहवा मेरा पंसौर गांव में बुधवार की रात दबंग भाइयों ने साथियों संग मामूली विवाद में घर पर चढ़कर दम्पति को लाठी-डंडे से जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई।चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर पांच आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के डिहवा मजरा पंसौर गांव निवासी महेश कुमार मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।उसकी पत्नी मीना देवी ने बताया कि बुधवार की रात वह परिवार के साथ घर पर बैठी थी।इसी दौरान गांव के तीन दबंग भाई अपने दो अन्य साथियों के साथ हाथों में डंडे लेकर उसके घर पहुंचे और खेत से मिर्चा तोड़ने का उलाहना दिया।मिर्चा तोड़ने से इंकार करने पर वह सभी उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी पिटाई करना शुरु कर दिया। पत्नी को बचाने पहुंचे उसके पति महेश को भी पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर पांच आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## मायके आई विवाहिता नकदी व जेवरात लेकर फरार

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मायके आई विवाहिता नकदी व जेवरात लेकर घर से फरार हो गई , विवाहिता के पिता के काफी खोजबीन के बाद सुराग नहीं लगा तो मामले की सूचना पुलिस को दी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी पुत्री की शादी खागा क्षेत्र में हुई थी , पीड़ित लगभग एक माह पहले पुत्री को मायके बुला लाया था , विवाहिता के पिता का आरोप है की उसकी पुत्री बुधवार की दोपहर घर से बिना बताए घर में रखे नकदी , जेवरात सहित कपड़े वगैरह लेकर फरार हो गई , शाम तक विवाहिता घर नही लौटी तो विवाहिता के ससुराल व अन्य रिश्तेदारी आदि में खोजबीन की लेकिन कही पता नही चला , गुरूवार को विवाहिता के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

## कमरे का ताला तोड़ परिषदीय विद्यालय से चोरों ने पार किया सामान

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में स्थित परिषदीय विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर बीती रात चोरों ने विद्यालय में रखा सामान व दस्तावेज पार कर दिया सुबह स्कूल गए प्रधानाध्यापक अनूप सिंह ने कमरे का ताला टूटा देखा तो मामले की लिखित सूचना सैनी पुलिस को दी।विकास खंड सिराथू के नगियामई गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अनूप सिंह ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की बीती रात चोरों ने विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा एक ब्लूटूथ स्पीकर , चार्जर , खेल का सामान एवं आवश्यक रजिस्टर तथा कागजात उठा ले गए। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

## अजुहा में अधिशासी अधिकारी गौशाला का किया निरीक्षण



**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा में अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने नगर पंचायत में स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया जहां अधिशाषी अधिकारी ने गौशाला में मौजूद केयरटेकर व जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया की गौशाला में निरीक्षण के दौरान कुल 232 गौवंश पाए गए जहां गौवंश के खाने के लिए भूसा , चोकर , हरा चारा आदि पर्याप्त मात्रा में पाया गया । साथ ही गौशाला के केयरटेकरों को छोटे गौवंश का स्वास्थ परिक्षण सहित साफ सफाई व गौशाला को हरा भरा बनाने के लिए पौधरोपण करने का के निर्देश दिए।

## भाकिमसंयू ने समस्याओं का पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया।बैठक के बाद उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं का पांच सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। एसडीएम ने उनकी समस्याओं को जल्द निस्तारित कराने का आश्वासन दिया है।

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तहसील परिसर में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया।बैठक के बाद उन्होंने मांगों का पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ को सौंपा। उन्होंने मांग किया कि विकास खंड नेवादा के बड़ा पिपरहटा गांव में आजादी के बाद आजतक आम रास्ता नहीं बनाया गया है जिससे गांववासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत चायल के दसों वार्ड में आशा बहुओं की नियुक्ति नहीं की गई है जिससे गर्भवती महिलाओं को समस्याओं से जूझना पड़ता है। आशा बहुओं की जल्द नियुक्ति की जाए। विकास खंड चायल के समदा गांव से हरदुआ गांव को जाने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उस सड़क को तुरंत दुरुस्त कराया जाए। नेवादा ब्लॉक क्षेत्र के मखऊपुर गांव से दरियापुर गांव को जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना है और तहसील क्षेत्र के समस्त ग्राम सभाओं और नगर पंचायतों में किसान सम्मान निधि पाने के लिए किसानों के लिए कैंप लगाया जाए जिससे सभी किसानों को इसका लाभ मिल सके। उपजिलाधिकारी ने जिलाध्यक्ष को समस्याओं का जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।इस मौके पर मंजू तिवारी, गोविंद मिश्रा, यशवंत सिंह राठौड़, रामप्रकाश पाठक, राजकुमार राजपूत, विकास मिश्रा, धर्मेंद्र साहू, बृजभान, विकास पटेल, मनीष मिश्रा, मनीष तिवारी, अभिषेक पटेल, सूरज मिश्रा और बृजलाल पासी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मांगे पूरी न होने से बीडीसी संघ के लोगो ने लखनऊ चलो अभियान के तहत की समीक्षा बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** कौशाम्बी ब्लॉक के कौशांबी में बीडीसी संघ के सदस्यो ने अपनी लंबित मांगों के निपटारे के लिए की एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। जिसमे बीडीसी संघ जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पासी ने बताया की हमने कई बार ज्ञापन के माध्यम से आला अधिकारियों को अवगत करा चुके है कि हमारी मांगो को पूरा किया जाय लेकिन हमारी मांगे पूरी नहीं हो रही है सरकार की गाइडलाइंस को भी धरातल पर लागू नहीं किया जा रहा है। अब हम लखनऊ चलो अभियान के तहत उत्तर प्रदेश 80 हजार बीडीसी 2 अक्टूबर को इको गार्डन लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेंगे।ताकि हमारी मांगे पूरी की जाय। बैठक में उपस्थित सदस्य,संघ जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पासी,मनोज कुमार जिला उपाध्यक्ष,विजय गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष,महेंद्र दिवाकर जिला प्रभारी संघ,गुड्डू सिंह संघ संयोजक,संदीप त्रिपाठी मंडल प्रभारी संघ,रामभवन पाल,रामनेवाज,अमरजीत सिंह,भुल्लारे पाल,राहुल कुमार, इत्यादि लोग बैठक में शामिल हुए।

## निर्धारित मानक पर खरा ना उतरने वाले चार निजी अस्पतालों को किया गया सीज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मंझनपुर मुख्यालय स्थित कई निजी अस्पतालों की जांच टीम के सदस्यो द्वारा की गई थी। इनमें कई अस्पताल मानक पर खरे नहीं उतरे। भवन का नक्शा ना पास होना, अस्पतालों में पैनल के डॉक्टरों का न मिलना, साफसफाई की अनुचित व्यवस्था, अन अटेंडेड मरीज, बिना रजिस्ट्रेशन के संचालन, अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना चलने वाले और कई अस्पतालो के बेसमेंट में संचालित होने जैसी कई कमियां उजागर हुई। उक्त का संज्ञान लेते हुए कौशांबी के सीएमओ द्वारा प्रशासन के सहयोग से चार अस्पतालों यथा विष्णु, वात्सल्य, राफिया एवं एनजीएम हॉस्पिटल को सीज किया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सदर एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तथा पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## बाइक की टक्कर से सड़क के किनारे खड़ा किशोर घायल

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव के समीप अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क के किनारे खड़े किशोर को टक्कर मार दिया। हादसे में उसके दायां पैर में फ्रैक्चर हो गया।साथ रहे पिता ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पिपरी थानाक्षेत्र के मनौरी बाजार निवासी वीरेंद्र केसरवानी अपने बेटे शुभम केसरवानी के साथ कार से मूरतगंज किसी काम से जा रहे थे। रसूलाबाद कोइलहा के समीप दोनों बाप-बेटे कार से उतरकर डिग्गी खोलकर सामान रखने लगे। इसी दौरान पीछे से आ रहे बेकाबू बाइक सवार ने बेटे शुभम को टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही किशोर सड़क पर गिरकर गया। हादसे में उसका दायां पैर टूट गया। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों की सहायता से घायल के पिता ने पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए उसे भर्ती कराया।

## ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई कर बेटे को छीन घर से भगाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के सैयद सरांवा गांव की एक विवाहिता को ससुरालियों ने दहेज की खातिर जमकर पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद उसके जेवरात और मासूम बेटे को छीनकर घर से भगा दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। विवाहिता ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपी ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।सैयद सरांवा गांव निवासी रज्जब अली सब्जीफरोश है। उन्होंने अपनी बेटी फूलबानों की शादी बिहार प्रांत के ग्राम राय सागरा थाना नौतन जनपद सीवान निवासी आफताब आलम पुत्र महबूब आलम के साथ जुलाई 2020 में की थी। रज्जब अली ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज के साथ-साथ दो लाख रुपया नकद भी दिया था। विवाहिता के अनुसार शादी के कुछ महीने बाद से ही ससुरालीजन दहेज में अपाचे बाइक और दो लाख रुपया नकद की डिमांड करने लगे। विवाहिता के इंकार करने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। शादी के छह महीने बाद ही उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया। फूलबानों अपने मायके में आकर रहने लगी। जुलाई 2024 में दोनों तरफ के रिश्तेदारों ने बैठकर समझौता कराते हुए विवाहिता को फिर ससुराल भेज दिया। आरोप है कि सोमवार को पति, सास, देवर, ननद और एक रिश्तेदार ने मिलकर विवाहिता की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद उसका सारा जेवरात छीनकर कमरे में बंद कर पेट्रोल छिड़क कर जान से मारने का प्रयास करने लगे। शोर मचाने पर मौके पर जुटे पड़ोसियों ने विवाहिता की जान बचाई। विवाहिता ने मामले की सूचना मायके वालों को फोन के माध्यम से दी। जानकारी मिलने के बाद बेटी के ससुराल पहुंची मां को भी उन लोगों ने गाली गलौच कर घर से भगा दिया। आरोप है कि ढाई साल के मासूम बेटे को छीनकर विवाहिता को घर से निकाल दिया। विवाहिता ने नौतन थाना जाकर घटना की तहरीर दी। मामले में कोई कार्रवाई न होने पर गुरुवार को घर पहुंची विवाहिता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन से करते हुए आरोपी ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## गांव के युवक पर युवती को भगाने का आरोप

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने गांव के एक युवक पर बेटी को भगाकर घर में रखने का आरोप लगाते हुए मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने गुरुवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की बीतीरात परिवार के साथ घर के अंदर सो रही थी , पीड़िता का आरोप है उसकी बीस वर्षीय पुत्री को गांव का ही एक युवक भगाकर अपने घर में रखे है

## किसानों के लिए लाभकारी है विभाग की आत्मा योजना- डॉ0 अजय कुमार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** कृषि विज्ञान केंद्र महगांव में गुरुवार को आत्मा योजना के अंतर्गत किसानों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केवीके प्रमुख डॉ. अजय कुमार ने किसानों के लिए आत्मा योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना से जुड़ने पर किसान भाइयों को लाभ प्राप्त करने की अपार संभावनाए हैं।

योजना के तहत कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्य पालन संचालित किया जा रहा हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि वह योजना से जुड़ तकनीकों के बारे में अपनी दक्षता बढ़ाकर उनका उपयोग कर अपनी खेती को लाभकारी बना सकते है। उद्यान वैज्ञानिक डॉ जितेंद्र प्रताप सिंह ने उद्यान के विभिन्न फसलों में वैज्ञानिक प्रबंधन पर चर्चा करते हुए बताया की लोटनल का प्रयोग कर तैयार नर्सरी स्वस्थ्य एवं निरोग रहती है।

जिससे नर्सरी की रोपाई के उपरांत पौधों में रोग एवं कीड़े की समस्या कम होती है। रासायनिक दवाओं का प्रयोग कम होता है एवं लगभग दो से ढाई हजार रुपये प्रति एकड़ की बचत हो सकती है। रबी मौसम में फूलों की खेती के क्रम में उन्हीने गेंदा, गैलिडीयोलास की खेती के प्रबंधन की भी जानकारी दी। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने पशुओं से सम्बंधित प्रबंधन के बारे में जानकारी देते होते बताया कि पशुपालन कृषि के साथ अन्य घटकों में एक महत्वपूर्ण घटक है। जिसका समावेश कर किसान भाई समन्वित कृषि प्रणाली को सफलतापूर्वक करके लगातार आय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने दुधारू पशुओं में मिनिरल मिक्सचर के प्रयोग को बढ़ावा देने का किसानों से आवाहन किया। जिससे सामान्य पशु में एक से डेढ़ लीटर दूध अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते है।वर्ष भर हरे चारे की आपूर्ति के लिए एक माडल को भी बताया। जिसमें सुडान चरी-न्यूट्री बाजरा-बरसीम के साथ साथ नेपियर घास को लगाने की सलाह दी। प्रशिक्षण में विकास खंड सरसवां, मंझनपुर, सिराथू, कड़ा के कुल 32 कृषकों ने भाग लिया।

## सुनसान घर में दिन में ताला तोड़कर चोरों ने नकदी व जेवरात किए पार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सुनसान घर में चोरों ने दिन में ताला तोड़कर घर में रखे नकदी व जेवरात पार कर दिया , घर पहुंचे दंपत्ति ने ताला टूटा देख दंग रह गए और मामले की लिखित सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के केसारी गांव के रहने वाले राजेश कुमार पुत्र भीमसेन मौर्य ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की गुरूवार को अपनी पत्नी के साथ घर में ताला बंद कर नींबू की बाग गया था , राजेश कुमार का आरोप है की दोपहर लगभग 11 बजे घर वापस पहुंचा तो घर का ताला टूटा देखा और घर के अंदर गया तो घर में रखा तीन हजार की नकदी , चांदी की पेटी , एक जोड़ी चांदी छागल , दो चौन पट्टी , सोने का मंगल सूत्र आदि सामान पार कर दिया । पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर कार्यवाही की मांग की है जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल ने जुट गई है ।

## मूरतगंज में प्रशासन ने हटवाया अवैध अतिक्रमण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** चायल तहसील के तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम के नेतृत्व में पुलिस व नगर प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से बृहस्पतिवार की शाम मूरतगंज मुख्य बाजार रोड से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान अवैध रूप से कब्जा किए गए सड़क के ऊपर अतिक्रमण को नष्ट किया गया। मूरतगंज में अतिक्रमण की समस्या काफी दिनों से है,कई बार स्थानीय लोगों द्वारा उच्चाधिकारियों से शिकायत भी की गई। बावजूद कार्रवाई नहीं हो पाती थी। लेकिन जिला प्रशासन ने मूरतगंज में हुए अतिक्रमण को गंभीरता से लेकर तहसीलदार को हटाने का निर्देश दिया था। जिसके क्रम में नगर प्रशासन द्वारा बाजार में हुए अतिक्रमण हटाने के लिए पिछले दिनों घोषणा कराई गई लेकिन अतिक्रमण नहीं हटा। जिसके बाद बृहस्पतिवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने नगर पालिका कर्मियों व पुलिस के साथ जीटी रोड ,भरवारी रोड, कासिया रोड , पल्हाना रोड में अभियान चला,अतिक्रमण हटाते ही ठेले खोमचे के साथ साथ नाली के ऊपर टीन शेड लगाए दुकानदारों में हड़कंप मच गया। नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा नाली पर बने पक्का निर्माण को भी तोड़ा गया और नाली के ऊपर लगे टीन शेड को भी हटा दिया गया। इसके साथ ही कई दुकानदारों को नगर प्रशासन ने भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत भी दी गई। तहसीलदार ने कहा कि यह कार्यक्रम लगातार चलेगा और कस्बे को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इस मौके पर बबलू गौतम, राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उ0नि0 भोलानाथ यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित उदयभान लोधी निवासी अगियौना थाना करारी को चपरीआम तिराहा से गिरफ्तार किया गया।

### तीन वारण्टी आरोपी को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस उ0नि0 जितेंद्र प्रताप सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित वारंटी मुलुकराज, गीता देवी निवासीगण वार्ड नं0 06 कृष्णा नगर अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया। थाना चरवा पुलिस उ0नि0 रामरतन मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी मुसम्मी धर्मपाल निवासी पकसराई थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 108 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन को सीज किया गया।


### निरोधात्मक कार्यवाही में 14 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 04, थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना सराय अकिल से 03, थाना चरवा से 04, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर

## सम्पादकीय

# भारत पिछड़ा मौका हाथ से गया

चीन ने जो जगह खाली की, उसे बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश भरने में कैसे कामयाब हुए और क्यों भारत पिछड़ गया? चुनौती यह सोचने की भी है कि चूंकि वो मौका हाथ से चला गया है, तो अब आगे क्या विकल्प है?श्रम केंद्रित मैनुफैक्चरिंग सेक्टर्स से चीन के हटने से भारत के सामने बड़ा निर्यातक देश बनने का जो अवसर आया था, वह हाथ से निकल गया है। यह बात विश्व बैंक ने कही है। बैंक ने अपने इंडिया डेवलपमेंट अपडेट में जिक्र किया है कि भारत में अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित प्रत्यक्ष या परोक्ष रोजगार पिछले एक दशक के दौरान घटा है। बताया गया है कि वस्त्र, चमड़ा, कपड़ा, रत्न एवं जेवरात आदि जैसे श्रम केंद्रित सेक्टर्स में विश्व व्यापार में भारत का हिस्सा गिरता चला गया है। जबकि बांग्लादेश, वियतनाम और पोलैंड जैसे देशों ने अपना हिस्सा बढ़ा लिया है। इसके पहले मीडिया रिपोर्टों में बताया गया था कि 2017-18 के बाद से उपरोक्त वस्तुओं के भारतीय निर्यात में 12 फीसदी की गिरावट आई है। नतीजतन, इन क्षेत्रों से जुड़े कारखाने या तो बंद हुए हैं या उन्होंने अपना उत्पादन घटाया है। स्वाभाविक है कि इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या नौकरियां गई हैं।विश्व बैंक ने इस अंतर्विरोध का उल्लेख किया है कि एक तरफ भारत आज दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है, वहीं देश में शहरी युवा बेरोजगारी की दर 17 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर है। बैंक की राय है कि जब तक भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित क्षेत्रों के वैल्यू चेन (मूल्य शृंखला) में आगे नहीं बढ़ता है, उसके लिए बेरोजगारी की समस्या का हल ढूंढना मुश्किल बना रहेगा। गौरतलब है कि बैंक ने जिस अवधि का विस्तार से जिक्र किया है, वो मेक इन इंडिया और आत्म-निर्भर भारत जैसे नारों के शोर से भरी रही है। लेकिन अब उन नारों की हकीकत देश के सामने है। विचारणीय है कि चीन ने जो जगह खाली की, उसे बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश भरने में कैसे कामयाब हुए और क्यों भारत इसमें पिछड़ गया? चुनौती यह सोचने की भी है कि चूंकि वो मौका हाथ से चला गया है, तो अब देश के सामने क्या विकल्प है? वर्तमान केंद्र सरकार ऐसे गंभीर मसलों पर किसी राष्ट्रीय बहस की शुरुआत करेगी, इसकी उम्मीद तो नहीं है; लेकिन विपक्ष के पास भी क्या इसकी इच्छाशक्ति एवं बौद्धिक साहस है?




# मतांतरण गैंग के जाल में आसानी से फंस जाता है दलित-पिछड़ा हिन्दू



**संजय सक्सेना,लखनऊ**

देश में अवैध मतांतरण के सिंडीकेट की जड़े बेहद गहरी रही हैं। मतांतरण को बढ़ावा देने के लिये अरब और कई मुस्लिम देशों से भी हवाला आदि के माध्यम से मोटी रकम आती है।यह बात कोई दबी छिपी नहीं है,लेकिन इसके खिलाफ बने कानून कभी उतने कारगार नहीं रहे जिससे विदेशों से मतांतरण के लिये होने वाली फंडिंग को रोका जा सके।यही वजह थी लखनऊ की एटीएस-एनआईए कोर्ट ने अवैध तरीके से मतांतरण के खिलाफ सुनवाई पूरी की तो यहां भी इस बात का खुलासा हुआ कि विदेशी फंडिंग से मतांतरण कराने वाले के हाथ काफी लम्बे हैं। बहरहाल, एटीएस और एनआईए की अदालत ने विदेशी पैसे के सहारे अवैध मतांतरण कराने वाले 12 लोगों को उम्रकैद और चार लोगों को दस-दस साल की सजा सुनाई है, तो निश्चित रूप से इसका कुछ प्रभाव देखने को मिलेगा। प्रदेश में सुनियोजित ढंग से लोगों को प्रलोभन देकर मतांतरित करने के कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं और जब एटीएस ने पहली बार एक साथ इतने लोगों को सजा दिलाने में सफलता हासिल की है, तो निश्चित रूप से ऐसी गतिविधियों में कमी आएगी। जिन लोगों को सजा हुई है, वे गिरोह के रूप में लोगों को बरगलाकर हिंदू से मुस्लिम बना रहे थे और उनके निशाने पर वह वंचित एवं दलित वर्ग था जो आसानी से थोड़ी बेहतर जिंदगी के लालच में उनके चंगुल में फंस जाता है। ऐसे लोगों का कितना ब्रेनवॉश कर दिया जाता है, इसे इस बात से ही समझा जा सकता है कि हिंदू से मुस्लिम बने युवाओं ने भी पूरी सक्रियता से मतांतरण में भाग लेना शुरू कर दिया था। बहरहाल, मतांतरण के लिए विदेशी फंडिंग की बात पहले भी सामने आती रही है। एटीएस और एनआईए को अब इस पूरे नेटवर्क को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। मतांतरण को लेकर योगी सरकार पहले से ही काफी सख्त है और इसीलिए राज्य में विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 लाया गया है। लोगों को अपनी इच्छा से कोई भी धर्म अपनाने का अधिकार है, लेकिन यदि इसके पीछे जबरदस्ती या लोभ हो तो इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। हर धर्म की अपनी मान्यताएं हैं और उनके प्रति लोगों की आस्था जुड़ी होती है, तो इसके पीछे कई कारण होते हैं। धर्म की जड़ों को उखाड़ना आसान नहीं है, लेकिन कुत्सित मानसिकता वाले ऐसा करने का प्रयास करते हैं। मतांतरण के कुत्सित प्रयास में लगे लोग वस्तुतः समाज में असंतुलन पैदा करना चाहते हैं, इसलिए इस पर हर तरह से सख्ती की जानी चाहिए। उक्त मामले में यह भी पता चला है कि दिल्ली की एनजीओ के माध्यम से अवैध मतांतरण को बड़े पैमाने पर कराने के लिए विदेशी फंडिंग का गहरा जाल बुना गया था। एनजीओ संचालक मु.उमर गौतम व मेरठ के मौलाना कलीम सिद्दीकी ने मिलकर बड़े पैमाने पर विदेश से रकम जुटाई थी और उसे गिरोह के सदस्यों तक पहुंचाया जाता था, जिससे संगठित रूप से मूक-बधिर बच्चों, महिलाओं व कमजोर आय वर्ग के लोगों को डरा-धमका कर अथवा प्रलोभन देकर मतांतरण कराया जा सके। हिंदू धर्म के लोगों को मुस्लिम समुदाय में शामिल कराने के इस खेल में हवाला के जरिये भी करोड़ों रुपये एजेंटों तक पहुंचाए गए थे। इस बेहद संगीन मामले में एटीएस की प्रभावी पैरवी का परिणाम रहा कि 11 सितंबर 2024 को उमर व कलीम समेत 16 आरोपितों को सजा सुनाई जा सकी। गौरतलब हो, अवैध मातांरण के षड्यंत्र की परतें जून, 2021 में पहली बार तक खुली थीं, जब गाजियाबाद के डासना स्थित शिव शक्ति धाम देवी मंदिर परिसर में खतरनाक इरादों से घुसने का प्रयास कर रहे दो संदिग्ध युवक विपुल विजय वर्गीय व कासिफ पकड़े गए थे। दोनों से पूछताछ में सामने आया था कि मूलरूप से नागपुर निवासी विपुल विजय वर्गीय कुछ वर्ष पूर्व मुस्लिम धर्म अपना चुका है और उसने गाजियाबाद में एक मुस्लिम युवती से शादी की है। कासिफ उसका साला था। दोनों से पूछताछ में ही विपुल का मतांतरण कराने वाले बाटला हाउस, जामिया नगर दिल्ली निवासी मोहम्मद उमर गौतम तथा ग्राम जोगाबाई जामिया नगर, दिल्ली निवासी मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के नाम सामने आए थे।विपुल का मतांतरण उमर ने कराया था और उसका नाम रमजान रख लिया था। उमर सी-2, जागाबाई एक्सटेंशन, जामिया दिल्ली में अपने अन्य सहयोगियों के साथ इस्लामिक दावा सेंटर नाम की संस्था का संचालन करता था। उमर के साथ इस खेल में मेरठ के मौलाना कलीम की बेहद सक्रिय भूमिका थी। कलीम जामिया ईमाम वलीउल्ला ट्रस्ट का संचालन करता था, जिसके खाते में फंडिंग होती थी। एटीएस की जांच में सामने आया था कि कलीम की ट्रेस्ट के डेढ़ करोड़ रुपये एकमुश्त बहरीन से भेजे गए थे। यह भी सामने आया था कि जिन संगठनों ने उमर गौतम की संस्था अल-हसन एजूकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन को फंडिंग की थी, उन्हीं श्रोतों से मौलाना करीम की ट्रस्ट को भी फंडिंग की जा रही थी। मुजफ्फरनगर के ग्राम फूलत निवासी मौलाना कलीम सिद्दीकी अधिकतर दिल्ली में रहकर अपनी गतिविधियां संचालित करता था। कलीम की संस्था के खाते में 20 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग के साक्ष्य मिले थे। उमर गौतम का सक्रिय साथी डा.फराज शाह को एटीएस ने महाराष्ट्र के यवतमाल से गिरफ्तार किया था। फराज ने एमबीबीएस किया था और अपने घर के पास ही क्लीनिक का संचालन करता था और अवैध मतांतरण से जुड़ी गतिविधियों में लिप्त था। इस संबंध में डीजीपी उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार ने कहा कि एटीएस-एनआईए न्यायालय का निर्णय अवैध मतांतरण व विघटनकारी तत्वों के विरुद्ध यूपी एटीएस की प्रभावी कार्रवाई तथा गुणवत्तापूर्ण विवेचना पर मुहर लगाता है। अवैध मतांतरण सिंडिकेट के 16 आरोपियों को दोषी करार दिए जाने से स्पष्ट हो गया है कि उत्तर प्रदेश में असामाजिक तत्वों व राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं है।

# बाथरूम के फर्श को साफ करने के लिए आजमाएं ये टमाटर का खास नुस्खा, चमकने लगेगा हर कोना

हर कोई घर को खूबसूरत बनाना चाहता है, लेकिन घर को खूबसूरत बनाने के लिए हर छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. क्योंकि कई बार कुछ चीजें घर की सुंदरता को कम कर देती हैं. ऐसे में अगर आप भी अपने घर को खूबसूरत बनाना चाहते हैं, तो आपको बाथरूम की सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए.

कई बार घर बहुत खूबसूरत होता है, लेकिन घर में बनी बाथरूम की टाइल्स पीली दिखाई देती है, जिससे घर पर आया मेहमान मुंह बनाने लगता है और इससे आपके घर की खूबसूरती खराब होने लगती है. अगर आप भी इन पीली टाइल्स से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं. टमाटर में मौजूद एसिड हल्के दागों को हटाने में काफी मदद करता है.

**बाथरूम की टाइल्स को ऐसे करें साफ**

बाथरूम की टाइल्स को साफ करने के लिए आप टमाटर से पेस्ट बना सकते हैं. इसके लिए आपको एक टमाटर को काटकर उसका पेस्ट बनाना होगा. अब आप दाग वाले हिस्से पर पेस्ट लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें. थोड़ी देर बाद



एक नरम ब्रश की मदद से दाग वाले हिस्से को रगड़ें. इसके बाद आप साफ पानी से टाइल्स को अच्छी तरह धो लें. इससे टाइल्स पर लगी पीली परत और गंदगी दूर होगी और टाइल्स चमकदार बनेगी.

**टमाटर का इस्तेमाल**

टमाटर का इस्तेमाल करते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. टमाटर का रस सभी तरह के फर्श के लिए सुरक्षित नहीं माना गया है. अगर आप मार्बल, ग्रेनाइट और दूसरे पत्थरों पर टमाटर के रस का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे टाइल्स का रंग फीका पड़ सकता है. इसके अलावा टमाटर, तेल या ग्रीस के दागों को हटाने के लिए काफी नहीं है. इसके लिए आप दूसरे नुस्खे आजमा सकते हैं.

टमाटर के रस को लगाने के बाद फर्श को अच्छी तरीके से धो लें, नहीं तो दाग दिखाई देंगे. अगर आपके घर पर लकड़ी का फर्श लगा हुआ है, तो टमाटर के रस का इस्तेमाल न करें. नहीं तो फर्श का रंग बदल सकता है. पेंटेड फर्श पर भी टमाटर के रस का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए, नहीं तो फर्श को नुकसान हो सकता है.

**क्लीनर का करें इस्तेमाल**

आप टमाटर के रस के अलावा बाजार से अच्छी क्वालिटी की क्लीनर भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके अलावा आप बाथरूम की टाइल्स को साफ करने के लिए सिरका, बेकिंग सोडा और खट्टे फलों का रस जैसे नींबू, संतरा आदि चीजों का इस्तेमाल कर बाथरूम की टाइल्स को साफ कर सकते हैं. किसी भी क्लीनरका इस्तेमाल करने से पहले टेस्ट जरूर करें.

## सरोकार

# चुनाव करवाने के बजाए पद पर जमे हुए हैं जेलेंस्की

**श्रुति व्यास**

यूक्रेन हमलावर है। और वो रक्षात्मक कतई नहीं है। वो रूस की हर ईंट का जवाब पत्थर से दे रहा है। अगस्त में रूसी इलाके में काफी अन्दर तक घुसपैठ करने में यूक्रेन की आश्चर्यजनक सफलता से उसकी जनता और यूक्रेन के मित्र देशों, दोनों का मनोबल काफी बढ़ा है।मगर अब बुरी खबर।यूक्रेन के लुवियो पर हुए एक मिसाइल हमले में कम से सात लोग मारे गए और 53 घायल हुए। इसके पिछले दिन पोल्टावा के एक सैन्य प्रशिक्षण केन्द्र व अस्पताल पर हुए हमले में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। सप्ताहांत पर खार्कीव में एक खेल मैदान को बम का निशाना बनाया गया। इसमें एक चौदह वर्षीय लड़की समेत कम से कम सात लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इस बीच पूर्वी यूक्रेन में रूसी सुरक्षाबलों की स्थिति मजबूत हुई है, जहां दसियों हजार यूक्रेनी पलायन की तैयारी कर रहे हैं। यदि रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पोकरोस्क यूक्रेन के हाथ से निकल जाता है, तो यह उसके लिए एक बड़ा धक्का होगा।

इन हमलों के बीच राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने जनता की नाराजगी को महसूस करते हुए युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल किया है। जेलेंस्की का पांच वर्ष का कार्यकाल 20 मई को समाप्त हो गया है लेकिन चुनाव करवाने के बजाए वे पद पर जमे हुए हैं।

यूक्रेन में फरवरी 2022 में रूसी आक्रमण के बाद लागू किया गया मार्शल लॉ अभी भी जारी है, जिसके अंतर्गत चुनाव नहीं करवाए जा सकते। हालांकि युद्ध के शुरूआती दौर में जेलेंस्की के प्रयासों और उनके नेतृत्व की प्रशंसा होती थी, और देश की जनता उनके नेतृत्व में एकजुट थी, लेकिन बाद में उनकी लोकप्रियता और उनके प्रति समर्थन घटता गया।

कुछ यूक्रेनियाईयों का मानना है कि यदि देश का नेतृत्व किसी अन्य नेता के हाथ में होता तो युद्ध बेहतर तरीके से लड़ा जा सकता था और किसी तरह के शांति समझौते का मार्ग प्रशस्त हो सकता था।उनकी मंत्रिपरिषद में भी उनके प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ सप्ताहों के दौरान थोक में इस्तीफे हुए हैं, जिससे बगावत की बू आ रही है। यही वजह है कि जेलेंस्की फेरबदल कर रहे हैं, जिसका लंबे समय से इंतजार था।

कई अत्यंत प्रभावशाली और महत्वपूर्ण व्यक्ति बर्खास्त किए जाने वालों की लिस्ट में शुमार हैं। दो उपप्रधानमंत्री और कानून मंत्री तो इनमें हैं ही, मगर हटाए जाने वालों में सबसे जाने-माने व्यक्ति हैं दिमित्रो कुलेबा, जो लंबे समय से विदेशमंत्री हैं। जब उन्होंने फरवरी में अत्यंत लोकप्रिय सेनाध्यक्ष वलेरी ज़ालुज़्नी को बर्खास्त किया था, तो लोगों को काफी आश्चर्य हुआ था, लेकिन विदेश मंत्री और ऊर्जा ग्रिड के प्रमुख व्लादिमिर जेलुनन्यही को हटाए जाने और बोर्ड के दो विदेशी सदस्यों द्वारा राजनैतिक दबाव की शिकायत किया जाना वाकई उनके लिए चिंता का सबब है।


इससे यह संकेत भी मिलता है कि नेताओं पर जबरदस्त दबाव है और वे केवल भरोसेमंद सहायकों एवं सहयोगियों पर ही निर्भर रहना चाहते हैं। यूक्रेन की जनता यह चाहती है कि जिस समय यूक्रेन अपने अस्तित्व को बचाए रखने ली लड़ाई लड़ रहा है, तब देश में उपलब्ध प्रतिभाओं का पूरी तरह से इस्तेमाल होना चाहिए। इस फेरबदल को उतना नाटकीय नहीं माना जा रहा है, जितना अनुमानित था, लेकिन इससे जेलेंस्की के निकटस्थ लोगों, विशेषकर उनके चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक की पकड़ मजबूत हुई है।फेरबदल का कारण साफ़ करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश को %नई ऊर्जा' की आवश्यकता थी। समय बीतने के साथ इजरालियों की तरह यूक्रेनी भी युद्ध से थक चुके हैं, और रायशुमारियों के अनुसार सरकार की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है।अतीत में जेलेंस्की ने अपने करिश्माई व्यक्तित्व व प्रसिद्धी का लाभ उठाते हुए कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उनका राष्ट्रपति बनना भी एक चमत्कार ही था, जैसा कि नई बीबीसी डाक्यूमेंट्री %द जेलेंस्की स्टोरी' में बताया गया है। लेकिन रूसी आक्रमण का उन्होंने जिस तरह से सामना किया है, उसने उनकी छवि को भारी नुकसान पहुँचा है। राष्ट्रीय संकटों के समय नेताओं को कसौटी पर कसा जाता है। लेकिन संभवतः कोई अन्य व्यक्ति देश का आंतरिक व बाह्य समर्थन हासिल करने में उस हद तक सफल नहीं हो पाता, जितने कि जेलेंस्की रहे।इस महीने वे जो बाइडन से मिलने वाशिंगटन जाएंगे और तब उनकी करिश्माई व्यक्तित्व और देश पर उनके प्रभाव को एक कड़े परिक्षण से गुज़ारना पड़ेगा।

विशेषकर इसलिए क्योंकि नवंबर में होने जा रहे अमरीकी चुनावों का नतीजा अब भी अनिश्चित ही है।

आने वाले दिन जेलेंस्की जैसे करिश्माई नेता के लिए चुनौतीपूर्ण होंगे क्योंकि उन्हें राजनीति के मोर्चे पर देश में घटती लोकप्रियता का सामना करना होगा और अपने विदेशी मित्रों और सहयोगियों की उम्मीदों पर भी खरा उतरना होगा।

## हेल्थ टिप्स

# पीरियड्स के दौरान नहीं करना चाहिए इस तरह का वर्कआउट, हो सकती है परेशानी



पीरियड्स के दौरान व्यायाम करने से दर्दनाक ऐंठन से राहत मिल सकती है. लेकिन आपको एक्सरसाइज करने से आपको बहुत थकावट होती है. तो आपको एक्सरसाइज नहीं करना चाहिए. लेकिन डॉक्टर्स की मानें तो अगर आपकी हेल्दी और नॉर्मल पीरियड है तो आप आराम से पीरियड्स के दौरान वर्कआउट कर सकते हैं. कई लोग ऐसे भी है जो पीरियड्स के 5 दिन पूरी तरह से वर्कआउट करना छोड़ देते हैं. लेकिन सवाल यह उठता है कि सिर्फ पीरियड्स है इसलिए एक्सरसाइज नहीं कर रहे हैं तो यह बात सही नहीं है.

**पीरियड्स के दौरान वर्कआउट करने के फायदे**

पीरियड्स के दौरान वर्कआउट करने से शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के फायदे होते हैं. हर रोज एक्सरसाइज करने के फायदे तो है ही. पीरियड्स के दौरान प्रोजेस्टेरोन और एस्ट्रोजन दोनों अपने निम्नतम स्तर पर होते हैं, जिससे लोग थका हुआ और कम ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं.

ऐसा नहीं है कि अगर आपको एनर्जी नहीं मिल रही है और ऐसी स्थिति में आप एक्सरसाइज नहीं करेंगे तो आपको फायदा मिलेगा. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि एक्सरसाइज करने से ही आपको फायदा मिलने वाला है.

**पीरियड्स के दौरान एक्सरसाइज करने के फायदे**

पीरियड्स से पहले के दिनों में और अपने चक्र के दौरान थकान और मूड स्विंग का अनुभव करते हैं, तो रोजाना एरोबिक एक्सरसाइज करें इन लक्षणों को कम कर सकता है.

**एंडोर्फिन का इस्तेमाल करें**

क्योंकि व्यायाम आपको प्राकृतिक एंडोर्फिन हाई देता है, यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है और वास्तव में आपको बेहतर महसूस करा सकता है. ब्रैंडन मार्सेलो, पीएचडी, का मानना है कि मासिक धर्म के दौरान व्यायाम करने का एक मुख्य लाभ एंडोर्फिन का स्राव और कसरत का उच्च स्तर है. उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि एंडोर्फिन एक प्राकृतिक दर्द निवारक है, इसलिए जब वे व्यायाम के दौरान निकलते हैं, तो आप असहज मासिक धर्म से राहत महसूस कर सकते हैं.

**अपने मूड को बेहतर बनाएं**

सूत्रों ने कहा कि इस समय व्यायाम करने से आपका मूड बेहतर होगा और रक्त संचार बढ़ेगा। व्यायाम आपके मासिक धर्म से जुड़ी ऐंठन, सिरदर्द या पीठ दर्द को भी कम करता है.

पीरियड्स के दौरान कौन सी एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए

तीव्र कार्डियोः मासिक धर्म के दौरान भारी प्रवाह और तनाव का कारण बन सकता है

भारी वजन प्रशिक्षणः खासकर यदि आप मासिक धर्म में ऐंठन का अनुभव कर रहे हैं

उल्टे योग आसनः जैसे कि कंधे पर खड़े होना, सिर पर खड़े होना और हल के आसन

स्क्वाट्सः पैल्विक दर्द, पेट के निचले हिस्से में दर्द और पीठ दर्द को बदतर बना सकते हैं

टमी क्रंचः पैल्विक दर्द, पेट के निचले हिस्से में दर्द और पीठ दर्द को बदतर बना सकते हैं

## राशिफल

| | |
|---|---|
|  मेष | आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नये सिरे से सोच सकते हैं । मार्किट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लंबे समय के बाद खुद को तरो-ताजा महसूस करेंगे । दूसरों का सहयोग करने पर आज सबके बीच आपकी छवी अच्छी बनी रहेगी। |
|  वृष | आज आपका दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरुरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि के जो लोग स्टेशनरी का बिजनेस करते हैं, उनके लिये दिन ज्यादा लाभकारी रहेगा। आपको काम में ज्यादा तरक्की मिलेगी। |
|  मिथुन | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। जो छात्र सरकारी नौकरी के लिये कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनको भी आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। ऑफिस में आपको किसी बड़े आधिकारी या सहकर्मी का सहयोग मिल सकता है। |
|  कर्क | आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते है। आज कोई भी जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरुर ले लें। आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नये-नये आडीयाज़ आते रहेंगे। जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उनके लिये दिन ठीक रहने वाला है। |
|  सिंह | आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिये जाना चाहते हैं, वो किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरुरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें। बदलते मौसम में आपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरुरत है। व्यापार में आज अचानक आय के नये स्त्रोत मिलेंगे। |
|  कन्या | आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरुर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिये वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है, कन्या के लिये आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी। |
|  तुला | आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुडे हैं, उनके लिये दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आपके मुंह से निकली हुयी एक गलत बात आपके रिश्तों को खराब कर सकती है। |
|  वश्चिक | आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ पार्टनरशिप के लिये दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा महिलाओं के लिये भी दिन बढ़िया रहेगा, बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। ऑफिस में किसी काम के लिये आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं। |
|  धनु | आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिये आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको कोई बड़ा पद भी दे सकती है । जनता के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुडे हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी। |
|  मकर | आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरुरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा। किसी दूसरे शहर से सामान मंगवाना हो, तो आज इससे जुड़े निर्णय ले सकते हैं। |
|  कुम्भ | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ़ होगी। हर कोई आपसे अच्छा व्यवहार करेगा। आज समाज से जुडे कार्यो को करने के लिये दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस में काम करने में आपका कोई सानी नहीं होगा। आपके जूनियर भी आपसे काम सिखना चाहेंगे। किसी काम के लिये आपको ऑफिस में अवॉर्ड भी मिल सकता है। |
|  मीन | आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर वालों के साथ गुजार सकते हैं। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यो में आपकी रुचि बढ़ेगी । आप किसी धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बन सकते हैं। किसी प्रोडेक्ट की मार्किटिंग के लिये भी दिन अच्छा है। |

# लालगंज में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की तैनाती से न्यायिक व्यवस्था होगी सुदृढ़- प्रमोद तिवारी

## ▶▶ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने प्रेसवार्ता में मोदी सरकार की नीतियों पर जमकर बोला हमला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने लालगंज क्षेत्र को न्यायिक व्यवस्था के तहत एडीजे कोर्ट संचालन की बड़ी उपलब्धि को स्वागत योग्य कहा है। उन्होनें इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्ड पीठ के न्यायिक निर्णय के तहत लालगंज सिविल कोर्ट में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति को कमजोर तथा संसाधनविहीन गरीब जनता के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि ठहराया। गुरूवार को लालगंज कैम्प कार्यालय में हुई पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज सिविल कोर्ट में एडीजे तथा न्यायिक स्टाफ की तैनाती की राजाज्ञा निर्गत होने से त्वरित एवं सुगम न्याय के सर्वोच्च न्यायालय की अवधारणा को मजबूती मिल सकेगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से न्याय के क्षेत्र में सुगम अवसर की इस सौगात पर जनता तथा अधिवक्ताओं को शुभकामनाएं प्रदान की। वहीं वार्ता के दौरान उन्होनें कहा है कि मोदी सरकार की हर कदम पर अदूरदर्शिता से देश की साख पर लगातार बटटा लग रहा है। उन्होने कहा कि डालर के मुकाबले रूपये में गिरावट देश की बिगडती अर्थव्यवस्था का खतरनाक पहलू है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने केन्द्र पर हमलावर होते हुए कहा कि चौपट हो रही अर्थव्यवस्था का सबसे खराब प्रभाव कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने केन्द्र व राज्य सरकार की खामियों पर जमकर हमला बोला। लालगंज कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होने कहा कि किसान न तो सही बीज पा रहा है और न ही उसे फसल की कीमत में लागत ही मिल पा रही है। वहीं उन्होनें मणिपुर में पिछले डेढ़ साल से लगातार न थमने वाली हिंसा को देश की सुरक्षा के लिए गंभीर बताया। उन्होनें कहा कि मणिपुर में पीएम मोदी जिस तरह से गैरजबाबदेह दिख रहे हैं उससे सामरिक दृष्टि से इस संवेदनशील राज्य को लेकर देश चिन्तित है। उन्होनें तंज कसा कि प्रधानमंत्री रूस, यूक्रेन की परवाह की जगह बेहतर होता पहले मणिपुर की सर्वोच्च चिन्ता करते। वही उन्होने चीन को लेकर भारतीय निर्यात की नीति पर भी केन्द्र सरकार की तगडी घेराबंदी की। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि चीन का भारतीय बाजार में कमाई का औसत रोज बढ़ रहा है। विपक्ष के उपनेता ने कहा कि चीन सीमा पर चार हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय भूभाग पर कब्जा जमाए हुए है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री इसके बावजूद चीन के पीएम को झूला झुला रहे हैं। वार्ता के दौरान उन्होने उत्तर प्रदेश मे हाल ही मे इलाज के अभाव में मजबूर पिता द्वारा अपने मासूम बेटे को बेंचने की घटना पर भी भाजपा को कटघरे मे खडा किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस घटना से लोगों के मन मे यह सवाल खडा हुआ है कि आखिर मोदी सरकार की कैशलेस इलाज योजना कहां हैं।

उन्होने कहा कि सरकार बताये कि चिकित्सा क्षेत्र में पांच लाख के बीमे का उसका दावा कैसे फेल हो गया। उन्होने कहा कि यह अत्यन्त दुखद और चिंतनीय घटना भाजपा सरकार के लिए शर्मनाक है। प्रदेश में भीषण बिजली कटौती को भी विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सरकार का कुप्रबन्धन करार दिया। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मुस्तफाबाद में कार्यकर्ताओ से मुलाकात की। उन्होने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा सड़क तथा बिजली व पुल से जुडे विकास परियोजनाओं में लोगों को तेजी लाए जाने का भरोसा दिलाया। सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। यहां वह गणेश पूजन उत्सव में भी शामिल हुए। चकौड़िया गांव में हाल ही में कथावाचक पं. रामफेर पाण्डेय हृदयेश के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

लालगंज बाजार में वरिष्ठ व्यापारी रामअधार कौशल के निधन व डा. हरीमोहन जायसवाल की पत्नी चम्पा तथा डॉ. अंजनी कौशल की पुत्रवधू सीमा के भी हाल ही में आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख अमित सिंह, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, डॉ. अमिताभ शुक्ल, आशीष उपाध्याय, दृगपाल यादव, सुधाकर पाण्डेय, महेन्द्र सिंह, रिंकू सिंह परिहार, पप्पू तिवारी, त्रिभु तिवारी, प्रभात ओझा, शेरू खां, दारा सिंह, आशीष कौशल, पन्ने लाल पाल, धीरेन्द्र पाण्डेय आदि रहे।

# बेटी आगे बढ़ेगी तो देश आगे बढ़ेगा- बच्चेलाल

## ● तरुण चेतना ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पखवाड़ा का किया शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़-** तरुण चेतना एंव वात्सल्य लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पखवाड़ा की शुरुआत सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज बहुता से किया गया। कालेज के प्राचार्य बच्चे लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 11 व 12 की किशोरियां के साथ सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए संस्था के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि बालिकाओं को उचित अवसर प्रदान कर उनके विकास में समुदाय ,शिक्षक व अभिभावको को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हकीम अंसारी ने बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा कि अजीम प्रेमजी द्वारा बेटियों की शिक्षा के लिए स्नातक या डिप्लोमा करने वाले छात्राओं को अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रदान किया जा रहा है। जिसके लिए आज से आवेदन प्रारंभ है। जिसका लाभ आप लोग अपने परिवार, आसपास के छात्रों को दिलवा सकते हैं । इसी क्रम में कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर शिव शंकर चौरसिया ने सरकार द्वारा संचालित किशोरियों व महिलाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य रूप से कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, जननी सुरक्षा योजना व सभी प्रकार की पेंशन आदि के बारे में विस्तार से बताया । विद्यालय के प्रधानाचार्य बच्चे लाल ने उद्बोधन में तरुण चेतना के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया । बालिकाओं के लिए इस तरह का आयोजन बहुत ही उपयोगी है। कार्यक्रम प्रभारी श्याम शंकर शुक्ला, सहायक अध्यापिका श्रीमती सोना देवी, नन्हेलाल, शिवमंगल, मोती लाल,शकुंतला , चंदा भारती , संगीता जी ने भी छात्राओं को संबोधित किया।


# कहानीकार प्रेम कुमार प्रेम को मिला तुलसी अवधी सम्मान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जनपद के वरिष्ठ कहानीकार प्रेम कुमार त्रिपाठी%प्रेम% को अवधी साहित्य संस्थान अमेठी द्वारा तुलसी अवधी सम्मान से सम्मानित किया गया द्य अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के तत्वावधान में वार्षिकोत्सव के अवसर पर खेरौना में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत वरिष्ठ साहित्यकार डॉ 0 राम बहादुर मिसिर तथा नेपाल की धरती से पधारे उद्घोषक विक्रम मणि त्रिपाठी एवं संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर अर्जुन पांडे के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया द्य यह सम्मान प्रेम को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों पर दिया गया है द्य ज्ञातव्य है कि प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम की अब तक आधा दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं द्य जनपद के वरिष्ठ समीक्षक एवं साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न समाजसेवी रोशन लाल उमर वैश्य,आनंद मोहन ओझा अनिल कुमार निलय श्रीनाथ मौर्य सरस कुंज बिहारी लाल मौर्या काका अमरनाथ गुप्ता सहित सहित जनपद के तमाम साहित्यकारों ने प्रेम कुमार त्रिपाठी को जनपद का गौरव बढ़ाने के लिए हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने चेन्नई जायेगें डॉ. 'रत्न' देंगे व्याख्यान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भारत सरकार से वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्थान सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ क्लासिकल तमिल चेन्नई (तमिलनाडु) के आमंत्रण के अनुपालन में साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' इंस्टीट्यूट की सात दिवसीय 'तिरुक्कुरल अनुवाद - राष्ट्रीय संगोष्ठी' में प्रतिभाग करेंगे। संगोष्ठी के विषय हैं - (1) राष्ट्रीय भाषाओं के साहित्य में तिरुक्कुरल का प्रभाव , (2) तिरुक्कुरल की प्राचीनता तथा (3) तिरुक्कुरल के सिद्धांत। यह संगोष्ठी दिनांक 03 अक्टूबर 2024 से 09 अक्टूबर 2024 तक होगी। प्रथम दिवस उद्घाटन का होगा तथा तीन सत्र भी होंगे। अन्य दिनों में प्रतिदिन छह सत्र की दर से कुल तीस सत्र होंगे। सूच्य है कि डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' तमिल के सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य शिलाप्पधिकारम् का अनुवाद अवधी भाषा में कर रहे हैं। इसके पूर्व वे कई सर्वश्रेष्ठ ग्रंथों का अनुवाद कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर प्रबुद्धजनों- तमिल - हिंदी - अवधी विद्वान डॉ. एम. गोविन्द राजन, कोलकाता की सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. रेशमी पाण्डा मुखर्जी, साहित्य भूषण हरीलाल मिलन, विज्ञान भूषण विजय चितौरी, रायबरेली के हिंदी मर्मज्ञ डॉ. संतलाल, लोकभूषण डॉ.आद्याप्रसाद सिंह श्प्रदीपश, समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, राम लखन प्रजापति लखन प्रतापगढ़ी,राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, अनिल कुमार निलय आदि ने डॉ. रत्न को बधाई तथा मंगलकामना की।

# अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव बने हरीश



**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने अधिवक्ता हरीश कुमार शुक्ला निवासी एफ्सीआई गोदाम रोड शुकुलपुर दहिलामऊ को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव के निर्देश पर हुई है।

# जमीन पर अवैध कब्जे मामले में वांछित गिरफ्तार

**अन्तू,प्रतापगढ़।** पुलिस ने जमीन पर अवैध कब्जा करने , मारपीट व धमकी देने से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण वैस के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अन्तू श्री जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 प्रदीप कुमार मय हमराह कां0 विक्रम कुमार द्वारा अभियुक्त राजू वनवासी पुत्र राम अजोर वनवासी निवासी ग्राम भद्दी का पुरवा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढको दिनांक 12.09.2024 को थानाक्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास स्थित मंदिर के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राजू वनवासी को मु0अ0सं0 499६2024 धारा 191(2), 119(1), 352, 351(1), 131 बीएनएस में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश किया जा रहा है।

# घर की की खिड़की का ग्रिल तोड़कर लाखों की चोरी



**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़-** कोतवाली देहात अंतर्गत जलालपुर गांव में बीते बुधवार की रात को चोर मकान के पीछे की ग्रिल तोड़कर अंदर घुस गए और घर में रखे नगदी एवं गहनो सहित करीब 6 लाख की चोरी करके आराम से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बाबू लाल मिश्रा के घर के सदस्य रात 11ः00 बजे के करीब भोजन करने के बाद मकान के अगले हिस्से में सो गए। मध्य रात्रि के करीब अज्ञात चोरों ने पीछे लगी खिड़की का ग्रिल उखाड़ कर तथा अंदर घुसकर घटना को अंजाम दे डाला। घर के सदस्यों को रात में चोरी का पता भी नहीं लग सका। सुबह सोकर उठने के बाद बाहर निकले परिवार के सदस्यों ने देखा कि खिड़की का ग्रिल निकाल कर फेंक दिया गया है और आंगन तथा कमरों में सामान अस्त-व्यस्त पड़े हुए है। घर के अंदर का नजारा देख सभी के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस मामले की छानबीन कर रही है । भुक्तभोगी ने घटना की बाबत कोतवाली देहात में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई है । कोतवाली देहात क्षेत्र में चोरों के ऊपर कहीं ना कहीं बिजली विभाग भी मेहरबान बना हुआ है। दिनभर बिजली सुचारू रूप से चलती है । रात 9ः00 बजे से लेकर3ः00 तक बीच-बीच में आती और जाती रहती है। बिजली की आवाजाही के दौरान ही चोर अपने मंसूबों में कामयाब हो रहे हैं । चर्चाओं के मुताबिक मध्यरात्रि के समय यदि बिजली की कटौती न हो तो चोरी की घटनाओं अंकुश लग सकता है।

# 15 हजार का ईनामियां वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जेठवारा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने 15000 रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्री अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी जेठवारा धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 बंशीधर राय मय हमराह कां0 आनन्द प्रकाश यादव द्वारा अभियुक्त अमान उर्फ शाहिद पुत्र मो0 इसरार निवासी सुभाष नगर थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 12.09.2024 को थानाक्षेत्र कुण्डा के सीएचसी कुण्डा के पास गिरफ्तार किया गया।

अमान उर्फ शाहिद पुत्र मो0 इसरार निवासी सुभाष नगर थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा 15,000६- रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।गिरफ्तार अभियुक्त अमान उर्फ शाहिद द्वारा बताया गया कि मैंने अपने साथियों दानिश और यशराज मिश्रा के साथ मिलकर डेरवा बाजार में रहने वाले एक व्यापारी से फोन द्वारा 50 लाख की रंगदारी मांगी गयी थी पैसा न देने पर मेरे व मेरे साथियों द्वारा व्यापारी व व्यापारी के परिवार को जान से मारने की धमकी दी गयी थी।

# चोरी के सामान के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**अन्तू,प्रतापगढ़।** थाना अन्तू पुलिस द्वारा चोरी की घटना से संबंधित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया है उनके पास से पुलिस ने चोरी के 06 अदद लोहे के एंगल, 01 अदद स्टार्टर, 01 अदद केबिल तार पांच मीटर, 01 अदद कन्डेनसर बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना अन्तू श्री जितेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 राकेश चौरसिया मय हमराह का0 संदीप यादव, का0 जितेन्द्र यादव, का0 सुमित यादव द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना अन्तू के मु0अ0सं0 518६2024 धारा 303(2),317(2) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्तगण 1- मुकेश गौड़ पुत्र दिनेश गौड़ निवासी ग्राम शिवराजपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़, 2- चन्दन अवस्थी पुत्र रमेशचन्द्र अवस्थी निवासी ग्राम रंजीतपुर चिलबिला थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को थाना अन्तू क्षेत्रान्तर्गत सिरखोरी मोड़ के पास से चोरी के सामान 06 अदद लोहे के एंगल, 01 अदद स्टार्टर, 01 अदद केबिल तार पांच मीटर, 01 अदद कन्डेनसर गिरफ्तार किया गया।

# प्रांतीय उपाध्यक्ष बने राम शंकर ,व्यापारियों ने किया स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर कार्यालय में नव निर्वाचित प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसी के साथ प्रांतीय अध्यक्ष और महामंत्री दिलीप सेठ ,महामंत्री गुप्ता को भी पुनः निर्वाचित होने पर जिला वा नगर के पदाधिकारियों द्वारा बधाई दी गयी।श्री जायसवाल को सदस्यों ने बुके, अंगवस्त्र देकर, फूल मालाओं से सवागत किया।इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विशेष रूप जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला महामंत्री अशोक कुमार सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्याय सरदार मंजीत सिंह गोबिंद, कोषाद्याच संदीप रावत, लखन बाबा,नगर अध्यक्ष अंकुर केसरवानी, रामजी चौरसिया, कृष्ण मोहन जी, प्रेमचंद जैसवाल, पंकज मोहन, अरुण श्रीवास्तव, राजकुमार गुप्ता अजय कुमार वैश्य, विवेक सिंह, जय प्रकाश जायसवाल, तीरथ आग्रह, गोबिंद केसरवानी, श्याम लाल, महेश अग्रहरी,आदि सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे,।

# दबंगों ने तोड़ डाला पीड़ित की बाउंड्री वॉल

## ▶▶ पीड़ित ने एसडीएम और एक प्राइवेट कर्मी पर लगाया पैसा लेने का गंभीर आरोप

## ▶▶ दीवानी न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बाद भी एसडीएम ने पारित कर दिया आदेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़** -तहसील क्षेत्र के बीरपुर खुर्द गांव निवासी सुरेश सिंह सुत रामकरन सिंह ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोपित किया है कि प्रार्थी के गांव के दिलीप विश्वकर्मा संजय विश्वकर्मा हरिओम पिंटू सूरज ने रंजिशन प्रार्थी के दरवाजे के सामने रास्ते की मांग करते हुए एसडीएम पट्टी के न्यायालय में धारा 133 के तहत वाद दायर किया। जबकि प्रार्थी अपने जमीन के एक किनारे से रास्ता देने के लिए तैयार था। उक्त लोगो ने रंजिशन प्रार्थी के दरवाजे के सामने से रास्ता निकालने का बाद डायल किया। जिसमें प्रार्थी ने आपत्ति लगाते हुए न्यायालय को बताया कि उक्त गाटा संख्या 216 ख का वाद माननीय दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। किंतु एसडीएम पट्टी द्वारा एक प्राइवेट कर्मचारी नियाज अहमद उर्फ पलालू के सेटिंग द्वारा विपक्षी के प्रभाव और पैसा लेकर प्रार्थी के खिलाफ आदेश पारित कर दिया। उक्त आदेश की आड़ में एसडीएम पट्टी की मिली भगत से 9 सितंबर को समय लगभग 4ः00 उक्त लोग 50 व्यक्तियों के साथ जेसीबी लेकर प्रार्थी के 5 वर्ष पूर्व बनी बाउंड्री को तोड़ डालें। महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज देते हुए मोबाइल छीन लिए और दबंगई के बल पर रात 8ः00 तक दरवाजे पर तांडव मचाते रहे। बाउंड्री वॉल के साथ प्रार्थी के बिजली का केवल तोड़ डालें और मानवता की सारी हदें पार करते हुए जमकर तांडव मचाया गया। आरोप है कि एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद की सह होने के नाते शासन प्रशासन ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया। एसडीएम पट्टी बैकवर्ड मानसिकता के अधिकारी हैं ,उनसे न्याय मिलना संभव नहीं है। पीड़ित प्रार्थी ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद और एसडीएम न्यायालय में कार्यरत प्राइवेट कर्मचारी नियाज अहमद व उपरोक्त लोगों के खिलाफ जनहित में मामले की जांच कर उपरोक्त लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने हेतु जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

# प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर सामान चोरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के आमीपुर प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोर विद्यालय का सामान उठा ले गए। सुबह विद्यालय पहुंचने पर जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दिया है।बुधवार की रात प्राथमिक विद्यालय आमीपुर गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने विद्यालय के स्टोर रूम, अतिरिक्त रूम में रखे मिड डे मील का अनाज, बच्चों के खेलने का सामान आदि चुरा ले गए। इतना ही नहीं चोर ने बच्चों के खाना खाने के लिए थाली भी चुरा लें गये। प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार बुधवार को सुबह 7.30 बजे जब विद्यालय पहुंचे तो, उन्हें चोरी के घटना की जानकारी हुई। चोरी की जानकारी होते ही अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। प्रधानाध्यापक ने चोरी की तहरीर पुलिस को देकर कारवाई की मांग किया है। थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार भदौरिया ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर के साइड मारने से पिकअप डाला दुकान में घुसी एकलाख का सामान टूट कर हुआ बर्बाद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीरापुर प्रतापगढ़** -रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली बाजार निवासी संजय कुमार जैन सुत लाल चंद जैन पट्टी रानीगंज रोड पर जामताली बाजार में बीरापुर दिलीपपुर मोड़ के पास मिष्ठान की दुकान खोलकर परिवार का भरण पोषण करता है। बुधवार की रात करीब 10ः00 बजे रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली सतगढ़ी गांव निवासी नन्हे पाल अपनी पिकअप डाला गाड़ी लेकर जा रहा था अभी वह जामताली रानीगंज मार्ग पर संजय कुमार जैन के मिष्ठान की दुकान के सामने पहुंचा था कि सामने से आ रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अचानक साइड मार दिया जिससे नन्हे पिकअप डाला से जोरदार टक्कर हो गई और पिकअप अनियंत्रित होकर नाली तोड़ते हुए



संजय कुमार जैन के मिष्ठान की दुकान में घुस गई। जिससे उसका मिठाई का काउंटर, टीनसेड, पंखा हजारों की मिठाई सहित लगभग एक लाख रुपए का सामान टूट कर बर्बाद हो गया। और दुकान में सो रहे लालचंद जैन,संजय कुमार जैन, गणेश तिवारी की भागने पर जान बची। संजोग अच्छा था कि एक बड़ी घटना होते-होते टल गई। दुकान में पिकअप घुसते ही लोगों की भारी भीड़ जुड़ गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी जामताली हरिमोहन राजपूत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। और पिकअप डाला और ट्राली को कब्जे में लेकर चौकी ले गए। और मौका पाकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। चौकी पुलिस मामले में पूछताछ और जांच पड़ताल कर रही है। जामताली क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कोर्ट के आदेश पर 10 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कुंडा-प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के बरबसपुर गांव में बीते 11 मई को सुरेंद्र कुमार व दूसरा पक्ष जीत लाल पक्ष में जमकर लाठी डंडे चले थे। जिसमें सुरेंद्र कुमार की पत्नी संगीता देवी 37 वर्ष को गंभीर चोटें आई थीं। संगीता देवी ने एसीजीएम कोर्ट कुंडा में 156(3) का वाद दायर किया था। न्यायालय के आदेश पर बाघराय पुलिस ने बरबसपुर गांव निवासी जीतलाल, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, आदित्य प्रसाद, शशांक, प्रिंस, अनुपम, आकाश, अमन, राम अभिलाष समेत दस लोगों के विरुद्ध धारा 147,149, 323, 504, 452 व 427 आईपीसी का मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरगंज में आज न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ संजय सरोज (नगर पंचायत अध्यक्ष ) के द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया । जिसमें न्याय पंचायत सिपाह महेरी के समस्त प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक गण , शिक्षामित्र , अनुदेशक अपने अपने विद्यालय के खेलकूद प्रतिभागी बच्चो के साथ सम्मलित हुए । इस दौरान 100 मीटर , 200 मीटर दौड़ , ऊंची कूद , कबड्डी , खो खो में प्रतिभागी विजयी बच्चो को नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया बच्चे पुरस्कार पाकर बहुत खुश हुए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सहकारी समितियो व अन्य प्रसार कर्मियो का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

## इफ्को एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित हुआ प्रशिक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** उदयन सभागार, मे जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सहकारी समितियो एवं अन्य प्रसार कर्मियो का एक दिवसीय प्रशिक्षण इफ्को एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर डॉ0 मनोज कुमार सिंह वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र ने उपस्थित प्रतिभागियो को मृदा मे सूक्ष्म जीवाणुओ की उपलब्धता की कमी परिलक्षित होने का सबसे बड़ा कारण लगातार अंधाधुंध रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशको का प्रयोग है।इससे मृदा की उर्वरा शक्ति का ह्रास भी हो रहा है।आज हमारे बीच मे नैनो तरल यूरिया एवं डी ए पी है,जोकि फसलो के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण को भी रोकने मे सहायक है।दानेदार उर्वरक का पौधे मात्र 30-35 प्रतिशत ही उपयोग कर पाते है।जबकि नैनो उर्वरक का पौधे 90 प्रतिशत तक उपभोग करते है।खेती मे लागत मे कमी,एवं उर्वरा शक्ति मे वृद्धि करके उत्पादन भी बढेगा।कृषि वैज्ञानिक डा नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि नैनो उर्वरको एमिनो एसिड, सूक्ष्म पोषक तत्वयुक्त है,इनके प्रयोग से पौधो के विकास के साथ साथ दानो का वृद्धि एवं विकास अच्छा होता है।

खरीफफसल मे कीट रोग प्रबंधन के विषय मे भी जानकारी प्रदान की।जिला कृषि अधिकारी डा.संतराम ने नैनो उर्वरक की बिक्री बढाने के विषय मे जानकारी देते हुए कहा कि किसान को बिक्री केंद्र प्रभारियो को यह सलाह देने की आवश्यकता है,कि किसान पहले दानेदार रासायनिक उर्वरक का 50 प्रतिशत रिप्लेस करने की आवश्यकता है।उर्वरक बिक्री पाश मशीन के माध्यम से ही बिक्री करे।एआर कोआपरेटिव श्री राजेन्द्र कुमार ने उर्वरक की उपलब्धता एवं नैनो उर्वरक की बिक्री बढाने के विषय मे जागरूक किया। उप निदेशक कृषि सत्येंद्र तिवारी ने कृषि विभाग की योजनाओ एवं नैनो उर्वरक प्रयोग को बढावा देने के लिए कृषको के बीच जागरूकता बढाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी,आई ए एस ने उपस्थित बिक्री केंद्र प्रभारियो को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का दायित्व है,कि कृषको को खेती मे कम लागत मे अधिक उत्पादन एवं पोषक तत्व से परिपूर्ण अनाज प्राप्त हो। उक्त अवसर उप महाप्रबंधक, इफ्को ,लखनऊ, वाई पी सिंह, इफ्को प्रबंधक,कौशांबी, सुरूचि विश्वकर्मा,एस डीएओ,मंझनपुर, आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

## टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटा डम्फर



**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के छगलिया चौराहे के समीप गुरुवार की सुबह गिट्टी लदे डम्फर का टायर फट जाने के कारण डम्फर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।हादसे में डम्फर सवार चालक व खलासी को गंभीर चोटें आई जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार भरतकूप चित्रकूट से एक डम्फर गिट्टी लादकर प्रतापगढ़ जा रहा था।बताते हैं कि जैसे ही डम्फर छगलिया चौराहे के समीप पहुंचा तभी डम्फर का अगला टायर जोरदार आवाज के साथ फट गया। चालक जब तक वाहन को काबू कर पाता तब तक डम्फर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।स्थानीय लोगों ने डम्फर में फंसे चालक व खलासी को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया।

# रिलायंस कंपनी के कर्मचारी की मशीन की चपेट में आने से मौत

### ● शव के घर पहुंचने पर परिजनों में मचा कोहराम, सभी का रो-रोकर बुरा हाल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** रिलायंस कंपनी के कर्मचारी की मशीन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव को लेकर घर लौटे तो कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल होने लगा। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रघुवर निवासी गेंद लाल पटेल 32 वर्ष पुत्र राजाराम पटेल उर्फ रज्जू राजस्थान प्रांत की केमो टेक इंटर स्टेट एरिया लिमिटेड कंपनी कानपुर उदयपुर सिटी में कर्मचारी/सुपरवाइजर के पद पर कार्य था। कंपनी में कपड़े का धागा बनाए जाने के काम होता था। 2 दिन पूर्व कंपनी में कार्य करते समय चलती मशीन की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गया था। मरणासन्न अवस्था में इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर उदयपुर पहुंचे परिजन शव को लेकर गुरुवार को अपरान्ह घर वापस लौटे तो सैकड़ों की संख्या में इंतजार कर रहे रिश्तेदारों व ग्रामीणों के रोने पीटने चिल्लाने से कोहराम मच गया। पत्नी रीता देवी रोते-बिलखते बेहोश हो गई। दो छोट-छोटे बच्चे भी सुध बुध खो बैठे। शव का अंतिम दाह संस्कार मानिकपुर राजघाट पर कर दिया गया। मृतक गेंद लाल के दो बेटे देवा 8 वर्ष व कृष्णा 6 वर्ष का है। अब विधवा पत्नी रीता देवी व दोनों बच्चों की कौन करेगा परवरिश तथा कौन करेगा देखभाल। यही सोच-सोच कर सभी के आंसू थम नहीं रहे थे। मृतक गेंद लाल की मां का भी चार माह पूर्व मई महीने में अचानक निधन हो गया था तथा उसके पूर्व दादी भी चल बसी थी।

## अध्यापकों एवं शिक्षामित्रों का ब्लाक स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**चित्रकूट-** तहसील मऊ अंतर्गत अहिरी में अध्यापक एवं शिक्षामित्रों का ब्लाक स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी मऊ की उपस्थिति में विद्यालयों से सम्बन्धित जानकारी तथा बच्चों को लेकर सवाल जवाब के तहत चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में तहसील मऊ अंतर्गत आने वाले सभी गांवों व कस्बों में नियुक्त अध्यापक, शिक्षामित्र शामिल हुए। प्रशिक्षण केन्द्र में एआरपी छबिलाल प्रजापति, एआरपी महेश प्रसाद, एआरपी सुशील कुमार पाण्डेय, एआरपी गंगाधर द्विवेदी, एआरपी आनंद कुमार मिश्र की मौजूदगी में 50 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# रघुनाथ द्विवेदी बनाये गए कौशाम्बी लेदर टीम के नये कप्तान



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मुरादाबाद में होने वाले राज्य स्तरीय लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए कौशाम्बी जनपद से रघुनाथ द्विवेदी को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है । यह जिम्मेदारी कौशाम्बी क्रिकेट पैनल के सदस्यों तथा कौशाम्बी जनपद के सभी साथी खिलाड़ियों के सर्व सहमति से लिया गया है। टीम के उपकप्तान की जिम्मेदारी दिव्य यादव को दिया गया है जो की उत्तर प्रदेश के सबसे बेहतरीन तूफानी शिक्षक खिलाड़ियों में से एक है टीम कौशाम्बी के लिए सबसे ज्यादा रन सबसे ज्यादा छक्के सबसे ज्यादा चौके दिव्य के ही बल्ले से आया है। सोलह सदस्यीय टीम में कौशाम्बी जनपद से एकमात्र शतक लगाने वाले खिलाड़ी विपिन ,कौशाम्बी को मंडल विजेता और राज्यस्तरीय टूर्नामेंट में कौशाम्बी को द्वितीय स्थान दिलाकर कौशाम्बी का परचम लहराने वाले खिलाड़ी वेद प्रकाश ,गिरिजा शंकर सिंह ,अवनीश त्रिपाठी , कृष्णा सिंह (जिला कप्तान कैन्वस) , मंझनपुर ब्लॉक के स्टार खिलाड़ी आशीष शुक्ला ,कड़ा ब्लॉक कप्तान राहुल सिंह , नेवादा ब्लॉक कप्तान जितेंद्र सिंह . पुनीत तिवारी शिवबाबू अवनीश यादव ,जितेंद्र तिवारी , राहुल कुमार बिंद जैसे स्टार खिलाड़ी टीम में शामिल हैं । सोलह जनपदों के बीच होने वाले मैच में कौशाम्बी के साथ प्रयागराज प्रतापगढ़ और जालौन एक पूल में है। गौरतलब हो कि कौशाम्बी प्रयागराज अभी तक सैकड़ों बार लेदर मैच खेल चुकी है और आज तक पुराने कप्तानों ने प्रयागराज के खिलाफ कभी कोई मैच नही जीत पाया है । कौशाम्बी के चयन समिति के साथ सभी कौशाम्बी के शिक्षक खिलाड़ियों को नये कप्तान से भविष्य में कौशाम्बी को जरूर सफलता दिलाकर एक कीर्तिमान हासिल करेंगे।

# कोखराज थाना क्षेत्र में फिर दिखा तेज रफ्तार कार का कहर

### ● बाईक सवार युवकों को इनोवा कार ने मारी टक्कर, युवक घायल कार सवार फरार

लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रोही चौराहे पर बाईक सवार युवकों को तेज रफ्तार इनोवा कार ने टक्कर मारते हुए, कार सवार फरार हो गए, मौके पर रहे लोगों ने युवकों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ईलाज के लिए भेजा, सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी।

कोखराज थाना क्षेत्र के रोही चौराहे पर बुधवार की रात लगभग 8.30 बजे रामू उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र बच्चा लाल और रामसिंह उम्र लगभग 25वर्ष पुत्र भानु निवासीगण वॉर्ड 11 सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर के मलिकपुर महेवा, मूरतगंज से वापस घर जाते समय रोही चौराहे पर मंझनपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार इनोवा कार ने बाईक सवार युवकों को टक्कर मरते हुए कोखराज बाई पास की तरफ भाग निकली, वही चौराहे पर रहे प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि इनोवा कार इतनी तेज रफ्तार से थी की बाईक सवार युवकों की गाड़ी हवा में उछल गई और युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए स रोही चौराहे में रहे पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रमेश मौर्या ने तत्काल एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ईलाज के लिए भेजवाया और परिजनो को सूचित किया, सूचना पर पहुंची पुलिस कार की खोज में जुट गई।

नगर पालिका क्षेत्र के वॉर्ड 8 मौलवी लियाकत अली नगर में स्थित रोही चौराहे पर नगर प्रशासन ने सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे, जिससे देखा जा सके कि दुर्घटना कैसे हुई, सहित अन्य कई घटनाओं सहित अराजक तत्वों पर भी नजर रहती स लेकीन सीसीटीवी कैमरा तो लगा है

तार भी लगी है लेकीन सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और एलसीडी कहा है, कोई पता नहीं, क्युकी सिर्फ पोल में सीसीटीवी कैमरे और तार लगी है वो भी शोपिस में स्थानीय लोगों में इसको लेकर गुस्सा है कि अभी पता हो सकता था कि दुर्घटना करने वाली कार का क्या नंबर था कौन चला रहा था।

## वनरोज से टकराकर बाइक सवार युवक जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के संभुई गांव में एक बाइक सवार युवक वनरोज से टकराकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।स्थानीय लोगों ने जख्मी बाइक सवार को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के तेरहरा गांव निवासी चुन्नी लाल पुत्र नंदलाल 25 वर्ष गुरुवार को किसी काम से सैनी थाना क्षेत्र के कोरियों गांव आया था।बताते हैं कि देर शाम वह काम निपटाकर घर वापस जा रहा था इसी बीच संभुई गांव के समीप अचानक एक वनरोज बाइक से टकरा गया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी।हादसे में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस के द्वारा युवक को सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सदर ब्लाक की प्रतियोगिता आज

**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर सदर की ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितंबर को जिला खेल स्टेडियम में किया गया है। यह जानकारी सदर के व्यायाम शिक्षक शैलेंद्र सिंह शैलू ने दी है।


## आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे तीन पुत्र हैं जिनका नाम कैलाश मौर्य,द्वारिका मौर्य, शुभम मौर्य है । मेरे पुत्र द्वारिका मेरे कहने सुनने में नहीं हैं वह मेरी सेवा सुश्रुषा व सहायता , नहीं करते हैं। वह अपनी पत्नी के साथ बाहर रहते हैं ।मेरी सेवा सहायता , देखभाल दवा आदि जिम्मेदारी का निर्वहन मेरे पुत्र कैलाश व शुभम मौर्य करते हैं । मेरे पुत्र द्वारिका मौर्य से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं है। मैने अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र द्वारिका मौर्य को बेदखल कर दिया है।

शिव कुमार मौर्य
सुत राम अधार मौर्य
निवासी ग्राम बघेवरा पोस्ट
भोजेमऊ तहसील रानीगंज जिला
प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश।

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र चन्द्र प्रकाश शुक्ल उम्र 32 वर्ष का चाल चलन अच्छा नहीं है। नशेड़ी प्रवृत्ति का है। उसके आचरण को देखते हुए अपने पुत्र चन्द्र प्रकाश शुक्ल को अपने समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में मेरा एवं मेरे परिवार का उसके साथ कोई सम्बन्ध नहीं होगा।

राम सूरत शुक्ल
सुत राम किशोर
नि0 बिबियाकरनपुर थाना कन्धई
पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर प्रतापगढ़
म0मु0 223/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन रमेश चन्द्र बनाम फारूक अली आदि
बनाम

1. फारूक अली सुत अजीम उल्ला निवासी पट्टी खास पर0 तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 2. अफसर अली सुत जहागीर अली नि0 ग्राम रामपुर प0त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 3. वसीम सुत हवीवउल्ला नि0 ग्राम पट्टी पर0 तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 04.10.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
निगरानी सं0 12/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शेष नारायन बनाम रामनाथ आदि
बनाम
1. रामनाथ आयु करीब 68 साल सुत भगेलू 2. हीरालाल आयु करीब 35 साल सुत खिलाड़ी 3. राम केवल आयु करीब 38 साल सुत कन्धई 4. रमाशंकर आयु करीब 36 साल सुत सुन्दर 5. राम लोचन आयु करीब 60 साल 6. राम चन्दर आयु करीब 50 साल 7. राम सुन्दर आयु करीब 48 साल सुतगण रामफेर 8. राजेश आयु करीब 32 साल 9. राकेश आयु करीब 30 साल 10. प्रमोद आयु करीब 28 साल 11. सुरेश आयु करीब 26 साल सुतगण दूधनाथ 12. रानी आयु करीब 57 साल पत्नी दूधनाथ 13. राधेश्याम आयु करीब 45 साल 14. नन्हकूराम आयु करीब 43 साल 15. छोटेलाल आयु करीब 40 साल 16. भाईलाल आयु करीब 38 साल सुतगण राम औतार 17. गीता देवी आयु करीब 37 साल पत्नी मंकर प्रसाद 18. मंकर प्रसाद आयु करीब 41 साल सुत सुन्दर समस्त निवासीगण ग्राम दाउदपुर पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 17.09.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सदर प्रतापगढ़
न0मु0 8516/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन रवि प्रकाश सुत राधेश्याम आदि
बनाम
1. सुनील कुमार सिंह सुत त्रिभुवन सिंह 2/1 किरन पुत्री गिरधारी लाल 2/2 रेखा पुत्री गिरधारी लाल 3/1 पवन कुमार पुत्र सालिक राम 3/2 प्रभावती पत्नी सालिकराम 3/3 रेखा देवी पत्नी दिनेश कुमार 4. जवाहिर लाल सुत गिरधारी 5/1. लवलेश 5/2 कमलेश 5/3 विमलेश सुतगण माताफेर उर्फ माता प्रसाद 5/4 केवला देवी विधवा माताफेर उर्फ माता प्रसाद 6/1 देवी प्रसाद सुत द्वारिका 622 शारदा पत्नी द्वारिका 7. श्यामलाल सुत अवतार 8. नसीर अहमद सुत मुश्ताक अली 9. अध्यक्ष टा0ए0 कटरा मेदनीगंज पर0 व तह0 सदर प्रतापगढ़ 10. राज्य सरकार उ0प्र0 द्वारा जिलाधिकारी प्रतापगढ़
तारीख पेशी 11.09.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 11.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर प्रतापगढ़
म0मु0 17/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन अजय कुमार आदि बनाम सुमित्रा देवी
बनाम
सुमित्रा देवी आयु लगभग 40 वर्ष पुत्री राम किशोर पत्नी समर बहादुर नि0ग्राम सरूआंवा प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़ वारिदहाल निवासी पूरे बैजनाथ मजरे अन्तू प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 09.12.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर प्रतापगढ़
मु0नं0 1689/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राजेश बनाम राम अभिलाष
बनाम
राम अभिलाष सुत पारसनाथ निवासी रघईपुर पर0 तह0 पट्टी पो0 रघईपुर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 24.10.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 24.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर प्रतापगढ़
वाद सं0 1422/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शान्ती देवी आदि बनाम हरखास व आम आदि
बनाम
1. हरखास व आम ग्राम मन्दाह पर0 तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 2. विजय बहादुर सुत भगेलू 3. हीरा देवी पुत्री भगेलू 4. चन्द्रा देवी पुत्री भगेलू 5. ऊषा देवी पुत्री भगेलू साकिनान मन्दाह पर0 तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 21.10.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 21.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 प्रतापगढ़
म0मु0 1427/2019
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन प्रेमचन्द्र मिश्र बनाम सरोज नाथ दूबे
बनाम
1/3 कुन्ती देवी पत्नी स्व0 सरोजनाथ दूबे निवासी ग्राम जगतपुर पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 27.11.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 27.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


## कार्यालय ग्राम पंचायत लहना विकास खण्ड मंझनपुर, कौशाम्बी

पत्रांक : मेमो/निविदा 2024–25 दिनांक 11.09.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024–2025 में निम्नलिखित निर्माण कार्यों को कराने हेतु ग्राम पंचायत लहना से पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाएं शीलबन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 12.09.2024 से दिनांक 18.09.2024 को सायं 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नियम व शर्ते किसी भी समय का कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है। एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत लहना को होगा। निविदा दिनांक 18.09.2024 को सायं 04.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक निविदा डाली जायेगी।

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत सामग्री | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | कमलेश के घर से इकलाख के घर तक इण्टरलाकिंग | 204652 | |
| 2 | तुलई के घर से मुन्नी लाल के घर तक नाली निर्माण | 203676 | |
| 3 | तुलई के घर से मुन्नी लाल के घर तक इण्टरलाकिंग | 191395 | |
| 4 | सामुदायिक शौचालय की मरम्मत | 39901 | |

निर्मला देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लहना
विकास खण्ड मंझनपुर, कौशाम्बी

सौम्या साहू
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत लहना
विकास खण्ड मंझनपुर, कौशाम्बी

## कार्यालय ग्राम पंचायत पवारा विकास खण्ड मंझनपुर, कौशाम्बी

पत्रांक : 8/निविदा 2024–25 दिनांक 11.09.2024

### निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024–2025 में निम्नलिखित निर्माण कार्यों को कराने हेतु ग्राम पंचायत लहना से पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाएं शीलबन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 12.09.2024 से दिनांक 18.09.2024 को सायं 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नियम व शर्ते किसी भी समय का कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है। एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत लहना को होगा। निविदा दिनांक 18.09.2024 को सायं 04.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक निविदा डाली जायेगी।

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत सामग्री | सामग्री | कार्य पूरा करने का अधिकतम समय | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RRC एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र वरिमा निर्माण व शोकपिट निर्माण | 316825 | SBM | 3 माह | 200 | 2% |
| 2 | ई–रिक्शा | 170000 | SBM/ | 3 माह | 200 | 2% |
| 3 | राम पदाराथ के घर से हनुमान मंदिर तक इण्टरलाकिंग व नाली मरम्मत | 286300 | मु0मंत्री पुरस्कार धनराशि | 3 माह | 200 | 2% |
| 4 | प्रा0वि0 पवारा में बच्चो के पाठन हेतु 12 मेज | 72000 | मु0मंत्री पुरस्कार धनराशि | 3 माह | 200 | 2% |
| 5 | सामुदायिक शौचालय की मरम्मत | | 15वित्त/5th | 3 माह | 200 | 2% |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पवारा
विकास खण्ड मंझनपुर, कौशाम्बी

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत पवारा
विकास खण्ड मंझनपुर, कौशाम्बी

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित कर तिलक भवन में मनाई गई फिरोज गांधी का जन्मदिन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जनपद के प्रथम सांसद, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पत्रकार फ़िरोज गांधी जी के जन्म दिन के अवसर पर तिलक भवन में उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि फ़िरोज गांधी जी ने जनपद को अपनी कर्मस्थली बनाकर यहां के लोगों की सेवा की, रायबरेली का गांधी परिवार से रिष्ता जो फ़िरोज गांधी जी से शुरू हुआ, वह आज भी कई पीढ़ियों के बाद उतना ही मजबूत और आत्मीयता से भरा है।कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा गांधी जी के विचारों से प्रेरित होकर




फ़िरोज गांधी जी स्वतंत्रता आन्दोलन में कूद पड़े, साइमन गो बैक और भारत छोड़ो आन्दोलन में उन्हे गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया, नेषनल हेराल्ड, दैनिक समाचार पत्र में पत्रकारिता करते हुए उन्होने समाजिक मुद्दो को प्रमुखता से प्रकाषित किया, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कई ऐसे मौके आये, जब वह अपनी ही सरकार के विरूद्ध संसद में खड़े दिखे और अपने कर्तव्य का निर्वाहन किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, प्रवक्ता महताब आलम, सईदुल हसन, सुमित्रा रावत, सुन्दर लाल निर्मल, महेष प्रसाद शर्मा, षिवानंद मौर्या, सरदार भूपेन्द्र सिंह, राजकुमार दीक्षित, अनिल मिश्रा, मनोज तिवारी, दिनेष त्रिवेदी, सूर्यकुमार बाजपेयी, सर्वोत्तम मिश्रा, मनोज मिश्रा, हाजी उस्मान, जितेन्द्र शुक्ला, अमित मिश्रा, जीतेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र यादव, रामकिषुन पासी, दिनेष गौतम, हरमिन्दर सलूजा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नवागंतुक पुलिस कप्तान डाक्टर यशवीर सिंह, ने पत्रकारों से की वार्ता, जिले में व्याप्त अव्यवस्था को सुधारने के लिए जताई प्रतिबद्धता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जनपद रायबरेली में नवागंतुक पुलिस कप्तान डाक्टर यशवीर सिंह, ने पत्रकारों से वार्ता कर जिले में व्याप्त अव्यवस्था को सुधारने के लिए प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात में कहा कि जिले में क्राइम कंट्रोल करना उनका पहला उद्देश्य है एवं जिले में स्थापित थानों में महिला अपराधों की त्वरित सुनवाई प्राथमिकता से की जाए।

डॉक्टर यशवीर सिंह ने कहा कि जिले में जिस हिसाब से क्राइम बढ़ रहा है वह चिंता का विषय है क्राइम को कंट्रोल करना उनकी प्राथमिकता में है, अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को निर्देश देकर उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखने



के लिए निर्देश दिए जाएंगे, रात्रि ग्रस्त करने के लिए टीम बनाई जाएगी, जिससे अपराधों में कमी आएगी, नवागंतुक पुलिस अधीक्षक, हापुड़, सोनभद्र, आदि जैसे बड़े शहरों में बतौर पुलिस अधीक्षक की एक कुशल पारी खेली है। रायबरेली में बढ़ते हुए अपराध पर पुलिस अधीक्षक ने चिंता जताई, और कहा की रायबरेली में अपराधियों एवं बढ़ रहे अपराधों पर लगाम लगाई जाएगी महिलाओं को सुरक्षा का एहसास दिलाया जाएगा।

# अधिवक्ता सभागार में आयोजित हुआ नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज तहसील परिसर में स्थित अधिवक्ता सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में तहसील वार एसोसिएशन महराजगंज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ आपको बता दें कि, इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार महराजगंज ध्रुव नारायण यादव की मौजूदगी में संरक्षक बलवंत प्रसाद शुक्ल एडवोकेट एवं सह संरक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष छोटेलाल, महामंत्री नागेंद्र सिंह सहित कमेटी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव ने कहा कि, वह निरंतर अधिवक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए हमेशा से ही प्रयास करते रहते हैं। इस मौके पर उन्होंने नवनिर्वाचित कमेटी को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं को अपने कार्य के प्रति व मुवक्किल के प्रति अच्छा आचरण रखने की सलाह दी। इस मौके पर अध्यक्ष छोटेलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष दुष्यंत प्रसाद, उपाध्यक्ष संजीव कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री नागेंद्र सिंह, वरिष्ठ सह मंत्री आलोक अवस्थी, सह मंत्री बृजेंद्र प्रताप, कोषाध्यक्ष सुमित कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष राजकुमार लोधी, आय-व्यय निरीक्षक अवधेश कुमार पाल, मीडिया प्रभारी अर्जुन सिंह, वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अयोध्या प्रसाद, कृष्ण गोपाल अवस्थी, संतोष कुमार श्रीवास्तव, दल बहादुर सिंह, प्रवीण कुमार शुक्ला, ताहिर हुसैन, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, परमानंद वर्मा, राधेलाल, अंकुल पाठक, अतुल कुमार सिंह, आसाराम सहित तहसील 12 एसोसिएशन के अधिवक्ता मौजूद रहे।

# भाजपा राज में विकास कार्य अवरूद्ध-इं0 वीरेन्द्र यादव

## गुरूबक्शगंज में सपा कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर की मासिक बैठक विधान सभा अध्यक्ष राकेश कुमार की अध्यक्षता में गुरूबक्शगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में सम्पन्न हुयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव नें कहा कि विधान सभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों में संशोधन हेतु जिला संगठन के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को अतिशीघ्र आपत्तियां दिलायी जाय। सेक्टर एवं बूथ के प्रभारी द्वारा अपने क्षेत्रों में घटित घटनाओं, शोषण एवं अन्याय की सूचना जिला संगठन को अवश्य दी जाय। उन्होनें कहा कि भाजपा राज में अपराध का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ रहा है। क्षेत्र की सड़कों की दुरदशा एवं विकास कार्य अवरूद्ध है।विधायक राहुल लोधी नें उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि क्षेत्र



की समस्याओं एवं उनके निराकरण हेतु हमारी प्रतिबद्धता है, भाजपा राज में अधिकारी निरंकुश है।

बैठक को संगठन प्रभारी सुरेश पासी, कृपाशंकर यादव, रामबरन लोधी, शीतला प्रसाद यादव, राम सिंह, गिरजाशंकर लोधी, शिव प्रसाद यादव, विकास विश्वकर्मा, डा0 संतलाल, अमरदेव यादव, मो0 रहीस, पिन्टू यादव, आनन्द यादव एडवोकेट, दीपू शुक्ला, जीतू सिंह, जमील अहमद, राम बिहारी यादव, उमाशंकर शुक्ला, रंजीत यादव आदि नें भी सम्बोधित करते हुए क्षेत्र की समस्याओं पर विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर कुलदीप यादव, अमित यादव, शैलेन्द्र कुमार, अनिल कुमार, शिवकरन चौधरी, घंश्याम लोधी, अरून यादव, जय सिंह, शिवशंकर कुशवाहा सहित अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा 08 नवम्बर तक लागू:एडीएम

**रायबरेली।** जनपद में 16 सितम्बर को ईद मिलाद-उल-नवी (बारावफात), 17 सितम्बर को श्री गणेश अनन्त चतुर्दशी एवं विश्वकर्मा पूजा, 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयन्ती, 03 से 11 अक्टूबर तक नवरात्रि दुर्गा पूजा, 12 अक्टूबर को दशहरा विजयादशमी, 17 अक्टूबर को बाल्मीकि जयन्ती, 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी, 31 अक्टूबर को दीपावली, 02 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 03 नवम्बर को भैया दूज/चित्रगुप्त जयन्ती, 07 नवम्बर को छठ पूजा, का त्यौहार/पर्व मनाया जाना है एवं 27 अक्टूबर 2024 को पी0सी0एस0 (प्रा0) परीक्षा, होना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है।

# बैसवारा पीजी कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में पर्यावरण पर संगोष्ठी हुई आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज में वायु प्रदूषण जागरूकता अभियान एवं राष्ट्रीय वन शहादत दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता,पर्यावरण जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, कविता प्रस्तुत किए गये। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि वायु मानव जीवन तथा समस्त प्राणियों के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। प्राकृतिक रूप से प्रदत्त वायु प्रदूषण नहीं है परंतु मानव जनित कारकों के कारणों लगातार वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक और मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के अधीक्षक डॉ राजेश गौतम



ने संयमित जीवन, दिनचर्या, खान पान आदि के माध्यम से कैसे स्वस्थ रहा जाए पर विशेष रूप से चर्चा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ अरुण सागर ने धूम्रपान निषेध, निजी परिवहन के बजाय सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने की बात की। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने इस तरह की आयोजन हेतु समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरण हम सभी के लिए बहुमूल्य हैं और हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। महाविद्यालय की पांचवें सेमेस्टर की छात्रा रचना वर्मा, बी.एस.सी.थर्ड ईयर की छात्रा अंशिका यादव,तृतीय सेमेस्टर के छात्र अवनीश यादव, बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अनुप्रिया सिंह ने कविता, शायरी एवं गीत के माध्यम से अपनी बात रखी। बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय वन शहादत दिवस के करुण दृश्य को प्रस्तुत करने की कोशिश की, जिसमें बिश्नोई समुदाय के अमृता देवी और उसके 362 महिलाओं की वृक्षों की रक्षा करने के कारण नृशंश हत्या कर दी गई थी। नाटक में अनुप्रिया सिंह, लक्ष्मी श्रीवास्तव, आयुष सिंह,कशिश कसेरा,आंचल, करिश्मा आदि ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन सयुक्त रूप से डॉ प्रवीण सिंह एवं डॉ बीरेंद्र यादव ने किया। औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन डॉ पुष्पा बरनवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर निरंजन राय, वरिष्ठ लेखाकार सुरेश गुप्ता, डॉक्टर संजीव मिश्रा, डॉ रमेश चंद्र यादव उपस्थित रहे।

# छुट्टा मवेशियों से परेशान किसानों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन रायबरेली।** छुट्टा मवेशियों से परेशान किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा।पिछले कुछ दिनों से छुट्टा मवेशी पूरे क्षेत्र की समस्या बने हुए हैं।शुक्रवार को परेशान किसान नितिन तिवारी ने उपजिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी को शिकायती पत्र देकर आवारा पशुओं को गौशाला भेजने की मांग की।सलोन विकास क्षेत्र के ग्राम सभा पारी नितिन तिवारी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौपा।ग्रामीण राम कुमार तिवारी, नगेन्द्र यादव, लवकुश, मनोज शुक्ला, अतुल कुमार, राज कुमार, महेश पटेल,आदि मौजूद किसानों ने बताया कि गांव में छुट्टा मवेशियों की संख्या इतनी अधिक हो गई हैं कि किसानों को रात रात जागकर फसल की रखवाली करनी पड़ रही है।यह छुट्टा मवेशी फसलो को नुकसान पहुँचा रहे है।कुछ ऐसे पशु भी है जो लोगो को देखते ही दौड़ा लेते



है।किसान फसलों को लेकर बहुत दुखी हैं।वहीं प्रशासन से ग्रामीणों ने लगातार बिगड़ रहे हालातों से चिंतित होकर पशुओं को समीप के गौशाला भेजने की मांग की हैं। उपजिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सभी विकास खण्ड अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया हैं अभियान चलाकर गौ वंशो को संरक्षित किया जाए।

# परिषदीय विद्यालयों की बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के लिए मीना मंच द्वारा बाल संसद कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन रायबरेली।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ द्वारा परिषदीय विद्यालयों की बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के लिए मीना मंच बाल संसद कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम को गतिशील एवं क्रियाशील बनाने के लिए सभी सुगमकर्ताओ की एक दिवसीय कार्यशाला ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई।खंड विकास अधिकारी शशि कुमार तिवारी ने कहा कि सभी सुगमकर्ताओ द्वारा बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए मीना मंच एवं बाल संसद को विद्यालय स्तर पर गतिशील एवं क्रियाशील बनाया जाए।प्रधान संघ अध्यक्ष रामकुमार जायसवाल ने कहा प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।जनपद परियोजना से बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन प्रभारी मीना मंच एस.एस पाण्डेय ने मीना मंच एवं बाल संसद गठन. अभिलेखिकरण. हेल्पलाइन. प्रेरणादाई स्लोगन. गुड टच बैड टच. कक्ष साज सज्जा. वार्षिक कैलेंडर. आत्मरक्षा प्रशिक्षण. विद्यालय स्तर पर मीना मंच एवं बाल संसद संचालित करने के बारे में विधिवत जानकारी दी।इस अवसर पर ज्योति सोनी, प्रतिभा सिंह, सकीना अख्तर, अनामिका द्विवेदी, अनुज्ञा सिंह, ज्योति यादव सहित अन्य सुगमकर्ताओ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# समाजवादी लोहियावाहिनी की मासिक बैठक सम्पन्न,नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे गये नियुक्त पत्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी लोहियावाहिनी की मासिक बैठक पार्टी के कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष फहीम अहमद के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में पीडीए छात्र जागरूकता अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो में चर्चा हुई। संगठन की मजबूती पर भी बल दिया गया। बैठक में सदर विधान सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देते हुए जिलाध्यक्ष मो0 फहीम ने कहा कि आगामी-2027 में होने वाले विधान सभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए अभी से कमर कस लें। सदर विधान सभा मो0 कैफ खान ने नवनियुक्त साथियों को माल्यार्पण किया एवं मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर श्री कैफ



खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ही प्रदेश में नौजवान, किसानों एवं आमजनमानस के हितों के लिए कार्य करती है और उत्तर प्रदेश का विकास समाजवादी पार्टी की सरकार में ही हो सकता है। नवनियुक्त पदाधिकारियों में मुख्य रूप से शैलेन्द्र यादव महासचिव सदर विधान सभा, अजीत कुमार उपाध्यक्ष, पीयूष यादव, कुलदीप यादव, मनीष कुमार, सत्यम मिश्रा, आकाश कुमार, मयंक सिंह, अतहर खान एवं वसीम को सदर विधान सभा का सचिव मनोनीत किया गया तथा रवि यादव, महेन्द्र प्रताप, अशफाक उल्ला, आर.के. भारती को जिला सचिव एवं मो0 आसिफ, सुनील यादव को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सचिन सोनकर, पुष्पेन्द्र यादव वि.स. अध्यक्ष हरचन्दपुर, दीपचन्द्र वि.स. अध्यक्ष सलोन, बॉबी, गुड्डू, संगम यादव, विकास श्रीवास्तव, अरविन्द यादव, सूरज, अजीत, अमित यादव, विजय यादव, अमरजीत यादव, गौरव, आदिल, गोविन्द आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के सामने बैठकर किया धरना प्रदर्शन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के सदस्य अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट की अगुवाई में एसडीएम कार्यालय के सामने बृहस्पतिवार को दरी बिछाकर धरने में बैठ गए एवम तहसील प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया।मामले की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अधिवक्ता राकेश यादव की भूमि को लेकर विवाद है जिसको लेखपाल ने जांच तो किया परंतु समस्या निदान का कोई प्रयास नहीं किया बल्कि अधिवक्ता राकेश यादव व उनके साथी अधिवक्ता हरिओम यादव से अशोभनीय बातचीत किया तथा विवाद किया। महामंत्री राज बहादुर मौर्य ने बताया कि 10 सितम्बर को प्रस्ताव देकर एसडीएम लालगंज से 11 सितम्बर तक प्रकरण के संतोषजनक समाधान की मांग की गई थी परंतु समस्या निदान नहीं की गई ।तब पुनः 11 सितंबर को प्रस्ताव देकर 12 सितम्बर को दोपहर तक समाधान की अपेक्षा की गई थी परंतु कोई समाधान न होने से धरना किया जा रहा है। जब तक समस्या निदान नहीं किया जायेगा ,आंदोलन जारी रहेगा तथा उच्च अधिकारियों से भी मिलकर उनके सामने तहसील की समस्या को रखा जायेगा। तहसील का कर्मचारी अधिकारियों के दबाव में नहीं है।धरना देने वालों में केपी सिंह, शैलेश त्रिवेदी, विनय भदौरिया, ज्योतिरेंद्र मिश्रा, लक्ष्मी शंकर यादव, शेर बहादुर यादव,घन श्याम यादव,सुरेश यादव, विनोद मौर्य, शिवाकांत द्विवेदी, संजय अवस्थी,सुरेंद्र सिंह, सन्तोष सिंह, सर्वेश सिंह,रवि कुमार,रामकिशुन वर्मा, इंद्राज यादव, चित्रेश सिंह, संजय सिंह, तरुण श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, शिवशंकर पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने सेतु निगम के रोड ओवर ब्रिज कार्य का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मुंशीगंज में सेतु निगम द्वारा बनाये जा रहे रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता देखी। सेतु निगम विभाग की उप परियोजना प्रबंधक पूजा श्रीवास्तव को निर्देश दिया की कार्य में प्रगति लाई जाए। साथ ही निर्माण कार्य में जो भी व्यावहारिक समस्याएं आ रही हैं उसका शीघ्र निस्तारण कराया जाए। भूमि अधिग्रहण का कार्य आपसी सहमति से जल्द से जल्द पूरा हो जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण के दौरान यातायात बाधित न हो इसका ध्यान रखा जाए। भारी वाहनों के लिए अलग से डायवर्सन जोन बनाया जाए। जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। ट्रैफिक पुलिस भी हर समय यहां मुस्तैद रहे। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि जिन लोगों ने भी मार्ग के आसपास अतिक्रमण कर रखा है उन्हें शीघ्र हटाया जाए। इस ओवर ब्रिज के बन जाने से मुंशीगंज स्थित एम्स जाने का मार्ग सरल हो जाएगा।

# प्योर वेजीटेरियन फैमिली रेस्टोरेंट हवेली का हुआ रंगारंग उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज नगर के निराला नगर स्थित होटल प्रताप पैलेस ने शुद्ध शाकाहारी फैमिली रेस्टोरेंट खोलकर क्षेत्र के लोगों को बेहतरीन सौगात प्रदान की है। कानपुर के संयुक्त आयुक्त उद्योग सुनील कुमार ने फीता काटकर प्योर वेजीटेरियन फैमिली रेस्टोरेंट हवेली और स्काई सेविन रूफ्टॉप का उद्घाटन किया। बताते चलें कि लालगंज नगर में होटल प्रताप पैलेस का रेस्टोरेंट के क्षेत्र में अपना एक प्रमुख स्थान है। बेहतरीन व्यवस्था और शुद्ध शाकाहारी भोजन के बाबत हवेली का नाम मशहूर है। अब होटल प्रताप पैलेस मैनेजमेंट ने शुद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट को एक अलग फ्लोर पर स्थापित कर जनता के लिए बढ़िया प्लेटफार्म देने का कार्य किया है। हवेली में अब शुद्ध शाकाहारी भोजन ही मिलेगा। फैमिली रेस्टोरेंट के



रूप में होटल प्रताप पैलेस की अपना एक सराहनीय व्यवस्था है। उद्घाटन के पहले समाजसेवी अनंत विजय सिंह ने पूजन अर्चन और हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर उच्च कोटि के संसाधनों से भरपूर रेस्टोरेंट का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर असिस्टेंट कमिश्नर प्रबल प्रताप सिंह ,राजेश सिंह फौजी ,आशीष प्रताप सिंह सेंगर , क्षेत्र पंचायत सदस्यअनंत विजय सिंह, माना भदोरिया, विवेक शर्मा, अप्पू शर्मा, दिनेश गुप्ता,रोहित सोनी, सुरेश सिंह ,डॉक्टर बीपी सिंह ,दीपेंद्र गुप्ता, एडवोकेट अशोक शुक्ला,अरुण कुमार सिंह आदि संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रक ने दो लोगों को कुचला, एक की मौत, दूसरा गंभीर

### नाराज ग्रामीणों ने शव रखकर देर शाम तक लगाया जाम, गुस्साए परिजन डीएम को मौके पर बुलाने को लेकर अड़े रहे





**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित ट्रक ने गुरुवार को सड़क किनारे बैठे दो लोगों को रौंद दिया है। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना में घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों को समझने में जुटी रही लेकिन नाराज परिजन डीएम को मौके पर बुलाने को लेकर देर शाम तक अड़े रहे।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर बारह बजे के करीब मेजारोड-कोहडार मार्ग के ममोली गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित गिट्टी लदा ट्रक सड़क किनारे बैठे हरिशंकर यादव उर्फ बबऊ (56) पुत्र रामपति निवासी ममोली तथा हरेंद्र यादव को कुचल दिया। घटना में हरिशंकर बबऊ की मौके पर तत्काल मौत हो गई, जबकि हरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। जानकारी पर ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जमा हो गयी। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घायल हरेंद्र को नजदीकी हॉस्पिटल भिजवाया गया। बता दें कि मृतक बबऊ क्रेशर प्लांट में मजदूरी करते थे। नाराज ग्रामीणों ने मेजारोड कोहडार मार्ग पर शव रखकर रास्ता बंद कर दिया। सूचना पर एसीपी रवि कुमार, प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय,चौकी प्रभारी कोहडार अमित कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाते रहे लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं थे। परिजन डीएम प्रयागराज को मौके पर बुलाने पर अड़े रहे।अंत मे एसीपी व नायाब तहसीलदार अश्वनी तिवारी ने कार्यवाई के आश्वासन पर देर शाम जाम खुलवाया।

## संक्रामक रोगों से कई गांव में दर्जनों लोग बीमार परेशानी

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता से लेड़ियारी इलाका के दर्जनों गांवों में संक्रामक रोगों ने पांव पसार लिया है । प्रशासन साफ - सफाई को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है । ऐसे में पीड़ितों को झोलाछाप का ही सहारा लेना पड़ रहा है।विकास खंड कोरांव क्षेत्र के चैलारी , धोबहट , खोंचा , किंहुनी कला, किंहुनी खुर्द,पथरपुर , कोलसरा , देईबाध ,नीबी , देवरी , कैथवल , बहरैचा सहित कई गांवों में मरेलिया , डायरिया , बुखार , टाइफाइड से बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक प्रभावित हैं । इन गांव में सबसे ज्यादा गंदगी का अंबार लगा हुआ है । ग्राम प्रधानों द्वारा भी साफ - सफाई और छिड़काव पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है । इससे बुखार के रोगियों में निरंतर इजाफा हो रहा है । सही मायनों में यह किसी महामारी से काम नहीं है। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेड़ियारी में डायरिया, मरेलिया का इलाज सही ढंग नहीं हो पा रहा है।

# शिक्षण कार्य में गुणवत्ता समय की मांग-कैलाश सिंह

### एफ एल एन प्रशिक्षण का मकसद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षक अध्यक्ष ने प्रशिक्षुओं के प्रति जताया आभार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** शिक्षा विभाग शिक्षण व्यवस्था में परिवर्तन कर गुणवत्ता परक शिक्षा से बच्चों को निपुण बनाकर उनके भविष्य को संवारने की गम्भीर पहल की जा रही है। बच्चों को नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा देना ही एफ0 एल0 एन0 प्रशिक्षण का मकसद है।

विकास खण्ड मेजा में सत्र 2024-25 हेतु प्रस्तावित एफ0एल0एन0 प्रशिक्षण% का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण बीते 12 अगस्त से प्रारम्भ होकर कुल 6 चक्रो के 12 बैचों से होकर गुरुवार को संपन्न हुआ। कुल 605 शिक्षकों को प्रशिक्षित करते हुए उन्हें कक्षा 1-5 में भाषा और गणित के शिक्षण कक्षा 1-5 की सत्र 2024-25 की शिक्षक संदर्शिका और एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्यपुस्तकों को क्रमशः सारंगी, आनंदमय गणित तथा अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक मृदंग पर समझ विकसित की गयी। प्रत्येक बैच में शिक्षकों को अंत में निपुण शपथ



दिलायी गयी। खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने कहा प्रशिक्षण का मूल आधार बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा और विद्यालय को निपुण बनाने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में है। इसका उद्देश्य गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से है। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने सभी शिक्षकों का प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु आभार और धन्यवाद प्रकट किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस बी0आर0सी0 वरिष्ठ लिपिक रोहित त्रिपाठी एवम् समस्त स्टाफ द्वारा आभार एवम कमलकांत पांडे, गिरीश तिवारी जगदीश निगम आदि सन्दर्भदाताओं को अंगवस्त्र और स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। अंत में अध्यक्ष द्वारा समस्त बी आर सी स्टाफ एवम् शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए ,समापन किया गया । मौके पर बी के मिश्र, मनोज यादव, आशीष चौधरी, विधोत्मा, रीना सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# गुस्साए ग्रामीणों ने वाटर ट्रीटमेंट का काम रोका

### सड़कों को तोड़ने व उजाड़ने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के पकरी सेवार में आकर ले रही जल जीवन मिशन योजना की वजह से टूटी सड़कों को लेकर लोगों में आक्रोश है।बार बार मांग के वावजूद सड़क निर्माण नही होने से गुस्साए ग्रामीणों ने योजना का कार्य रोक दिया है।प्रधान प्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने मांग दोहराते हुए कहा कि पहले सड़क निर्माण कराया जाय उसके बाद योजना का कार्य किया जाय।

क्षेत्र में सड़कों को तोड़ने व उजाड़ने की शिकायत पर सज्ञान लेते हुए प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश के बावजूद पकरी सेवार गांव की ध्वस्त सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो सका।गड्ढायुक्त सड़क का निर्माण न होने से ग्रामीणों में भारी गुस्सा है। कार्यदाई संस्था की वादा खिलाफी से नाराज पकरी सेवार प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय के साथ बुधवार की दोपहर बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोकवा दिया, कहा कि जब तक सड़क का
निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, कंपनी का कोई कर्मचारी निर्माण कार्य नही कर सकता है।

प्रधान प्रतिनिधि के कहने पर काम कर रहे कर्मचारी कार्य स्थल से खिसक लिए। जल
जीवन मिशन योजना के तहत पकरी

**➪पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई से गांव की जलापूर्ति बाधित**

सेवार गांव के गंगा तट पर स्वामी पगलानंद आश्रम के पास लगभग 19 बीघे में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है। यह कार्य जब से शुरू हुआ, पकरी सेवार गांव को जाने वाली सड़क पाइप बिछाने के नाम पर ध्वस्त कर दी गई। इसके साथ जल निगम से गांव को पहुंची पाइप लाइन तोड़ डाली गई। जल निगम की पाइप लाइन तोड़ दिए जाने से गांव की जलापूर्ति बाधित हो गयी।

प्रधान प्रतिनिधि व ग्रामीणों का कहना हैं कि कार्यदाई संस्था ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के नाम पर क्षेत्र का भूगोल बदल दिया है।

विभिन्न गांवों को जाने वाला इंटरनेट केबल ध्वस्त कर दिया गया है। सड़कों व पटरियों को तोड़ भारी क्षति की गई है। शायद ही ऐसा कोई गांव बचा होगा, जहां पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़क को क्षतिग्रस्त नही किया गया है।प्रदेश सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के दावे करती है जबकि यहाँ सड़कों को तोड़ा और उजाड़ा जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालय के दूसरे सत्र का किया शुभारम्भ

### बच्चों को बेहतर भविष्य देगा अटल आवासीय विद्यालय-मंडलायुक्त





**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश में श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित अटल आवासीय विद्यालय के दूसरे सत्र का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वर्चुवली किया है।उंन्होने कहा कि अटल विद्यालय से श्रमिकों के शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे खुद के भविष्य संवारने के साथ परिवार का सहारा बनेंगे।क्षेत्र के बेलहट ग्राम पंचायत के उक्त विद्यालय में इस सत्र शुभारम्भ के मौके पर मंडलायुक्त,जिलाधिकारी,श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ जन प्रतिनिधियों की भागीदारी रही।

बेलहट अटल आवासीय विद्यालय का शुभारंभ बीते सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से वर्चुवल शुरुआत की थी।देश के श्रम विभाग द्वारा संचालित यह विद्यालय केवल श्रमिकों के बच्चों के लिए हैं।मंडलायुक्त विजय विस्वास पंत इस विद्यालय से निरन्तर जुड़े हैं।उंन्होने कहा कि छात्रों को ड्रेस सहित जो भी कमियां हैं उन्हें शीघ्र ही दुरुस्त किया जाएगा।यहां मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया है।यहाँ प्रवेश लेने वाले बच्चों को शैक्षिक किट प्रदान किया गया है।उप श्रमायुक्त राजेश मिश्र ने कमिश्नर,जिलाधिकारी व विधायक राजमणि कोल को तुलसी का पौधा सौंपा है। मंडलायुक्त विजय विस्वास पंत ने विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार बृक्ष लगाने के लिए कहा है।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ववलन के साथ की गयी।

जिलाधिकारी नवीन सिंह चहल ने इसरो द्वारा आमंत्रित आकीन अंसारी को सम्मानित किया।प्रतापगढ़ के इस बच्चे को विज्ञान में रुचि है और इसने इसरो संबंधी कुछ चीजें बनाकर उन्हें भेजा था।इसरो टीम ने इसका सज्ञान लेते हुए उसे आमंत्रित किया है।आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए।बच्चों को विद्यालय में बच्चों के लिए हर व्यवस्था दी गयी। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम सहित एम्बुलेन्स की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कन्नौजिया, उप जिलाधिकारी कोरांव श्रीमती आकांक्षा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह, उप श्रम आयुक्त राजेश मिश्रा, सहायक श्रमायुक्त डां0 संजय कुमार लाल, समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारीगण, सुरेश चन्द्रा, प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय, बेलहट, कोरांव, प्रयागराज एवं विद्यालय के शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा अटल आवासीय विद्यालय बेलहट, कोरांव प्रयागराज में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में चयनित छात्र/छात्राओं के बेहतर शिक्षा व्यवस्था ग्रहण कर देश के विकास में अमूल्य सहयोग प्रदान करने के लिए कहा गया है। अन्त में उप श्रमायुक्त, प्रयागराज ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम का समापन किया।

## होलागढ़ में गणपति बप्पा मोरया की धूम महाआरती 14 को



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।** होलागढ़ क्षेत्र के थमहन के पूरा,सब्जी मंडी दहियावा,होलागढ़ खास और बालाडीह में गणपति बप्पा मोरया की धूम है। सब्जी मंडी दहियावा में 13 को हवन एवं प्रसाद वितरण होगा।होलागढ़ खास में 16 को भंडारा और 17 को विसर्जन होगा।थमहन के पूरा में 14 को महाआरती और 15 को विसर्जन किया जाएगा। होलागढ़ में दीप चंद्र,संजय यादव,जेपी साहू,लाल चंद्र साहू और थमहन के पूरा में छोटेलाल अग्रहरी,नवीन चंद्र अग्रहरी रमेश चंद्र,सुभाष चंद्र अग्रहरी,दिनेश विश्वकर्मा,मोनू चौरसिया,श्याम जी गुप्ता,अजय प्रजापति,शुभम शुक्ल,मुन्ना गुप्ता,राम कैलाश आदि का विशेष सहयोग है।

# नशेड़ियों का अड्डा बना लेड़ियारी कस्बा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** लेड़ियारी कस्बे में इन दोनों नशेड़ियों की तादाद में लगातार इजाफा हो रहा है । नशे के लिए नशेड़ियों द्वारा नित नए तौर तरीकों की खोज की जाती रहती है । जिसके चलते नशा करने के बावजूद घर परिवार की नजरों से साफ बच निकलते हैं । हालात हालात यह बन गया है कि नशा पूर्ति के लिए चोरी छिनैती और राहजनी जैसी वारदातों को भी अंजाम देने से नहीं हिचकते हैं।

डिनर बाहुल्य लेड़ियारी कस्बा में नशेड़ियों की बढ़ती जमात ने अब इस कस्बे को नशे का मरकज बनकर रख दिया है। एक वक्त था जब इस कस्बे में कुछ एक मोहल्लों में ही नशेड़ी शख्स दो चार की तादाद में हुआ करते थे। लेकिन पूरा का पूरा कस्बा नशेड़ियों के गिरफ्त से जकड़ता जा रहा है। पहले नशा पूर्ति के लिए नशेड़ी शख्स ताड़ी व महुए की देशी शराब का इस्तेमाल किया करते थे। वहीं आज कल मेडिकल स्टोरों पर बिकने वाली कोडीन युक्त खांसी के लिए सिरफ जैसे कैंडिस स्टार, कोरेक्स,फेंसेडिल, मीट्स,लिंकटस, कोडीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं इन दिनों देर रात तक शराब की दुकानें खुली रहती है। जिससे शराब पीने वाले की भीड़ लगी रहती है। जबकि आने जाने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है। वहीं आने - जाने वाली महिलाओं के साथ छींटाकशी की घटनाएं होती रहती है। यही नहीं नशे को और गहरा बनाने के लिए इन खांसी के सिरपों में अल्पाजोलम , ट्राइका ,जोलाम, नाइट्रोसन, स्पाजमों , पोक्सवान आदि गोलियां का भी मिश्रण करने से परहेज़ नहीं करते हैं। कुछ नशेड़ियों द्वारा ब्रेड में आयोडेक्स व विक्स लगा कर भी नशा की आग बुझाई जा रही है। चिकित्सकों की मानें तो इसके उपयोग से सीधे दिमाग पर अटैक होता है । जिससे दिमाग की नसें सूखने लगती है। और सोचने की क्षमता कम होने के साथ कंफूयज होना , याददाश्त का कमजोर होना , लीवर में गड़बड़ी और पेट व सीने में दर्द सांस में परेशानी जैसी समस्या पैदा होती है` नशे नशे के चलते कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में अब तक दर्जनों परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं । तथा न जाने कितने परिवार बर्बादी के दहलीज पर खड़े हैं । कस्बे में नशेड़ियों की तादाद में हो रही लगातार इजाफा चिंता का विषय है। इसके चलते इलाके में चोरी लूट छिनैती जैसी घटनाओं में भी लगातार इजाफा हुआ है ।

**क्या कहते हैं चिकित्सक।**

नशेड़ियों की बढ़ती जमात के बारे में डॉक्टर वरिष्ठ चिकित्साधिकारी धर्मेन्द्र सिंह बताया कि युवा पीढ़ी में इस तरह के नशे से पेट में अल्सर लीवर में सुजान उसे रक्तचाप हृदय रोग से पीड़ित मरीजों की भरमार है । उन्होंने कहा नशा कोई लाइलाज बीमारी नहीं है ।

अपराधियों वारदातों में हो रही बढ़ोतरी।

नशेड़ियों की बढ़ती तादाद परिवार व समाज के साथ ही पुलिस प्रशासन के लिए भी चुनौती बन चुकी है नशेड़ी तत्व नशा पूर्ति के लिए पैसों के अभाव में मोबाइल चोरी छिनैती , राहजनी की घटनाओं को अंजाम देने से नहीं हिचकते ते हैं । अगर पुलिस प्रशासन की बात पर यकीन किया जाए तो चोरी छिनैती की अधिकांश घटनाओं को अंजाम देने में इन नशेड़ियों की ही संलिप्तता रहती है । लोगों ने की कठोर कानून बनाने की मांग।

कस्बे के सुनील कुमार,अनील कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, सौरव कुमार, बबलू शुक्ला, संजय कुमार, देवराज सिंह, सुरेश कुमार सिंह,शिव मोहन द्विवेदी, जनेश्वर प्रसाद चौबे, शान्ती प्रसाद सिंह आदि ने कहा कि हम सभी को मिलकर नशा करने वाले को नशे के बुरे प्रभाव के बारे में जागरूक करने की जरूरत है । सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे तो नशा करने वालों की संख्या कम होगी । सरकार को जागरूकता अभियान चलाने के साथ सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है ।

## पहला दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम आज से

**प्रयागराज।** कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, सरकार के तहत आईएसटीएम, भारत सरकार और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सीबीएसई ने ÷प्रशिक्षकों का 2-दिवसीय प्रशिक्षण (टीओटी) प्रमाणन पाठ्यक्रम÷ आयोजित करने के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया है। इसके क्रम में आईएसटीएम और सीबीएसई द्वारा प्रशिक्षकों का पहला दो दिवसीय प्रशिक्षण (टीओटी) प्रमाणन पाठ्यक्रम 13 और 14 सितंबर को वाईएमसीए प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा।

वाई एम सी ए सेंटेनरी स्कूल एवम कॉलेज की प्रधानाचार्या रीमा मसीह ने इस दो दिवसीय कार्यशाला के आयोजन का अवसर विद्यालय को मिलने पर हर्ष प्रकट किया।

# गणेशोत्सवमें बही हास्य रस की गंगा

**नैनी(प्रयागराज)।** श्रमिक बस्ती नैनी स्थित गणपति मानस पार्क में यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव के बहु प्रतीक्षित कार्यक्रम कवि सम्मेलन का आग़ाज़ करते हुए लोक कवि अशोक सिंह %बेशरम% ने अपनी रचना पढ़ी - ये जर,जोरू,जमीं के फेर में दुनिया का मेला है, जमाने में वही जिंदा है जिसका नाम जिंदा है।

राधा शुक्ला की रचना ---मुझे आजमा कर चले जाने वाले, तेरी याद मुझको अब आती नहीं है 7 श्रोताओं के मन में एक टीस उत्पन्न कर गई 7 हरि बहादुर सिंह हर्ष ने अत्यंत सुंदर पंक्तियां सुनाई --- आकर्षण की लोभ वृत्तियां, मुक्त नयन को कर जाएं तो अच्छा है ।

जिन सपनों से अंतर्मन अवसादित हो, वे सपने यदि मर जाएं तो अच्छा है।।

जितेंद्र मिश्र जलज की रचना--- सत्य सनातन की यह धरती यूं ही सदा आबाद रहे, ऋषि मुनियों की ये थाती है जन जन को यह याद रहे,,, को श्रोताओं ने अत्यंत सराहा।

नज़र इलाहाबादी ने आप बीती सुनाई - हम भी गए नहाने संगम क्या बतलाएं आपसे।

बीबी ने था ठेल दिया हम गए ना अपने आप से।।

मीडिया प्रभारी आर के शुक्ल की दो पंक्तियां श्रोताओं के दिल में नस्तर की तरह उतर गई-कुछ नहीं होगा तेरे आंसू बहाने से, तेरे यार का दिल मोम नहीं पत्थर है।

नीलम तिवारी की काव्य पंक्तियों में जहां वर्षा ऋतु के अद्भुत श्रंगार की झलक मिली

तो वहीं हास्य कवि धनंजय और ईश्वर शरण शुक्ल ने अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को जी भर कर गुदगुदाया। बिहारी लाल अंबर सदा की तरह हंसाते- हंसाते श्रोताओं के आंखों से आंसू निकालने में सफल रहे। राजेंद्र शुक्ल, वीरेंद्र सिंह %कुसुमाकर%, तबरेज आलम ने भी अपनी रचनाएं पढ़ी।

कार्यक्रम के अंत में प्रसिद्ध लोक कवि स्वर्गीय रामलोचन सांवरिया जी की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया ।

कवि सम्मेलन का संचालन अशोक सिंह %बेशरम% ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेश मधुकर मंगरूलकर, डॉ चंद्रदेव मिश्र, डॉ ए के राय, रवि किरण सिंह, अनिल विश्वकर्मा, सत्यम शुक्ला, आर के शुक्ला, बालकृष्ण मिश्रा, राजकुमार तिवारी, ज्ञानेश्वर शुक्ला, अतुल सिंह, राजेश सिंह, शालिनी त्रिपाठी, रेखा श्रीवास्तव, ज्योति मंगरूलकर, पुष्पा सिंह, अलका विश्वकर्मा, जतिन ठाकुर, आनंद सिंह, रण विजय सिंह, मंजू तिवारी, ममता श्रीवास्तव, सुमन जी पाठक, संजय द्विवेदी मौजूद रहे।

# कौंधियारा की चार छात्राओं का मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता में चयन



**कौंधियारा (प्रयागराज )।** जिला स्तरीय बालिका वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन जिले के रमा देवी बालिका इण्टर कॉलेज मीरापुर में गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता के दौरान अलग अलग भार वर्ग के 9 खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तर प्रतियोगिता के लिए हुआ।जिला स्तरीय बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन रमा देवी बालिका इण्टर कॉलेज मीरापुर में हुआ। प्रतियोगिता में विकास खंड कौंधियारा की चार छात्राओं का चयन हुआ। जिसमें सभी छात्राएं श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज अकोढ़ा की थी। जूनियर बालिका वर्ग में रेशमी यादव और शालू साहू वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में साधना पटेल और आकांक्षा यादव का चयन हुआ। वहीं नगर दक्षिणी से हिमांशी जायसवाल,रिया कपारिया, लीला प्रजापति और आकांक्षा का जबकि कोरांव से ज्योति सिंह का चयन मण्डल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ।कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन रमा देवी इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ सोनी यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। खेल निर्णायक के रूप में विमलेश पाल एवं अल्का अरोरा मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान खेल शिक्षक प्रतिभा यादव,राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,अवधेश सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। खेल शिक्षक राजेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में जिले से चार तहसील की टीमों ने प्रतिभाग किया।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग महिला की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।** सीएचसी होलागढ़ के बगल पक्की सड़क पर कीचड़ युक्त मिट्टी में बाइक फिसलने से बुधवार रात उस पर बैठी एक बुजुर्ग महिला गिर गई। पीछे से तेज गति से जा रही चिप्स लदी एक ट्रक ने महिला को कुचल दिया।जिससे माला पुर निवासी 50 वर्षीय महिला सुषमा ओझा पत्नी सतीश ओझा की मौत हो गई।महिला के दो बेटा और दो बेटी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीर घर भेज दिया।बताया गया की सतीश की आर्थिक हालात बहुत कमजोर है।ट्रक को इलाके के लोग और पुलिस सभी जानते हैं।मगर कुछ लोग उसे बचाने में जुटे हैं।

## बेसहारा गौवंश की दुर्दशा सड़कों पर हो रही मौत नोच रहे कुत्ते



**लेड़ियारी ( प्रयागराज )।** प्रदेश सरकार भले ही बेसहारा गोवंशों के देखरेख के लिए प्रत्येक गांवों में लाखों रुपए खर्च कर उन्हें चारा पानी का समुचित व्यवस्था कर रही है। लेकिन हकीकत और देखा जा सकता है। जैसे ही छुट्टा मवेशी वाहनों के टक्कर लगने व अकेला होने पर कुत्ते उन्हें नोचकर उनकी मौत को घाट उतार दिया करते हैं। बता दें कि नारीबारी से कोरांव स्टेट राजमार्ग पर हजारों की संख्या में बेसहारा गोवंशों सड़कों पर जमावड़ा लगा रहता है। वहीं रात में तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के चपेट में आने से उनकी मौत हो जाती है। वहीं हफ्तों भर उस स्थान पर दुर्गंध भरा रहता है। जबकि राहगीरों ने अपना मुंह ढक कर चले जाते हैं। लेकिन जिस मजरे व मुहल्ले में बेसहारा गोवंश की मौत होने पर खाना पीना हराम हो जाता है। जबकि इसकी सूचना शासन प्रशासन को दी जाती है। लेकिन इस ओर कोई देखने तक नहीं आते हैं। फिलहाल जिस स्थान पर उनकी मौत हो जाती है। तो उस मजरे के लोग चंदा लगाकर उसे गांव से दूर कर दिया जाता है। लोगों ने बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत में गोवंश आश्रम खोला गया है। लेकिन डीही न्याय पंचायत में एक भी गोवंश आश्रम नहीं है। जिससे लेड़ियारी, बहरैचा, कैथवल, डीही खुर्द, देईबाध तक प्रति दिन जानवरों की मौत हो रही है।

## गणेश महोत्सव पर आयोजित भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु



**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** ग्राम वासियों द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है । उक्त कार्यक्रम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है । गणेश महोत्सव के छठवें दिन लोक कलाकारों द्वारा भक्तिपूर्ण गीत प्रस्तुत किए गए । जिसमें महिलाएं और युवाओं और बच्चों ने जमकर ठुमके लगाए । शाम को शुरू हुए। आशा देवी , अंगूरा देवी , संगीता देवी , काजल , राधा , गौरी, हनी और आराध्या के गीतों पर हर कोई थिरकने लगा। यह यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा महोत्सव के आयोजन विनय केसरी सहित समिति के सभी पदाधिकारी व्यवस्था में जुटे रहे गणेश जी की आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

समिति के अध्यक्ष विनय केशरी ने बताया कि कल शुक्रवार को भंडारा का आयोजन किया जाएगा और शनिवार को विसर्जन होगा। इस अवसर पर राहुल केशरी, विशाल केसरी, दिलीप केसरी ,अंकित केसरी , राम केसरी , पंकज केसरी , दीपू केसरी , संतोष केसरी , राजू केसरी, साक्षी , कोमल कुमारी, प्रियांशी, तनू कुमारी,दुर्गा प्रसाद केसरी आदि लोग रहे ।

# राजनाथ ने विदेशी मित्र देशों से किया भारत की एयरोस्पेस इंडस्ट्री ठीक से देखने का आह्वान

- राजनाथ सिंह ने जोधपुर में तरंग शक्ति के दौरान भारतीय रक्षा विमानन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया
- भारत दौरे पर आईं वायु सेनाओं को रक्षा विनिर्माण उद्योगों का प्रत्यक्ष अनुभव हासिल करना चाहिए



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास %तरंग शक्ति% में हिस्सा लेने आये विदेशी मित्र देशों से भारत की एयरोस्पेस इंडस्ट्री को ठीक से देखने और अध्ययन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारत दौरे पर आई वायु सेनाओं को भारतीय रक्षा विनिर्माण उद्योगों का प्रत्यक्ष अनुभव हासिल करना चाहिए। कुछ समय पहले तक भारत को हथियार और उपकरण के मामले में सिर्फ आयातक देश के रूप में देखा जाता था लेकिन आज भारत लगभग 90 देशों को हथियार और उपकरण निर्यात करता है।अभ्यास तरंग शक्ति के दौरान भारतीय वायु सेना ने जोधपुर में भारतीय रक्षा विमानन प्रदर्शनी लगाई है, जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को किया। अभ्यास के दूसरे चरण में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाएं लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (अवाक्स) सहित 70-80 विमानों के साथ हिस्सा लेने आई हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग ले रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो हमारी वायु सेना और हमारे रक्षा क्षेत्र के विकास की स्वर्णिम कहानी कहते हैं।राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना के समय से ही अपनी शक्ति और शौर्य के लिए जानी जाती रही है। देश को जब-जब भी जरूरत पड़ी, वायु सेना ने डटकर उस परिस्थिति का सामना किया और अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र का गौरव बढ़ाया। लगभग 60 साल बाद भारत के आकाश में इतना बड़ा सामरिक अभ्यास आयोजित किया गया है। जब इतने बड़े स्तर पर कोई भी अभ्यास होता है, तो इसमें भाग लेने वाले देश एक-दूसरे से काफी कुछ सीखते हैं। साथ ही अलग-अलग कार्य संस्कृति, अलग-अलग हवाई युद्ध का अनुभव और युद्ध लड़ने के सिद्धांत समझने का मौका मिलता है।रक्षा मंत्री ने कहा कि बदलती तकनीक तेजी से युद्ध का परिदृश्य भी बदल रही है और 'तरंगशक्ति' के माध्यम से आप सभी इस दिशा में मजबूत पंखों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे तेजी से बदल रहे परिदृश्य के साथ आगे बढ़ना आज की जरूरत है। हमारे भारत को आजाद हुए 75 वर्ष से अधिक हो गए हैं। इस ऐतिहासिक घटना पर भारतीय वायु सेना की अब तक की भव्य उपलब्धियां पर जश्न मनाने का अवसर है। दूसरी ओर यह मौका हमारी वायु सेना की अब तक की यात्रा को भी याद करने का अवसर देता है। आज हम न केवल दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था हैं, बल्कि हमारे सशस्त्र बल दुनिया की सबसे ताकतवर सेनाओं में से एक माने जाते हैं।राजनाथ सिंह ने कहा कि 1947 में बंटवारे के बाद भारतीय वायु सेना के पास सिर्फ दो प्रकार के विमानों की महज 6 स्क्वाड्रन थी। इसी प्रकार युद्ध के बाकी साजो-सामान भी बड़े पुराने और गिनी-चुनी मात्रा में थे लेकिन आज दुनिया भर के श्रेष्ठ और आधुनिक विमान नई पीढ़ी के हथियारों के साथ वायु सेना ने अपने आप को ट्रांसफॉर्म किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी वायु सेना और हमारा रक्षा सेक्टर %आत्मनिर्भर भारत% के नए संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारा रक्षा क्षेत्र हथियार, प्लेटफॉर्म, विमान के निर्माण में स्वदेशीकरण की ओर मजबूत कदम बढ़ा चुका है। आज लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, राडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर में हम बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके हैं और इन क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं।

# बसपा के झूठे प्रचार की वजह से कांग्रेस यूपी व देश से उखड़ गई - उदित राज

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता उदित राज ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती पर गुरुवार को जमकर हमला बोला। उन्होंनेकांग्रेस को उत्तर प्रदेश और देश से उखाड़ने के लिए बसपा सुप्रीमो मायावती को जिम्मेवार ठहराया है।आज कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता में पार्टी नेता उदितराज ने कहा कि तीन-चार दशक से बसपा झूठा प्रचार करती रही, जिसका कांग्रेस ने जवाब नहीं दिया। इसकी वजह से कांग्रेस पहले उत्तर प्रदेश व बाद में देश से उखड़ गई। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। कांग्रेस के हर सवाल का जवाब बसपा सुप्रीमो को देना होगा। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती का राजनीतिक तौर पर खात्मा होने तक कांग्रेस उनसे सवाल पूछती रहेगी।कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि बसपा ने शुरू से ही कांग्रेस की आलोचना करके अपनी जमीन तैयार की, उसका अपना कोई भौतिक आधार नहीं रहा है।कभी उन्होंने पर्दाफाश रैली तो कभी थू-थू रैली निकाली और हमेशा बाबा साहब आम्बेडकर को आगे रखकर कांग्रेस पर भावानात्मक अत्याचार करती रही। उन्होंने कहा कि यहां तक कि बसपा झूठे प्रचार करती रही कि



कांग्रेस ने बाबा साहब को चुनाव में हराया व बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया।उन्होंने कहा कि जबकि कांग्रेस ने बाबा साहब के लिए जो किया वो किसी ने नहीं किया और ना कोई कर नहीं सकता है। अभी भी भ्रांति है कि बाबा साहब को संविधान सभा में आने से रोका गया यह दुष्प्रचार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब भारत का विभाजन नहीं हुआ था, तब बाबा साहब खुलना से जीत कर आए थे। विभाजन के बाद बाबा साहब की सदस्यता खत्म हो गई, तब कांग्रेस ने अपने एक प्रतिनिधि के स्थान पर बाबा साहब को संविधान सभा में लाई। यह बात बहुत लोगों को पता नहीं है। कांग्रेस ने इसलिए कभी नहीं बताया, क्योंकि कांग्रेस बाबा के सम्मान के वजह से चुप रही।उन्होंने कहा कि बाबा साहब जब संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष बने और तब उन्होंने अपने पहले भाषण में वे तो सदस्य बनना ही बहुत बड़ी बात समझ रहे थे। उन्हें तो यहां का चेयरमैन बना दिया गया। इसके बाद कांग्रेस ने उन्हें कानून मंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि नेहरू व बाबा साहब में हिंदू कोड बिल पर सहमति थी लेकिन कुछ मुद्दों पर मतभेद हुआ। परिस्थितियां ऐसी पैदा हुई कि उन्होंने त्याग पत्र दे दिया। इसके बाद भी राज्यसभा में भेजने में कांग्रेस ने मदद की बावजूद इसके भ्रम फैलाया गया। यह बसपा सुप्रीमो मायावती के लिए टॉनिक का काम किया।कांग्रेस नेता उदित राज ने आगे कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती चार बार मुख्यमंत्री बनने के बाद भी दलित वर्ग के लिए स्वास्थ्य, आरक्षण,जमीन और नौकरी के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। यहां तक कि पदोन्नति में आरक्षण लागू नहीं किया, जिसका डेढ़ लाख कर्मियों पर असर पड़ा। इसका असर उत्तराखंड पर पड़ाऔर वहां पर भी यह कानून लागू नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि 2006 में अनुसूचित जाति एवं परपरांगत वन निवासी नियम के तहत जो आदिवासी जमीन को जोत बो रहे हैं उन्हें जमीन का अधिकार मिलना चाहिए, उस दौरान यूपी में 92 हजार 402 आवेदन आए, लेकिन 81 प्रतिशत दावे अस्वीकार हो गए।

**● ● संजौली मस्जिद विवाद ● ●**

# लाठीचार्ज से भड़के कारोबारी, बाजार बंद कर जताया विरोध

**शिमला, (हि.स.)।** शिमला के उपनगर संजौली में विवादित मस्जिद को लेकर चल रहा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। संजौली में बुधवार को हुए उग्र प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस के लाठीचार्ज से नाराज कारोबारी गुरुवार को शहर की सड़कों पर उतर पड़े। लाठीचार्ज से गुस्साए कारोबारियों ने गुरुवार को अपनी दुकानें बंद रखीं। दरअसल, संजौली में मस्जिद में अवैध निर्माण के खिलाफ हिंदू समाज के उग्र प्रदर्शन में कई कारोबारी भी शामिल हुए थे। प्रदर्शनकारी कारोबारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इस लाठीचार्ज में कुछ कारोबारी चोटिल हुए हैं। इससे शहर के कारोबारियों में भारी आक्रोश है।



शिमला व्यापार मंडल के आहवान पर गुरुवार को शहर के सभी मुख्य बाजारों को आधे दिन के लिए बंद रखा है। शिमला का चर्चित मॉल रोड, लोअर बाजार, राम बाजार, कुसुंपटी, पंथाघाटी और लक्कड़ बाजार की दुकानें सुबह से बंद हैं।शिमला व्यापार मंडल के आहवान पर कारोबारियों ने गुरुवार को शेर-ए-पंजाब से लोअर बाजार होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक रोष रैली निकाली। प्रदर्शन कर रहे कारोबारियों ने एसपी शिमला को बर्खास्त करने के नारे लगाए। कारोबारियों का कहना है कि प्रदर्शन कर रहे हिंदुओं पर लाठीचार्ज करना सही नहीं है।विवादित मस्जिद की वजह से सुर्खियों में आया संजौली का पूरा बाजार लगातार दूसरे दिन बंद है। उपनगरों के व्यापार मंडलों ने भी लाठीचार्ज के खिलाफ दुकानें बंद रखी हैं। ढली, टुटू और बालूगंज उपनगरों में भी दुकानों पर ताले लटके हुए हैं।शिमला व्यापार मंडल के प्रधान संजीव ठाकुर ने कहा कि संजौली में हिंदू समुदाय पर हुए लाठीचार्ज की घटना के विरोध में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक दुकानें बंद रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि यह बंद केवल तीन घंटे के लिए है और इसके माध्यम से हम प्रशासन को अपनी आवाज़ पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संजौली में हुए लाठीचार्ज में स्थानीय कारोबारी व भाजपा के शिमला शहरी क्षेत्र से विधानसभा प्रत्याशी संजय सूद भी घायल हुए हैं। इनके मुंह पर चोटें लगी हैं।उन्होंने कहा कि संजय सूद समेत अन्य नेताओं पर लाठीचार्ज करना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि बाहरी राज्यों से आए ऐसे लागों पर सख्ती की जाए, जो बिना पहचान बताए यहां अपना कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि ऐसा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## संघ प्रमुख भागवत 'चारों वेदों के सुबोध भाष्य' के तृतीय संस्करण का करेंगे विमोचन

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पद्मविभूषित वेदमूर्ति श्रीपाद दामोदर सातवलेकर के द्वारा हिंदी में प्रणीत 'चारों वेदों के सुबोध भाष्य' के तृतीय संस्करण का विमोचन 18 सितंबर को आम्बेडकर इंटरनेशल सेंटर, नई दिल्ली में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत इस पुस्तक का विमोचन करेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वेदों के ज्ञान को विस्तार देने पर केंद्रित है, जिसमें वेदों से जुड़ी चर्चा भी की जाएगी।सातवलेकर को बचपन में ही संस्कृत और वेदों में रुचि थी। इस कारण सातवलेकर को वेदों का अध्ययन कराया गया था। वह वेदों का ज्ञान सब तक पहुँचाना चाहते थे, जिसमें सभी लोग बढ़ चढ़कर के भाग लें। अपने आध्यात्मिक ज्ञान के कारण सातवलेकर परिवार की समाज में बहुत प्रतिष्ठा थी। आचार्य चिंतामणि शास्त्री केलकर ने उन्हें संस्कृत व्याकरण में शिक्षित किया था। उन्होंने बहुत सारे राष्ट्रीय आंदोलन में भी भाग लिया।उल्लेखनीय है कि सातवलेकर 1936 में सतारा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और औंध रियासत के संघचालक बने। 16 वर्ष तक उन्होंने संघ का कार्य किया। संस्कृत भाषा के प्रचार का प्रथम अखिल कार्य सातवलेकर ने ही किया था ।

# भाजपा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना, कहा- अमेरिका में देश के खिलाफ बोल कर किया देशद्रोह

**सीजेआई के आवास पर प्रधानमंत्री के गणेश पूजा करने पर विपक्ष के नेता राजनीति कर रहे हैं - संबित पात्रा**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सिख समुदाय पर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) लगातार हमलावर है। भाजपा ने कहा कि राहुल ने अमेरिका में देश के खिलाफ बोल कर देशद्रोह किया है।गुरुवार को भाजपा मुख्यालय मे आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी का विपक्ष का नेता होने का अहंकार सिर्फ संसद में ही नहीं दिखता, उनकी मूर्खता भी संसद में दिखी। अमेरिका में उन्होंने देश का अपमान किया है। जो निंदनीय है। जिस तरह से उन्होंने अमेरिका में भारत का चित्रण किया है उससे करोड़ों भारतीय आहत हैं। राहुल गांधी ने अमेरिका में देशद्रोह किया है। उन्होंने विदेशी धरती पर जातियों और धर्मों को बांटने की कोशिश की। उन्होंने विदेशी देश में सिखों पर कठोर बयान दिया। यह देशद्रोह है और जब देशद्रोह हो तो %मूर्खता% जैसे शब्द का इस्तेमाल करना उचित नहीं है। क्योंकि यह सोची समझी रणनीति के तहत बोला गया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणेश पूजा के लिए जाने पर विपक्षी नेताओं की आलोचना पर संबित पात्रा ने कहा कि विपक्ष के नेता गणेश पूजा पर राजनीति कर रहे हैं। क्या लोकतंत्र के विभिन्न स्तंभों को एक साथ नहीं आना चाहिए? आपको प्रधानमंत्री के सीजेआई से मिलने पर आपत्ति है, लेकिन जब राहुल गांधी देश को बांटने वाले इल्हान उमर से मिलते हैं, जॉर्ज सोरोस से मिलते हैं तो कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उन्हें गणेश पूजा से समस्या है। उन्होंने पूछा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की इफ्तार पार्टियों में कई न्यायधीश शामिल नहीं हुए थे? कांग्रेस सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है।हिमाचल में संजौली मस्जिद विवाद पर संबित पात्रा ने कहा कि वह मस्जिद अनधिकृत है। कांग्रेस के नेता ने भी इसके खिलाफ आवाज उठाई है। स्थानीय नगर पालिका ने वैधता के कागजात दिखाने के लिए इसे 45 बार नोटिस दिया है। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन ने अभी तक कोई कागजात जमा नहीं किया है। लेकिन वहां पर इसका विरोध करने पर हिन्दुओं पर लाठी चलाई जा रही है। यही कांग्रेस का असली चेहरा है।

## प्रधानमंत्री के सीजेआई के घर गणेश पूजा के लिए जाने पर सियासत तेज, भाजपा ने विपक्ष को बताया गणेश पूजा विरोधी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गणेश पूजा के लिए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर जाने सियासत तेज हो गई है। विपक्षी नेताओं ने इसको लेकर सवाल उठाए हैं। वहीं, भाजपा ने इस पर पलटवार करते हुए विपक्ष से सवाल किए हैं कि इफ्तार पार्टी में प्रधानमंत्री की उपस्थिति की सराहना करने वाले आज गणपति पूजा के विरोध में खड़े हैं। इसलिए वे प्रधानमंत्री की आलोचना कर रहे हैं।इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि वही लोग जो इफ्तार में प्रधानमंत्री की उपस्थिति की सराहना करते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, जब वे प्रधानमंत्री मोदी को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणपति पूजन करते देखते हैं तो उनकी हिम्मत टूट जाती है। वे इसके विरोध में खड़े हो जाते हैं। दरअसल वे गणेश पूजा के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में करोड़ों भक्तों द्वारा पूजे जाने वाले देवताओं के सामने कार्यपालिका और न्यायपालिका की प्रार्थना भारतीय धर्मनिरपेक्षता की वास्तविक ताकत को दर्शाती है।इस बारे में शिव सेना (उद्धव ठाकरे) नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री मोदी और चीफ जस्टिस की मुलाकात को लेकर कहा कि अगर संविधान के रखवाले इस प्रकार से राजनीतिक नेताओं से मिलते हैं तो लोगों के मन में शंका पैदा हो सकती है।

# वियतनाम में यागी तूफान का कहर, छह दिन में 197 लोगों की मौत, ऑस्ट्रेलिया ने मदद भेजी



**हनोई, (हि.स.)।** वियतनाम में यागी तूफान ने पिछले छह दिन में जमकर कहर बरपाया है। इस शक्तिशाली तूफान से बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है। कई नदियां उफान पर हैं। चौतरफा बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। अब तक कम से कम 197 नागरिकों को इस तूफान निगल लिया। इससे राजधानी हनोई भी अछूती नहीं है। इस तूफान से सर्वाधिक तबाही उत्तरी वियतमान में हुई है।मलेशिया के समाचार पत्र द सन के अनुसार, वियतनाम के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि शनिवार को आए यागी तूफान के कारण हुए भूस्खलन और व्यापक बाढ़ से कम से कम 197 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। वियतनाम को तीन दशक में पहली बार ऐसे शक्तिशाली तूफान का सामना करना पड़ा है।इस समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के विदेशमंत्री पेनी वोंग ने तूफानी संकट का सामना कर रहे वियतनाम को को तीन मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मानवीय सहायता देने का वादा किया है। वोंग ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए विमान से जरूरत का सामान भिजवाया है।

# मेरठ में हवाई पट्टी की सुरक्षा में सेंध, हेलीकॉप्टर के पुर्जे खोले, अब होगी जांच

**मेरठ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की परतापुर हवाई पट्टी की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए वहां खड़े हेलीकॉप्टर के पुर्जे खोलने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद भी जब परतापुर थाने की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो एविएशन कंपनी के कैप्टन ने एसएसपी से मिलकर शिकायत की। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने इस मामले में सीओ ब्रह्मपुरी अंतरिक्ष जैन को जांच सौंप दी है। अभी तक की जांच में एविएशन कंपनी के दो पार्टनर के बीच विवाद का मामला सामने आया है।एसएआर एविएशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े पायलट रवींद्र सिंह कंपनी के शेयर होल्डर और डायरेक्टर भी हैं। पायलट ने एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा से मिलकर परतापुर हवाई पट्टी की सुरक्षा में सेंध लगने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी मेरठ एयरस्ट्रिप पर मेंटिनेंस के लिए हेलीकॉप्टर को भेजते हैं। कंपनी का एक हेलीकॉप्टर मेरठ हवाई पट्टी पर आया था। 10 मई 2024 को उसे हवाई पट्टी से एक मैकेनिक ने फोन कर बताया कि हवाई पट्टी पर खड़े उनके हेलीकॉप्टर से कुछ लोग पार्ट्स खोलने में लगे हैं। पायलट रविंद्र सिंह हवाई पट्टी पर पहुंचे तो कुछ लोग हेलीकॉप्टर खोलने में जुटे थे। रोकने पर उन लोगों ने पायलट पर हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची परतापुर थाना पुलिस आरोपितों को अपने साथ ले गई। इसके बाद फिर से आए ये लोग अपने साथ हेलीकॉप्टर के पार्ट्स को लादकर ले गए। परतापुर पुलिस से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए बुधवार को एसएसपी से शिकायत की गई।एसएसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ ब्रह्मपुरी अंतरिक्ष जैन को पूरे मामले की जांच सौंप दी है। एसएसपी के अनुसार यह घटना चार महीने पुरानी है। प्रथम दृष्ट्या मामला एविएशन कंपनी के दो पार्टनर के बीच का लग रहा है। किसी विवाद को लेकर दोनों का झगड़ा है। यह हेलीकॉप्टर लूट की घटना नहीं है। अंतरिक्ष जैन के अनुसार एसएसपी के आदेश पर जांच की जा रही है। पीड़ित ने 10 मई की घटना की शिकायत अब क्यों की है, यह भी एक सवाल है। पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।



# आरजी कर कांड- तृणमूल विधायक सुदिप्त रॉय के घर सीबीआई की छापेमारी, निजी अस्पताल में भी तलाशी



**कोलकाता, (हि.स.) ।** आरजी कर अस्पताल कांड में अब तृणमूल कांग्रेस विधायक सुदिप्त रॉय की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गुरुवार दोपहर एक बजे के आसपास केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने सुदिप्त रॉय के सिंथी मोड़ के पास बीटी रोड स्थित घर पर छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान भी मौजूद थे। साथ ही, सुदिप्त रॉय के स्वामित्व वाले निजी अस्पताल में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।सुदिप्त रॉय श्रीरामपुर से तृणमूल कांग्रेस के विधायक हैं और आरजी कर अस्पताल के रोगी कल्याण समिति के चेयरमैन भी हैं। इसके अलावा वे पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड के सदस्य और पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। जब सीबीआई अधिकारियों ने उनके घर पर छापेमारी की, उस समय सुदिप्त अपने घर के निचले तल के कार्यालय में ही मौजूद थे।सीबीआई का यह छापेमारी अभियान आरजी कर अस्पताल में हुई महिला डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के मामले की जांच को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार इस मामले में सुदिप्त रॉय का बयान भी दर्ज किया जाएगा।

# आरजी कर अस्पताल में बम की दहशत, डॉक्टरों के धरना स्थल के पास मिला संदिग्ध बैग

**कोलकाता,(हि.स.) ।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में गुरुवार सुबह एक संदिग्ध बैग मिलने से दहशत फैल गई। यह बैग अस्पताल परिसर में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टरों के मंच के पास पाया गया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बम स्क्वॉड को तत्काल सूचना दी गई।गुरुवार सुबह जब आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर रोज़ की तरह धरना स्थल पर बैठे थे, तभी अचानक उन्होंने मंच के पास एक बड़ा बैग पड़ा देखा। बार-बार पूछने के बावजूद उस बैग के मालिक का पता नहीं चल पाया। इसके बाद यह अफवाह फैल गई कि बैग में बम हो सकता है, जिससे वहां मौजूद लोग डर के मारे धरना स्थल से हट गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत बम स्क्वॉड को बुलाया गया।उल्लेखनीय है कि आरजी कर अस्पताल पिछले एक महीने से ज्यादा समय से एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले के कारण चर्चा में है। नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हॉल में उस महिला डॉक्टर का रक्तरंजित शव पाया गया था। इस जघन्य अपराध के आरोप में उसी रात एक सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया था। बाद में यह मामला कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंप दिया गया। इस घटना के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए पूरे राज्य में लोग सड़कों पर उतरे हैं।



# आरजी कर घोटाला मामले में तीन स्थानों पर ईडी की छापेमारी



**कोलकाता, (हि.स.)।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को कोलकाता में तीन स्थानों पर छापेमारी की। इनमें आरजी कर के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष के पैतृक निवास सहित अन्य स्थान शामिल हैं।सूत्रों के अनुसार, जिन तीन स्थानों पर छापेमारी की गई उनमें उत्तरी कोलकाता के न्यू टाउन स्थित संदीप घोष का पैतृक निवास, उत्तर कोलकाता के टाला इलाके में चंदन लौह का निवास और कालिंदी में एक केमिस्ट और ड्रगिस्ट की दुकान शामिल है। ईडी की तीनों टीमों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के जवानों द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई।सूत्रों ने बताया कि चंदन लौह, संदीप घोष का करीबी सहयोगी है और उसने आरजी कर परिसर में एक कैफेटेरिया को अवैध रूप से चलाया था, जो कि घोष के संरक्षण में संचालित हो रहा था।दूसरी ओर, कालिंदी में जिस केमिस्ट और ड्रगिस्ट की दुकान पर छापा मारा गया, वह आरजी कर प्राधिकरणों के साथ व्यापारिक लेन-देन से जुड़े दस्तावेज़ों के आधार पर की गई कार्रवाई थी, जो उस समय हुई थी जब घोष अस्पताल के प्रधानाचार्य थे।उल्लेखनीय है कि ईडी के साथ-साथ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी इस वित्तीय अनियमितता मामले में समानांतर जांच कर रही है। हालांकि, सीबीआई की जांच न्यायालय के आदेश के तहत और न्यायालय की निगरानी में चल रही है, जबकि ईडी ने इस मामले में स्व-प्रेरित प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज कर स्वतः जांच शुरू की है।सूत्रों ने बताया कि अब तक की जांच में ईडी ने कई खामियों की पहचान की है, जिनके माध्यम से वित्तीय अनियमितताएं की गईं। विशेष रूप से कई शेल कंपनियों की भूमिका, जिनका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति या किसी बुनियादी ढांचे के रखरखाव अनुबंध के लिए किए गए टेंडरों में हेरफेर करने के लिए किया गया। ईडी के पास इस बात के भी साक्ष्य हैं कि संदीप घोष ने टेंडर देने के लिए अवैध रूप से कमीशन के रूप में बड़ी रकम अर्जित की थी।

# भाजपा के जन संपर्क अभियान में पहुंचे भूपेंद्र चौधरी, दिलाई सदस्यता

- कैंट विधानसभा के बूथ संख्या 245 पर उन्होंने घर-घर संपर्क किया। लोगों से भाजपा से जुड़ने की अपील की



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी शामिल हुए। कैंट विधानसभा के बूथ संख्या 245 पर उन्होंने घर-घर संपर्क किया। लोगों से भाजपा से जुड़ने की अपील की।

भूपेंद्र चौधरी ने 2 दर्जन से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ष्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर को सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया था। हमारे जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता लगातार गांव, मोहल्ले में घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ रहे हैं। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा अपने सभी संकल्पों को पूरा कर रही है। इसीलिए भाजपा के प्रति लोगों का अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाएं गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के लिए हैं। देश मजबूत हो रहा है।

भाजपा की सरकारें देशहित में काम कर रहीं हैं। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि लोग भाजपा से अपनी स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाने के लिए टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल करने को कहा, साथ ही नमो ऐप के माध्यम से भी लोगों को पार्टी से जोड़ा। जिन लोगों के पास स्मार्टफोन नहीं था उनको मिस्ड कॉल में प्राप्त सदस्यता क्रमांक संख्या व अन्य जानकारियां फार्म में भरवा कर भाजपा परिवार का सदस्य बनाया।

# अटल आवासीय विद्यालयों का होगा विस्तार

- 825 विकासखंडों में बनाएंगे अटल आवासीय जैसे विद्यालय
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का किया शुभारंभ
- सीएम योगी ने कहा- चरणबद्ध तरीके से आवासीय विद्यालयों का करेंगे विस्तार,बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का बनेंगे माध्यम



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी।

यही नहीं, उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी। इससे पूर्व सीएम योगी ने कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। वहीं सीएम ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किया। इसके अतिरिक्त विज्ञान रत्न और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अग्रणी छात्रों को भी सीएम ने पुरस्कार प्रदान किया। वहीं, छात्रों ने सीएम योगी के स्वागत में नृत्य प्रस्तुतियां देकर उनका दिल जीत लिया।


**बिना भेदभाव समाज के हर तबके को मिल रही उत्तम शिक्षा:** सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति हो या समाज, उसे सुशिक्षित किए बगैर आप सभ्य और समर्थ समाज और राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते। सीएम योगी ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता का मानक बने। बिना भेदभाव के समाज के हर तबके के बच्चे को उसकी जाति, चेहरा, क्षेत्र और भाषा पूछे बगैर देश, समाज, सरकार के संसाधनों पर अधिकार मिलना चाहिए। इसी अधिकार का अहसास दिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय को शिक्षा के एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। सीएम ने कहा कि अभी औपचारिक रूप से एक क्लास रूम में बच्चों के साथ इंटरैक्शन का अवसर मिला। प्रतिभा जाति, मत और मजहब की बंधक नहीं होती। प्रतिभा कहीं भी पैदा हो सकती है, उसको सिर्फ एक मंच देना है।

### अभाव और अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन

अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी कहते थे कि जो समाज अशिक्षा और अभाव का सफलतापूर्वक मुकाबला कर ले उसको सुरक्षित और समृद्ध होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। ये अभाव और अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। अभाव आता है गरीबी से, अकर्मण्यता से, अराजकता से, भ्रष्टाचार से, आपसी बंटवारा से और जहां भी भ्रष्टाचार होगा, अराजकता होगी, अभाव होगा, वहां पर जंगलराज भी होगा, अव्यवस्था होगी, असुरक्षित माहौल होगा, किसी का सम्मान नहीं होगा। वहीं, जब समाज को सही दिशा में नेतृत्व न मिले तो अशिक्षा जैसी बीमारियां तेजी के साथ फैलती हैं और समाज का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आता है। ऐसे में गरीबी, भुखमरी, अभाव ये सारी विकृतियां समाज में देखने को मिलती हैं। श्रद्धेय अटल जी को एक व्यापक जीवन का अनुभव था और उस अनुभव को उन्होंने अपने शब्दों से, अपने काव्यों के माध्यम से और जब सरकार में आने का अवसर प्राप्त हुआ तो इन बुराइयों से लड़ने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य किया था।

# माफिया जेल में या छोड़ चुके प्रदेश: ओपी राजभर

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश में आज चारो ओर शांति और कानून व्यवस्था का माहौल है। अगर कोई इसके साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जा रही है। माफिया आज या तो जेल में है, या वह प्रदेश छोड़कर जा चुका है।

यह बात सूबे के पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर ने गुरुवार को अलीगढ़ में कही। वह अलीगढ़ के खैर में जनसभा करने के लिए आए थे, लेकिन लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण उनकी जनसभा स्थगित हो गई। जिसके बाद उन्होंने सर्किट हाउस में ही पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके स्थितियों का जायजा लिया। प्रदेश के पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि वर्तमान सरकार में पूर्ण पारदर्शिता ओर निष्पक्षता के साथ युवाओं को नौकरी दी जा रही है। स्वरोजगार स्थापना के लिए शिक्षित युवाओं को मेलों एवं शिविरों के माध्यम से लोन भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के साथ देश में आतंकवादी घटनाओं पर विराम लगा है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ है, माफियाओं में दहशत है। वर्तमान सरकार का मकसद विकास करना है, और हम जनहित में निरंतर विकास कर रहे हैं। गरीबों को राशन, बच्चों को गुणवत्तापरक मुफ्त शिक्षा, निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। मंत्री ओपी राजभर ने पंचायतीराज विभाग के जरिए हर गॉव में पंचायत भवन बनाए जाने की बात कही। इसके साथ ही यहां पंचायत सहायकों की तैनाती की भी जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में लोगों को किसी तरह की परेशानी बिल्कुल भी न हो। ग्रामीणों को प्रमाणपत्रों के लिए परेशान न होना पड़े। बजुर्गों, दिव्यांगों एवं निराश्रित महिलाओं को पेंशन फार्म भरवाने के लिए गांव से बाहर न जाना पड़े। इसके लिए गांव में ही समुचित व्यवस्था रहे। पंचायतीराज विभाग की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले, किसी भी व्यक्ति को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने में कार्यालयों के चक्कर न लगाने पडें। इसके साथ ही उन्होंने विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के भी जल्द निस्तारण की बात कही।

इस दौरान जिला महामंत्री शिव नारायण शर्मा, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी समेत अन्य अधिकारी व पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सिद्धार्थनगर में छात्रावासों के कायाकल्प के लिए मिला बजट, बेहतर होंगी सुविधाये

- शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण सुधार सरकार की प्राथमिकता- असीम अरुण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग की ओर से जनपद सिद्धार्थनगर में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाओं को और अधिक बेहतर किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 97.78 लाख रुपए जारी किये हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बताया कि जारी धनराशि से छात्रावास की सुविधाओं को और अधिक बेहतर किया जाएगा, ताकि वहां रहने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। समाज कल्याण मंत्री बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों तक सुविधाओं का लाभ बेहतर तरीके से पहुंच सके। योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के साथ ही छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है। सिद्धार्थनगर के सकतपुर, सनई और घरुवार, बढ़नी में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में छात्रावास भवन के मरम्मत के साथ रंगाई-पुताई के कार्य, आन्तरिक सीवर कार्य, एवं पेयजल, इलेक्ट्रिक संबंधित कार्य कराने के लिए 97.78 लाख रुपये प्रदान किये गये हैं।

# डकैतों को संरक्षण देती है समाजवादी पार्टी

- अखिलेश के आरोपों पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का पलटवार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** सुलतानपुर डकैती और मंगेश यादव एनकाउंटर पर यूपी पुलिस द्वारा भले की स्थिति साफ कर दी हो लेकिन विपक्ष अभी भी लगातार यूपी सरकार पर हमला बोल रहा है। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर यूपी सरकार और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। इस पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी अखिलेश पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, सपा की पहचान अपराधी तत्वों को संरक्षण देने के तौर पर रही है और वास्तव में सपा के डीएनए में ही गुंडई और अराजकता है।

उन्होंने कहा, अखिलेश यादव सुल्तानपुर में सर्राफा कारोबारियों के यहां लूट के आरोपियों की तरफदारी कर रहे हैं। इससे साफ दिख रहा है कि उनकी पार्टी डकैतों को संरक्षण देने का काम रही है। सपा ने हमेशा ही अपराधियों को संरक्षण दिया है। सपा पीड़ितों के साथ खड़े होने के बजाय अपराधियों के साथ है। उन्होंने कहा कि सपा अपराधियों को बचाने का काम करती है। सपा जाति का भ्रमजाल फैला कर अपराधी तत्वों को संरक्षित करने का काम कर रही है। सुल्तानपुर की घटना में वांछित बदमाशों के कब्जे से ढाई किलो सोना बरामद हुआ है। श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश में 2017 के बाद से भाजपा की सरकार में क़ानून व्यवस्था सही हुई है।

कारोबारी आज सुरक्षित महसूस कर रहा है। आज हर वर्ग प्रदेश की नीति को आगे बढ़ाने में लगा है। उन्होने कहा कि सपा की सरकार में गंज के एक पुलिस अधिकारी को लखनऊ की सड़क पर घुमाया गया था। लोहियावाहिनी के गुंडों ने जीप को कप्तान के आवास पर खड़ा कर दिया था। आज तक उस घटना में कितने लोगो को सजा हुई सपा को बताना चाहिए। मथुरा के जवाहरबाग कांड को कोई नहीं भूला है। सपा के संरक्षण में कई दिन तक वहाँ गोलियां चली थीं। मुज़फ़्फ़रनगर कांड में सपा ने किसी की गिरफ़्तारी नहीं की थी।

सपा के लोग प्रदेश पर रोड रोलर चलाने का काम करते है। बहू बेटियों पर सबसे ज़्यादा अत्याचार सपा सरकार में हुआ हैं। पाठक ने सवालिया अंदाज में कहा कि असलहे के बल पर लूट पर अखिलेश यादव क्या श्वेत पत्र जारी करेंगे। कन्नौज में सपा नेता की शर्मनाक करतूत को पूरा प्रदेश अच्छी तरह जान गया है। लखनऊ के चिनहट में गणेश प्रतिमा पर हुये पथराव पर उन्होने कहा, हम किसी हालत में ऐसा नहीं होने देगें जो ऐसा करेगा उसको सजा होगी।

# प्रमोद तिवारी ने सीताराम येचुरी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की

- शोक संवेदना व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा ने भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव, तथा पूर्व राज्य सभा सांसद स्व. सीताराम येचुरी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके परिजनों, समर्थकों एवं शुभ चिन्तकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। श्री तिवारी ने कहा है कि स्व. सीताराम येचुरी जी का जीवन सादगी से भरा हुआ था और वे मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे, उनका जीवन समाज के लोगों के लिये हमेषा समर्पित रहा है। राज्य सभा में सांसद के रूप में वे अपनी बातों को मुखर होकर रखते थे, और अपनी वाकपटुता के कारण वे संसद का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर लेते थे। स्व. सीताराम येचुरी जी जहॉं एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी थे वहीं वे एक अच्छे लेखक भी थे उन्होंने कई पुस्तके भी लिखी हैं, उनके निधन से जहॉं मैने अपना एक सच्चा हितैषी खो दिया है वहीं जनता ने अपना एक शुभचिन्तक एव मसीहा खो दिया है, देश का एक देदीप्यमान नक्षत्र सदा सर्वदा के लिये अस्त हो गया, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं होगी।

मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि स्व. सीताराम येचुरी जी की आत्मा को चिरषांति प्रदान करें, तथा उनके परिजनों एवं शुभचिन्तकों व समर्थकों को एक असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# सुरक्षा-व्यवस्था क्या छुट्टी पर गई है हेलीकॉप्टर का सामान चोरी होने पर अखिलेश का भाजपा सरकार से सवाल

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर भाजपा सरकार को घेरा। मेरठ में हवाई पट्टी से हेलीकॉप्टर का सामान चोरी होने पर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। सोशल मीडिया एक्स प्लेटफॉर्म पर अखिलेश यादव ने लिखा, उप्र में अब तक अपराधी केवल हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म से भाजपा की क़ानून-व्यवस्था का पुर्ज़ा- पुर्ज़ा खोल रहे थे लेकिन अब तो मेरठ में सच में हैलीकाप्टर का पुर्ज़ा- पुर्ज़ा खोलकर ट्रक पर लादकर ले जाने की ख़बर आयी है। ये हवाईपट्टी की सुरक्षा का भी सवाल है। क्या वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था छुट्टी पर गयी है।

बतादें कि अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर लगातार निशाना साधते आ रहे हैं। कभी यूपी पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हैं तो कभी भाजपा सरकार की कमियां बताते हैं। अभी हाल में सुलतानपुर में हुए एनकाउंटर पर भी अखिलेश यादव ने यूपी सरकार को जमकर घेरा था। जिसको लेकर वार-पलटवार आज भी जारी है। अखिलेश ने यूपी पुलिस की कार्रवाई को गलत बताते हुए हत्या करने का आरोप लगाया था। हालांकि अखिलेश यादव के इस आरोप को यूपी पुलिस के मुखिया पूरी तरह से निराधार करार दे चुकी है।

करीब तीन महीने पहले कुछ लोगों ने मेरठ की हवाई पट्टी पर पहुंचकर यहां खड़े हेलीकॉप्टर में छेड़छाड़ की थी।

हेलीकॉप्टर वीटी टीबीबी के पीआईसी कैप्टन रविंद्र सिंह ने एसएसपी को बताया कि उनके पास हवाई पट्टी से एक मैकेनिक का फोन आया था। मैकेनिक ने कहा था कि कुछ लोग जबरन अंदर घुस आए हैं।

### अयोध्या में भूमि घोटाला

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं और सरकारी अधिकारियों पर अयोध्या में एक बड़े भूमि घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां पार्टी के एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में आरोप लगाया कि अयोध्या में भूमि घोटाला सत्ता में बैठे लोगों द्वारा संचालित भ्रष्टाचार का ही एक व्यापक रूप है। इससे पहले 10 जुलाई को भी यादव ने अयोध्या में बाहरी लोगों को कथित तौर पर जमीन बेचने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर हमला किया था और अरबों रुपये के घोटाले का दावा करते हुए इन भूमि सौदों की गहन जांच की मांग की थी। अखिलेश यादव ने कहा, अधिकारी और भाजपा के लोग लूट में लगे हुए हैं और जहां चोरी होगी, वहां विकास नहीं होगा। अयोध्या में लूट की काली सच्चाई को उजागर करने के लिए मैं अपने पार्टी नेताओं को धन्यवाद देता हूं। अगर वे अयोध्या जैसे पवित्र स्थान पर ऐसी चोरी कर सकते हैं तो कल्पना करें कि उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में और कितनी चोरी हो रही होगी।

# तहसील परिसर में सपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

- जौनपुर के मंगेश यादव व रायबरेली के अर्जुन पासी के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा सहित दस सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**मोहनलालगंज।** समाजवादी छात्र सभा के राष्टीय महासचिव मनोज पासवान के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता व वीरांगना ऊदादेवी गौरव मंच के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को मोहनलालगंज तहसील परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। जौनपुर के मंगेश यादव व रायबरेली के अर्जुन पासी के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा सहित दस सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान सपा के पूर्व विधायक अम्बरीश सिंह पुष्कर ने कहा कि भाजपा के लोग कानून व संविधान नहीं मानते। भाजपा शासन काल में दलित, पिछड़ों व अल्पसंख्यक पर उत्पीड़न की रिपोर्ट नहीं दर्ज की जा रही है। सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने कहा कि सपा उत्पीड़न के खिलाफ लड़ती रहेगी। मनोज पासवान ने कहा कि जौनुपर में मंगेश यादव व रायबरेली के अर्जुन पासी की हत्या की गई है। उनके परिजनों को एक-एक करोड़ रुपया मुआवजा दिया जाए। भूमिहीन दलित परिवारों को आवास आंवटित किया जाए। सरकारी नौकरियों में निजीकरण बंद किया जाए। गोसाईगंज ब्लॉक के गोमीखेड़ा व मोहनलालगंज के दीवानगंज में पुल निर्माण कराया जाए।

# यूपी बीजेपी में बड़ा एक्शन, 75 में से 73 जिलों के प्रभारी मंत्री बदले

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद पहली बार यूपी में भाजपा ने बड़ा एक्शन लिया है। यूपी के 75 में से 73 जिलों के प्रभारी मंत्रियों को बदल दिया गया है। गुरुवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सभी मंत्रियों की बैठक भी बुलाई थी। इसी बैठक के बीच ही यह फैसला लिया गया है। फिलहाल दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक को कोई जिला नहीं दिया गया है। लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन और आने वाले उपचुनाव को देखते हुए प्रभारियों का बदलाव किया गया है। केवल पीलीभीत और मिर्जापुर जिलों में बदलाव नहीं किया गया है। पीलीभीत के प्रभारी मंत्री बलदेव औलख और मिर्जापुर के नंद गोपाल नंदी ही प्रभारी रहेंगे।

खास जिलों की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की जिम्मेदारी जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को दी गई है। उन्हें अमेठी का भी जिम्मा मिला है। अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही को अब लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। अखिलेश यादव के इलाके मैनपुरी की जिम्मेदारी प्रदेश के शिक्षा मंत्री और कल्याण सिंह के बेटे संदीप सिंह को दी गई है। इसी तरह योगी के जिले गोरखपुर की जिम्मेदारी संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना को मिली है। उनके पास अंबेडकरनगर का भी प्रभार रहेगा।

**किस मंत्री को मिली कौन से जिले की जिम्मेदारी:** सूर्य प्रताप शाही पहले अयोध्या-आजमगढ़ अब लखनऊ-संतकबीर नगर। सुरेश खन्ना पहले गोरखपुर-लखनऊ अब गोरखपुर-अंबेडकरनगर। स्वतंत्रदेव सिंह पहले प्रयागराज-बांदा अब वाराणसी-अमेठी। बेबी रानी मौर्य पहले झांसी-कानपुर देहात अब बुलन्दशहर- शामली। लक्ष्मी नारायण चौधरी पहले अलीगढ़-इटावा अब मेरठ-बागपत

जयवीर सिंह पहले वाराणसी-बरेली अब प्रयागराज-रायबरेली। धर्मपाल सिंह पहले मेरठ-संभल अब लखीमपुर खीरी-श्रावस्ती। नन्द गोपाल गुप्ता नंदी पहले कानपुर नगर-मिर्जापुर अब मिर्जापुर-चन्दौली। अनिल राजभर पहले गोण्डा-मऊ अब आजमगढ-कुशीनगर। राकेश सचान पहले बस्ती-फतेहपुर अब जौनपुर-गाजीपुर। अरविंद कुमार शर्मा पहले आगरा-सिद्धार्थनगर अब बस्ती-महाराजगंज। योगेन्द्र उपाध्याय पहले सहारनपुर-फर्रुखाबाद अब झांसी-कासगंज। आशीष पटेल पहले लखीमपुर खीरी-सुल्तानपुर अब फर्रूखाबाद-कन्नौज। संजय निषाद पहले बहराइच-औरैया अब कौशाम्बी-सिद्धार्थनगर। ओम प्रकाश राजभर पहले कोई नहीं अब देवरिया-भदोही। दारा सिंह चौहान पहले कोई नहीं अब फतेहपुर-बलिया। सुनील कुमार शर्मा पहले कोई नहीं अब अलीगढ़-फिरोजाबाद। अनिल कुमार पहले कोई नहीं अब अमरोहा-चित्रकूट

**स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्रियों को मिले जिले:** नितिन अग्रवाल पहले बलरामपुर-शाहजहांपुर अब शाहजहांपुर-मुरादाबाद। कपिल देव अग्रवाल पहले बिजनौर-हापुड़ अब आगरा-सहारनपुर। रवीन्द्र जायसवाल पहले सोनभद्र-गाजीपुर अब प्रतापगढ-हमीरपुर। संदीप सिंह पहले मथुरा-कासगंज अब औरैया-मैनपुरी। गुलाब देवी पहले बदायु अब हापुड़। गिरीश चन्द्र यादव पहले अंबेडकरनगर-अमेठी अब इटावा-सीतापुर। धर्मवीर प्रजापति पहले जालौन अब बांदा। जेपीएस राठौर पहले रामपुर-हरदोई अब गाजियाबाद-रामपुर। दयाशंकर सिंह पहले उन्नाव-देवरिया अब कानपुर नगर। नरेन्द्र कश्यप पहले शाहजहांपुर-चित्रकूट अब बरेली। दिनेश प्रताप सिंह पहले जौनपुर-महोबा अब अयोध्या (फैजाबाद)। अरुण कुमार सक्सेना पहले बुलंदशहर अब गौतमबुद्ध नगर। दयाशंकर दयालु पहले महाराजगंज अब गोंडा

**राज्यमंत्रियों को मिले जिले:** मयंकेश्वर सिंह पहले सीतापुर अब बाराबंकी। दिनेश खटिक पहले शामली अब बदायूं। संजीव गौड़ पहले चन्दौली अब बहराइच। बलदेव ओलख पहले पीलीभीत अब भी पीलीभीत। अजीत सिंह पाल पहले फिरोजाबाद अब सुल्तानपुर। जसवन्त सैनी पहले बागपत अब एटा। रामकेश निषाद पहले ललितपुर अब सोनभद्र। मनोहरलाल मुन्नु कोरी पहले हमीरपुर अब जालौन।

संजय गंगवार पहले अमरोहा अब ललितपुर। बृजेश सिंह पहले गौतमबुद्धनगर अब मुजफ्फरनगर। केपी मलिक पहले एटा अब बिजनौर। सुरेश शाही पहले कौशाम्बी अब बलरामपुर। सोमेन्द्र तोमर पहले मुजफ्फरनगर अब मथुरा। प्रतिभा शुक्ला पहले रायबरेली अब हरदोई। राकेश राठौर पहले श्रावस्ती अब महोबा। रजनी तिवारी पहले कन्नौज अब उन्नाव। सतीश शर्मा पहले कुशीनगर अब कानपुर देहात। दानिश आजाद अंसारी पहले भदोही अब मऊ। विजय लक्ष्मी गौतम पहले कोई नहीं अब सन्तकबीर नगर।

# मोदी सरकार की हर कदम पर अदूरदर्शिता से देश की साख पर लगातार बटटा लग रहा

लोकमित्र ब्यूरो



**मोहनलालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार की हर कदम पर अदूरदर्शिता से देश की साख पर लगातार बटटा लग रहा है। उन्होने कहा कि डालर के मुकाबले रूपये में गिरावट देश की बिगडती अर्थव्यवस्था का खतरनाक पहलू है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने केन्द्र पर हमलावर होते हुए कहा कि चौपट हो रही अर्थव्यवस्था का सबसे खराब प्रभाव कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ रहा है।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने केन्द्र व राज्य सरकार की खामियों पर जमकर हमला बोला। उन्होने कहा कि किसान न तो सही बीज पा रहा है और न ही उसे फसल की कीमत में लागत ही मिल पा रही है। वहीं उन्होनें मणिपुर में पिछले डेढ़ साल से लगातार न थमने वाली हिंसा को देश की सुरक्षा के लिए गंभीर बताया। उन्होनें कहा कि मणिपुर में पीएम मोदी जिस तरह से गैरजबाबदेह दिख रहे हैं उससे सामरिक दृष्टि से इस संवेदनशील राज्य को लेकर देश चिन्तित है। उन्होनें तंज कसा कि प्रधानमंत्री रूसए यूक्रेन की परवाह की जगह बेहतर होता पहले मणिपुर की सर्वोच्च चिन्ता करते। वही उन्होने चीन को लेकर भारतीय निर्यात की नीति पर भी केन्द्र सरकार की तगडी घेराबंदी की। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि चीन का भारतीय बाजार में कमाई का औसत रोज बढ़ रहा है। विपक्ष के उपनेता ने कहा कि चीन सीमा पर चार हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय भूभाग पर कब्जा जमाए हुए है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री इसके बावजूद चीन के पीएम को झूला झुला रहे हैं। वार्ता के दौरान उन्होने उत्तर प्रदेश मे हाल ही मे इलाज के अभाव में मजबूर पिता द्वारा अपने मासूम बेटे को बेंचने की घटना पर भी भाजपा को कटघरे मे खडा किया।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे अधिकारी संघ के मंडल अध्यक्ष बने अजय कुमार सुमन

**लखनऊ।** एनई रेलवे प्रमोटी अधिकारी संघ लखनऊ मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को मंडल कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान कार्यकारिणी के खाली पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सुमन को बनाया गया। जबकि संगठन मंत्री दयाराम, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, सहायक सचिव आशीष शुक्ला और संघ के संरक्षक के रूप में अरुण कुमार सिंह को सर्व सहमति से चुना गया। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष महेश गुप्ता ने सभी नवचयनित पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस विशेष अवसर पर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहायक वाणिज्य प्रबंधक जगतारा संगम के स्थानांतरण पर उन्हें विदाई भी दी। बैठक के दौरान संघ के सचिव दीपक कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रेल प्रशासन के हित में हम सभी को समन्वय और अपनी सीमाओं व अधिकारों को ध्यान में रखते हुए कार्यों का निस्तारण करना चाहिए।

### आशियाना में टेंट कारोबारी की खड़ी कार धू-धूकर जली

**लखनऊ।** आशियाना के पावर हाउस चौराहे के पास खड़ी कार में गुरुवार को आग लग गई। आसपास के लोगों ने पानी डालकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। पुलिस के मुताबिक आशियाना के पुराना किला निवासी दिनेश अग्रवाल पावर हाउस चौराहे के पास टेंट हाउस चलाते हैं। उन्होंने गुरुवार सुबह टेंट हाउस के बाहर अपनी कार खड़ी की थी। कुछ देर बाद कार के इंजन से लपट निकलने लगी। दमकल पहुंचने से पहले ही आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है।

### दहेज नहीं मिलने पर पत्नी को दे दिया तीन तलाक

**लखनऊ।** अलीगंज कोतवाली में महिला ने पति के खिलाफ तीन तलाक देने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि दहेज में एक लाख रुपये नहीं मिलने पर उसके साथ मारपीट भी की गई थी। सेक्टर-एल निवासी महिला का निकाह एक वर्ष पहले बालागंज निवासी मो. इमरान से हुआ था। आरोप है कि ससुराल पहुंचते ही महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। सास और ननद अक्सर गालीगलौज करते हुए कम दहेज लाने पर ताने देती थीं। इमरान ने भी उसकी नहीं सुनी। पीड़िता के मुताबिक 24 मार्च को एक लाख रुपये लाने का दबाव डाला गया। मांग पूरी नहीं होने पर खौलता हुआ तेल फेंका गया, जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गई। वह अस्पताल से इलाज करा कर घर लौटी। इसके कुछ वक्त बाद ही इमरान ने तीन तलाक दे दिया। इंस्पेक्टर अलीगंज विनोद तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### युवक का अपहरण कर चलती एसयूवी में पीटा

**लखनऊ।** रहीमाबाद भुलभुलाखेड़ा के पास से एसयूवी सवार बदमाशों ने निर्माण कम्पनी की ड्यूटी से लौट रहे युवक का अपहरण कर लिया। गाड़ी में बंधक बनाकर मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया। देर रात ठाकुरगंज घसियारी मंडी के पास कथित अपहर्ताओं को चकमा देकर युवक भाग निकला। एक ई-रिक्शा ड्राइवर की मदद से पिता और दोस्त को फोन कर वारदात की सूचना दी। इसके बाद रहीमाबाद पुलिस की मदद से युवक को वापस लाया गया। पिता ने रहीमाबाद कोतवाली में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्नाव औरास निवासी रुबीन लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर फ्लाईओवर का निर्माण करा रही एक फर्म में काम करता है। पीड़ित के मुताबिक बुधवार शाम करीब छह बजे वह बाइक से घर लौट रहा था। रहीमाबाद मुंशीखेड़ा के करीब काले रंग की स्कॉर्पियो ने ओवरटेक कर बाइक रोक ली। गाड़ी में ड्राइवर समेत तीन लोग थे, जिन्होंने मारपीट करते हुए उसे स्कॉर्पियो में बैठा लिया। बाइक मौके पर ही छूट गई। रुबीन के मुताबिक दो लोग उसे रास्तेभर पीटते रहे। आरोपितों ने रुबीन से कहा कि तुम्हें जान से मार देंगे। पीड़ित के मुताबिक अपहर्ताओं ने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया था, जिसकी वजह से वह मदद भी नहीं मांग सका। देर रात ठाकुरगंज घसियारी मण्डी के पास आरोपितों ने स्कॉर्पियो रोकी, तभी रुबीन मौका पाकर भाग निकला और एक दुकान के पीछे छिप गया। अपहर्ताओं के जाने के बाद उसने ई-रिक्शा ड्राइवर से फोन मांग कर पिता रजा हुसैन और दोस्त को कॉल की। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि रुबीन के पिता रजा हुसैन ने तहरीर दी है। अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। आगरा एक्सप्रेसवे जीरो प्वाइंट और उसके पास लगे सीसी कैमरों की फुटेज भी निकलवाई गई है। शुरुआती पूछताछ में रुबीन और उसके पिता ने रंजिश से इनकार किया है। अपहरणकर्ताओं ने फिरौती के लिए फोन नहीं किया। मजदूरी से मिले रुपये भी रुबीन के पास थे। मोबाइल छीनने की बात रुबीन ने कही थी पर वह भी उसके पास ही मिला। ऐसे में अपहरण का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा। रुबीन के बयानों में भी विरोधाभास है। जांच की जा रही है।

### तेज बारिश के बीच पीसीएफ कर्मचारियों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आलम बाग स्थित इको गार्डन में यूपी को-ऑपरेटिव फेडरेशन कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी है। विगत तीन दिनों से कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। तेज बारिश में भी प्रदेश भर से आए हुए कर्मचारी प्रदर्शन करते दिखे। सैकडों की संख्या में नाराज कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी किया। कर्मचारी सभा के अध्यक्ष उमाशंकर मिश्र ने कहा कि मांग पूरी न होने तक हड़ताल जारी रहेगी। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कर्मचारी सभा के अध्यक्ष उमाशंकर मिश्र ने कहा कि सरकार अनदेखी कर कर रही है। हम लोग 8 सालों से लगातार सातवां वेतन की मांग कर रहे हैं। शासन-प्रशासन में हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पीसीएफ कर्मचारी किसानों से अनाज खरीदने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। हम लोग सरकार और किसान के बीच ब्रिज की भूमिका निभाते हैं। पूरे प्रदेश के किसानों की बातों को सरकार तक पहुंचाते हैं। सरकार के हित में काम करने पर भी प्रदेश भर में तैनात 1343 पीसीएफकर्मचारियों को सातवां वेतन नहीं मिल पा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार अन्य विभागों में एक जनवरी 2016 से सातवां वेतन लागू हो चुका है। तमाम विभाग के कर्मचारी 7वें वेतन का लाभ उठा रहे हैं। अधिकारी कह रहे हैं कि सातवां वेतन लागू करने के लिए बजट नहीं है। यह सरासर गलत है। हम कर्मचारी हैं, हमें विभाग की स्थिति मालूम है।

# पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर ही की है निष्पक्ष कार्रवाई

**सुल्तानपुर ज्वैलरी शॉप डकैती मामले में डीजीपी ने की प्रेस कांफ्रेंस, बोले कार्रवाई को लेकर फैलायी जा रही भ्रांतियां**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** सुल्तानपुर ज्वैलरी शॉप डकैती मामले में पुलिस ने साक्ष्यों की गहन जांच के बाद ही कार्रवाई को अंजाम दिया है। पूरी कार्रवाई निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की गई है। इसको लेकर फैलायी जा रही भ्रांतियां गलत हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों की सुरक्षा और औद्योगिक समूहों को भयमुक्त माहौल प्रदान करने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही है। इस दौरान यूपी पुलिस ने अपने जाबांज पुलिसकर्मियों को भी खोया है। वहीं कार्रवाई के दौरान कई घायल भी हुए हैं। यूपी पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम कर रही है। ये बातें डीजीपी प्रशांत कुमार ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कही। इस दौरान एडीजी एलओ अभिताभ यश और एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर भी मौजूद रहे। इसी के साथ पुलिस ने घटना की सीसीटीव फुटेज, फोटो और मंगेश यादव की मां के साथ बहन की बाइट भी जारी की है। घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी दो समूह में घटना स्थल पर पहुंचे थे। घटना के बाद भागने के लिए बोलेरो का प्रयोग किया गया था। एडीजी एलओ अमिताभ यश ने बताया कि घटना स्थल पर पुष्पेंद्र, डब्लू और सचिन बोलेरो से पहुंचे थे जबकि फुरकान, अनुज, अरबाज, मंगेश यादव और अंकित यादव दुकान के अंदर घुसे थे। यह लोग सीधे डकैती में शामिल थे। इसके अलावा विपिन सिंह, विनय शुक्ला, अरविंद, विवेक और दुर्गेश दुकान के आस-पास घेराबंदी में तैनात थे ताकि कोई समस्या होने व पुलिस से बचने के लिए अपने साथियों का बैकअप कर सकें। यह सभी चीजें सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल विश्लेषण में स्पष्ट भी हुईं हैं।

**मंगेश यादव ने जौनपुर से चोरी की थी मोटरसाइकिल**

डीजीपी प्रशांत कुमार ने में बताया कि 28 अगस्त को सुल्तानपुर के कोतवाली नगर क्षेत्र में दिन में 12: 45 पर भरत ज्वैलर्स के यहां दिनदहाड़े डकैती हुई थी। इसको लेकर पुलिस द्वारा अब तक जो भी कार्रवाई की गई है वह पूरी तरह निष्पक्ष है। इस पूरे घटनाक्रम को आपके सामने प्रस्तुत करने के लिए हमारी टीम एकत्र हुई है। डीजीपी ने बताया कि घटना में कुल 12 आरोपी शामिल थे। इसमें विपिन सिंह गैंग लीडर था। विपिन, फुरकान और उसके तीन साथियों ने घटना को अंजाम देने के लिए 13 और 15 अगस्त को दुकान की रेकी की थी। इसके वीडियो के रूप में हमारे पास साक्ष्य भी उपलब्ध हैं। वीडियो में रेकी करते हुए विपिन और उसके साथियों को दिखाया गया है। वहीं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जौनपुर से चोरी की गई थी, जिसे मंगेश यादव ने चोरी किया था। इसमें उसके साथ कई और लोग भी शामिल थे।

## एलयू में संयुक्त छात्र मोर्चा का प्रदर्शन दीक्षांत समारोह में राज्यपाल का करेंगे विरोध



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** एलयू में शोध छात्रों की बायोमेट्रिक से अटेंडेंस लगाने के आदेश को लेकर छात्रों में आक्रोश कम होता नहीं दिख रहा है। गुरुवार को एक बार फिर इसी मामले को लेकर प्रदर्शन हुआ।

संयुक्त छात्र मोर्चा के बैनर तले जुटे छात्रों दोपहर 12 बजे के करीब ने गेट 1 के बाहर सड़क पर बैठकर धरना दिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी हुई। प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मांग थी कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस आदेश को तत्काल वापस लें। इस बीच मौके पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों के साथ चीफ प्रॉक्टर भी पहुंचे। उन्होंने छात्रों से बातचीत कर धरने को खत्म करने का प्रयास किया पर छात्र आदेश रद करने की मांग पर अड़े रहे। प्रदर्शन के दौरान कुछ शोध छात्राए नॉन नेट फेलोशिप जारी करने की मांग को लेकर भी धरने पर बैठी दिखी। इस दौरान मौके पर पहुंचे प्रो.राकेश द्विवेदी ने छात्रों को जब समझाने का प्रयास किया तो छात्र आदेश रद्द करने की मांग को लेकर मुखर थे।

इस बीच देखते ही देखते माहौल गर्म हो गया। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों के सामने से नारेबाजी होने लगी। इस दौरान तीखी झड़प भी देखने को मिली। एनएसयूआई से जुड़े विशाल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन को बायोमेट्रिक अटेंडेंस का आदेश रद्द करने के लिए 24 घंटे की मोहलत दी गई है। यदि नहीं किया गया तो फिर बड़ा प्रदर्शन शुरू होगा। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के सामने भी इस आदेश का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## पुनर्वास विवि में दीक्षांत समारोह आज, मेधावियों पर बरसेंगे पदक

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन शुक्रवार को होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि के तौर पर पद्मश्री मुरलीकांत पेटकर विद्यार्थियों को दीक्षा उपदेश देंगे। समारोह में सभी विभागों के 1615 विद्यार्थियों को उपाधि व 159 पदक वितरित किए जाएंगे। इसमें 59 स्वर्ण, 50 रजत और 50 कांस्य पदक शामिल हैं।

कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक चिन्मय शुक्ला, मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक कला एवं संगीत संकाय में तेजल कनौजिया, वाणिज्य से शिवानी अग्रवाल, विशेष शिक्षा प्रेमांशी साहू, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की आकांक्षा शर्मा को वितरित किया जाएगा। समारोह में पिछड़ा वर्ग दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप भी मौजूद रहेंगे। दीक्षांत समारोह से पहले विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास हुआ।

## शुगर मिल के फर्जी दस्तावेज स्क्रैप बेचने के नाम पर ठगे 48 लाख

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** गाजीपुर थाने में राजस्थान के कारोबारी ने एक फर्म संचालक समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित कारोबारी का आरोप है कि जालसाजों ने शुगर मिल के फर्जी दस्तावेज तैयार कर 48 लाख रुपये में स्कैप बेच दिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, राजस्थान के अलवर निवासी कल्लू संघ धूनीनाथ आरके इंटर प्राइजेज फर्म के मालिक हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि फर्म में पुराना स्क्रैप खरीद-फरोख्त का काम करते हैं। बताया कि दो वर्ष पूर्व उनकी मुलाकात सुनील से हुई थी। बातचीत में आरोपित ने बताया कि उनका रिश्तेदार गाजीपुर निवासी कमरुद्दीन जो मल्टि ट्रेडिंग एंड सर्विसेल के मालिक हैं। वह उन्हें कम दाम पर शुगर मिल का पुराना स्क्रैप दिला देंगे। इसके बाद सुनील ने मिल के सिक्योरिटी गार्ड सिराज और कमरुद्दीन से उसकी मुलाकात कराई।

आरोप है कि धोखाधड़ी की नियत से कमरुद्दीन ने उसे स्क्रैप के संबंधी मिल के कुछ दस्तावेज भी दिखाए। हालांकि, सौदा 50 लाख रुपये में तय हुआ है। इसके बाद कारोबारी ने कमरुद्दीन के खाते में कई मदों में कुल 48 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बावजूद स्कैप नहीं दिया। विरोध करने पर जालसाज ने उन्हें तीन चेक दी, जोकि बाउंस हो गई। इस पर कारोबारी अपने दोस्तों के साथ कमरुद्दीन से रकम लेने पहुंचा तब आरोपी अभद्रता करने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## नम आंखों के साथ निकाला गया चुप ताजिया का जुलूस

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चौक स्थित इमाम बाड़ा नाजिम साहब से गुरुवार को चुप ताजिया का जुलूस निकाला गया। ये जुलूस मोहर्रम के अंतिम दिन निकलता है। दो महीने 8 दिन तक चले गम के सिलसिले का आज चुप ताजिया के साथ समापन हो गया।

कर्बला में यजीदी फौज द्वारा बेरहमी से शहीद किए गए नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की याद में निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। परंपरागत तरीके से निकाला गया जुलूस अकबरीगेट, नख्खास, बिल्लौचपुरा चौराहे से मुड़कर गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज मंसूर नगर होता हुआ रौजा-ए-काजमैन में शांतिपूर्ण माहौल मे संपन्न हो गया। जुलूस से पहले इमाम बाड़ा नाजिम साहब में मौलाना यासूब अब्बास ने मजलिस पढ़ी। मौलाना ने कहा कि इराक के कर्बला जैसी जंग दुनिया में दोबारा कभी नहीं हुई। यह पहली और आखिरी जंग थी, जिसमें 6 महीने के मासूम बच्चे भी शामिल हुए। पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे ने इस जंग को इंसानियत कि खातिर लड़े थे। 2 महीना 8 दिन तक हमने लगातार जुलूस और मजलिस के माध्यम से हजरत इमाम हुसैन को याद किया। आज मोहर्रम के गम का आखिरी दिन है। इमामबाड़ा से निकाले गए इस अलविदाई चुप जुलूस मे भारी संख्या मे अकीदतमंद, अजादार शामिल हुए। मरसिया पढ़कर अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन और उनके साथियों याद किया। चुप जुलूस में शामिल बड़ी संख्या में लोग नम आंखों से हजरत इमाम हुसैन को याद कर रहे थे। जुलूस में शामिल ताजिया को अकीदत के साथ लोग चूमते हुए नजर आए। जुलूस में शामिल अकीदतमंद सज्जाद ने कहा कि आज हम लोग नम आंखों के साथ मोहर्रम को विदा कर रहे हैं। 2 महीना 8 दिन शिया समुदाय के लिए बहुत विशेष होता है। इन दिनों में हम अधिक से अधिक काले कपड़े पहनते हैं। 2 महीना 8 दिन तक गम में डूबे रहते हैं और किसी प्रकार की खुशी नहीं मनाई जाती है। हम लोगों का यही प्रयास है कि कर्बला के मैदान से इमाम हुसैन ने जो संदेश दिया उसे अपने जीवन में लागू करें। मोहर्रम के दौरान बड़ी मात्रा में भंडारा बांटा जाता है। सबील (प्याऊ) लगाई जाती है। चौक के विक्टोरिया स्ट्रीट से शुरू हुए जुलूस का समापन सआदत गंज के रौजा-ए-काजमैन में हुआ। जुलूस में शामिल लोगों ने 3 किलोमीटर पैदल यात्रा तय की।

## गणेश उत्सव के दौरान 17 तक बंधा रोड पर नहीं जा सकेंगे वाहन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** दस दिवसीय गणेश उत्सव के तहत प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। इस दौरान जुलूस भी निकाला जाता है। इसके मद्देनजर 17 सितंबर तक हनुमान सेतु होते हुए नदवा बंधा तिराहे से नदवा बंधा रोड झूलेलाल पार्क की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। इस दौरान नौ रास्तों पर वाहनों का डायवर्जन रहेगा। वाहन सवार वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल कर अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।

ऐसी रहेगी आने-जाने की व्यवस्था

- **-हनुमान** सेतु, नदवा बंधा तिराहे से नदवा बंधा रोड झूलेलाल पार्क की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। ये वाहन आईटी चौराहा होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।
- **-चौक** व डालीगंज पुल की ओर से आने वाले वाहन क्लार्क अवध तिराहे से सीधे जाने के बजाय क्लार्क तिराहे से चिरैयाझील होकर गंतव्य को जा सकेंगे।
- **-डालीगंज** पुल इक्का तांगा स्टैंड चौराहा से आने वाले वाहन गोमती नदी बंधा झूलेलाल पार्क होकर नदवा कॉलेज नहीं जा सकेंगे। ये वाहन गोमती नदी पुल पारकर या सीधे उमराव सिंह धर्मशाला, आईटी चौराहा होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।
- **-निराला** नगर की ओर से आने वाले वाहन आईटी चौराहा से विवि होकर सुभाष चौराहा जाने के बजाय आईटी चौराहे से बाएं व दाहिने मुड़कर पेट्रोल पंप होते हुए निशातगंज या डालीगंज पुल से जा सकेंगे।

## ईंट कारोबारी की संदिग्ध परिस्थित में मौत

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज में 32 साल की युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक ईट सप्लाई का काम करता था। उसका शव परिचित के घर पर मिला। भाई ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें वैभवनगर जानकीपुरम का रहने वाला लवलेश मौर्या (32) पुत्र अंबिका प्रसाद मौर्या ईट का काम करता था। बुधवार को घर से काम की बात कहकर निकला था। गुरूवार को त्रिवेणी नगर अलीगंज के रहने वाले चंचल पाण्डेय के घर पर उसका शव मिला। चंचल के भाई ने सुबह 8 बजे उसकी पत्नी को वर्षा और पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मामले में इंस्पेक्टर अलीगंज विनोद तिवारी का कहना है कि लवलेश मौर्या नशे की हालत में चंचल पाण्डेय के घर पहुंचे थे। जिसकी सूचना उन्होंने उसकी पत्नी को दी तो उन्होंने बोला घर से बाहर कर दो। लेकिन उन्होंने घर में सोने दिया। सुबह उठे तो लवलेश की मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना उन्होंने 112 पर दी थी। फिलहाल परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। भाई भानू प्रताप ने बताया कि वो लोग मूलतरू भेलवल बाराबंकी के रहने वाले हैं। लवलेश को लेकर वो 4 भाई हैं। अवधेश और उदय फैजुल्लागंज में बने मकान में रहते हैं, जबकि भानू बाराबंकी में रहता है। कुछ दिन पहले ही लवलेश अपनी पत्नी वर्षा और बच्चे पार्थ (8) डॉली (6) के साथ जानकीपुरम में बने नए घर में शिफ्ट हुआ था। भानू ने जब लवलेश का शव देखा तो मुंह के खून निकल रहा था। पेट पर चोट के निशान थे। ऐसे में हत्या किए जाने की आशंका है।

### इंदिरानगर और फैजुल्लागंज में कल बिजली गुल रहेगी

**लखनऊ।** लेसा के इंदिरा नगर सेक्टर-14 न्यू उपकेंद्र का गायत्री मार्केट फीडर शुक्रवार सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। फैजुल्लागंज और आईटीआई उपकेंद्र का विष्णुपुरी फीडर सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। इंदिरानगर सेक्टर-25 उपकेंद्र के लवकुश नगर, निर्माण निगम चौराहे पर सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। हरदोई रोड ट्रांसमिशन उपकेंद्र शनिवार व रविवार को सुबह छह से 10 बजे तक बंद रहेगा।

### सीताराम येचुरी के निधन पर जद यू के प्रदेश अध्यक्ष ने जताया दुख

**लखनऊ।** वामपंथी दल सीपीएम के दिग्गज नेता सीताराम येचुरी के आकस्मिक निधन पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से भारतीय राजनीति में अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई होना बहुत ही कठिन है। सर्वश्रेष्ठ सांसद से सम्मानित सीताराम येचुरी सेक्युलरिज्म और आर्थिक समानता जैसे मूल्यों के प्रति आजीवन प्रतिबद्ध रहे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ का हिस्सा रहे सीताराम येचुरी आपातकाल के दौर में जेल जाने से उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत किया। करीब पांच दशकों के अपने राजनीतिक करियर में वामपंथ की धुरी रहे । उन्हें वामपंथी दलों को भारतीय राजनीति में गठबंधन की राजनीति में लाने का श्रेय है। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने दिवंगत आत्मा को चिर शान्ति प्रदान करने एवं शोक-संतप्त परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# जान बचाकर भागे जेई व सहयोगी

**मलिहाबाद में बिजली चोरी पकड़ने पर जेई व कर्मियों को पीटा**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी के मलीहाबाद में बिजली चोरी की जांच करने गई टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। बिजली कर्मचारियों दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इससे नाराज बिजलीकर्मियों ने क्षेत्र की लाइट काट दी। लोगों ने आरोप लगाया कि उनके घर की महिलाएं सो रही थीं। इसी दौरान कई लोग घर के अंदर पहुंचे और महिलाओं से छेड़खानी करने लगे। इस पर विवाद हुआ और नौबत मारपीट तक जा पहुंची। दोनों पक्षों की ओर से इस मामले में एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई। फिलहाल पुलिस ने बिजली कर्मियों की तरफ से 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखा है।

जेई मलीहाबाद त्रिभुवन सिंह ने बताया कि बिजलीकर्मियों की टीम गुरुवार सुबह 5 बजे मलीहाबाद के चौधराना इलाके में बिजली चोरी की शिकायत पर जांच करने पहुंची थी। टीम में 4 से 5 कर्मी शामिल थे। टीम के सदस्य घर में कनेक्शन चेक कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति के घर में जांच के दौरान पाया गया कि केबल को काटकर बाईपास से कई बैटरी, ईरिक्शा चार्ज किए जा रहे थे। जेई ने बताया कि जैसे ही टीम ने कार्रवाई शुरू की, परिजनों की ओर से विरोध होने लगा। सभी लोग गालीगलौज और मारपीट करने लगे। विवाद बढ़ता देख किसी तरह सभी लोग वहां से भागे और अपनी जान बचाई। जिसके बाद घटना की पूरी जानकारी बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई।

वहीं दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि गुरुवार सुबह सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते कई लोग घर के अंदर दाखिल हो गए। उस वक्त घर में कई लोग सो रहे थे और उन्होंने घर की बहू से छेड़खानी की। जब बहू ने विरोध किया तो उन लोगों ने चुप रहने को कहा। शोर मचाने पर परिवार के लोग वहां पहुंच गए। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके साथ छेड़खानी करते हुए गले से लॉकेट, अंगूठी चेन छीन ली गई। जब विवाद बढ़ा तो उन लोगों ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताया।

इस बारे में इंस्पेक्टर मलीहाबाद सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे को आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई है। इस मामले में बिजली विभाग के कर्मियों की तरफ से 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत की जांच की जा रही है।

## मुफ्त इलाज के नाम पर खानापूर्ति, 55 दिन में खर्च हुए छह लाख

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केजीएमयू में सरकारी कर्मचारियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मरीज मुफ्त इलाज के लिए धक्के खा रहे हैं।

लखीमपुर पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर का इलाज क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में चल रहा है। 55 दिनों में परिवारीजन छह लाख से अधिक रकम खर्च कर चुके हैं। आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान बेटे ने मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल व केजीएमयू कुलपति समेत अन्य अफसरों से लिखित शिकायत की है। बेटे के मुताबिक कम दिनों की दवा मंगाकर कर खानापूर्ति की जा रही है। दवा का आर्डर भेजने में भी लापरवाही बरती जा रही है।

रायबरेली निवासी दिनेश मिश्र लखीमपुर पुलिस लाइन में सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात हैं। जुलाई में दिनेश मिश्र को ब्रेन स्ट्रोक हुआ। लखनऊ के एक निजी अस्पताल ने मरीज को दिल की बीमारी बताते हुए केजीएमयू लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने वॉल्व में और न्यूरो से जुड़ी गंभीर समस्या बताई।

कहा तब तक न्यूरो से जुड़ी परेशानी कम नहीं होगी तब तक वॉल्व का ऑपरेशन संभव नहीं है। लिहाजा मरीज को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराएं। परिवारीजनों ने 18 जुलाई को मरीज को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में मरीज का इलाज चल रहा है। बेटे शिवम मिश्र का आरोप है कि सरकारी मुलाजिम होने के नाते पिता का इलाज पंडित दीनदयाल योजना के तहत मुफ्त होना चाहिए। लेकिन दवा का आर्डर बहुत ही कम दिनों का भेजते हैं। योजना के तहत जो दवा आती है वह दो से तीन दिन में खर्च हो रही है। जबकि इलाज लगातार चल रहा है।

# अगले 6 दिन इन रास्तों से न गुजरें

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** देश भर की ही तरह राजधानी में भी गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई जा रही है। राजधानी में जगह जगह पर लगे पंडाल और गणेश मूर्ति विसर्जन के चलते शहर भर में ट्रैफिक व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए ट्रैफिक डाइवर्जन लागू किया गया है। यह अगले छह दिनों लागू रहेगा।

1. अयोध्या की तरफ से कैसरबाग जाने वाली रोडवेज बसों को कमता तिराहा से गोमतीनगर की तरफ मोड़ दिया जायेगा, जहाँ से वह अपने गन्तव्य स्थान समतामूलक चौराहा, गॉधी सेतु (1090) चौराहा, पीएनटी बालू अड्डा, संकल्प वाटिका तिराहा, चिरैयाझील तिराहा, क्लार्क अवध तिराहा के पीछे से सीडीआरआई होते हुये कैसरबाग बस अड्डा आ-जा सकेंगी।
2. सीतापुर रोड से कैसरबाग आने वाली रोडवेज/सिटी बसें मड़ियॉव, पुरनिया/डालीगंज रेलवे क्रासिंग, पक्का पुल, शाहमीना, डालीगंज पुल, सीडीआरआई होते हुये कैसरबाग जायेगीं और वापसी में बलरामपुर ढाल, शहीद स्मारक होकर इसी रास्ते होकर जायेंगी।
3. चौक/डालीगंज पुल की ओर से आने वाला सामान्य यातायात क्लार्क अवध तिराहे से सीधे सुभाष चौराहा होकर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात क्लार्क अवध तिराहे से चिरैयाझील होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।
4. डालीगंज पुल इक्का तॉगा स्टैण्ड चौराहा से आने वाला यातायात गोमती नदी बंधा (झूलेलाल पार्क) होकर नदवा कालेज की ओर नही जा सकेगा, बल्कि यह यातायात गोमती नदी पुल पारकर या सीधे उमराव सिंह धर्मशाला होकर, आईटी चौराहा की ओर से अपने गन्तव्य को जा सकेगा।
5. टेलीफोन एक्सचेंज चौराहा से मकबरा रोड की ओर से सामान्य यातायात परिवर्तन चौक की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात कैसरबाग बस अड्डा या सीडीआरआई तिराहा, क्लार्क अवध होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।
6. निराला नगर की ओर से आने वाला यातायात आईटी चौराहा से विश्वविद्यालय मार्ग होकर सुभाष चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात आईटी चौराहा से बांये/दाहिने मुड़कर समथर पेट्रोल पम्प होते हुए निशातगंज/डालीगंज पुल से अपने गन्तव्य को जा सकेगा।
7. कैसरबाग/ सीडीआरआई, क्लार्क अवध तिराहा की ओर से सुभाष चौराहे की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात क्लार्क अवध तिराहे से सीधे कृष्णा मेडिकल सेंटर होते हुए चिरैयाझील तिराहा की ओर से अपने गंतव्य को जा सकेगा।
8. हजरतगंज चौराहा एवं परिवर्तन चौक की ओर से आने वाला यातायात सुभाष चौराहा से हनुमान सेतु होकर आईटी चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात मकबरा रोड, टेलीफोन एक्सचेन्ज, सीडीआरआई या चिरैयाझील से होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।
9. हनुमान सेतु/नदवा बन्धा तिराहे से नदवा बन्धा रोड झूलेलाल पार्क की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात आईटी चौराहा होकर अपने गंतव्य को जाएगा।

# अजगर ने देखते देखते गाय को निवाला बना लिया



लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** थाना चित्रहाट क्षेत्र में पारना गांव के जंगल में एक अजगर गाय को अपना निवाला बना लिया। ग्रामीणों ने किसी प्रकार गाय को अजगर के चंगुल से मुक्त कराया लेकिन तब तक गाय मर चुकी थी।

पारना के जंगल में एक गाय हरी घास चर रही थी। यकायक वहां एक अजगर पहुंच गया और गाय को दबोच लिया। लगभग 16 फीट लंबा का अजगर गाय को धीरे धीरे निगलने लगा। वहां मौजूद कुछ चरवाहों ने यह देखा तो शोरगुल मचा दिया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए और लाठी डंडों से अजगर के मुंह पर प्रहार करने लगे। लगातार लाठी डंडों के प्रहार से अजगर की पकड़ कुछ ढीली पड़ी और लोगों ने किसी प्रकार गाय को मुक्त कराया, लेकिन तब तक गाय मर चुकी थी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को भी दी, लेकिन वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची।एकत्रित ग्रामीणों ने विशाल अजगर को दूर जंगल में छोड़ दिया। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा।

# निधौलीकलां-जलेसर मार्ग पर नहर पुल का निरीक्षण कर लिया जायजा

**जिलाधिकारी ने नहर पुल पर लगे बंद को हटाने एवं गांव में जलभराव को दृष्टिगत बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

» जिलाधिकारी ने शहर में नगर पालिका द्वारा जल निकासी हेतु किए जा रहे प्रबंधन का भी निरीक्षण कर दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो





**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह द्वारा गुरूवार को पूर्वान्ह में तहसील एटा सदर क्षेत्र के ब्लॉक निधौली कला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुढ़ा में निरीक्षण कर जायजा लिया गया एवं ग्रामीणजनों से वार्ता कर हर सम्भव मदद का भरोसा दिया गया। डीएम ने इस दौरान मौजूद अधिशासी अभियंता सिंचाई को नहर पुल पर लगे बंद को हटाने एवं गांव गुढ़ा में जलभराव को दृष्टिगत बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, इसके अलावा गांव में राहत एवं बचाव कार्य हेतु तहसील, ब्लॉक की टीम को निर्देशित किया गया। बताते चलें कि गुरूवार को निधौलीकलां-जलेसर मार्ग पर ख़ारिजा नहर पुल पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिस कारण जगह-जगह बंध लगाए गए, इसी क्रम में अत्यधिक बरसात होने से नहर ओवरफ्लो होने के कारण पटरी जगह-जगह कट गई। जिसके उपरांत नहर का पानी समीपवर्ती गाँव गुढ़ा में जा रहा था। जिलाधिकारी ने अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर गांव का निरीक्षण किया एवं उपस्थित ग्रामीणजनों को हर संभव मद को भरोसा दिलाया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शहर के अलीगंज रोड पर जल निकासी हेतु किया जा रहे प्रबंधन का निरीक्षण कर जायजा लिया एवं उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम गुड़ा में अत्यधिक बरसात के कारण प्रभावित परिवारीजनों को खाने के पैकेट नायब तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा वितरित कराए गए।इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एसडीएम सदर सुश्री भावना विमल, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, अधिशासी अभियंता सिंचाई तुषार कांती राजन, तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय, बीडीओ निधौलीकलां उमेश अग्रवाल, थानाध्यक्ष निधौलीकलां विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# जूनियर डॉक्टर पर लगा बालिका के यौन उत्पीड़न का आरोप

» पुलिस ने लिया हिरासत में, प्राचार्य ने किया निलंबित

लोकमित्र ब्यूरो

आगरा। कोलकाता में पिछले दिनों महिला जूनियर डॉक्टर की रेप के बाद हत्या से नाराज होकर यहां एसएन मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर भी कई दिन हड़ताल पर रहे थे। चौंकाने वाली बात है कि अब एसएन के एक जूनियर डॉक्टर पर ही ग्यारह वर्षीया बालिका के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। पुलिस ने जूनियर डॉक्टर को हिरासत में ले लिया। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने जूनियर डॉक्टर को निलंबित कर दिया है। पूरे मामले की जांच के लिए डॉ. निधि गुप्ता की अध्यक्षता में जेंडर हैरेसमेंट कमेटी गठित की गई है। विभागीय जांच भी कराई जा रही है। अनेक संगठनों ने आरोपी जूनियर डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पीड़िता को टाइफाइड के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जूनियर डॉक्टर ने बालिका को रात में अपने कमरे में बुलाकर अश्लील हरकतें कीं। आरोप है कि मंगलवार की रात को गर्मी अधिक होने के कारण बालिका अपनी मां के साथ गैलरी में टहल रही थी, उसे कुछ परेशानी हुई तो आरोपी जूनियर डॉक्टर वार्ड के बगल में स्थित अपने कमरे में ले गया। उसका ब्लड प्रेशर चेक करने लगा। बालिका की मां किसी काम से वार्ड में चली गई। कुछ देर बाद ही बालिका रोती हुई जूनियर डॉक्टर के कमरे से भागते हुए बाहर आई। तीमारदार आ गए, रात में पुलिस भी आ गई। बालिका के परिजनों का आरोप है कि जूनियर डॉक्टर ने अपने कमरे में बालिका का ब्लड प्रेशर चेक करने के नाम पर अश्लील हरकत की। इस मामले में हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी थाना एमएम गेट पहुंच गए। उन्होंने आरोपी जूनियर डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढा के नेतृत्व में संपन्न हुआ मंडल कार्यशाला

लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद ।** साहिबाबाद के लाजपत नगर मंडल में भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा एवम एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी एवम अति विशेष अतिथि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा उपस्थित रहे ढ्ढ प्रांशु दत्त ने उपस्थित लोगों से भाजपा की सदस्यता से जुड़ने की अपील की एवम कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें ये कहां ढ्ढ भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के प्रति हमेशा जागरूक रहती है। उनका सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में किए गए सारे वादे को पूरा किया है। भविष्य में भी इसी तरह कार्य करेगी आगे कार्यकर्ताओं से अपील की वे इस सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और भाजपा की नीतियों को दूसरों तक पहुंचाएं। युवाओं को आगे संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान को संगठन के महापर्व के रूप में मनाना है। पार्टी ने लोगों को सदस्य बनाने के लिए चार तरह की व्यवस्थाएं की हैं। इसमें ऑनलाइन, नमो एप, क्यूआर कोड और फॉर्म भरकर सदस्य बनाया जाएगा। सचिन डेढा ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल सदस्यता के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ना है। इसमें सभी को पूरी ताकत से लगना होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर आमजन को सदस्य बनाना है। 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी नागरिक जो भाजपा के मूल नियमों का पालन करता हो, सदस्यता ले सकता है। महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने बताया की भाजपा ने सर्वप्रथम डिजिटल सदस्यता अभियान 2014 में किया था। फिर से राष्ट्रीय स्तर पर संगठन पर्व की घोषणा के साथ हम सभी की सदस्यता शून्य हो चुकी है। गाजियाबाद युवा मोर्चे ने सचिन डेढा के नेतृत्व में संकल्प लेते हुए प्रांशु दत्त द्विवेदी एवम संजीव शर्मा को अश्वत किया है कि युवा मोर्चा लगभग गाजियाबाद से 1 लाख नए सदस्य जोड़कर प्रदेश को देगा ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सिद्धार्थ युगल क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी महानगर महामंत्री संदीप चौधरी, आशीष चौधरी, अभिजीत मुखर्जी, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, राहुल मावी, जयकरण यादव, कपिल मावी, रॉबिन भड़ाना, पंकज लड्डू, कृष्ण त्यागी, विवान मावी व युवा मोर्चा महानगर पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# नोएडा लोक मंच द्वारा संचालित

**नोएडा।** लोक मंच द्वारा संचालित संस्कार अध्ययन केंद्र की तीनो शाखाओ का संयुक्त हिंदी में श्रुलेख, इंग्लिश में डिक्टेशन तथा इंग्लिश में एलोक्यूशन कम्पटीशन कराये गए। इसमें तीनो स्कूलों के छठी, सातवीं तथा आठवीं के बच्चों ने भाग लिया। प्रथम, द्वतीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा सर्टिफिकेट भी दिये गये। एलोक्युशन कम्पटीशन जो सर्फाबाद स्कूल का था उसमे फर्स्ट सूरज कक्षा 7 , सेकंड एल्फिना कक्षा 8, थर्ड आयुष मौर्या कक्षा 7 , फोर्थ शगुन कुमारी कक्षा 7 रहे, तीनो स्कूलों के बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इनर व्हील क्लब नॉएडा श्रीमती आँशु सक्सेना द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गये। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की प्रेजिडेंट श्रीमती दीपाली पूरी अपने सदस्यों के साथ उपस्तिथ थी। संस्कार शिक्षा समिति से श्रीमती लीका सक्सेना, श्रीमती मुक्ता गुप्ता तथा सर्फाबाद स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पा सिंह के साथ 12 अध्यापिकाओं ने भाग लिया।

# आगरा में आसमानी आफत का मंजर, घरों में नदियां, सड़कों पर समंदर

लोकमित्र ब्यूरो



आगरा। आगरा में लगातार दो दिन से बारिश हो रही है। कई क्षेत्रों में मकान और पेड़ गिरने की खबरें आ रही हैं। इसके बाद लोगों की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। घरों के अंदर घुटनों तक पानी है और सड़कें जैसे समंदर बन गई हैं। जिला प्रशासन ने बिजली के खंबों, जर्जर स्थानों से दूर रहने की चेतावनी दी है। खबर है कि आगरा में भारी बारिश के चलते पीपल मंडी, काला महल, दरेसी समेत कई मकान गिरे हैं। इनमें से कई मकान जर्जर और खाली भी थे, जबकि एक जगह लोगों के दबने की खबरें भी सामने आई हैं। लिहाजा जो बारिश खुशनुमा लग रही थी वही अब डराने लगी है।


शहर से देहात तक जलभराव हैं आगरा दिल्ली हाईवे पर रुनकता के पास चार फीट तक पानी है। जिससे यातायात भी डायवर्ट करना पड़ा है। शहर में कई गलियां जलमग्न हैं। शहर और देहात में मकान गिरे हैं। फतेहपुर सीकरी हाईवे पर आंधी- बारिश से गिरे टूटे पेड़ों को हटवाकर यातायात शुरू कराया गया है। मंगलवार रात से रुक रुककर हो रही बारिश ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। बल्केश्वर में सीताराम कॉलोनी की दीवार यमुना में ढह गई। पिनाहट में पुराने किले की दीवार गिर गई है। पीर कल्याणी में सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज के मैदान की दीवार ढहने से मिट्टी सड़कों पर बहने लगी। कई जगहों पर मकान धंसने की खबर है।

लोहामंडी में बुधवार रात नाला ओवरफ्लो होने से बाइक सवार दो युवक नाले में बहने लगे। चीख पुकार मची तो स्थानीय लोगों ने डूबने से पहले ही दोनों को सुरक्षित कर लिया। इधर, टेढ़ी बगिया क्षेत्र में नाला ढहने से सड़क किनारे खड़ा ट्रक नाले में गिर पड़ा। हादसे में ट्रक चालक घायल हुआ है। रघुनाथ कॉम्पलेक्स के पास एक पुराना विशाल पीपल का पेड़ गिरने से मार्ग बंद हो गया। बारिश से सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी देर से पहुंचे। बारिश की वजह से कर्मचारियों के नहीं पहुंचने से सरकारी कार्यालय खाली हैं। जिला प्रशासन ने खराब मौसम के चलते लोगों से अपील है कि, जर्जर मकान, दीवार, बिजली खंभों से दूर रहें।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, आगरा मंडल में 11 से 13 सितंबर को भीषण बारिश की चेतावनी जारी की थी।

मौसम विभाग की यह चेतावनी सही साबित हुई। बुधवार सुबह से बारिश की शुरुआत हुई थी। लगातार आसमान से रिमझिम फुहारें बरस रहीं हैं।

# एसडीएम नें अलीगंज कस्बे जलभराव की स्थिति को देखा, दिए निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज कस्बे में रुक-रुक कर लगातार हो रही झमाझम बारिश नें जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। चारों तरफ जल भराव की स्थिति देखने के लिए मिली। जिसके चलते उप जिलाधिकारी अलीगंज ने कस्बे मे भ्रमण स्थिति का जायजा लिया और संबंधित को निर्देश दिए।कस्बा अलीगंज में झमाझम बारिश ने पूरे कस्बे को जलमग्न कर दिया जिसको लेकर उप जिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया। जिस दौरान जल भराव की स्थिति को देखते हुए उप जिलाधिकारी ने जल निकासी हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही अलीगंज के मोहल्ला राधा कृष्ण, मोहल्ला काजी और पुरानें बिजली घर का भी उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया।

# विकास भवन अंतर्गत समस्त कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली का कलक्ट्रेट सभागार में किया गया शुभारंभ

» ई-ऑफिस का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों को पेपरलैस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना-डीएम

लोकमित्र ब्यूरो






**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह द्वारा विकास भवन के अंतर्गत समस्त कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली का गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में भव्यता के साथ शुभारंभ किया गया। डीएम ने कहा कि शासन द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली लागू किये जाने के क्रम में जुलाई माह में प्रथम चरण में कलेक्ट्रेट के कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई थी जिसके उपरांत आज विकास भवन के अंतर्गत संचालित 56 कार्यालयों में भी ईऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन शुरू किया गया है। ई-आफिस प्रणाली के माध्यम से ही आगामी समय में पत्रावलियां प्रस्तुत की जाएंगी। ई-ऑफिस सरकारी कार्यालयों में सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कामकाज करने का माध्यम है। डीएम ने कहा कि अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सभी कार्यवाहियों यथा डिजिटल सिग्नेचर एवं वर्कफ्लो तैयार करने इत्यादि को पूरा करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप पत्रावलियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों को पेपरलैस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। ई-ऑफिस में किसी भी समय निर्धारित दस्तावेज को खोलकर देखा जा सकता है। इस अवसर पर विकास भवन के अंतर्गत कार्यालयों में कर्मचारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से पत्रावली प्रेषित करने की प्रक्रिया को भी दिखाते हुए अवगत कराया गया।जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि ई-ऑफिस के लिए अधिकारी कर्मचारी के डिजिटल सिग्नेचर, एनआईसी की मेल आईडी और वीपीएन फॉर्म की मदद से सुरक्षित नेटवर्क की आवश्यकता होती है।

उन्होंने बताया कि विकास भवन में सभी पटल सहायकों के डिजिटल सिग्नेचर बनाने के साथ ही एनआईसी ईमेल आईडी के साथ-साथ अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर सीडीओ डॉ0 एके बाजपेयी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, डीडीओ प्रवीण कुमार राय, पीडी सुरेन्द्र कुमार गुप्त, डीआईओ एनआईसी संजय कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनवीर सिंह, डीएसटीओ रेखा मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण, विकास भवन स्थित कार्यालयों के समस्त पटल सहायक, कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।


# साफ सफाई व्यवस्था पर नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारीगण रखें विशेष फोकस : डीएम

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर की नगर पालिका दादरी, नगर पंचायत दनकौर, बिलासपुर, रबूपुरा, जहांगीरपुर, जेवर में 15वें वित्त आयोग/अवस्थापना विकास निधि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों द्वारा अवस्थापना विकास निधि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों को लेकर जिलाधिकारी के समक्ष अपने प्रस्ताव रखें, जिस पर उन्होंने विचार उपरांत स्वीकृति प्रदान की। जिलाधिकारी ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी के क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रहे, इसको लेकर समय-समय पर औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते रहे एवं यदि सफाई व्यवस्था एवं डोर टू डोर कूड़ा उठाने के कार्यों में लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# झमाझम बारिश से अलीगंज कस्बा हुआ जलमग्न

» मुख्य मार्ग सहित गालियों व महिला चौकी मे देखने को मिली झील जैसी स्थिति

लोकमित्र ब्यूरो




**अलीगंज/एटा।** लगातार 2 दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश नें अलीगंज कस्बे की स्थिति बदलकर रख दी। झमाझम बारिश से पूरा अलीगंज क़स्बा जलमग्न हो गया। घंटों तक बरसात होने से जगह-जगह जलभराव हो गया और इस कारण दिन में यातायात भी प्रभावित रहा। निचले इलाकों में अधिकांश लोगों को घरों में भरे पानी को निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। बारिश ने अलीगंज वासियों की मुश्किलें बढ़ा दीं हैं जगह-जगह जलभराव और गंदगी के हालातों ने दिन में लोगों को आवागमन की दिक्कतों से रूबरू कराया। कस्बे में दो दिन से रुक रुक कर लगातार हो रही झमाझम बारिश नें कस्बे मे जलभराव की स्थिति पैदा कर दी। हालात यह थे कि कस्बे की कुछ सड़कें तालाब की तरह दिखीं, तो गलियां नालों में तब्दील नजर आईं। कस्बे की गालियों व सड़कों पर घुटनों तक पानी था बाजार भी दोपहर तक जलभराव से प्रभावित रहे। जोरदार बारिश से कस्बे से लेकर देहात क्षेत्रों तक के हालात बद से बदतर हो गए। फिर दिन में रुक रुककर बारिश होती रही। बारिश में मुख्य सड़कों से लेकर गली मोहल्ले तक पूरी तरह से जलमग्न हो गए। घरों के साथ बाजारों में दुकानों में पानी भरने से व्यापारियों को काफी नुकसान हुआ। लोगों को बारिश के पानी के बीच से होकर गुजरा पड़ा।

## जलभराव में होकर गुजरे राहगीर, कोसा प्रशासन को

अलीगंज कस्बे मे सुबह तड़के से हुई बारिश के बाद जगह-जगह जलभराव हो गया। बारिश के चलते कीचड़ होने से लोगों की आफत आ गई। अलीगंज कस्बे के मोहल्ला राधा कृष्ण, मोहल्ला काजी, लोहरी दरवाजा, बालकिशन मोहल्ला, कूचादायम खां, मैन मार्केट, डाक बंगला, टपकान टोला सहित महिला पुलिस चौकी सहित अन्य जगहों पर जलभराव हो गया। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश से मौसम सुहाना हो गया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई।

## जल भराव की स्थिति देख क्या बोले लोग

अलीगंज क़स्बा निवासी चंद्रभान शाक्य ने बताया कि झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत तो मिली लेकिन पालिका की लापरवाही के चलते अलीगंज कस्बे मे जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई जिससे राहगीरों व स्थानीय लोगों को अच्छी खासी समस्याओं का सामना करना पड़ा। मनीष नें बताया कि अलीगंज कस्बे की मुख्य सड़कों सहित गालियों मे जलभराव की स्थिति से बुरा हाल हो गया। वैसे तो अलीगंज कस्बे की हर गली से लेकर बाजार तक जलमग्न हो गया। लेकिन अलीगंज कस्बे की कुछ प्रमुख जगहों पर बरसात में नगर पालिका द्वारा उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थिति दयनीय रही। मुख्य मार्ग पर बरसात के पानी के कारण झील की स्थिति देखने को मिली।

# आंगनवाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय पंचायतन का किया गया निरीक्षण

**नोएडा।** सीडीपीओ दनकौर गौतमबुद्धनगर संध्या सोनी ने बताया कि आज बाल विकास परियोजना दनकौर के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय पंचायतन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय एनजीओ पिछले 1.5 साल से पंचायतन आंगनवाड़ी में बाल विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे है। इस प्रयास को और भी मज़बूत बनाने के लिए LECIN ने Social Design Collaborative (SDC) के साथ मिलकर गांव के लिए एक नया आंगनवाड़ी केंद्र बनाने की योजना बनाई है। स्थ्ष्टढ्ढह और स्ठ्ठ टीम की सराहना की जाती है कि बच्चों के लिए सभी शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाए जा रहे इस अद्भुत कक्ष का निर्माण सराहनीय है। यह परियोजना जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित की गई है और इसके इसी महीने के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन की भी सराहना की, जिन्होंने इस सपने को साकार करने के लिए पूरा समर्थन दिया है।

# गुरूकुल द स्कूल की शिक्षिका मंजू नायाल ने एक बार फिर बढ़ाया भारत का गौरव

» कजाकिस्तान में चल रहे 5 वें वर्ल्ड नोमेड गेम्स में इंटरनेशनल टेक्नीकल ऑफिशियल के रूप में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं

लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद ।** गुरूकुल द स्कूल की फिजिकल एजुकेशनल टीचर मंजू नायाल ने एक बार फिर से भारत का गौरव बढाया है। मंजू नायाल कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रहे 5 वें वर्ल्ड नोमेड गेम्स में इंटरनेशनल टेक्नीकल ऑफिशियल के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। 5 वें वर्ल्ड नोमेड गेम्स 8 सितंबर से शुरू हुए हैं और 15 सितंबर तक चलेंगे। गेम्स में 92 देशों के 4000 एथलीट भाग ले रहे हैं। 5 वें वर्ल्ड नोमेड गेम्स विश्व के सबसे बडे खेल आयोजनों में शामिल है। मंजू नायाल ने इससे पूर्व रूस के याकुत्स्क शहर में भी 30 जून से 5 जुलाई तक हुए 8 वें चिल्ड्रन ऑफ एशिया कुराश इंटरनेशनल गेम्स में भी इंटरनेशनल टेक्नीकल ऑफिशियल के रूप में लेकर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। 8 वें चिल्ड्रन ऑफ एशिया कुराश इंटरनेशनल गेम्स में गुरूकुल द स्कूल की दो कुराश खिलाड़ियों आनया सिंह व वनिका सिंह ने कांस्य पदक जीते थे। मंजू नायाल ने 5 वें वर्ल्ड नोमेड गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व का अवसर देने के लिए इंटरनेशनल कुराश असोसिएशन के टेक्नीकल डायरेक्टर रवि कपूर व महासचिव विक्रांत कुमार आभार व्यक्त किया। साथ ही स्कूल के डायरेक्टर सचिन वत्स व प्रिंसिपल गौरव बेदी का भी धन्यवाद किया और कहा कि उनके सहयोग से ही वे इस मुकाम तक पहुंचने में सफल रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गाजनपुर दुवरिया में चौपाल लगाकर डीएम , एसपी ने सुनी समस्याएं

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार को तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत चकबंदी कार्यों को लेकर जनपद के सबसे पुराने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस गांव में कुल 1464 खातेदार हैं तथा 3697 गाटा संख्या है गांव में कुल तीन मजरे हैं। उन्होंने बताया कि इस गांव में 1980 के दशक से चकबंदी की प्रक्रिया चली आ रही थी जो अब 2024 में पूर्ण हुई है सभी अभिलेख काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थे जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद दुरुस्त कराया गया है अब चकबंदी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सारे अभिलेखों, नक्शा को तहसील में जमा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन खतौनी ना होने के कारण इस गांव के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था अब चकबंदी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सभी अभिलेख व खतौनी ऑनलाइन फीड की जाएगी उसके उपरांत ग्रामीण शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। वही चौपाल में ग्रामीणों द्वारा बताया गया की 2003 में गांव में 159 लोगों को पट्टा आवंटन हुआ था जिनका राजस्व अभिलेखों में अभी तक अमलदरामद नहीं हो पाया है इसके लिए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना व तहसीलदार मुसाफिरखाना को निर्देशित किया कि एक माह के अंदर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कमियों को दुरूस्त कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पेयजल परियोजना का डीएम एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार को विकासखंड मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम पंचायत नारा अढ़नपुर में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया, मौके पर श्रमिक कार्य करते पाए गए, जिलाधिकारी ने श्रमिकों से निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### अवध संस्कृति की जड़े सारी दुनिया मे-डा राम बहादुर

**अमेठी।** अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के वार्षिक समारोह की संगोष्ठी में कवि गोष्ठी, विमर्श, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती , गोस्वामी तुलसीदास , मलिक मोहम्मद जायसी की प्रतिमा पर पूजा,अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ। संगोष्ठी के प्रथम सत्र का शुभारंभ वाणी वंदना से हुआ।कवि गोष्ठी में स्थानीय एवं देश के जाने-माने कवियों ने अपनी रसभरी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन ने कहा कि हिन्दी साहित्य के सम्वर्द्धन में अवधी की भूमिका अहम है। गोस्वामी जी रचित श्रीरामचरितमानस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है।हमें निज पर गर्व करना चाहिए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ रामबहादुर मिश्र ने कहा कि अवधी देश-दुनिया में लगभग पन्द्रह करोड़ लोगों की भाषा बन चुकी है।अवध संस्कृति की पहचान सारी दुनिया में है।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दी साहित्य के सम्वर्द्धन में प्रवासी साहित्यकारों का सर्वाधिक योगदान है। संगोष्ठी में डॉ.अर्जुन पाण्डेय की सद्यः प्रकाशित रचना माटी का चन्दन के साथ वार्षिक पत्रिका जल दर्पण का लोकार्पण अतिथियों एवं साहित्यकारों के द्वारा किया गया, इस अवसर पर अंजनी अमोघ, अनीस देहाती,,चिंता मणि मिश्र, डॉ अभिमन्यु कुमार पाण्डेय,रामेश्वर सिंह निराश, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय , जगदम्बा प्रसाद तिवारी %मधुर%,सब्बीर अहमद सूरी,राजेंद्र शुक्ल अमरेश, अर्चना ओजस्वी,चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, राजकुमारी साहु, आशुतोष गुप्ता,तेजभान सिंह, विवेक मिश्र, हिमांशु श्रीवास्तव, पं विजय कुमार मिश्र, सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल,संजय मिश्र,अनिभव मिश्र , अंजली तिवारी,कवि सुरेश शुक्ल नवीन की कविता पाठ किया कि जिन्दगी एक पहेली रही,भीड मे वह अकेली रही,को खूब वाह वाह मिली।

### तालाबों की दुर्दशा और अतिक्रमण से जूझते अमेठी के गांव



**अमेठी।** जिले के गांवों में तालाबों की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है।अतिक्रमण की समस्या ने ग्रामीणों की जिंदगी को अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रशासन से ठोस कदम उठाने की अपील की जा रही है। जलभराव की समस्या बारिश के मौसम में तालाबों में पानी जमा होने के बजाय सड़कों और घरों के आसपास जलभराव हो जाता है। इससे गंदगी और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है और संक्रामक बीमारियों जैसे डेंगू और मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है। अतिक्रमण की समस्या तालाबों पर अतिक्रमण और निर्माण कार्यों के चलते उनकी जलधारण क्षमता प्रभावित हो रही है। इससे सड़कों और गलियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है, जो स्वास्थ्य संकट को और बढ़ा रही है। ग्रामीणों की मांग ग्रामीणों की मांग है कि गांवों के भीतर स्थित तालाबों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। तालाबों की सुरक्षा और अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को विशेष अभियान चलाना चाहिए। अवैध कब्जों पर पेनाल्टी लगाई जानी चाहिए और तालाबों की देखरेख के लिए एक विशेष टीम नियुक्त की जानी चाहिए। प्रशासन से अनुरोध प्रशासन से अनुरोध किया जाता है कि अमेठी जिले के तालाबों का सर्वेक्षण कराकर उनके सुंदरीकरण और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। यह कदम पर्यावरणीय संतुलन को बहाल करेगा और जलभराव और संक्रामक रोगों से राहत दिलाएगा।

### पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में मिशन शक्तिअभियान के तहत थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा राजकीय महिला इंटर कॉलेज जगदीशपुर की छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के लिए महिलाओं और बालिकाओं में सशक्तिकरण और विश्वास का वातावरण बनाना है। पुलिस द्वारा छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई और महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा, थाना इन्हौना पुलिस की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों और शोहदों द्वारा छेड़छाड़ और महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सतत निगरानी की गई और संदिग्धों की चेकिंग की गई। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षित और सम्मानित वातावरण प्रदान करना है। पुलिस की इस पहल से छात्राओं में सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना बढ़ेगी।

### जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया आम घाट का निरीक्षण



**अमेठी ।** प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत जिलाधिकारी अमेठी और पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह ने थानाक्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक के आमघाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और थानाध्यक्ष भाले सुल्तान व मौजूद अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक आदेश और निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह और अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की इस पहल से प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा और शांति बनाए रखने में मदद मिलेगी। सुरक्षा के लिहाज से यह निरीक्षण किया गया ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# प्रधान एकजुट हैं , कार्यवाही न हुई तो 18 से फिर देंगे धरना : जिलाध्यक्ष

**जिसने ब्लॉक अध्यक्ष के रूप मे दिया बयान वह पहले से ही है पदच्युत**



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** बीडीओ रामनगर के खिलाफ प्रधानों का धरना 18 सितंबर से फिर शुरु होगा जिस दिन प्रधान सामूहिक इस्तीफा देंगे।

राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष राम कुमार मिश्रा ने बताया कि संगठन का आंदोलन 18 सितंबर को फिर शुरु होगा क्यो कि डीडीओ व पी डी को 17 सितंबर तक का समय दिया गया था।यदि कार्यवाही हुई तो ठीक नही फिर आंदोलन होगा

उन्होंने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि संगठन से निष्कासित व्यक्ति द्वारा अपने को मुखिया बताकर ग्राम प्रधान व संगठन विरोधी बयान देते आंदोलन समाप्त करने संबंधित बयान दिया है जो गलत है । उसकी निष्क्रियता,स्वार्थ लोलुपता व ग्राम प्रधान,संगठन विरोधी कार्यो के कारण पूर्व में ही विकास खंड के समस्त प्रधानों द्वारा बैठक में प्रस्ताव पास कर पदच्युति की कार्यवाही की जा चुकी है। ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव होने तक समस्त अधिकार

जिलाध्यक्ष में निहित किए जा चुके हैं।उक्त व्यक्ति अब तो न अध्यक्ष है न ही संगठन या ग्राम प्रधानों से सरोकार है।सभी प्रधान संगठन के बैनर तले एकजुट हैं और 18 को ब्लॉक पर धरना देकर सामूहिक इस्तीफा देंगे।इस अवसर पर सभाजीत सिंह,चंद्र मौलि मिश्रा राजेश अवस्थी,शैलेन्द्र सिंह,लवलेश,दुर्वेश कुमार सहित तमाम प्रधान मौजूद रहे।

### रामलीला समिति के अध्यक्ष चुने गए, राजेश मसाला

**अमेठी ।** नगर पंचायत अमेठी में स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर पर 1974 में गठित रामलीला समिति के अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल एवं उनके पिताजी द्वारा लगातार 50 वर्ष पार करते हुए अपने को भगवान की सेवा में समर्पित किया है ।स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या के कारण इस महत्वपूर्ण दायित्व को उन्होंने अमेठी के समाजसेवी,उद्योगपति भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया, निवर्तमान अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल ने कार्यकारिणी भंग करते हुए अपने पद से त्यागपत्र देकर राजेश मसाला का नाम नए अध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन समिति के सचिव जय प्रकाश लोहिया,कोषाध्यक्ष मदनचंद्र अग्रवाल, मून्नूचंद्र अग्रवाल, आनंद वरनवाल, रमाकांत वरनवाल, अनिल पाल सहित नगर के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों ने अनुमोदन किया,अध्यक्ष पद ग्रहण करने के पश्चात् नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश मसाला ने निवर्तमान अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर आभार व्यक्त किया, उसके बाद समिति के पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनमानस ने समिति के अध्यक्ष राजेश मसाला को शुभकामनाएं देते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया गया,समिति के अध्यक्ष राजेश मसाला ने समिति के पदाधिकारियों से प्राप्त अनुभव के आधार पर उनके मार्गदर्शन में समिति के कार्यों को वैभवपूर्ण स्थान दिलाने का भरोसा दिया।

# शोभा यात्रा के साथ संपन्न हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन



लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा और देवलिया में स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा के साथ कल्याणी नदी के दुर्गा घाट टेरा पहुँच कर विर्सजन किया गया। जुलुस में शांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर भारी पुलिसबल मौजूद रहा। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बांसा और देवलिया में गणेश चतुर्थी के मौके पर भगवान श्रीगणेश जी प्रतिमा स्थापित की गई थी। गुरुवार को भगवान श्रीगणेश जी की प्रतिमा गाजे-बाजे के साथ गांव के विभिन्न मार्गों से निकाल कर कल्याणी नदी के दुर्गा घाट टेरा में विसर्जन किया गया।इस दौरान दौरान महिलाएं , पुरुष और बच्चों ने गणपति बप्पा मोरया के नारे लगाकर अमीर गुलाल एक दूसरे को लगाकर गीतों पर झूम रहे थे। इस दौरान भगवान श्रीगणेश जी के दर्शन को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटी हुई थी। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार वर्मा, नितिन मौर्या, ओमप्रकाश वर्मा,राम मिलन यादव,अरुण सिंह, हरिश्चंद्र रावत,शानू यादव, प्रदीप रावत सहित भारी संख्या मे महिला व पुरुषभक्त गण मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में मसौली पुलिस मुस्तैद दिखी।

# तालाबों पर अतिक्रमण, प्रशासन बना मूक दर्शक

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जनपद के अधिकांश शहरी क्षेत्र में तालाबों पर अतिक्रमण, की खबरें आम बात हो गई है, जिस कारण जलभराव की समस्या गंभीर होती जा रही है। ये तालाब, जो पहले जल भंडारण और जल निकासी के लिए महत्वपूर्ण थे, अब तेजी से अपनी उपयोगिता खो रहे हैं। बारिश के मौसम में तालाबों में पानी जमा होने के बजाय सड़कों और घरों के आसपास जलभराव हो जाता है, जिससे गंदगी और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है और संक्रामक बीमारियों जैसे डेंगू और मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है। आम जनता का मानना है, कि तालाबों का सुंदरीकरण और रख-रखाव अत्यंत आवश्यक है। कई तालाबों पर अतिक्रमण और निर्माण कार्यों के चलते उनकी जलधारण क्षमता प्रभावित हो रही है। इसके परिणामस्वरूप, सड़कों और गलियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है, जो स्वास्थ्य संकट को और बढ़ा रही है।

सरकारी योजनाओं के तहत गांवो मे तालाबों की मरम्मत और सफाई की जा रही है, उसी प्रकार शहरी क्षेत्र में स्थित तालाबों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इन तालाबों की सुरक्षा और अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को विशेष अभियान चलाना चाहिए। जैसे गाड़ी चेकिंग और बिजली चेकिंग अभियान आयोजित किए जाते हैं, वैसे ही तालाबों की सुरक्षा और अतिक्रमण हटाने के लिए भी नियमित अभियान चलाए जाने चाहिए।

अभियानों के दौरान अवैध कब्जेदारो पर पेनाल्टी लगाई जानी चाहिए ताकि भविष्य में अतिक्रमण की प्रवृत्ति को रोका जा सके। इसके अलावा, प्रशासन को तालाबों की देखरेख के लिए एक विशेष टीम नियुक्त करनी चाहिए, जो सुनिश्चित करे कि तालाबों पर कोई अतिक्रमण न हो और उनकी सफाई और रखरखाव नियमित रूप से होता रहे। नगर पंचायत अमेठी में तो तालाबों ने अपना वजूद खो दिया है, जिम्मेदार अधिकारी बोलने को राजी नहीं है, नगर पंचायत अमेठी का शायद कोई तालाब ऐसा हो जो अतिक्रमण मुक्त हो परंतु नगर पंचायत एवं तहसील प्रशासन को नजर नहीं आ रहा है, जिस कारण शहरी क्षेत्र में आए दिन जल भराव की स्थिति बनी रहती है, क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि अमेठी नगर पंचायत के तालाबों का सर्वेक्षण कराकर उनके सुंदरीकरण और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। यह कदम न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बहाल करेगा, बल्कि जलभराव और संक्रामक रोगों से भी राहत दिलाएगा। यह समस्या जिले की स्वास्थ्य स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है, और इसे शीघ्र समाधान की आवश्यकता है।

# घोटाले की कहानी बयां कर रहे स्कूल, जिम्मेदार बेसिक शिक्षा विभाग

**बनने के बाद ही जर्जर हालत में भवन**

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार लाख कोशिश कर रही हैं कि शिक्षा में सुधार किया जाए, और सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए, परंतु अधिकारियों की मिली भगत से कर्मचारियों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जनपद में ऐसे भी विद्यालय भवनों का निर्माण हुआ है कि जो अपने बनने के कुछ समय बाद ही निष्प्रयोज्य हो गये। हरिहरपुर, टेरी, मनीपुर राघव, सहित दर्जनों भवन इस तरह से बने हुए हैं नतीजा विद्यालय बनाये जाने का उद्देश्य विलोपित हुआ तो सार्वजनिक हित और धन भी प्रभावित हुआ। विभागीय सूत्रों के अनुसार शिक्षा क्षेत्र अमेठी के उच्च प्राथमिक विद्यालय मनीपुर राघव मजरे रेभा का जिक्र कर रहे हैं। ग्राम पंचायत रेभा के एक बड़े मजरे मनीपुर राघव गांव में 2008 में इस विद्यालय का निर्माण कराया गया। जबकि विद्यालय स्थापित करने लायक वहां स्थान ही नहीं था। विद्यालय के ठीक सामने पंद्रह फीट बाद एक ग्रामीण का मकान और सहन है वहीं विद्यालय के ठीक पीछे कुछ पेड़ और झाड़ियां है। इतनी विसंगतियों के बाद भी निर्माण हुआ तो इतना घटिया मानक का कि कुछ दिन में ही प्लास्टर गिरने लगा। इन परिस्थितियों में शिक्षकों ने बच्चों की सुरक्षा के चलते इस स्कूल में बैठने से मना कर दिया। अब यह स्कूल प्राथमिक विद्यालय रेभा में संचालित हो रहा है। जहां अश्विनी शुक्ल और सत्या उपाध्याय शिक्षक तैनात हैं। विद्यालय के लिए बनाई गयी रसोई का निर्माण इतना घटिया हुआ कि प्लास्टर तक नहीं किया गया और अब उसकी दीवाले गायब होती नजर आ रही हैं। इस संबंध में प्रधानाध्यापक अश्विनी शुक्ल ने बताया कि हमारी बिल्डिंग जर्जर है बच्चों और अपनी सुरक्षा को देखते हुए अधिकारियों के आदेश पर यहां पढ़ा रहे हैं। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी पूजा सिंह चौहान का कहना है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय मनीपुर राघव का भवन खराब है इसलिए 2019 से यह विद्यालय प्राथमिक विद्यालय रेभा में संचालित हो रहा है। और उन्होने बताया कि भवन निर्माण संबंधित सभी पत्रावलियों जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर होती हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि जानकारी करके बताउगा। अब यहां घोटाला साफ नजर आ रहा है , कारण ,विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि का चयन हुआ तो किसी अधिकारी ने निरीक्षण नहीं किया।

भवन निर्मित होकर हैंडओवर होने तक किसी अभियंता और विभागीय अधिकारी ने इसकी क्वालिटी चेक नहीं की है। आखिर इन सब घोटाले का जिम्मेदार कौन है, दर्जनों विद्यालय के भवन इस तरह के जनपद में बने हुए हैं,

# चौदह दिनों बाद भकियू का धरना वार्ता के बाद हुआ समाप्त



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा अपनी विभिन्न मांगो को लेकर तहसील में शुरु किया गया अनिश्चित कालीन धरना 14 दिनों बाद समाप्त हो गया।

एस डी एम पवन कुमार,तहसीलदार भूपेंद्र सिंह,सी ओ जगत कनौजिया व कोतवाल रत्नेश पांडेय के साथ जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा,तहसील अध्यक्ष शारदा बक्स सिन्ह, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद,नरेंद्र सिंह आदि के साथ वार्ता हुई।नपाई,अवैध कब्जा हटाने,रास्ता बनवाने,अवैध निर्माण रुकवाने,राशन कार्ड बनवाने सहित ज्ञापन में लिखी 19 मांगो पर क्रमानुसार वार्ता हुई जिनमे कुछ समस्याएं हल होनी बताई गई तो कुछ न्यायालय के विषय बताए गए।बाकी कई समस्याओ को जल्द हल कराकर संगठन को अवगत कराने का आश्वाशन दिया गया। इसी वार्ता से किसान नेताओं में सहमति बनी और धरना दे रहे किसानो के बीच एस डी एम ने जाकर आश्वाशन दिया तब धरना खत्म हुआ। अंतिम दिन किसान पंचायत भी हुई जिसमे भारी संख्या में किसानो का जमावड़ा रहा और महिलाए भी आई थी।

# 32 वा राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



लोकमित्र ब्यूरो

**त्रिवेदीगंज।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सोनिकपुर में 32 वा राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। त्रिदिवसीय उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बाराबंकी तनुज पुनिया जी थे।कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी अतिथियों का परिचय कराया गया। वी. के. यादव प्राचार्य पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बाराबंकी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन किये।

विद्यालय की बालिकाओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम के अध्यक्ष एच 0एन 0पांडेय सहायक आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति लखनऊ संभाग ने खेल भावना को सर्वोपरि बताया। खेल प्रतियोगिता का ध्वजारोहण सांसद तनुज पुनिया द्वारा किया गया।मार्च पास्ट एवं शपथ ग्रहण प्रतिभागियों द्वारा किया गया। सांसदने सभी संभाग से आए हुए विद्यार्थियों का स्वागत किया और खेल भावना को जीवन में अपनाने पर बल दिया। सांसद ने खेल के शुभारंभ की घोषणा की। प्राचार्य श्री वी0 के0यादव ने सांसद को , सहायक आयुक्त, के श के श मिश्र, एन 0एन 0त्रिपाठी आदि अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए।


इस प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय समिति के विभिन्न संभागों से निम्नलिखित प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहें हैं।

| संभाग | बालक | बालिका | कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| भोपाल | 36 | 36 | 72 |
| चंडीगढ़ | 36 | 36 | 72 |
| हैदराबाद। | 36 | 36 | 72 |
| जयपुर। | 36 | 36 | 72 |
| लखनऊ। | 36 | 36 | 72 |
| पटना। | 36 | 36 | 72 |
| पुणे। | 36 | 36 | 72 |
| शिलांग। | 36 | 36 | 72 |

*उपर्युक्त टीमों के टीम मैनेजर क्रमशः के0 कमलापाधम, समरजीत भाटिया,पी 0आर 0 संकरी, सत्येंद्र सिंह,आलोक कुमार शाही, स्मिता कुमारी,गायत्री बिष्ठ, प्रद्युत हैं।*

# राज्य परियोजना सलाहकार टीम के सदस्यों ने बीआरसी मसौली की समीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो



**मसौली, बाराबंकी।** शिक्षा क्षेत्र में सुपर 100 ब्लॉकों में नामित विकास खण्ड मसौली की निपुण कार्ययोजना समीक्षा करने राज्य परियोजना सलाहकार टीम के सदस्य स्वाति अग्रवाल व अंकित श्रीवास्तव गुरुवार को बीआरसी मसौली पहुँचे।जहां पर टीम ने विकास खण्ड स्तर पर बच्चों,शिक्षकों, अभिभावकों के साथ सामुदायिक सहभागिता पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली फिजा मिर्जा एवं अकादमिक टीम की सराहना की। राज्य परियोजना सलाहकार स्वाति अग्रवाल व अंकित श्रीवास्तव ने खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली फिजा मिर्जा, एसआरजी अवधेश पाण्डेय,एआरपी डॉ बनवारीलाल, सचिन वर्मा ,विवेक गुप्ता,धीरेंद्र सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापकों एवं बच्चों से बातचीत करके ब्लॉक को निपुण बनाने की कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।जनपद बाराबंकी में विकास खण्ड मसौली सबसे पहले निपुण स्थान बन सके इसके लिए राज्यस्तरीय तकनीकों के साथ विभिन्न प्रकार की चर्चाओं के माध्यम से बच्चों की दैनिक उपस्थिति बढ़ाने ,एसएमसी व पीटीएम बैठकों के जरिये अभिभावकों को प्रेरित करने की रणनीति पर विचार किया गया। राज्य परियोजना सलाहकार टीम ने चर्चा में विद्यालयों में विलुप्त प्रक्रिया श्रुतलेख( इमला ) व सुलेख के प्रयोग के महत्व को भी शामिल कर सभी एआरपी को इसके प्रयोग हेतु प्रेरित किया गया। चूंकि बच्चे यदि लिखना एवं पढ़ना सुगमता पूर्वक कर लेते है,तो उन्हें निपुण बनाने में ज्यादा परिश्रम की आयवशकता नही रहेगी। टीम ने शासन स्तर से चलाए जा रहे शैक्षिक एप के प्रयोग की जानकारी एवं होने वाले सार्थक परिणामों की जानकारी प्राप्त की। कुछ समस्याएं निपुण लक्ष्य एप पर थी,जिन्हें दूर करने के लिए राज्यस्तरीय टीम ने आश्वासन दिया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली फिजा मिर्जा ने टीम को अवगत कराया कि विकास खण्ड स्तर पर विद्यालयों की शैक्षणिक समस्याओं का निदान एसआरजी,एआरपी के साथ मिलकर तत्काल किया जाता है।

उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक बीईओ- प्रधानाध्यापक बैठक में केवल प्रशासनिक कार्यो पर चर्चा होती थी,जिससे शिक्षण स्तर गिर रहा था लेकिन अब अकादमिक विषय पर प्रमुखता पर चर्चा होती है।

जिसमें शिक्षक अपने नवाचारों का प्रदर्शन करते है,जिससे अन्य शिक्षक प्रेरित होकर शिक्षण कार्य में सुधार कर रहे है।

# गिरवी हुए मकान से कब्ज़ा हटाने के लिए बेटी ने लगाई गुहार

लोकमित्र ब्यूरो

**हैदरगढ़।** इलाज कराने के लिए शर्तों पर गिरवी रखे मकान को अब चाचा छोड़ने को तैयार नहीं।क्पिता के पक्षधर होकर बेटी ने पुलिस से न्याय किए जाने की गुहार लगाई है।

मामला कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के रामपुर मजरे बारा गांव का है। उक्त रामपुर गांव निवासी लल्लू वर्मा की पुत्री आरती वर्मा पिता को न्याय दिलाने के लिए ससुराल से मायके आई हुई है। श्रीमती आरती वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हमारी माता को सात वर्ष पूर्व कैंसर हो गया था। आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय हो गई थी। इलाज के लिए सरकार की तरफ से मिली कालोनी भी गिरवी रखना पड गया था। रामपुर गांव निवासी रिस्ते में लग रहे चाचा राकेश कुमार वर्मा को पिता ने मकान गिरवी के तौर पर 15 हजार रुपए लेकर आवास सौंप दिया था। शर्त रखी थी कि जबतक 15 हजार नहीं वापस मिलेंगे तब तक गिरवी के तौर पर हम इस मकान का इस्तेमाल करेंगे। लेकिन फिर भी लल्लू मकान गिरवी रखने के वावजूद भी अपनी पत्नी को नहीं बचा सके। मकान गिरवी हो जाने के बाद लल्लू रायबरेली में जाकर निवास करने लगे।सात वर्ष बाद पुत्री आरती वर्मा पिता का गिरवी घर छुड़वाने के लिए चाचा राकेश वर्मा से मिली। आरती वर्मा ने बताया कि चाचा अब हमारा मकान छोड़ने को तैयार नहीं है। पन्द्रह हजार के बदले दो लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। जिसके बाद आरती वर्मा कोतवाली पुलिस से मिलकर न्याय किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

## हल्की-हल्की बारिश से नगर पंचायत धौरहरा की सड़कें बनी तालाब



**धौरहरा-खीरी।** नगर पंचायत में बारिश की वजह से नगर पंचायत धौरहरा की अव्यवस्था को उजागर कर दिया है। सुबह से हो रही हल्की-हल्की बारिश के कारण ब्लॉक के सामने बरसात का पानी भर गया है। जिससे लोगो को पानी में होकर गुजरना पड़ रहा है। नगर पंचायत अधिकारी प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के स्वच्छता विजन की उड़ा रहे है धज्जियां एक मुख्यचिकित्सा अधिकारी चल रहे वायरल बुखार से बचाव के लिए मच्छरों व गंदगी के दूर रहने के बारे में बता रहे है,वही दूसरी तरफ नगर पंचायत अधिकारी स्वच्छता के अभियान की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहे है। **अधिकारी करते हैं नजर अंदाज :** क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि अगर समय रहते अधिकारी जाग जाते तो इस समस्या का सामना हम लोगों को ना करना पड़ता। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अधिकारी लोगों की परेशानी को नजर अंदाज करते रहते हैं। जिसके कारण आज यह स्थिति उत्पन्न हो गई है। उपरोक्त मामले में अधिषासीअधिकारी गौरव ने बताया कि तेज बारिश के कारण जलभराव हुआ है बाकी आधे एक घंटे में पानी निकल जाता है और हमारे कर्मचारी वहीं पर कार्य करवा रहें हैं।

## किराने की दुकान पर बैठी महिला के कुण्डल छीन कर भागे उचक्के

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है। पुलिस शातिर चोरो पर अंकुश लगाने में नाकाम दिखाई दे रही है। ताजा मामला नगर के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा गर्ग क्रेशर के पास का सामने आया है जहां एक किराने की दुकान पर बैठी महिला के सोने के कुन्डल छीनकर भाग गये। बताते चले कि शाहजहांपुर मार्ग पर मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा में गर्ग क्रेशर के निकट मुन्नी देवी अपनी किराने की दुकान चलाती है। कल शाम मुन्नी देवी अपनी किराने की दुकान पर बैठी थी तभी दो युवक बाइक पर सवार होकर आये और मुन्नी देवी की दुकान के सामने बाइक रोक दी और एक युवक मुन्नी देवी की दुकान पर कोई सामान लेने के बहाने आया और मुन्नी देवी के कान में पहने सोने के कुन्डल नोच कर भाग गया। मुन्नी देवी चोर चोर चिल्लाती रही तब तक यह लुटेरे कुन्डल लेकर फरार हो गये। मुन्नी देवी ने कोतवाली में तहरीर देकर लुटेरो के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए कुन्डल बरामद किये जाने की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस इन लुटेरो को पकड़ पाती है या नहीं।

## वायरल बुखार से बचाव के लिए करें यह काम ........सीएचसी अधीक्षक पसगवा अश्वनी वर्मा ने दी जानकारी



**मैगलगंज-खीरी।** बरसात के मौसम में प्राय वायरल फीवर के बढ़ते मामलों को देखते हुए नागरिकों से सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने को कहा है सीएचसी अधीक्षक पसगवां अश्वनी वर्मा के द्वारा संक्रमण के बारे में बताया कि वायरल बुखार से बचने के लिए निम्न सावधानियां बेहद महत्वपूर्ण हैं सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह अपने घर में तथा आसपास साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखें। नमी और गंदगी न होने दे तथा मच्छरों से बचने के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहने सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें तथा अन्य मच्छर रोधी उपायों का प्रयोग करें। व्यक्तिगत साफ - सफाई पर ध्यान दें। प्रदूषित जल का सेवन न करें बारिश के कारण जल स्रोतों में प्रदूषण बढ़ जाता है, जिसके कारण वायरल फीवर हो सकता है। सामान्य लक्षण जैसे तेज बुखार सर दर्द ,बदन दर्द ,गले में खराश, थकान ,सर्दी, या खांसी होने पर तुरंत अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर डॉक्टर से परामर्श व जांच कराए। वायरल बुखार के लक्षण महसूस होते ही नजरअंदाज ना करें। अधिक से अधिक शुद्ध पानी का सेवन करें, शरीर को डिहाइड्रेट ना होने दें। अपने हाथों को बार-बार साबुन से धोएं तथा सड़े गले फलों का सेवन न करें। पर्याप्त आराम करें तथा ताजा खाना खाएं। आप इन उपायों को अपनाकर आप अपना और अपने परिवार के सदस्यों को वायरल बुखार से बचाव कर सकते हैं।

## समोसे में निकली मेंढक की टांग, ग्राहक आया सकते में

**इंदिरापुरम।** अभयखंड स्थित मिठाई की दुकान से लिए गए समोसे में मेंढक की टांग निकलने का मामला सामने आया है। ग्राहक ने मेंढक की टांग निकलने पर पुलिस से मामले की शिकायत की। सूचना पर पहुंची खाद्य स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मिठाई की दुकान से सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। मूलरूप से दनकौर निवासी अमन शर्मा पुत्र विनोद शर्मा न्यायखंड में रहते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को वह अपने साथियों के साथ अभयखंड स्थित एक नामचीन मिठाई की दुकान पर समोसे लेने गए थे। वह समोसे लेकर घर चले गए। उन्होंने देखा कि समोसे में कुछ है। कुछ ही देर बाद वह दुकान पर वापस लौटे। पुलिस के मुताबिक अमन ने इस दौरान समोसे में मेंढक की टांग निकलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पीड़ित ने दुकानदार को बताया कि उसने इसी पूरी वीडियो बना ली है। कुछ ही देर में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसकी सूचना खाद्य स्वास्थ्य विभाग को दी गई। सूचना पाकर टीम मौके पर पहुंची और नमूने लिए। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## 500 रुपये के लिए मजदूर को चाकू से गोदा, अस्पताल में मौत

**लोनी।** कोतवाली क्षेत्र के इकराम नगर कॉलोनी में 500 रुपये के लिए पड़ोसियों ने मजदूर को चाकू से गोद दिया। घटना में घायल मजदूर महराज (48) की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर खानापूर्ति की है। घटना 15 दिन पहले की है।मूलरूप से हापुड़ के रहने वाले महराज (48) परिवार के साथ इकराम नगर कॉलोनी में रहते थे, वह मजदूरी करते थे। उनके बेटे सरफराज ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले साजिद पर उनके चाचा सिराज के 500 रुपये थे। 28 अगस्त को 500 रुपये लेने के लिए उनकी चाची फरजाना आरोपियों के घर गई थी। आरोप है कि आरोपियों ने रुपये नहीं दिए और गाली गलौज की। गाली गलौज होने पर अफसाना के पति सिराज मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाली गलौज का विरोध किया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। सिराज को बचाने के उनके भाई रियाजुद्दीन, महराज और रियाजुद्दीन के बेटे शोएब भी मौके पर पहुंचे। तभी आरोपियों ने चाकू, लाठी डंडे और ईट से हमला कर दिया। आरोपियों ने महराज और शोएब के पेट में चाकू घोंप दिया।

## कंपनी के साथ की 1.52 करोड़ की धोखाधड़ी

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट क्षेत्र के नेहरूनगर स्थित मैसर्स महादेव इंटरप्राइजेज कंपनी के साथ 1.52 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। मामले में कंपनी के एक साझेदार सुंदरलाल ने आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। सुंदरलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नेहरूनगर स्थित रजिस्टर्ड फर्म मैसर्स महादेव इंटरप्राइजेज के पार्टनर हैं। चंडीगढ़ निवासी विशाल सूद, गीता कॉलोनी राजपुरा पंजाब निवासी राजेश तनेजा, सेक्टर-18-सी चंडीगढ़ निवासी विक्रम महाजन, न्यू बैंक कॉलोनी खन्ना लुधियाना पंजाब निवासी पवन कुमार सूद, शास्त्रीनगर गोबिंदगढ़ निवासी गौरव चोपड़ा, सेक्टर 27-ए चंडीगढ़ निवासी आरती कृठियाला, शालीमार बाग दिल्ली निवासी पूजा सूद, फेस-सात मोहाली पंजाब निवासी लोवेन वर्मा सेक्टर 28-डी चंडीगढ़ स्थित मैसर्स अवंटे इंटरनेशनल कंपनी के पार्टनर और अधिकृत व्यक्ति हैं। इन सभी लोगों के कहने पर उनकी फर्म ने उन्हें जीएसटी बिल के माध्यम से अलग-अलग वेयर हाउसिंग, लॉजिस्टिक और मैनपावर की सर्विस दीं।

### डीएम बोली, स्वच्छता के प्रति बढ़ाया आपका एक कदम, जिले को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त बनाने में करेगा मदद

# डीएम ने ली जागरूकता व तैयारी बैठक

- स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा अभियान
- डीएम की अपील, स्वच्छता का करें मिलकर सभी पालन, स्वच्छ हो हर घर आंगन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य निकायों में चलाये जाने वाले स्वच्छता कार्यों की तैयारियों और जागरूकता को लेकर गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह की उपस्थित में कलेक्ट्रेट में बैठक की। बैठक का संचालन ईओ संजय कुमार ने की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के स्वर्णिम 10 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को वृहद जन सहभागिता के साथ मनाए जाने के लिए स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर एक 15 दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम की रचना की गयी है। इसमें स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता और सफाईमित्र सुरक्षा तीन प्रमुख घटक हैं।

### स्वच्छता की भागीदारी में सभी का सहयोग जरूरी : एडीएम

एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता की भागीदारी के अन्तर्गत सार्वजनिक भागीदारी व स्वच्छता के जन-आंदोलन में सभी नागरिकों के जुड़ाव हेतु विभिन्न आई.ई.सी. गतिविधियां करायी जानी है। इसमें सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वच्छ सारथी क्लब व अन्य द्वारा भी स्वच्छता की भागीदारी में सहयोग भी अपेक्षित है। ÷स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम÷ में समस्त नागरिकों की स्वच्छता में भागीदारी हेतु श्रमदान का आह्वान किया, जिससे कि जिले में पूर्ण स्वच्छता एवं व्यवहार परिवर्तन प्राप्त किया जा सके।

### चुने जिंदगी,तंबाकू नहीं : डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तंबाकू सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव बताकर इसका प्रयोग न करने का आग्रह किया। कहा कि तंबाकू खाकर अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कदापि ना करें। बैठक में आमसहमति से निर्णय लिया कि सार्वजनिक स्थलों पर इसके प्रयोग कर गंदगी फैलाने पर ₹2000 का जुर्माना वसूला जाए।

### सड़कों पर खुली गाय छोड़ने पर मालिक को देना होगा दो हजार का जुर्माना : डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वच्छता के प्रति बढ़ाया आपका एक कदम, जिले को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त बनाने में मदद करेगा। आग्रह किया कि गोवंश को खुले में कतई ना छोड़ें। पकड़े गए गोवंश छुड़वाने के लिए दो हजार का जुर्माना अदा करना होगा। आमजन से नालियों पर जाली लगवाने का आग्रह करते हुए बताया कि इससे कूड़ा नालियों में नही जायेगा। पानी का प्रवाह भी नहीं रुकेगा। नालियों की सफ़ाई में सुलभता होने के साथ-साथ वेक्टर जनित रोगों में गिरावट भी आएगी।

### ईओ ने अभियान की बताई तैयारिया

ईओ संजय कुमार ने गत वर्षो की स्वच्छता की सेवा की तुलनात्मक उपलब्धियां बताई। उन्होंने स्वच्छता की भागीदारी के तहत श्रमदान और जन जागरूकता अभियान के तहत कराए जाने वाली गतिविधियों की तैयारिया को भी रेखांकित किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आप सभी के सहयोग से इसबार टॉप फाइव में आने का हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी, नपाप लखीमपुर की स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर मधुलिका त्रिपाठी, सभासद राकेश मिश्र ने भी अपनी सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

**इनकी रही मौजूदगी**

कार्यक्रम में नपाप लखीमपुर की स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर मधुलिका त्रिपाठी, सभासद राकेश मिश्र,शमसुल हसन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मुरारी लाल विशाल शुक्ला, जेई अमरदीप, जितेंद्र वर्मा डीपीएम विक्रांत वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, संभ्रांत नागरिक गण मौजूद रहे।

# मनरेगा में 18 करोड़ का श्रम बजट पेश

### रमियाबेहड़ ब्लॉक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

रमियाबेहड़-खीरी। क्षेत्र पंचायत बैठक में योजनाओं की जानकारी देते बीडीओ एवं मौजूद बीडीसी सदस्य

धौरहरा। रमियाबेहड़ ब्लॉक में आयोजित क्षेत्र पंचायत बैठक ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विकास कार्यों के कुल 19 करोड़ के प्रस्ताव आए जिनकी अनुपूरक कार्ययोजना पर विचार किया गया।



रमियाबेहड़ ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा ने की। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मनरेगा बजट के लिए कुल 18 करोड़ का अनुपूरक कार्ययोजना बजट पेश किया। इसके अलावा पंचम राज्य वित्त में 15 वें केद्रीय वित्त में 1 करोड़ 29 लाख जिस पर कार्य कराने के लिए बजट प्रस्ताव पेश किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास के बारे में खंड विकास अधिकारी डा0 सुशांत सिंह ने बताया अब तक 10 हजार 270 आवास लाभार्थियों को दिए गए हैं। सभी पूर्ण हो चुके हैं। इस बार प्रधानमंत्री आवास सर्वे सुरू हो चुका है। लघु सिंचाई के तहत किसानों को 744 बोरिंग दी गई। इसके अलावा बैठक में कृषि एवं कृषि रक्षा योजना , स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली पशु टीकाकरण एवं पशु पालन, स्वच्छ पेयजल योजना, प्रधानमंत्री सौभाग्य एवं ग्रामीण विद्युतीकरण योजना पर विचार एवं कार्ययोजना प्रस्ताव पेश किए गए। ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा ने गांवों में साफ़ सफाई और नियमित कीटनाशकों का छिडकाव कराने को कहा।इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा, विधायक निघासन शशांक वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित वर्मा, बीडीओ सुशांत सिंह, आयुष प्रकाश वर्मा नरेंद्र वर्मा सहित बीडीसी सदस्य एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# आवारा गौवंश से आए दिन हो रही मौतें, जिम्मेदार कौन?

लोकमित्र,इन्तजार खान



**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भुईहरा निवासी सुरेन्द्र पाल सिंह को साड़ ने पटक-पटक मार डाला। सुरेन्द्र पाल खेत पर गन्ना देखने गये थे काफी देर तक घर वापस नव आने पर घरवालों ने खोजबीन की खेत पर जाकर देखा तब तक सुरेन्द्र पाल की मौत हो चुकी थी। भाजपा सरकार में करोड़ों रुपए खर्च करके गौशालाएं बनवाई गई और गौवंशों के खाने के लिए भूसे चारे के लिए लाखों रुपए महीने में आता है लेकिन उसके बाद भी गौवंश रोड पर घूम रहे है रोड पर आए दिन गौवंश से टकराकर कई लोगो की मौते भी हो चुकी है। जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते नगर से लेकर ग्रामों तक में आवारा पशुओं का कहर जारी जहां एक और स्कूल के समय बच्चे स्कूल जाते हैं वहीं दूसरी और आवारा पशु आपस में लड़ते हैं।अगर नगर की बात करे तो प्रतिदिन आपस में लड़ते रहते हैं आवारा पशु झुण्ड लगाकर खड़े हो जाते हैं और पास से निकल रहे लोगो के ऊपर दौड़ पड़ते हैं सुबह स्कूल के टाइम बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ये आवारा पशु कब किस पर हमला कर दे कोई पता नही।उसके बाद भी अधिकारियों का गौवंश की तरफ कोई ध्यान नहीं है योगी जी अधिकारियों को आदेशित करते हैं कि गौवंश रोड पर नहीं दिखना चाहिए लेकिन अधिकारियों को योगी जी के आदेशों का सुना अनसुना कर देते हैं, कुछ समय पूर्व सरकार की ओर से समस्त जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि कोई भी गौवंश इधर-उधर निराश्रित न घूमता हुआ पाया जाए इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने गोवंश को आश्रय उपलब्ध नहीं पा रहे है। लगातार हादसों के बाद भी अफसर कर रहे अनदेखी आपको नगर से लेकर ग्रामों तक हर जगह दर्जनों स्थानों पर छुट्टा पशुओं का झुंड देखने को मिलेगा आए दिन कोई न कोई छुट्टा पशुओं से एक्सीडेंट व दुर्घटनाएं होती रहती है जिम्मेदार जान कर भी बने अंजान। कल भी छुट्टा पशुओं की वजह से एक परिवार उजड़ गया जिम्मेदार कौन?

# किराने की दुकान पर बैठी महिला के कुण्डल छीन कर भागे उचक्के

लोकमित्र,इन्तजार खान



**मोहम्मदी-खीरी।** नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है। पुलिस शातिर चोरो पर अंकुश लगाने में नाकाम दिखाई दे रही है। ताजा मामला नगर के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा गर्ग क्रेशर के पास का सामने आया है जहां एक किराने की दुकान पर बैठी महिला के सोने के कुन्डल छीनकर भाग गये। बताते चले कि शाहजहांपुर मार्ग पर मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा में गर्ग क्रेशर के निकट मुन्नी देवी अपनी किराने की दुकान चलाती है। कल शाम मुन्नी देवी अपनी किराने की दुकान पर बैठी थी तभी दो युवक बाइक पर सवार होकर आये और मुन्नी देवी की दुकान के सामने बाइक रोक दी और एक युवक मुन्नी देवी की दुकान पर कोई सामान लेने के बहाने आया और मुन्नी देवी के कान में पहने सोने के कुन्डल नोच कर भाग गया। मुन्नी देवी चोर चोर चिल्लाती रही तब तक यह लुटेरे कुन्डल लेकर फरार हो गये। मुन्नी देवी ने कोतवाली में तहरीर देकर लुटेरो के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए कुन्डल बरामद किये जाने की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस इन लुटेरो को पकड़ पाती है या नहीं।

# अभिनव दीप का उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी में सदस्य पद ग्रहण करने के बाद गृह जनपद में भव्य स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा अभिनव दीप को उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी का सदस्य नामित किए जाने के बाद उनके गृह जनपद बेहजम, लखीमपुर खीरी में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। अभिनव दीप, जो राष्ट्रीय कला मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक भी हैं, इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

अभिनव दीप ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी गृहभूमि पर लौटते ही सबसे पहले बेहजम स्थित प्रसिद्ध भोलेनाथ मंदिर, बाबा गौरी शंकर धाम में दर्शन किए। मंदिर में उन्होंने भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने नए दायित्वों को सफलतापूर्वक निभाने



की प्रार्थना की। दर्शन के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कला प्रेमी उपस्थित रहे, जो उनके सम्मान में वहां एकत्रित हुए थे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद अभिनव दीप ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी में सदस्य के रूप में सेवा करने का अवसर मिला है। मैं भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा और प्रदेश की कला और संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। अभिनव दीप के सम्मान में बेहजम के मुख्य चौक पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं, समाजसेवियों और कला प्रेमियों ने अभिनव दीप का हार्दिक अभिनंदन किया और उनके कला के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान की सराहना की।

अभिनव ने अपने संबोधन में सभी का धन्यवाद करते हुए कहा, ÷यह स्वागत मेरे लिए अत्यधिक प्रेरणादायक है और मैं इस विश्वास के साथ आगे बढ़ूंगा कि मैं कला के क्षेत्र में प्रदेश और राष्ट्र के लिए कुछ नया कर सकूं। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने अभिनव दीप की कला और संस्कृति के प्रति निष्ठा और समर्पण की प्रशंसा की। साथ ही, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वह अपने नए दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रदेश के कलाकारों और कला प्रेमियों को नए अवसर प्रदान करेंगे। अभिनव दीप, जो पहले से ही राष्ट्रीय कला मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक हैं, ने इस अवसर पर यह भी घोषणा की कि वह उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए कई नई योजनाओं पर काम करेंगे। उनका उद्देश्य कला को सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का माध्यम बनाना है, जिससे प्रदेश और देश दोनों को लाभ हो सके। जिसमें बेहजम प्रधान शिव बालक जायसवाल अमन गुप्ता अमन वर्मा हफीज खां अमन खां मनीष सिंह हिमान्शू शुक्ला मानीष ठाकुर राजेश गुप्ता उमेश गुप्ता दीपक गुप्ता आदि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# इलाज के नाम पर टीम डाक्टर नीरज की उगाही से परेशान कानपुर कार्डियोलॉजी के मरीज

### पैसे लेते लेकिन रसीद नहीं देते प्राइवेट प्रैक्टिस को लेकर चर्चा में डॉक्टर नीरज कुमार, सीएम से कार्रवाई की मांग

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां का लक्ष्मीपत सिंहानिया हृदय रोग संस्थान आजकल आर्थिक स्वार्थ पूर्ति का इरादा हर हाल में पूरा करने वाले डाक्टरों के निशाने पर है।

सूत्रों की माने तो कुछ डाक्टरों ने कार्डियोलॉजी में सेवाओं के नाम पर बाकायदा एक संगठित गिरोह बना रखा है। इसकी कमान भ्रष्टाचार के विभिन्न हथकंडों से कार्डियोलॉजी के जरिए हुई भारी कमाई के फलस्वरूप करोड़ों की चल - अचल नामी - बेनामी सम्पत्ति का मालिक बनने में सफल डाक्टर नीरज कुमार के हाथ में बताई जाती है। इसी के साथ उनके पद चिन्हों पर चलने को लेकर डॉ अनिल कुमार और सहायक प्रोफेसर डॉ संदीप गौतम का भी नाम चर्चा में है।

कार्डियोलॉजी से जुड़े भरोसे सूत्रों की माने तो पहले मरीज को किसी न किसी बहाने जाल में फसाया जाता है और फिर उन्हें तरह-तरह के झांसा देकर और बरगला कर अधिक से अधिक कमाई का इरादा पूरा किया जाता है। इसके लिए तमाम तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं ,जिसके लिए कार्डियक सर्जन डॉक्टर नीरज कुमार ,डॉ अनिल कुमार और सहायक प्रोफेसर डॉ संदीप गौतम के खिलाफ सरकार और कार्डियोलॉजी की छवि तथा मरीजों के हित में जांच कर प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग भी मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है।

पीड़ित मरीजों ,तीमारदारों और भरोसेमंद सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इनमें से कार्डियक सर्जन डॉक्टर नीरज कुमार द्वारा आर्थिक स्वार्थ पूर्ति के इरादे से आदेश निर्देशों और नियमों की विपरीत किए जाने वाले आचरण से न केवल कार्डियोलॉजी के मरीजों की जान खतरे में पड़ती रहती है , बल्कि इसी वजह से कार्डियोलॉजी के साथ ही यूपी सरकार की छवि भी खराब हो रही है ,जिसकी असली वजह है, कार्डियक सर्जन डाक्टर नीरज कुमार द्वारा नियमों तथा आदेश निर्देशों के विपरीत कानपुर कार्डियोलॉजी में आपरेशन के नाम पर अवैध उगाई करना, लिए गए पैसे की रसीद नहीं देना, ,प्राइवेट प्रैक्टिस करना, ओपी डी के संचालन में आदेश निर्देश और नियमों के विपरीत लगभग आधा दर्जन गैर पंजीकृत महिला टेक्नीशियन का प्रयोग करने के रूप में मरीजों का जीवन खतरे में डालना आदि बताई जाती है।

कार्डियोलॉजी सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक इसी के साथ अलग रहने वाली अपनी पत्नी की गैर मौजूदगी में उन्हीं नॉन रजिस्टर्ड महिला टेक्नीशियन में कई को अपने प्राईवेट आवास पर आने और रहने को मजबूर करना, और साथ रहने के बजाय पत्नी द्वारा अलग रहने की वजह से डॉक्टर नीरज कुमार द्वारा इन सभी गैर पंजीकृत महिला टेक्नीशियनों के साथ पता नहीं ऐसा क्या करना ,जिससे उनका भयभीत, तनाव ग्रस्त और गुमसुम आदि रहना भी भविष्य में किसी बड़ी गंभीर घटना होने के रूप में भी कार्डियोलॉजी और सरकार की बदनामी का भी कारण बन सकता है।

भरोसेमंद सूत्रों का दावा यह भी है कि रविवार आदि अवकाश पर वरिष्ठ विशेषज्ञों के नहीं होने का फायदा उठाकर मरीजों को अपनी प्राइवेट क्लीनिक पर बुलाना, कार्डियोलॉजी के बजाय उन्हें दिल्ली समेत अन्य अस्पतालों के लिए रिफर करना और अधिक से अधिक कमीशन के लालच में मरीजों को अपने साले अमित कुमार की कम्पनी सिंस मेड फार्मा की दवायें खरीदने को मजबूर करना आदि भी डॉ नीरज कुमार के स्वार्थ पूर्ति के खतरनाक इरादे को साफ जाहिर भी करता है।

सूत्र यह भी दावा करते हैं कि कार्डियक सर्जन डा.नीरज कुमार इलाज आपरेशन आदि के नाम पर विभिन्न अवैध हथकंडों से आय से अधिक लाखों - करोड़ों की चल - अचल , नामी - बेनामी संपत्ति अर्जित करने में भी सफल हुए हैं , जिसकी पुष्टि उनकी आय से अधिक संपत्ति की जांच कराए जाने से भी की जा सकती है। हृदय रोग संस्थान के सूत्रों की माने तो डॉक्टर अनिल कुमार और सहायक प्रोफेसर डॉक्टर संदीप गौतम भी विभिन्न हथकंडों से अधिक से अधिक कमाई के लिए लगभग डॉ नीरज कुमार के ही नक्श ए कदम पर चलकर ना केवल कार्डियोलॉजी और सरकार की छवि खराब कर रहे हैं, बल्कि मरीज उनके तीमारदारों को आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ ही उनका जीवन भी खतरे में डाल रहे हैं, जिसका ज्वलंत उदाहरण 8 जून 2023 को भर्ती नगला स्वरूप बरहन जिला आगरा निवासी डोरीलाल कठेरिया पुत्र मूलचंद की डॉ नीरज कुमार के कथित लालच की वजह से ही हुई असमय मौत भी बताई जाती है। इसीलिए यूपी सरकार द्वारा कार्डियोलॉजी के डॉक्टर नीरज कुमार आदि पर लगे इन सभी गंभीर आरोपों की उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई को जनहित में आवश्यक माना जा रहा है। अंततः सवाल यही कि इस मामले में जांच कर प्रभावी कार्यवाही का कदम क्या वास्तव में उठाया जाएगा या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा। यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अविवि में दीक्षांत के परिप्रेक्ष्य में खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह के परिप्रेक्ष्य में परिसर के पद्श्री अरूणिमा सिन्हा भवन के इंडोर हॉल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक, आवासीय क्रीड़ा समिति के सचिव डॉ0 सुरेंद्र मिश्र व डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस और रस्साकसी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। सभी ने प्रतिभागी टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के प्रथम दिन बैडमिंटन पुरुष वर्ग में आशुतोष मिश्रा (बी.फार्मा) ने 21-13 से धर्मेंद्र कुमार(बी.पी.ई. एस.) को पराजित किया तथा महिला वर्ग में श्रेया सिंह (बी.पी.ई.एस.) ने 21-11 से पलक प्रिया (बी.पी.ई.एस.) को पराजित किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक कुमार मंगलम सिंह आनन्द मौर्य, अनुज पाल, कन्हैया रहे।इस प्रतियोगिता का संयोजन डॉ0 अनुराग पांडेय, सदस्य कीड़ा समिति ने किया। इस प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगिता ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंकित शुक्ला, अंकित भारती, शशांक विद्यार्थी, प्रवीण मिश्रा, महेंद्र शुक्ला नागेंद्र यादव, मनोज, आकाश सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राए, खिलाडी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गाय की मौत

**हैदरगंज- अयोध्या।** आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रामधन पंडित का पुरवा में साहिवाल गाय की मौत हो गई । गुरुवार को जानकारी देते हुए विकासखंड तारुन के जाना ग्राम सभा के मजरे रामधन पंडित का पुरवा गांव निवासी संतोष कुमार पांडेय पुत्र स्वर्गीय राम सजीवन पांडेय ने बताया कि बुधवार की देर शाम लगभग 8ः00 बजे के आसपास बारिश के दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से द्वार पर बंधी साहिवाल गाय की दर्दनाक मौत हो गई । आसपास टहलने छुट्टा गोवंश भी आकाशीय की बिजली की चपेट में आने से कुछ देर तक अचेत हो गए थे । वहीं इसकी सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी तारुन को दी गई । मौके पर पहुंचे पशु के साथ अधिकारी ने मृतक गाय का पोस्टमार्टम किया । जानकारी होने पर हल्का लेखपाल ने भी पहुंचकर जांच उपरांत तहसील पर रिपोर्ट भेज दिया है । उन्होंने मृतक गाय की कीमत □45000 के आसपास बताई है ।

### उप जिलाधिकारी ने ईंटगांव गौ रक्षक दल की टीम को किया सम्मानित

**मिल्कीपुर- अयोध्या।**उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह और उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने गुरुवार को गौ सेवा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ईंटगांव गौरक्षक दल की टीम को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने गौ रक्षक दल के कार्यकर्ताओं की सराहना की। ज्ञात हो कि ईंटगांव गौ रक्षक दल छुट्टा गोवंशों की देखरेख करता है। सड़क दुर्घटनाओं में घायल गोवंसों का इलाज करता है, मृत्यु गोवंश का अंतिम संस्कार भी करता है तथा कुओं, नालों, गड्ढे में गिरे गोवंशों को रेस्क्यू कर बाहर भी निकलने का भी काम करता है। उक्त दल समय-समय पर मानव सेवा में भी अपना हाथ बंटाता है। असहाय लोगों को भोजन, वस्त्र आदि का इंतजाम करता है।गौरव रक्षक दल की अध्यक्षता कर रहे नितेश व कोषाध्यक्ष अंकुर व उनके अन्य साथी अभिषेक, अभिनाश, आदर्श, चंदन, रामसिंह, राहुल, अवनीश इस समान्न पत्र को पाकर काफी खुश हुए।

### कुलपति की अध्यक्षता में विद्या परिषद की बैठक सम्पन्न

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में गुरूवार को अपराह्न कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में विद्या परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें वैल्यू एडेड कोर्स व सर्टिफिकेट कोर्स को विश्वविद्यालय परिनियमावली में सम्मिलित किए जाने तथा कुलाधिपति को संसूचित किए जाने का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा 20 सितम्बर को विश्वविद्यालय के 29 वें दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को दिए जाने वाले 115 स्वर्ण पदक पर विद्या परिषद की मुहर लगी। वहीं 170 पीएचडी के शोधार्थियों को उपाधि प्रदान किए जाने अनुमोदन किया गया। बैठक में कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने विद्या परिषद के कार्यवृत्त बिन्दुवार पटल पर रखे। इसके पश्चात सदस्यों ने कार्यवृत्त पर चर्चा की। बैठक में 02 जुलाई को सम्पन्न हुई विद्यापरिषद की बैठक का अनुमोदन किया गया। इसके उपरांत दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को दिए जाने वाले 115 स्वर्ण पदक व 170 पीएचडी उपाधि पर मुहर लगाई गई। इस बैठक में परिसर में 07 वैल्यू एडेड कोर्स की परिनियमावली से कुलाधिपति को संसूचित किए जाने का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से आच्छादित स्नातक व परास्नातक आवासीय और महाविद्यालयीय परीक्षा वर्ष 2024 की उपाधि के प्रारूप पर मुहर लगाई गई। वहीं उत्तर प्रदेश शासन के ऑनलाइन कोर्स मैंपिंग एण्ड केडिट ट्रांसफर पॉलिसी को सत्र 2024-25 से लागू किए जाने के संबंध में परिषद को संसूचित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य बिन्दुओं को पटल पर रखा गया।

### कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई संपन्न

**अयोध्या ।** मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की बैठक कुचेरा बाजार के के डी पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश स्तर के पदाधिकारीयो के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त सभी प्रभारी भी उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा संचालन पीसीसी सदस्य संजय तिवारी ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद ने कहा मिल्कीपुर विधानसभा का उप चुनाव गठबंधन के लिए प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव है। यह चुनाव हम राहुल गांधी की नीतियों और कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के अनुसार ही लड़ेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अंदरूनी लड़ाई चल रही है जिसका खामियाजा इस प्रदेश को भुगतना पड़ रहा है ,पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहाल है तथा एक जाति और धर्म विशेष के व्यक्तियों के प्रति पुलिस अपराधियों की तरह व्यवहार कर रही है और फर्जी एनकाउंटर में मार रही है। महिलाएं असुरक्षित है तथा उनके पार्टी के नेता अपने पार्टी के सांसदों को यौन उत्पीड़न के मामले में बचाने का कार्य कर रहे हैं। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा मिल्की पूर्व चुनाव कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी और उपचुनाव में गठबंधन की जीत होगी। जिस प्रकार लोकसभा चुनाव के पूर्व सत्ताधारी दल के 400 पार के नारे को जनता ने नकार दिया उसी तरह उपचुनाव में भी उत्तर प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी को करारी हार देने जा रही है। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा उत्तर प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है बेरोजगारी चरम पर है, जो भी परीक्षाएं हो रही हैं उनका पर्चा लीक हो जा रहा है, फसलों का समर्थन मूल्य सरकार नहीं बढ़ा रही, प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है तथा महिला अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। बैठक में विधानसभा चुनाव के प्रदेश द्वारा नियुक्त प्रभारी प्रशांत पांडे, शिवपूजन पांडे, अमरेंद्र प्रताप मल्ल, मिर्जा शाह आलम बेग ,गंगाराम यादव, जैनेंद्र पांडे संजय यादव के अलावाब्लॉक अध्यक्ष तेज बली ब्लाक गंगाराम यादव ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत पांडे ,उमानाथ शुकुला, रामावध, अनिल सिंह, अनिल तिवार, अंबरीश पांडे ,अंब्रिश कौशल ,राहुल मौर्या, सन्तोष तिवारी, राम सागर रावत ,राजेंदर ,ब्रजेश तिवारी ,अमीरू, ओमप्रकाश सिंह, भीम शुक्ला, पप्पू यादव ,भोला भारती ,विक्की सिंह, आदि उपस्थित रहे

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीकापुर -अयोध्या ।**कोतवाली क्षेत्र के परोमा गांव निवासी राजाराम निषाद 42 वर्ष पुत्र तुलसीराम निषाद की बुधवार देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। दुर्घटना बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के परोमा गांव के पास अयोध्या प्रयागराज रेल ट्रैक पर हुआ। बताया गया कि मृतक राजाराम किसी काम से बुधवार देर शाम घर से बाहर रेल ट्रैक के पास गए थे। इसी दौरान अयोध्या की तरफ से सुल्तानपुर की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आ गए। और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा दुर्घटना के संबंध में पुलिस को अवगत कराया गया।

## रूदौली तहसील अंतर्गत अमराई गांव में निर्मित अटल आवासीय विद्यालय के द्वितीय सत्र का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सबको शिक्षा-उत्तम शिक्षा के उद्देश्य से प्रदेश के सभी मण्डल मुख्यालयों में बनाये गये अटल आवासीय विद्यालयों के द्वितीय सत्र का शुभारम्भ लखनऊ के अटल आवासीय विद्यालय से प्रदेश के सभी मंडलों में निर्मित अटल आवासीय विद्यालयों का वर्चुअल माध्यम से किया।अयोध्या के रूदौली तहसील अंतर्गत अमराई गांव में निर्मित अटल आवासीय विद्यालय के द्वितीय सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के दौरान मण्डलायुक्त गौरव दयाल, विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी विद्यालय में उपस्थित रहे। सत्र शुभारम्भ के अवसर पर विधायक रामचन्द्र यादव ने विद्यालय के छात्र छात्राओं, अभिभावकों तथा आसपास के आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश के सभी मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य कराया गया है। इसके अंतर्गत समाज के श्रमिक भाइयों एवं कोरोना के दौरान निराश्रित हुए बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जा सकेगी जो बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य होंगे। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में समाज के शोषित वर्ग के बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के साथ ही रहने हेतु उत्तम सुविधाएं प्रदान की जाती है। रूदौली विधानसभा का यह सौभाग्य है कि इस विद्यालय का निर्माण विधानसभा के अंतर्गत हुआ है, जिसमें मण्डल के सभी जिलों के श्रमिक भाईयों के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करेंगे। मण्डलायुक्त ने द्वितीय सत्र शुभारम्भ की शुभकामनाएं सभी बच्चों एवं विद्यालय के अध्यापकों व कर्मचारियों को दी। उन्होंने बताया कि इस सत्र में कुल 280 बच्चे शामिल हुए है जिसमें 140 बच्चे कक्षा 6 में व 140 बच्चे कक्षा 9 में अध्ययन करेंगे। इस प्रकार अब विद्यालय में दोनों सत्रों को मिलाकर 360 बच्चे शिक्षा ग्रहण करेंगे, जिनमें 50 प्रतिशत छात्र बालक व 50 प्रतिशत छात्र बालिका है।जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने भी इस सत्र में शामिल हुए बच्चो को शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम के दौरान संयुक्त विकास आयुक्त विजय कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष मां कामाख्या शीतला प्रसाद शुक्ल, उपश्रमायुक्त श्रीमती प्रतिभा तिवारी सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य ,छात्र-छात्राएं, अभिभावक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत मण्डलायुक्त ने विधायक रूदौली, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के साथ विकासखण्ड मवई की ग्राम पंचायत नौगवाडीह में मनरेगा राज्य वित्त एवं पर्यटन विभाग के अन्तर्गत रूरल टूरिज्म विकास हेतु टेन्ट कॉटेज चबूतरा निर्माण कार्य का भौतिक निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों द्वारा परिसर में पीपल का वृक्ष भी रोपित किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि यह स्थान गोमती नदी के किनारे स्थित होने के कारण बहुत ही रमणीक है इसे और अधिक विकसित किया जा सकता है। इसके सम्बंध में उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

निरीक्षण के अवसर पर उपजिलाधिकारी रूदौली प्रवीण यादव, खण्ड विकास अधिकारी मवई, अमौनी मठ के पूज्य महंत सहित सम्मानित ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

## श्री अयोध्या न्यास द्वारा तीन विद्यालयों में रोपित किए गए 50 पौधे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा लगातार जिले के विभिन्न विद्यालयों में पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधे रोपित किए जाते है जिससे छात्रों में पर्यावरण संरक्षण का भाव जाग्रत हो। गुरूवार को मिल्कीपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर में 20 पौधे, प्राथमिक विद्यालय भीखी का पुरवा 20 पौधे तथा विवेकानंद पब्लिक स्कूल बहादुरगंज में 10 पौधों को रोपित किया गया। पौधों के संरक्षण के लिए सभी में ट्री गार्ड लगाए गए हैं। रोपित किए गये पौधों में नीम, पीपल, बरगत समेत अन्य पौधे सम्मलित है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मनुष्य तथा प्रकृति के समन्वय व संतुलन से ही प्रकृति का सौर्न्दय है। वृक्ष सम्पदा इस सौर्न्दय का आधार है। पृथ्वी पर जीवन की आधारशिला पर्यावरणीय संतुलन है। जिसे बनाए रखने के लिए हम सभी को सतत् प्रयत्नशील रहना चाहिए। धरती पर वृक्ष न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते है बल्कि हमें प्रदूषण रहित स्वच्छ वातावरण भी उपलब्ध कराते हैं। पर्यावरण तथा जीवन का अटूट संबंध है।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण तथा उनका संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। आने वाली पीढ़ीयों के प्रति हमारा यह दायित्व है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करें साथ ही लगाए गए पौधे को संरक्षित करने का संकल्प लें। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, विद्यालय के छात्र , शिक्षक व स्थानीय लोंगों की मौजूदगी रही।

## ई रिक्शा पर नंबर लिखवाते यातायात पुलिस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** रामनगरी दर्शन-पूजन को आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों से ई-रिक्शा चालकों की मनमानी रोकने के लिए ई रिक्शा की कोडिंग की जा रही है। हर ई रिक्शा में एक नंबर रहेगा जिससे यह वहां किस क्षेत्र का है पता चल सकेगा। यातायात पुलिस के द्वारा सभी ई-रिक्शा पर कोडिंग कराई जा रही है। उप निरीक्षक जनार्दन सिंह ने बताया प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामलला का दर्शन-पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की तादात में बढ़ोतरी हुई है। जहां ई रिक्शा के कारण जाम की समस्या बनी रहती है तमाम गैर जनपद के ई रिक्शा अयोध्या में चल रहे हैं इससे उनकी पहचान की जा सकेगी।

## अयोध्या में निकलने वाले जुलुसे मोहम्मदी के मार्गो की साफ सफाई व सुरक्षा व्यवस्था के लिए दिया गया ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** हर साल की तरह इस साल भी जुलूस ए मोहम्मदी अपने पुरखुलूस अंदाज में बड़े अकीदतों मोहब्बत के साथ मानाया जाएगा यह जूलूस अंजुमन मुहाफिज मकाविर मक़ाबिर के जेरे नजर में मोहल्ला बक्सरिया टोला से निकलेगा। जुलुसे मोहम्मदी अशर्फी भवन दोराही, आलमगंज कटरा, दोराही कुआँ, टढ़ी बाजार होता हुआ कुटिया बिजली शहीद मजार रेलवे स्टेशन के पास पहुंचकर सम्पन्न होगा। इसमें पन्द्रह सौ से दो हजार की संख्या में लोग शिरकत करेंगे जिसमें बच्चे, बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल होंगी। जुलुसे मोहम्मदी के निकलने वाले रास्तों की साफ सफाई व सुरक्षा के मद्देनज़र इंतेज़ामिया कमेटी ने जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा है। इंतेज़ामिया कमेटी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि यह त्यौहार हम सभी मुसलमानों के लिए बहुत ही अहम त्यौहार कि। हमारे नबी सल्लल्लाहों अलैहे वाले वसल्लम कि जश्न ईद मिलादुन्नबी उनकी पैदश्इश के मौके पर मनाया जाता कि। यह खुशी पूरी दूनिया में मनाया जाता है लेकिन अयोध्या में एक दिन पहले मनाया जाता कि, जो ग्यारह रबी उल अव्वल दिनांक 15.09.2024 दिन इतवार को मनाया जाएगा। इस त्यौहार में जिले की कई अंजुमन अपना-अपना नातिया कलाम पेश करने के लिए आएंगे और जगह-जगह स्टेज की व्यवस्था भी रहेगी। जिसमें इनके खाने पीने वा कलाम पढ़ने वाले बच्चों के हौसला अफजाई के लिए इनाम दिए जाने की व्यवस्था की जाएगी। इसी अंजुमन के साथ-साथ अखाड़ा भी रहेगा जिसमें बच्चे अपना-अपना खेल दिखाएंगें उसके बाद रात्रि 8ः30 बजे तक वापस हो जाएंगे। इंतेज़ामिया कमेटी ने प्रशासन से मांग की है इन इन सभी बातों को मद्देनजर रखते हुए जुलूस जाने के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा छुट्टा पशुओं को रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जुलूस जाने वाले मार्ग पर लगे हुए बैरियर को भी खोलने की अनुमति दी जाए। जिससे हम सभी का त्यौहार सकुशल संपन्न हो सके। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद हाजी असद अहमद, वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद इरफ़ान उर्फ़ नन्हे मियां, आज़म क़ादरी, अब्दुल हक़ीम, मोहम्मद शहीद शामिल रहे।

## घर-घर सम्पर्क कर पूर्व सांसद ने दिलाई पार्टी की सदस्यता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** सदस्यता महाअभियान के तहत पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मिल्कीपुर विधानसभा के गहनाग व तुरसमपुर में घर-घर सम्पर्क करके लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा द्वारा सदस्यता महाअभियान में 17 सितम्बर तक घर-घर सम्पर्क कर लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया जा रहा है।

पूव सांसद लल्लू सिंह ने कहा भाजपा ने राष्ट हित प्रथम के संकल्प को स्थापित किया। अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए पार्टी ने हमेशा कार्य किया है। स्थापना से आज तक भाजपा की कथनी व करनी हमेशा समान रही है। वैचारिक मामलों में पार्टी ने कभी समझौता नही किया। देश का विकास पीएम मोदी के सशक्त हाथों में सुरक्षित है। देश हित के भाव को हृदय में समाहित करते हुए सभी को भाजपा की सदस्यता लेनी चाहिए। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद और पूर्व जिला महामंत्री को हिंदू महासभा ने किया नमन

### महंत अवेद्यनाथ तथा बाबा राम बालक दास को दी विनम्र भावहीनी श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** हिंदू महासभा से पूर्व सांसद व कई बार विधायक रह चुके पूर्व गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ तथा हिंदू महासभा के जिला महामंत्री संत प्रकोष्ठ हनुमानगढ़ी अयोध्या के प्रमुख संत बाबा राम बालक दास को हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विनम्र भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की ।

इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि दोनों ही संतो का योगदान हिंदू महासभा के लिए अविस्मरणीय हैं उनके योगदान को हिंदू महासभा भूल नहीं सकती है, जहां एक और गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी महाराज हिंदू महासभा से सांसद चुने गए वहीं कई बार हिंदू महासभा से हुए विधायक भी रहे वही हनुमानगढ़ी अयोध्या के प्रमुख संत बाबा राम बालक दास जो कि काफी समय से बीमार चल रहे थे, के अचानक परलोक गमन होने से न सिर्फ हिंदू महासभा को बल्कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी काफी क्षति पहुंची है ।

हिंदू भूतों के लिए सदैव संघर्ष करने वाले बाबा राम बालक दास जी महाराज के योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता, श्री पांडेय ने बताया कि हनुमानगढ़ी के प्रमुख संत बाबा राम बालक दास कई वर्षों तक उनके संघर्ष के साथी रहे ,और प्रत्येक आंदोलन में उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, हिंदू महासभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भानु प्रताप सिंह तथा राजेंद्र पांडे ने बाबा राम बालक दास जी महाराज को हिंदू हितों के लिए सदैव संघर्ष करने वाला व्यक्तित्व बताया बाबा राम बालक दास को श्रद्धांजलि देने वाले प्रमुख लोगों में हिंदू महासभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भानु प्रताप सिंह, अजेंद्र पांडेय, चंद्रहास दीक्षित महंत राम लोचन शरण शास्त्री राजन बाबा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनवादी परिवार कॉम सीताराम येचुरी को श्रद्धाजलि अर्पित की

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व कम्युनिस्ट योध्या कॉम सीताराम येचुरी का आज निधन हो गया ,येचुरी जी के निधन से वामपंथी आंदोलन को बड़ा झटका लगा।

उन्होंने कहा कि सीताराम येचुरी बहुत ही मिलनसार और संगठन कर्ता थे।वो पार्टी के दो बार राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी निभाई।सांसद रहते हुए उन्होंने जनता के मुद्दे पर प्रखर बहस करते थे और मुद्दों को उठाते थे,उनको सर्वश्रेष्ठ संसद सम्मान से नवाजा गया है।उनका निधन से भारतीय कम्युनिस्ट राजनीति को बड़ा झटका लगा।उनकी भरपाई हो पाना एकदम असम्भव है।जनवादी परिवार कॉम सीताराम येचुरी को विनम्र श्रद्धाजलि अर्पित करता हूं।

## बंदनपुर निवासी युवा कवियत्री ने जिले का मान बढ़ाया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोसाईगंज- अयोध्या** लखनऊ के गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 5, 6, 7 सितंबर को एक कवि कुंभ का आयोजन किया गया जिसमें पूरे देश से लगभग 400 कवियों ने भाग लिया ।इस कवि कुंभ में मया ब्लाक की वंदनपुर निवासी कवियत्री अंकिता तिवारी ने भी शिरकत कर अपनी प्रतिभा से श्रोताओं को प्रभावित किया।इस युवा कवियत्री को सम्मानित भी किया गया।उन्होंने गांव की पूर्व की और वर्तमान गांव के परिदृश्य पर एक मार्मिक गीत-% मेरा गांव अब उदास रहता है। पढ़कर सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस गीत की खूब सराहना की गई। इस कवि कुंभ के आयोजक हिंदी साहित्य अकादमी, उत्तर प्रदेश संस्कृति मंत्रालय, और संस्कार भारती थे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, संस्कृति मंत्रालय के मंत्री जयवीर सिंह, राष्ट्रीय कवि डॉक्टर हरिओम पवार ,प्रसिद्ध कवियत्री अनामिका जैन अंबर , वरिष्ठ कवि सौरभ जैन सुमन जी, प्रसिद्ध गीतकार संतोष आनंद एवं ए एम तुराज जी अभिनेता मनीष वाधवा, सुरेंद्र पाल, एवं संपूर्ण भारत के आए कवि एवं कवियत्री उपस्थित रहे। कवियत्री अंकिता बंदनपुर के निवासी किसान रामतौल तिवारी की बेटी है।मां का नाम मीरा तिवारी है । %मेरा गांव अब उदास रहता% कविता में कवियत्री ने गांव की दशा का मार्मिक चित्रण कर अपनी कविता को वर्तमान परिदृश्य में रेखांकित कर अपनी प्रतिभा का बहुत ही सुंदर ढंग से सब के सामने लाया है।

## अविवि में प्री-पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा शुरू

### परीक्षा नियंत्रक ने प्री-पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा का लिया जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्री-पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा गुरूवार को प्रातः 11 बजे परिसर के प्रचेता भवन में शुरू हुई। जिसमें 36 विषयों की कोर्स वर्क परीक्षा में 312 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 04 अनुपस्थित रहे। वहीं विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ द्वारा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने केन्द्राध्यक्ष डॉ0 त्रिलोकी यादव व सहायक केन्द्राध्यक्ष डॉ0 महेन्द्र सिंह, डॉ0 अनुराग पाण्डेय के साथ परीक्षा कक्षों का जायजा लिया। मौके पर डॉ0 अर्जुन सिंह, डॉ0 कपिल राना, डॉ0 आरएन पाण्डेय, डॉ0 अनिल विश्वा, डॉ0 प्रतिभा देवी, डॉ0 अंशुमान पाठक, स्वाति उपाध्याय सहित अन्य मौजूद रहे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि इस दिन रिसर्च एण्ड पब्लिकेशन इथिक्स प्रश्न-पत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। प्री-पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा 14 सितम्बर तक चलेगी।

# चित्रकला बच्चों के भावनाओं का दूसरा रूप- आसिम रूमी

## इंटर हाउस चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**बलरामपुर।** गुरुवार को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी दिवस सप्ताह के अंतर्गत इंटर हाउस चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न कलाकृतियां बनाकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है

प्रतियोगिता विद्यालय प्रधानाचार्य आसिम रूमी की निगरानी में आयोजित की गई ।

इस प्रतियोगिता पर विद्यालय प्राचार्य एम ए रूमी ने बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि चित्रकला विषय में विद्यार्थी बौद्धिक ज्ञान के आधार पर जीवन, जीवन से संबंधित विभिन्न क्रियाओं, वस्तुओं, जड़-चेतना स्वरूपों को चित्रित कर अपनी क्षमताओं का विकास करते है । यह अपने ज्ञान का प्रदर्शन करके पेशेवर जीवन के लिए हस्तांतरणीय कौशल विकसित करने का अवसर देता है। रंग उनकी कल्पनाओ को विस्तार प्रदान करते है।

कार्यक्रम के इंचार्ज कला अनुभाग






केअध्यापक अमित कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 12 तक के बच्चों ने हाउसबार प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की थीम हिंदी है हम वतन है

हिंदुस्तान हमारा, हिंदी जुबा की मिठास -राम से रहीम तक के साथ साथ बच्चों की कल्पना पर आधारित रही । कार्यक्रम में निर्णायको की भूमिका में विद्यालय समन्वयक अमित व कंचन श्रीवास्तव रहें। निबंध प्रतियोगिता में ट्यूलिप हाउस से आराध्या आकृति आराध्या त्रिवेदी प्रियांशी काव्या अदिति ने, ने ऑर्किड हाउस से वैभवी निकिता खुशी प्रियांशी अनुष्का निधि रंजना ने लिली हाउस से आर्या संवि अर्पित अपर्णा ऋतु ने एवं लैवेंडर हाउस से जरा अक्षिता, वीरा,अमोघ सृष्टि वर्मा मदीहा इत्यादि ने प्रतिभाग किया। हिंदी दिवस कार्यक्रम प्रमुख संजय सिंह तोमर के द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता के विजेता बच्चों की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण 14 सितंबर -हिंदी दिवस के अवसर पर किया जाएगा।

चित्रकला प्रतियोगिताको सफल बनाने में समन्वयक राजेश जायसवाल एवं ऑफाक हुसैन के साथ-साथ अमित सर,कंचनश्रीवास्तव ,लईक , मनमोहन ओझा,संजय तोमर ने विशेष योगदान दिया।

# डेंगू जनपद में धीरे धीरे पसार रहा है अपने पाँव

**सुलतानपुर।** जनपद में 3 डेंगू पाजीटिव केस मिले है और 2 डेंगू बीमारी के शंका के आधार पर स्वशाषी राजकीय मेडिकल कालेज के डेंगू वार्ड में एडमिट किये गए है। जिनका एलाइजा टेस्ट के आधार पर ही पता चलेगा कि डेंगू पॉजीटिव है या कोई संक्रामक बुखार फिलहाल एहतियात के तौर पर उन्हें डेंगू वार्ड में एडमिट किया गया है। स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज के सीएमएस डॉक्टर एस के गोयल ने बताया कि हमारे अस्पताल में डेंगू बुखार की बीमारी को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। डेंगू की रैपिड टेस्ट युक्त किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जनता को बाहर से जांच करवाने की कोई आवश्यकता नही ये यहाँ पर निशुल्क उपलब्ध है। ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स प्लाज्मा की कोई कमी नही है ये 24 घण्टे उपलब्ध रहेंगे प्लेटलेस्ट्स और प्लाज़्मा की कमी के चलते किसी मरीज को बाहर जाने की कोई आवश्यकता नही है यहां डेंगू के मरीजो का इलाज निःशुल्क उपलब्ध है।

# 1071 में 1004 ने दी परीक्षा, 67 में छोड़ी परीक्षा

## एमएलके पीजी कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षा शुरू



**बलरामपुर।** गुरुवार कोसिद्धार्थ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एम एल के पी जी कॉलेजपरीक्षा केंद्र पर स्नातक कक्षाओं के सेमेस्टर पाठ्यक्रम परीक्षार्थियों की परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा के पहले दिन कुल पंजीकृत 1071 परीक्षार्थियों में से 1004 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जबकि 67 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गए।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि स्नातक प्रथम,द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ,पांचवे व छठवे सेमेस्टर की को करिकुलर की परीक्षा नॉट क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय ने एक अवसर प्रदान करते हुए पुनः परीक्षा का मौका दिया है। गुरुवार को एम एल के महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर बलरामपुर व श्रावस्ती जिले के सभी महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों की परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए आन्तरिक सचल दस्ते भी बनाये गए हैं जो परीक्षार्थियों पर परीक्षा कक्ष व महाविद्यालय प्रवेश द्वार पर नज़र रख रहे हैं। परीक्षा प्रभारी डॉ सदुरु प्रकाश व सह परीक्षा प्रभारी डॉ सुनील कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली कुल 726 में से 676 उपस्थित रहे तथा 50 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कुल 345 परीक्षार्थियों में से 328 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जबकि 17 अनुपस्थित पाये गए।

# कल होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**सुलतानपुर।** जनसामान्य को त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 सितम्बर 2024 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर सुलतानपुर व जनपद सुलतानपुर के सभी वाह्य न्यायालयों, तहसील मुख्यालयों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सुलतानपुर, कलेक्ट्रेट एवं अन्य सम्बन्धित विभागों तथा जनपद अमेठी के मुसाफिरखाना, गौरीगंज व अमेठी तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर विजय कुमार गुप्ता ने बताया है कि त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय नागरिक का नैतिक अधिकार है। राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अन्तिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लम्बित मामले से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में पक्षों के मध्य आपसी सुलह-समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते हैं। लोक अदालत में वाद निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।

लम्बित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायालय शुल्क वापसी की व्यवस्था है। इसके निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है। कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक / सुलह समझौते से निस्तारित होने वाले वाद, उत्तराधिकार से सम्बन्धित सिविल मामले, वाद वापसी के मामले, बैंक ऋण वसूली, प्री-लिटिगेशन वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगम / नगर पालिका अधिनियम, श्रम सम्बन्धी वाद, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी मामले, राजस्व सम्बन्धित मामले, सर्विस मैटर्स, मनरेगा वाद, व्यापार कर वाद, वजन व मापतौल अधिनियम, वन अधिनियम, उपभोक्ता फोरम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, एन0आई0एक्ट के वाद, विद्युत एवं जल संबंधी अन्य वाद, आर्बीट्रेशन वाद, आपदा राहत वाद, यातायात चालानी वाद आदि का निस्तारण कराया जा सकता है। अतः समस्त जनपदवासियों से अपील है कि यदि आप अपने उपरोक्त प्रकृति के लम्बित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चाहते है, तो कृपया सम्बन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर के कार्यालय से सम्पर्क कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा कर उनका निस्तारण करा सकते हैं।

# या हुसैन अलविदा या हुसैन अलविदा के साथ पेश किया गया आखरी पुरसा



**सुल्तानपुर।** वृहस्पतिवार को सुबह जामा मस्जिद अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया जिसको मौलाना मोहम्मद जाफर खान ने पढी इसके बाद शबीह ताबूत हजरत इमाम हसन असकरी अलैहिस्सलाम निकाला गया।

आज ही के दिन ग्यारहवें इमाम की शहादत की तारीख भी है इसके बाद अमारी का जुलूस उठकर हुसैनिया नजर अली शाह हुसैनिया नौतामीर हुसैनिया बादल खॉ हुसैनिया शेखखानी होते हुए हुसैनिया नौतामीर के सामने करबला से मदीने हुसैनी काफिले की मंजर कशी की गयी। दौराने जुलूस मौलाना मुशीर अब्बास खान मौलाना गजनफर अब्बास तूसी मौलाना आमिर काजमी मुजफ्फर नगर तकरीर की और संचालन सागर आजमी ने की मुकामी अंजुमनों के अलावा अंजुमन फरोगे अजा बाराबंकी अंजुमन अंसारे हुसैनी होलपुरा बनारस अंजुमन चेरागे अली कमालपुर बनारस अंजुमन हैदरी शिया नगर दिल्ली नौहा मतम की। इसके अलावा सभी अंजुमनों ने अलविदाई पुरसा पेश किया। याद रहे दो माह आठ दिन का यह अलविदाई जुलूस रहा जिसमें दूसरे जनपदों के लोगोंने भारी संख्या में भाग लिया आजसे गम खुशी में बदल जायेगा।

इसका इतिहास यह है कि हुसैन की शहादत के बाद यजीदी फौज ने हुसैन के घर वालों को कैद कर के एक साल तक सीरिया की कैद में रखा इस के बाद उन कैदियों को रिहाई मिली हुसैन की शहादत के तीन साल बाद जब हुसैन का कातिल यजीद मर गया तो हुसैन के साथी मुखतार की हुकूमत आ गयी उन्हों ने कातलाने हुसैन का बदला लिया जब हुसैन के कातिलों का सर हुसैन के बेटे इमाम जैनुल आबदीन अलैहिस्सलाम के सामने लाया गया तो वह इमाम जो अपने बाप के गम में हमेशा रोता रहा वह थोड़ा मुस्कुराया वह दिन नौ रबीउल अव्वल का आजही का दिन था इसी लिए यह दिन खुशी के रूप में मनाया जाता है और यह दिन बारहवें इमाम इमाम मेंहदी अलैहिस्सलाम की ताजपोशी का भी दिन है।

# बाजारवाद मूल्य क्षरण का मूल कारक-कमल नयन पान्डेय



**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर परिसर स्थित इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट में गत एक सप्ताह से चल रहे दीक्षारंभ 2024, जो कि नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद के दिशानिर्देशों पर प्रतिवर्ष कराया जाता है। जिले के प्रख्यात साहित्यकार एवं युग तेवर पत्रिका के सम्पादक कमल नयन पान्डेय ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया। दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण के पश्चात इंजीनियरिंग संकाय के डीन रत्नेश सिंह ने कमल नयन पान्डेय का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अपने सम्बोधन में कमल नयन पान्डेय ने मूल्य क्या है, इसका सृजन कैसे होता है, और इसका क्षरण कैसे हो रहा है पर विस्तार से चर्चा की। अन्त में संचालन कर रहे राघवेंद्र त्रिपाठी ने श्री पान्डेय का धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह ने इस आयोजन हेतु आयोजक मंडल को बधाई दी। संस्थान के निदेशक डा. डी.एस. पुन्डीर ने छात्रों को मूल्य परक जीवन जीने को प्रेरित किया। आज के कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के सभी छात्रों सहित अवधेश सिंह, अजय कुमार सिंह, कौस्तुभ कुन्दन श्रीवास्तव, डा. मृत्युंजय कुमार, जय प्रकाश मिश्रा, डा. सरबप्रीत सिंह, डा. राम सागर सिंह, ग्रीष्मा श्रीवास्तव, डा. कविता श्रीवास्तव, सौमित्र पाल, दिव्य प्रकाश पान्डेय, राहुल सिंह, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# करौंदीकला ब्लाक प्रमुख विवाद

## हाईकोर्ट ने डीएम को जवाब दाखिल करने के लिए दिया दो सप्ताह का समय

**सुल्तानपुर।** करौंदीकला ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जारी विवाद में याचिकाकर्ताओं को बड़ा झटका लग सकता है। सुल्तानपुर के जिलाधिकारी द्वारा 21 अगस्त 2024 को जारी आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मंगलवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता सुमन गौतम और 33 अन्य ने इस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें जिलाधिकारी के फैसले को यूपी पंचायत राज अधिनियम, 1961 की धारा 15 के तहत अवैध ठहराने का प्रयास किया गया।

न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा और न्यायमूर्ति बृज राज सिंह की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी और राज्य सरकार को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं के वकील सुधाकर मिश्रा और विवेक तिवारी ने दलील दी कि जिलाधिकारी का आदेश कानूनी रूप से गलत है, जबकि राज्य सरकार के स्थायी अधिवक्ता एस.के. सिंह कलहंस ने जिलाधिकारी के फैसले को पूरी तरह से वैध और नियमों के तहत उचित ठहराया। कोर्ट ने कहा कि जिलाधिकारी को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाएगा और अगली सुनवाई 3 अक्टूबर 2024 को होगी। कोर्ट ने फिलहाल जिलाधिकारी के आदेश पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन याचिकाकर्ताओं के लिए यह मामला कमजोर हो सकता है, क्योंकि कोर्ट ने जिलाधिकारी के जवाब का इंतजार करने का निर्णय लिया है।

# जनपद में फूलो की खेती में ग्लैडियोलस का मिला लक्ष्य



**जौनपुर ।** उद्यान विभाग को 05 हे0 लघु एंव सीमान्त कृषक और 02 हे0 अन्य कृषक को खेती कराने का मिला लक्ष्य- ग्लेडियोलस एक बहुत ही सुन्दर फूल है जो सबसे ज्यादा लोकप्रिय फूलों में से एक है। इसके पौधो की उंचाई 2 से 8 फीट तक होती है। भारत में ग्लेडियोलस सबसे लोकप्रिय व्यवसायिक कट फ्लावर फसल बन गया है। ग्लेडियोलस की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ रही है ग्लेडियोलस उद्यान एंव फूलो की सजावट के लिए आदर्श है ग्लेडियोलस गुलदस्ते के लिए बहुत अच्छा है। ग्लेडियोलस का प्रयोग औषधी के रूप में किया जाता है, जैसे दस्त और पेट की गडबड़ी में बहुत ही लाभकारी है। ग्लेडियोलस की खेती करके किसान अधिक धन कमा के अपनी आय दोगुनी कर सकते है। जिस खेत में ग्लैडियोलस की खेती करनी हो उसकी 2 से 3 बार अच्छी तरह से जुताई करके मिट्टी को भुरभुरा बना लेना चाहिए बुवाई करने का सही समय मध्य अक्टूबर से नवंम्बर तक रहता है। ग्लैडियोलस 01 हे0 भूमि मे रोपाई हेतु लगभग दो लाख कन्दो की आवश्यकता पड़ती है पौधो से पौधो की दूरी 20म20 से0मी0 से एवं गहराई 05 से0मी0 पर रोपाई करनी चाहिए। ग्लेडियेलस की खेती में लागत तीन लाख रूपये आती है और मुनाफा दस लाख तक संम्भावित है। हालांकि इसके सफल उत्पादन के लिए किसानों को कुछ सावधानियां बरतनी पड़ती है। इसके साथ ही, जिला उद्यान विभाग द्वारा ग्लैडियोलस की खेती पर अनुदान अनुमन्य है, अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क कर के खेती के बारे में अधिक जानकारी ले सकते है।

# राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**जौनपुर ।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व और मुख्य राजस्व अधिकारी के स्तर पर 01 साल से अधिक समय से लंबित मुकदमे जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए कि सदर तहसील में पुराने मुकदमे आवंटित कर दिए जाएं और युद्धस्तर पर इसका निस्तारण किए जाएं। उपजिलाधिकारी शाहगंज और उपजिलाधिकारी शाहगंज न्यायिक को 15 दिन के भीतर मुकदमे का निस्तारण करने के निर्देश दिए। सदर तहसील में धारा 24 की पेंडेंसी को खत्म करने के निर्देश उपजिलाधिकारी सदर और अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त उपजिलाधिकारी पुरानी फाइलों को चिन्हित कर प्राथमिकता पर रखकर इसका निस्तारण कराएं। सदर तहसील के सभी पुराने मुकदमे उपजिलाधिकारी सदर सहित संबंधित अधिकारियों को देखने के निर्देश दिए जिससे धारा 24 के केस लंबित ना रहे। साथ ही उन्होंने धारा 34 की भी समीक्षा की।

उन्होंने निर्देशित किया कि सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले प्रभावशाली लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) रामअक्षयबर चौहान, समस्त उपजिलाधिकारीगण, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिला पुरुष चिकित्सालय जौनपुर का औचक निरीक्षण



**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने जिला पुरुष चिकित्सालय जौनपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में एनआरसी में भर्ती कुपोषित बच्चों को देखा। एन आर सी में कुल 10 बच्चे भर्ती थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 के0के0 राय से बच्चों के स्वास्थ्य के विषय में विस्तृत जानकारी लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जिला अस्पताल में स्थापित ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के विषय में जानकारी लिया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन सक्रिय अवस्था में है तथा आवश्यकता पड़ने पर ब्लड कंपोनेंट सेपरेट कर पेशेंट को प्लेटलेट इत्यादि उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एम0के0 गुप्ता को निर्देश दिया कि जिन मरीजों को आवश्यक हो उनका अल्ट्रासाउंड एवं एक्सरे अस्पताल में ही करवाया जाए, किसी भी परिस्थिति में मरीज को अस्पताल से बाहर अल्ट्रा साउंड या एक्स-रे नहीं करवाना पड़े।उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें , जिससे मरीजों को समस्त आवश्यक दवाएं अस्पताल द्वारा ही प्राप्त हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला पुरुष एवं महिला दोनों चिकित्सालयों के अधीक्षक से कहा कि अस्पताल परिसर को साफ स्वच्छ रखें एवं दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखें। हर तरह की जांच की व्यवस्था करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आम जनमानस से अपील किया है कि वह किसी भी तरह की परेशानी होने पर जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में अपना इलाज कराएं। अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे में कभी-कभार भीड़ हो सकती है कृपया अपनी बारी का इंतजार करें और अस्पताल में ही अपना अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे कराएं। उन्होंने जनपद वासियों से यह भी अपील किया है कि अस्पताल में हर तरह की दवाएं उपलब्ध हैं, मरीज को किसी भी तरह की कोई भी दवा बाहर से लेने की आवश्यकता नहीं है।

# प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कौशाम्बी में

**जौनपुर।** क्रीडा अधिकारी डा0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 कबड्डी संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 सितम्बर, 2024 तक कौशाम्बी में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के सब जूनियर बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 24 सितम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 28 सितम्बर 2024 को प्रातः 8.30 बजे से डॉ0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर, वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर जनपदीय चयन/परीक्षण में प्रतिभाग कर सकती हैं।

# पत्रकार उत्पीडन एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन का 1130वाँ दिन

**जौनपुर ।** सत्याग्रह आन्दोलन के 1130वें दिन पत्रकार उत्पीडन, भ्रष्टाचार, जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में 'सत्याग्रह आन्दोलन' जारी रहा। सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त ने बताया कि यह




आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। आन्दोलन के समर्थन में राम आशीष पाण्डेय, चन्द्रमणि पाण्डेय, विजय प्रकाश मिश्र, विजय बहादुर सिंह, प्रेम प्रकाश मिश्र, रामबहाल यादव, प्यारेलाल गुप्त, रामनगीना यादव, योगेश कुमार द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह, सन्तोष कुमार, उदयराज गौड, साहबलाल गुप्त व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण नियमावली 2021 के तहत जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने गैंगस्टर अधिनियम के अनुसार विवेचना करने, गैंग चार्ट बनाए जाने, अधिनियम से संबंधित धाराओं, विवेचना के दौरान नए गैंगस्टर अधिनियम के निर्देशों का पालन करने तथा जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक प्रत्येक तीसरे माह कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी विसंगतिया सामने आ रही हैं उसको पर्यवेक्षण समिति के समक्ष लाई जाए तथा उसका तुरंत निस्तारण कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा ने निर्देशित किया कि गैंगस्टर के मामले को सभी थानाध्यक्ष गंभीरता से ले। विवेचना के दौरान गैंगस्टर एक्ट के उद्देश्यों का अक्षरशः पालन करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) राम अक्षयबर चौहान, एसपी सिटी शैलेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजन, समस्त थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# खत्म हुआ अय्यामे अजा: चुप ताजिया के साथ दफन हुए अकीदत के फूल



प्रयागराज। करबला में सोने वालों माहपारों अलवेदा की सदाओं और क्या जाने अगले साल जिएंगे मरेंगे हम। पर क़ब्र में भी ताज़ियादारी करेंगे हम। की पुरदर्द सदाओं और अश्कों का नज़राना पेश करते हुए दो माह और आठ दिनों की अज़ादारी का अंतिम जुलूस रानीमंडी इमामबाड़ा मिर्ज़ा नक़ी बेग से बशीर हुसैन की सरपरस्ती में तो दरियाबाद स्थित हवेली से अमारी जुलूस तूराब हैदर की क़यादत में निकाला गया। रानीमंडी से निकला चुप ताज़िया का जुलूस अन्जुमन हैदरिया की नौहों और मातम की सदाओं के साथ बच्चा जी धर्मशाला ,डॉ चड्ढा रोड , कोतवाली , नखास कोहना, खुल्दाबाद ,हिम्मतगंज होते हुए चकिया करबला पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ।मौलाना रज़ा अब्बास ज़ैदी ने शहादत ए इमाम हसन अस्करी की शहादत का मार्मिक अन्दाज़ में ज़िक्र किया। नौहाख्वानो ने क़दीमी नौहा पढ़ते हुए अश्कों का नज़राना पेश किया। अलम ताबूत व चुप ताज़िया के फूलों को करबला में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मौलाना ज़रग़ाम हैदर, मौलाना आमिरुर रिज़वी, मौलाना सैय्यद अफ़ज़ल अब्बास, ज़ाकिर ए अहलेबैत रज़ा अब्बास ज़ैदी, मिर्जा काज़िम अली, वक़ार हुसैन, शेरु भाई, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, शाहिद आदि शामिल रहे। वहीं दरियाबाद करैली रानीमंडी शाहगंज में महिलाओं की भी घर घर मजलिस हुई।

## आज मनाई जाएगी ईद ए ज़हरा

प्रयागराज। मोहर्रम के चांद के साथ दो माह और आठ दिनों से काले लिबास पहनने वाले ईद ए ज़हरा की खुशी में काले लिबास त्याग कर रंगीन लिबास धारण करेंगे। वहीं महिलाओं द्वारा मोहर्रम के चांद पर तोड़ी गईं चूड़ियां भी कलाई पर सजेंगी।

सोग पर एक किनारे कर दी गई कढ़ाई भी चूल्हे पर चढ़ेगी।शिया समुदाय के लोग घरों में मीठे पकवान सेंवई गुलगुला पकौड़ी आदि भी बनाएंगे। विभिन्न मातमी अन्जुमनों के द्वारा रानीमंडी दरियाबाद करैली आदि स्थानों पर ताज पोशी ए इमाम ए ज़माना और ईद ए ज़हरा पर महफिलों का आयोजन भी किया जाएगा। बख्शी बाज़ार हाथा स्व खुर्शैद हुसैन में सायं 7 बजे अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार की ओर से शायराना महफ़िल सजेगी। मौलाना रज़ी हैदर, मौलाना जवादुल हैदर रिज़वी के साथ मानिन्द शायर भी शिरकत करेंगे।

## कोरांव बाजार में डायरिया से दो वर्षीय बच्ची की मौत

कोरांव(प्रयागराज)। कोरांव में डायरिया का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है जहां पर इलाके के किसी न किसी गांव में हर रोज लोग काल के गाल में समा जा रहें हैं। गुरुवार को कस्बा कोरांव के गोविन्द नगर स्थित आदिवासी बस्ती में डायरिया की चपेट में आने के कारण एक 2 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया। बच्ची के मौत की खबर मिलते ही तत्काल वार्ड सभासद सचिन केशरी मौके पर पहुंचे और सीएचसी अधीक्षक कोरांव को घटना की जानकारी फ़ोन पर दिए। सूचना मिलते ही अधीक्षक द्वारा सीएचसी की मेडिकल टीम को बस्ती में भेजकर लोगों के बीच दवाइयों का वितरण कराया गया। स्वास्थ्य विभाग कोरांव जब भी जहां भी डायरिया के प्रकोप की सूचना पाता है त्वरित स्वास्थ्य टीम भेजकर रोग नियंत्रण किए जाने हेतु दवाइयों का वितरण कराता है किन्तु सूचना तब ही स्वास्थ्य विभाग को दी जाती है

## समाज को हर प्रकार से संरक्षण देना उदासीन संप्रदाय का उद्देश्य

### उदासीन अखाड़ा ने पूर्ण किया संपूर्ण भारत में नगर स्थापना का ध्रुव लक्ष्य



लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। वैदिक सनातन धर्म व्यवस्था सदा सर्वदा से आक्रांताओं का निशान रही है । समय-समय पर महापुरुषों ने और स्वयं परमात्मा ने अवतार लेकर इसे अक्षुण बनाए रखा है। गुरु परंपरा के द्वारा इस महान वैदिक मान्यता को समय-समय पर महापुरुषों और ज्ञानी ध्यानियों और तपस्वियों ने संरक्षित किया है। आज भारतीय वांग्मय को पुष्ट करने के लिए उदासीन संप्रदाय संपूर्ण भारत वर्ष में चाहुंदिश संत परंपरा की अमोघ दिव्य धारा को प्रवाहित कर रहा है। उदासीन संतों ने निर्लिप्त भाव से देश भर में समाज के उद्धार के लिए निरंतर तत्पर हैं। उदासीन अखाड़ा के द्वारा संपूर्ण भारत में नगर स्थापना का ध्रुव लक्ष्य पूर्ण किया है। जिन शहरों-कस्बों में अखाड़ा स्थापित है उन सभी जगह नगर स्थापना और बाजार स्थापना में बहुत बड़ा हस्तक्षेप श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन का है। समाज को हर प्रकार से संरक्षण देना उदासीन संप्रदाय का परम उद्देश्य है।

मध्ययुगीन काल में आक्रांताओ से त्रस्त भारत भूमि में सर्वत्र विध्वंस का तांडव था । सनातन व्यवस्था तार-तार हो गई थी देशी राजाओं ने जब बर्बरता के सामने घुटने टेक दिए थे तब गुरु नानक देव जी की भार्या माता सुलक्षणा ने अमोघ तपस्या के द्वारा भगवान शिव से सत्य सनातन की रक्षा का वचन लिया। भगवान स्वयं बालयति उदासीन आचार्य श्री श्री चंद्र देव जी महाराज के अलौकिक स्वरूप में प्रकट हुए । गुरु नानक देव जी और माता सुलक्षणा के बड़े पुत्र के रूप में संसार में आए। शंकर के द्वितीय स्वरूप बालयति भगवान श्री श्रीचंद्र देव जी महाराज जिन्होंने बाल्यावस्था से ही पराक्रम तेज और दिव्य ज्ञान से जनमानस को आत्मभूत कर लिया और क्रूर शासकों को सनातन का लोहा बनवाया। धर्मांतरण का दुष्चक्र ठहरने लगा। अपहरण शील हरण पर लगाम लगने लगी। उदासीन परंपरा के तपनिष्ठ, योगनिष्ठ और शास्त्रज्ञ संत परंपरा का बिगुल बजने लगा। उदासीन परंपरा की पताका सर्वत्र फहराने लगी। समाज निर्भय और कुरीतियों से उबर लगा। तंत्र-मंत्र, जादू- टोना जैसे विधर्मियों द्वारा फैलाए गए गहन भ्रमजाल, ढोंग, अंधविश्वास और पाखंड के कुचक्र को बालयति भगवान ने शास्त्रों के रहस्य से समाप्त कर दिया। शैव, शाक्त और वैष्णव के मतभेद को मिटा कर समाज को एकता के सच्चे स्वरूप में बांध दिया था। बालयाति भगवान ने धर्म जागृति के लिए जिस धर्मचक्र का संवहन किया वह राष्ट्र की धारा में आज तक उदासीन परम्परा के रूप में देदीप्यमान है।

## कृषि और किसानों से संबंधित समस्याओं के ढूंढे उपाय

### जिलाधिकारी ने किसान यूनियन के पदाधिकारियों व किसानों के साथ की बैठक



प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में किसान यूनियन के पदाधिकारियों व किसानों के साथ कृषि व किसानों से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में किसान यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा चकबंदी से सम्बंधित, आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाये जाने, धारा-24 के अन्तर्गत दाखिल मुकदमों के शीघ्र निस्तारण, कीटनाशक, खाद व बीज वितरण को सहकारी समितियों के माध्यम से बुआई के समय पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराये जाने, नहरों में सिल्ट की सफाई व पानी की आपूर्ति, आवास- विकास योजना में भूमि अधिग्रहण, टोल प्लाजा पर कृषि वाहनों को टोल फ्री किए जाने, ट्राली के पीछे रिफलेक्टिव प्लेट व लाइट लगाये जाने, सहकारी समितियों में सचिव की नियुक्ति, गरीब किसानों को मुफ्त बिजली व खराब ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द बदले जाने, कोल्ड स्टोरेज में मनमाने तरीके से रेट बढ़ाये जाने, खतौनी अंश निर्धारण हेतु गांव में कैम्प लगाये जाने, जमीन के सर्किल रेट बढ़ाये जाने व गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण हेतु तोड़े गये प्राथमिक विद्यालयों के पुर्ननिर्माण हेतु उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराये जाने सहित अन्य मांग एवं शिकायत से सम्बंधित प्रत्यावेदन दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक प्रत्यावेदन को लेते हुए उसके निस्तारण हेतु बैठक में उपस्थित सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्यावेदनों का जल्द से जल्द निस्तारण एवं मांगो पर प्रभावी कार्यवाही कराते हुए सम्बंधित किसानों एवं पदाधिकारियों को अवगत भी कराया जाये।

इस अवसर पर किसान यूनियन के मण्डल अध्यक्ष बब्लू दुबे, जिलाध्यक्ष सनी शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी एवं किसान, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, भूमि अध्याप्ति अधिकारी रमेश मौर्या, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दोना-पत्तल में खाना, कुल्हड़ में मिलेगा पानी

### जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महराज के आश्रम में शिष्यों, श्रद्धालुओं की हुई बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। तीर्थराज प्रयागराज के संगम की रेती पर 13 जनवरी से 45 दिनों तक लगने वाले महाकुंभ की तैयारियां जहां व्यापक स्तर पर शुरू हो गयी है वहीं दूसरी ओर संत - महात्मा भी अपने आश्रमों में बैठककर महाकुंभ के दौरान शिविर में माहभर होने वाले कथा, प्रवचन, हवन, अन्नक्षेत्र सहित अन्य तैयारियों में जोर-शोर से लग गये है। इस दौरान जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने महाकुंभ के मेलाधिकारी विजय किरन आनंद की पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान शिविर में माहभर प्लास्टिक के गिलास, दोना और पत्तल का प्रयोग नहीं किया जाएगा बल्कि शिष्यों, श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को प्रसाद, खाना और पानी दोना, पत्तल और कुल्हड़ में दिया जाएगा। इसके लिए अभी से पांच लाख दोना, पत्तल और कुल्हड़ की बुकिंग करवा लिया है। यह बुकिंग प्रयागराज, मिर्जापुर, जौनपुर, प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर जिले के मुसहर और कुम्हार से करवाया है। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने बताया कि बैठक में तय किया गया है कि महाकुंभ शुरू होने के बाद मेला क्षेत्र के दूसरे शिविरो, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया जाएगा कि वह महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र में प्लास्टिक से बनी किसी भी वस्तु- दोना, पत्तल, गिलास और पालीथीन का उपयोग न करें, इससे प्रदूषण और गंदगी को बढ़ावा मिलेगा। जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महराज ने बताया कि दोना, पत्तल और कुल्हड़ के प्रयोग से जहां समाज के एक बड़े वर्ग को रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, वह समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर अपना और परिवार का विकास कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के मेलाधिकारी विजय किरन आनंद की सराहनीय पहल का हम सभी संत, महात्मा और तीर्थ पुरोहित स्वागत और समर्थन करते हैं। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने बताया कि महाकुंभ से पूर्व शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मेला के दौरान दोना, पत्तल और कुल्हड़ के अधिक से अधिक प्रयोग के लिए जागरूक किया जाएगा।

बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी मनोज कुमार द्विवेदी, दुर्गेश दुबे सहित अन्य लोग थे।

## बीआरसी सिकंदरा में पैरेंट्स काउंसिलिंग और मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन

### 41 दिव्यांग बच्चों का बनाया गया यूनिक आईडी कार्ड



लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। बीआरसी सिकंदरा में बृहस्पतिवार को समेकित शिक्षा के अंतर्गत पैरेंटस काउंसलिंग और मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चे और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने अभिभावकों से कहा कि वह अपने बच्चों को उपकरण के साथ विद्यालय रोज भेजें । इस अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों की स्क्रनिंग की गई। अभिभावक को उपकरणों के प्रयोग और शैक्षिक गतिविधियां के बारे में राजेश कुमार मिश्र, वीरेंद्र यादव पूनम पांडे द्वारा विस्तार से बताया गया। सभी दिव्यांग बच्चों को स्वल्पाहार, फल वितरण किया गया। फिजियोथेरेपिस्ट राजेंद्र यादव द्वारा बच्चो को थेरेपी दी गई। मेडिकल असेसमेंटस कैंप में कुल 55 दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति रही। जिसमें कुल 41 बच्चो का यूनिक आईडी कार्ड बनाया गया। सीएमओ ऑफिस से डा. के के सिंह, डा.जय शंकर, डा.संकल्प शुक्ला, जी प्रसाद मेडिकल टीम में शामिल रहे।

## पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने परखी विकास की हकीकत



लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश के सदस्य अरविंद सिंह पटेल ने गुरुवार को फूलपुर विकास खंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा नगर पंचायत फूलपुर निरीक्षण कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए बोर्ड के सदस्य ने कहा कि जनता की समस्याओं का निदान समयबद्ध तथा सही किया जाए। सरकार अपनी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का पूरा प्रयास किया है। निरीक्षण से पहले बाबूगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश चंद्र विश्वकर्मा,अशोक चौधरी,मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता,भोला गुप्ता, विजयपाल,अपना दल एस नेता जंग बहादुर पटेल, राहुल विश्वकर्मा, मोनू साहू, गौरव जयसवाल, राजकुमार मोदनवाल, अविनाश सिंह पटेल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सर्वोत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे तृतीय पुरस्कार से सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा मुखे य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुखे य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सतेन्द्र कुमार के प्रयासों के फलरे वरूप उत्ते तर मध्ये य रेलवे राजभाषा के प्रयोग प्रसार के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियाँ हासिल कर रही है। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इलाहाबाद द्वारा प्रयागराज नगर स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में हिंदी में सर्वोत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक कार्यालय, उत्ते तर मध्ये य रेलवे को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उत्ते तर मध्य रेलवे की ओर से यह पुरस्कार सतेन्द्र कुमार, मुखे य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुखे य सिगनल एवं दूरसंचार



इंजीनियर ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्ष एवं मुखे य आयकर आयुक्त सुश्री मोना मोहन्ती से यह पुरस्कार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षो से महाप्रबंधक कार्यालय उत्ते तर मध्ये य रेलवे को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का प्रथम पुरस्कार मिलता रहा है।

महाप्रबंधक कार्यालय को इस वर्ष रेल मंत्री राजभाषा ट्राफी से भी सम्मानित किया जा चुका है।उत्ते तर मध्ये य रेलवे मुखे यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुखे य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुखे य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सतेन्द्र कुमार ने महाप्रबंधक को उक्ते त ट्राफी और प्रमाण पत्र सुपुर्द किया। महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने इस उपलब्धि के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है और आगे भी राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

## संतों ने की सपा अध्यक्ष अखिलेश के बयान की निंदा

### अखिलेश यादव के ‘मठाधीश– माफिया’ वाले बयान पर संतों में आक्रोश

प्रयागराज। संतों के सबसे बड़े संगठन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माफिया और मठाधीश में ज्यादा फर्क न होने का बयान पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने कहा कि अखिलेश यादव सनातन धर्म और उसकी परंपराओं पर राजनीति न करें। वह पहले मठ परंपरा और उसमें आसीन मठाधीश की योग्यता का ज्ञानार्जन करें। तब उन्हें सत्यता की अनुभूति होगी, किसी पर निशाना साधने के लिए पूरी परंपरा को निशाना साधना अनुचित व अस्वीकार्य है।

श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने कहा कि मठ की परंपरा अत्यंत पवित्र है, जो त्याग व साधना पर आधारित है। मठाधीश का जीवन सनातन धर्म व समाज को समर्पित होता है। वो संस्कृत, वेद-पुराणों की निश्शुल्क शिक्षा दिलाते हैं। धार्मिक अनुष्ठान में लीन रहते हैं। उनकी तुलना माफिया से करना अत्यंत निंदनीय है।

जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने अखिलेश के बयान पर निंदा करते हुए कहा कि सनातन धर्म की पवित्र परंपरा का उपहास उड़ाकर अखिलेश ने अक्षम्य कृत्य किया है। उन्हें धर्म से जुड़े मामले में सोच समझकर बयान देना चाहिए। राजनीति करनी है तो करें, लेकिन सनातन धर्म की परंपरा को ठेस न पहुंचाएं, क्योंकि उसे संत समाज स्वीकार नहीं करेगा। अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के संरक्षक जगदगुरु स्वामी महेशाश्रम ने कहा कि मठाधीश की वजह से सनातन धर्म संरक्षित है। धर्मविरोधी ताकतों से मठाधीश ही मोर्चा लेते हैं। अखिलेश को अभी उसका ज्ञान नहीं है। वह राजनीति चमकाने के लिए पूरी परंपरा को कलंकित करने का प्रयास किया है, जिसे समाज स्वीकार नहीं करेगा। स्वामी रामतीर्थ दास ने कहा कि एक जाति के लोग आतंवाद की घटना में लिप्त हैं। अखिलेश ने कभी उसके धर्मगुरुओं के बारे में नहीं कहा कि आतंकवाद व उसके धर्मगुरुओं में कोई फर्क नहीं है, लेकिन सनातन धर्म के बारे में बिना कुछ सोचे-समझे बोल दिया। उन्हें अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए।

## मातमी मजलिस के साथ खत्म हुआ अजादारी का सिलसिला

### अंजुमन गुलजार–ए–कासमी की अलविदाई मजलिस में नम हुई हुसैनियों की आंखें



प्रयागराज। मोहर्रम के चांद दिखने के साथ ही करबला के शहीदों की याद में शुरू हुआ अजादारी का 67 दिनों का सिलसिला गुरुवार को आठवीं रबीउलअव्वल को अलविदाई मजलिस के साथ खत्म हो गया। अय्यामे अज़ा का आखिरी दिन इमामबाड़ा मोजिजनुमा जद्दन मीरसाहब दरियाबाद में अंजुमन गुलज़ार-ए-क़ासिमी की जानिब से हुई अलविदा मजलिस की शुरुआत मंज़रूल हिंदी साहब की सोज़ख्वानी से हुई। उसके बाद जनाब अबुतुराब ने पेशखवानी की।मजलिस को जाकिरे अहकेबैत ज़रखेज़ नजीब ने खिताब किया। बाद ए मजलिस अंजुमन गुलज़ारे क़ासिमी के लगभग 700 से ज़्यादा आज़ादारों ने नौहा व मातम किया, जिससे वहां मौजूद सैकड़ों लोगों के आंखों मे आंसू आ गये। मजलिस में ज़ुल्जनाह, गयारवे इमाम हसन अस्करी अलैहिस्सलाम का ताबूत, व मौला अब्बास का अलम भी बरामद किया गया, जिसकी ज़ियारत कर सोगवारों की आंखे अश्कबार हो गयी।इसके फ़ौरन बाद मशहूर नौहाखवान गुलाम अब्बास ने पुरदर्द नौहा पेश किया। जब अंजुमन गुलज़ारे कासिमी के मुख्य नौहाखवान शादाब ज़मन् ने अलविदा नौहा पढ़ा, तो कोई अपने आंसू रोक नहीं सका, शादाब ज़मन के साथ आफ़ताबे निजामत (संचालन) नजीब इलाहाबादी ने किया। नौहा ख्वानी व मातम के फराएज़ अंजुमन गुलज़ारे क़ासमी, इलाहाबाद के शादाब ज़मन, अस्करी अब्बास, ज़हीर अब्बास, यासिर ज़ैदी, एखलाक़ रज़ा, शबीह रिज़वी, एजाज़ रिज़वी, असद. अली, कामरान रिज़वी, कुमैल आदि ने अंजाम दिए। मजलिस के बाद सभी के लिए नज़रे मौला का भी एहतेमाम भी किया गया था। मजलिस में नासिर ज़ैदी, रज़ा हसनैन एडवोकेट, ताशू रिज़वी, साहब हैदर रिज़वी, मा आज़ादार हुसैन, कौनैन एडवोकेट, शादाब रज़ा अख्तर मेहदी, जावेद रिज़वी करारवी, महमूद ज़ैदी कमर अब्बास रिज़वी, खुशनूद रिज़वी आसिफ रज़ा, फ़िरोज़ आबिदी,, हसन मुस्तफा रिज़वी, एजाज नकवी, मौलाना जाबिर अब्बास, कौनेन रिज़वी, आले मेंहदी, नसीर नकवी, कब्बन,अली अब्बास आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।

## आज मनाई जाएगी ईद ए ज़हरा

प्रयागराज। अंजुमन के सरपरस्त नासिर ज़ैदी के अनुसार जानिब से अंजुमन गुलज़ार ए क़ासिमी की ओर से ईद ज़हरा की मजलिस का एहतेमाम शब में 8 बजे डॉ. मुस्तफा के घर पर किया गया है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने किया जिला जेल व सखी वन स्टॉप सेंटर निरीक्षण

### महिला बंदियों से उनके खान-पान, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, संगीत व अन्य बिंदुओं के बारे में ली जानकारी



प्रयागराज। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ममता कुमारी द्वारा अपने सहयोगी सुश्री सलोनी प्रभाकर, साइकोलाजिस्ट, राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ तीन दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान जिला जेल व सखी-वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। जिला जेल का निरीक्षण करते हुये महिला बंदियों से वर्ता की गयी तथा उनके खान-पान, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा व संगीत के विषय में जानकारी ली गई। महिला कैदियों द्वारा गीत संगीत का गायन किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला कैदियों के बच्चो को खिलौने, फल आदि समाग्री वितरित की गई तथा जिला जेल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिया गया।

इसी प्रकार पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं को एक छत के नीचे समस्त आवश्यक सुविधाये उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित सखी-वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। सेन्टर का भवन पुरानी होने के कारण उपयोग हेतु उपयुक्त न पाते हुये तत्काल सेन्टर को अन्य भवन में स्थानान्तरित करने के निर्देश दिये गये।

## वरना नदी में मिली महिला के शव की हुई शिनाख्त

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । बहरिया थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव स्थित बरना नदी में बुधवार को मिली अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त हो गई है।

पुलिस के मुताबिक 11 सितम्बर 2024 को ग्राम राजेपुर के बरना नदी के स्थिर पानी में एक अज्ञात महिला का शव मिला था जिसकी शिनाख्त मृतका मीरा देवी पुत्री सोहन लाल निवासी पचदेवरा थाना नवाबगंज प्रयागराज उम्र करीब 30 वर्ष हुई है । मृतका के पिता सोहनलाल पुत्र छेदी लाल द्वारा बताया गया कि मृतका की शादी कौशाम्बी में हुई थी, पति से सम्बन्ध विच्छेद होने पर वह मायके रहा करती थी, लम्बे समय से चले आ रहे तनाव की वजह से वह विक्षिप्त हो गई थी। जिसका इलाज चल रहा था ।

मृतका मीरा देवी घर से बिना बताए अक्सर चली जाया करती थी । मृतका गत 09 सितम्बर की सुबह घर से चली गई थी ।

## कटरा दुर्गा पूजा की खूँटी-पूजा आयोजित



प्रयागराज। श्री कटरा दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा खूँटी-पूजा विधि विधान के साथ गुरूवार सायं संपन्न हुई। दुर्गा पूजा के 105 वें वर्ष में प्रवेश पूजा और स्थल परिवर्तन के कारण म्योहाल स्पोर्ट्स कांम्पलेक्स के समीप स्थित मेसोनिक टेंपेल प्रांगण में आयोजित होगी।पुरोहित पंडित अशोक चक्रवर्ती द्वारा पूजन कार्य कराया गया। प्रधान सचिव अभिन्न वार्ष्णेय ने बताया कि पूजा के उपरांत कोलकाता से आये विशेष कारीगरों द्वारा पंडाल बनाने की शुरुआत की गई। पांच दिवसीय पूजा अगले माह 08 अक्तूबर से प्रारंभ है जो 13 अक्तूबर तक चलेगी। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में कटरा दुर्गा पूजा स्टेनली रोड स्थित आरडी पैलेस में आयोजित होती रही है।इस दौरान प्रधान सचिव अभिन्न वार्ष्णेय, श्रीमंतो बनर्जी, अभीक शाहा, चंद्रकेश मिश्रा, आयान शाहा, आलोक दास सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

## ब्राह्मण महासंगठन के जिला उपाध्यक्ष बने शीतला प्रसाद मिश्रा



लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । विकास खंड बहरिया के सराय गंभीर दासपुर बीबीपुर निवासी शीतला प्रसाद मिश्र पुत्र गणेश दत्त मिश्र को अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्माकर कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष प्रयागराज मनोनीत किया गया है ।

# जिलाधिकारी ने 08 विभागों द्वारा माह अगस्त में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओ इंडीकेटर्स में सीडी एवं ई प्रगति प्राप्त होने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

## सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं, इंडीकेटर्स में सम्बन्धित विभागों द्वारा रैंकिग में सुधार न पाये जाने पर दी जायेंगी प्रतिकूल प्रविष्टि

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सम्बन्धित विभागों द्वारा माह अगस्त में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं इंडीकेटर्स की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी द्वारा सेतु निर्माण निगम की रैंकिग, इण्डिकेटर फ्लैगशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत माह अगस्त में रैंकिग सी श्रेणी प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए परियोजना प्रबन्धक, सेतु निगम रोहित मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण तत्काल उपलब्ध कराने निर्देश दियें।

इसी प्रकार नई सड़कों के निर्माण कार्य से सम्बन्धित इण्डिकेटर में ई श्रेणी प्राप्त होने एवं नई सड़कों के निर्माण में लगातार दो माहों में सी.एम.आई.एस. पोर्टल पर फीडिंग प्राप्त न होने पर अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 श्री दयाशंकर सिंह को चेतावनी जारी करने के निर्देश दियें।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री अश्विनी कुमार द्वारा शादी अनुदान योजना में प्रभावी अनुश्रवण न किये जाने के कारण सी श्रेणी प्राप्त हुई है। पूर्व बैठकों में भी निर्देशित किया जा चुका था कि इण्डीकेटर्स की नियमित अनुश्रवण करते रहें तथा प्रगति की फीडिंग सम्बन्धित पोर्टल पर कराते रहें। विभागीय कार्य में रूचि न लेने पर जिलाधिकारी ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस'' निर्गत करते हुये स्पष्टीकरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दियें।

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा वृद्धावस्था पेंशन से सम्बन्धित इण्डिकेटर में सी श्रेणी प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। उपायुक्त उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, श्री के0के0 अमर द्वारा ओ.डी.ओ.पी-वित्त पोषण से सम्बन्धित इण्डिकेटर में डी श्रेणी प्राप्त होने एवं विभागीय कार्य में रूचि न लेने तथा सी0एम0 डैशबोर्ड पर लगातार दूसरी बार रैंकिग से जनपद की प्रगति शासन स्तर पर खराब प्रदर्शित होने एवं कार्य में लापरवाही बरतते हए पाये जाने पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को''कारण बताओ नोटिस'' जारी करते हुए स्पष्टीकरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार को सी.टी. स्कैन सेवायें की इण्डिकेटर में डी श्रेणी प्राप्त होने एवं योजनाओं का अनुश्रवण ठीक प्रकार से न किये जाने तथा कार्यो में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने के पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को ''कारण बताओ नोटिस'' निर्गत करने एवं स्पष्टीकरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। सड़क निर्माण से सम्बन्धित इण्डिकेटर में ई श्रेणी प्राप्त होने पर चेतावनी जारी करने के निर्देश दियें। सी0एम0 डैशबोर्ड पर विभागीय पोर्टलों के इन्टीग्रेशन के माध्यम से विभागों द्वारा उपलब्ध कराये गये रिपोर्ट के आधार पर रैंकिंग में डे.एन.आर.एल.एम. बी.सी. सखी से सम्बन्धित इण्डिकेटर में डी श्रेणी प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त, स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं, इंडीकेटर्स में सम्बन्धित विभागों द्वारा रैंकिग में सुधार न लाये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी।

## यूपी बोर्ड आवेदन फॉर्म तिथि बढ़ाए जाने की मांग

**कौशाम्बी।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभाकर दिवेदी व पूर्व कोषाध्यक्ष ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज के सचिव को ज्ञापन देकर बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा 2024 के कारण विद्यालयों में लगभग 10 दिन हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के छात्रों का पंजीकरण तथा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट आवेदन फार्म बहुत अधिक मात्रा में छूटे हुए हैं। साथ ही कई जिलों में बरसात होने के कारण विद्यालय भी बन्द हुए थे जिससे छात्रों का परीक्षा शुल्क न जमा हो पाने के कारण आवेदन फार्म आनलाइन नहीं हो सके हैं। इसमें छात्रों का कोई दोष नहीं है जब पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही थी तब 10 दिन विद्यालय में छात्रों का कोई भी शुल्क व समस्त कार्य बन्द थे। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव से मांग करते हुए बताया की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के छात्रों की शुल्क जमा करने एवं परीक्षा आवेदन फार्म पूरित करने हेतु कम से कम 10 दिन की तिथि बढ़ाया जाए।

## आवास प्लस सर्वेक्षण हेतु संवेदनशीलता के साथ करे काम- सीडीओ




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मुख्यालय स्थित विकास भवन के सरस हॉल में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवस्तव की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जनपद की 451 ग्राम पंचायतों में तैनात 122 सर्वेक्षणकर्ताओं को सर्वेक्षण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। कार्यशाला में मौजूद लोगो को सीडीओ ने निर्देशित करते हुए कहा की इस कार्य को सभी सर्वेयर संवेदनषीलता के साथ करेंगे। ग्राम पंचायतों में लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी करायी जाय, जिससे किसी भी दशा में कोई पात्र परिवार छूटने न पाये। साथ ही इस बात का अवश्य ध्यान रखा जाये कि किसी भी दशा में आई0जी0आर0एस0 एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायती पत्रों की जांच के उपरान्त पात्र पाये गये लाभार्थी सर्वे से न छूटने पाये। ग्राम पंचायतों में सर्वे के दौरान ग्राम प्रधान, बी0डी0सी0 आदि गणमान्य नागरिकों का भी सर्वे के दौरान सहयोग लिया जाये। 05 साल इसी से आवास दिया जाना है।

इसलिए डोर टू डोर सर्वे करना है। सभी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत के 03 स्थलों पर वॉलराइटिंग करायी जाये, जिससे लोगों को पात्रताध्अपात्रता के बिन्दुओं के बारे में विस्तृत जानकारी हो सके। दिनांक 15 सितम्बर को प्रधानमंत्री द्वारा झारखण्ड के जमशेदपुर में आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के लिए आवास प्लस ऐप लांच किया जायेगा। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक से 10 लाख लाभार्थियों को आवास की प्रथम किश्त ट्रांसफर की जाएगी तथा गत वर्ष एवं वर्तमान वर्ष में अब तक निर्मित आवासों का गृह प्रवेश कराया जायेगा। समस्त विकास खण्डों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर उपायुक्त (स्वतः रोजगार) सुखराज बंधु , उपायुक्त (श्रम रोजगार) मनोज कुमार वर्मा, परियोजना निदेशक नवीन कुमार गुप्ता , जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सहित खण्ड विकास अधिकारी भवेश कुमार शुक्ल , दिनेश चंद्र , संजय गुप्ता एवं सचिव आफ्ताब आलम , ताज मोहम्मद , सत्य प्रकाश पांडेय , सत्येंद्र सिंह , विकास शर्मा , अजय सिंह , निखिल सिंह , सोहन लाल , सुरेश मौर्य , रमेश सोनकर , राजमणि भारतीय , पुरन चंद्र , राहुल सिंह , मनोज त्रिपाठी , रामसखा , बृजेश सिंह सहित सचिव मौजूद रहे।

# महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बरों की दी जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोखराज व महिला थाना, महिला थाना सैनी मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई

तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए ।

सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# निर्यातको, प्रगतिशील कृषकों, इत्यादि के साथ कृषि निर्यात जागरूकता बैठक का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** दिनेश प्रताप सिंह राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान तथा कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग एंव निर्यात उत्तर-प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में आज कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार जनपद-कौशाम्बी द्वारा किसान कल्याण केन्द्र में कृषि एवं प्रसंस्कृत उत्पादों से सम्बन्धित निर्यातको, प्रगतिशील कृषकों, इत्यादि के साथ एक कृषि निर्यात जागरूकता बैठक आयोजित की गयी।



डॉ0 दिनेश चन्द्रा सहायक कृषि विपणन अधिकारी प्रयागराज मण्डल द्वारा कृषकों, को निर्यात के क्षेत्र में भी आगे आने का आह्वाहन किया गया तथा देश से निर्यात कैसे किया जाए के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। निर्यात करने पर मण्डी शुल्क-सेस अनुदान, निर्यात के तकनीकी समस्याओ का समाधान किया गया, विभाग में उपलब्ध विभिन्न निर्यात सब्सिडी एवं नए शासनादेश के अन्तर्गत निर्यात योग्य नमूनों का अन्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित मानको की जाँच यथा प्राकृतिक, जैविक खेती की अच्छी कृषि पद्धतियों तथा प्रसंस्करित उत्पादो के निर्यात के लिए मैक्सिमम रेजिड्यु लेवल परीक्षण आदि कार्यो के लिए विभिन्न मदों में अधिकतम रू 1.5 लाख वार्षिक की दर से, या वार्षिक फीस का 50 प्रतिशत उपलब्ध है,

साथ ही प्रभारी ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक कौशाम्बी को जनपद से निर्यात योग्य कृषि जिंसो को चिह्नित करते हुए क्लस्टर सूची में सम्मिलित कराये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद के प्रभारी ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक रोहित कुमार पाल ने विभाग द्वारा दी जा रही निर्यात सब्सिडी यथा परिवहन अनुदान हेतु 20 लाख या भाड़े का 25 प्रतिशत निर्यात क्लस्टर अनुदान 10 लाख, क्लस्टर के निकट स्थापित नयी प्रसंस्करण यूनिट हेतु 25 लाख या क्षमता का 10ः निर्यात, पोस्ट हार्वेस्ट सम्बन्धी नये कोर्सेस के संचालन के लिए रूपया 50 लाख, उक्त कोर्स में अध्यनरत विद्यार्थियों की वार्षिक फीस में 50ः का अनुदान व लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया। उक्त बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एस0 के0 सागर द्वारा पशुपालन उद्योग में निर्यात की संभावनाएं पर विस्तृत जानकारी दी गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ0 मनोज सिंह निर्यात हेतु उत्तम कृषि पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग जंगबहादुर पटेल मत्स्य उद्योग में निर्यात की संभावनाएं पर जानकारी दी गयी।

उद्यान निरीक्षक प्रमोद कुमार निर्यात हेतु फल एवं सब्जियों का प्रसंस्करण पर जानकारी उपलब्ध करायी गयी। कृषि विभाग के उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी तथा अभयराज गुप्ता द्वारा कृषि विभाग की योजनाएं जो निर्यात में उपयोगी है पर चर्चा की गयी। कृषि विपणन निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, कृषि विपणन निरीक्षक विपिन कुमार त्रिपाठी व मंडी सचीव मंझनपुर, अझुआ, भरवारी उपस्थित रहे। निर्यात सम्बन्धि हितधारक अधिक जानकारी या अनुदान के लिए रोहित कुमार पाल प्रभारी ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक जनपद-कौशाम्बी से सम्पर्क कर सकते हैं।

## रास्ते की जमीन पर विपक्षियों द्वारा निर्माण किए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री से

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के खोरा गांव निवासी स्वर्गीय भैरव के पुत्र अमर सिंह ने मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र जिला प्रशासन को सौंप है। शिकायती पत्र के माध्यम से अमर सिंह ने बताया कि 12 बिस्वा भूमि खोरा गांव के खतौनी में दर्ज हैं। अब तो भूमि में परिवार के ही दो भाइयों का हिस्सा है। उक्त आरजी भूमि में 10 फीट का रास्ता छोड़कर आधा बटवारा कर दिया गया था जो रास्ता पूर्वजों ने छोड़ा था एक दूसरे को आने-जाने में भविष्य में यदि मकान का निर्माण भी करें तो आने-जाने के लिए रास्ता छोड़ने की बात की गई थी लेकिन आम रास्ता बंद कर दिया गया है जिसका विरोध करने पर विपक्षियों द्वारा आए दिन मारपीट की जाती है। आप है कि विपक्षियों द्वारा रास्ते के लिए छोड़ी गई। 10 फीट की जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा है भक्ति भोगी ने शिकायती पत्र के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है।

## न्यूज डायरी

## छेड़छाड़ के आरोप में अभियुक्त को 5 वर्ष का कठोर कारावास व जुर्माना

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशम्बी।** मामला पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के रामधीनपुरा मजरा पश्चिम शरीरा क्षेत्र का वादिनी मुकदमा पुष्पा देवी पत्नी राम सरोज कुमार ने थाना पश्चिम शरीरा में लिखित तहरीर दिया कि 02 अगस्त 2020 को समय करीब 12 दिन में राम भजन लोड पुत्र शिवलोचन लोध वादिनी के घर पर घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा पीड़िता के शोर मचाने पर अभियुक्त राम भजन गाली गलौज हुआ जान से मारने की धमकी देते हुए छोड़कर भाग गया वादिनी मुकदमा के तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया राम भजन के साथ मंजय व गब्बर का भी नाम प्रकाश में आया मामला विशेष न्यायालय पैक्सो अशोक कुमार श्रीवास्तव की अदालत में चला राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता शशांक खरे ने कुल छह गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया गवाहों का बयान सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद अभियुक्त राम भजन को दोषी पाते हुए 5 वर्ष का कठोर कारावास व कुल 8000 अर्थ दंड की सजा सुनाई जबकि मजे और गब्बर को सच के अभाव में दोष मुक्त कर दिया अर्थदंड ना जमा करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## 19 सितम्बर तक करें आवेदन

**चित्रकूट-** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला समन्वित विकास के अन्तर्गत माटीकला टूल किट्स वितरण योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जनपद को 25 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। माटीकला से जुडे कुम्हार जाति के व्यक्तियों को माटीकला से सम्बन्धित परम्परागत व प्रशिक्षित कारीगरों को माटीकला व माटी शिल्प कला के पावर चालित चाक (पाट्रीव्हील) का निःशुल्क वितरण किया जाना है। इस योजना के अन्तर्गत उद्यम संचालित करने के लिए टूल किट्स प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो वह अपना आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदन रसीद, आधार कार्ड, फोटो, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, परिवार कार्ड एवं शिक्षा सम्बन्धी अभिलेखों की छायाप्रति एकत्रित करते हुए 19 सितंबर तक कार्यालय कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय विकास भवन में जमा करना अनिवार्य है। लाभार्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। इसके बाद चयनित लाभार्थियों को उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड लखनऊ से पावर चालित चाक (पाट्रीव्हील) प्राप्त होने पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार वितरण कराया जायेगा।

## दिव्यांगजन पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से करायें लिंक

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री विकास वर्मा ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांग व कुष्ठावस्था पेंशन की आगामी किश्त का भुगतान ''आधार बेस्ड पेमेण्ट'' प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में होना है। उन्होंने सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि वह अपने बैंक से सम्पर्क कर अपनी पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से '' छच्ब्प् डवकम '' में जल्द से जल्द लिंक कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनकी आगामी दिव्यांग पेंशन की धनराशि खाते में अन्तरित होने में समस्या हो सकती हैं।

# उदिहीन बुजुर्ग में आकाश बने दंगल चौंपियन

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के उदिहीन बुजुर्ग गांव में तीन दिवसीय राम जानकी मेला में गुरूवार को चौंपियन ट्रॉफी के साथ समापन हो गया । चौंपियन ट्रॉफी के लिए आकाश बरौली को कोई जोड न मिलने से आकाश दंगल चौंपियन घोषित किए गए वहीं महिला पहलवानों में सरिता कानपुर ने संतोषी कानपुर को हराकर विजय प्राप्त की । दंगल में सबसे रोचक कुश्ती राजेश टेवा व शैतान प्रयागराज के बीच हुई जो लगभग दस मिनट तक चली जिसमें राजेश ने विजय प्राप्त की दूसरी महिला कुश्ती में पुष्पांजलि कानपुर व अनीता बनारस के बीच हुई जिस में अनीता ने विजय प्राप्त की । दंगल में पहले दिन मंगलवार को 18 जोड़ों ने अपने-अपने कौशल का प्रदर्शन किया। गुरूवार को फाइनल दंगल में 16 जोड़ों ने अपने-अपने कौशल का प्रदर्शन किया । अंत में विजेता पहलवानों को दंगल कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर ग्राम प्रधान दशरथ प्रसाद , मेला कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक पांडे व जिला पंचायत सदस्य शेर मोहम्मद , बृजेंद्र तिवारी , अरविंद केसरवानी, इसरार अहमद, रमेश सरोज ,सोनू केसरवानी, व चौकी इंचार्ज उदहिन बाजार अनुराग सिंह ,अजय यादव आदि लोग मौजूद रहे ।



# भारी वर्षा के कारण अपर जिलाधिकारी ने की एडवाइजरी जारी

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा 12 से 14 सितम्बर 2024 के मध्य भारी बारिश की सम्भावना व्यक्त की गयी। वज्रपात की पूर्व चेतावनीध्अलर्ट के लिए ''दामिनी ऐप'' को करें डाउनलोड, दामिनी ऐप 20 कि0मी0 के क्षेत्र में संभावित आकाशीय विद्युत अलर्ट 04 घंटे पूर्व करता है प्रेषित। तड़ित बज्रपात के दौरान कई लोग मरते या घायल होते है। कई बार ऐसी घटनाएं सामने आयी कि बज्रपात के समय टेलीफोन का इस्तेमाल करने से बिजली के झटके लगते है ऐसे में बज्रपात के दौरान निम्नलिखित सावधानियॉ ध्यान में रखें। तुरन्त कार्यवाही करेंः- . बिजली मिस्त्री से सलाह लेकर घर में तड़ित-चालक लगवाएं। अगर आप बाहर हो(बज्रपात के समय):- अगर आपको बिजली चमकने के 10 सेकेण्ड के बाद गर्जन सुनाई देती है तो इसका मतलब है कि वो आपसे 03 कि0मी0 दूर है। अतः तुरन्त ही सुरक्षित आश्रय ढूंढे। अगर आप घर के अन्दर होः- आंधी आने के पहले टीवी, रेडियों और कम्प्यूटर सभी का मोडेम और निकाल दें।

सारे पर्दे लगा दें। खिड़कियॉ बन्द रखें। बिजली से चलने वाली वस्तुओं का इस्तेमाल ना करें। टेलीफोन का इस्तेमाल ना करें। आपातकाल मे फोन करें पर विद्युत चालक वस्तुओं को ना छुएं। खाली पैर फर्श या तमीन पर ना खडे रहे। प्राथमिक उपचारः- झटके लगने के दौरान तुरन्त ह्रदय के पास मालिश करें, और मुंह द्वारा पुनरूज्जीवन क्रिया करें। ऐसा तब तक करते रहें जब तक कि कोई मद्द ना पहुचे।(आपको रोगी से बिजली नहीं लगेगी)। बज्रपात के कुछ तथ्य और पर बज्रपात कई बार हो सकता है। एक ही जगह पर बज्रपात कई बार हो सकता है।



# बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला सशक्ति करण कार्यक्रम का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**हर्रायपुर, कौशाम्बी।** एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर ,मूरतगंज के प्रांगण में बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला सशक्ति करण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप निरीक्षक थाना संदीपन घाट जयंत गुप्ता व महिला कांस्टेबल सपना शाक्य व महिला कांस्टेबल प्रियंका सिंह ने बालिकाओं वा महिलाओं की सुरक्षा हेतु उन्हें हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी तथा कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि उसका डटकर मुकाबला करना है पुलिस को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि पुलिस आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है

उन्होंने कहा कि कोई समस्या आने पर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर कॉल करें।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव,प्रधानाचार्य महेश कुमार, उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव व स्टाफ उपस्थित रहे।

## जिले के हिनौता गांव के विवके रंजन मैत्रेय ने बिहार के शिवहर जिले के जिलाधिकारी बन जनपद का नाम किया रोशन

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिला के हिनौता गांव निवासी विवेक रंजन मैत्रेय के पिता वीपी नागेश सचिवालय लखनऊ में सेक्शन आफिसर हैं। मां रेखा नागेश शिक्षिका हैं। विवेक रंजन मैत्रेय के बाबा शिवपाल रिटायर्ड शिक्षक हैं। विवेक के एक छोटे भाई विनीत रंजन मैत्रेय है और एक बहन विभा रंजन मुंबई से आईआईटी कर रही है। युवा प्रतिभाशाली मेघावी विवेक रंजन मैत्रेय आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है,इसके बाद 2015 में इंडियन रिवेन्यू सर्विसेज के लिये सलेक्ट हुएं 2015 में ही एक बड़ी छलांग लगाकर यूपीएससी की परीक्षा में 164वी रैंक हासिल की और आइएएस बने। उसके बाद उन्हें बिहार कैडर मिला और नालंदा के एसडीएम के रूप में सेवाएं दीं,विवेक पटना के वर्तमान जिलाधिकरी डा.चंद्रशेखर सिंह के सहायक के रूप में दरभंगा में काम कर चुकें है। विवेक रंजन मैत्रेय आइएएस को मुजफ्फरपुर नगर निगम के आयुक्त के रूप में बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली और उन्होंने काफी ख्याति प्राप्त की। फिलहाल वो हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय,उद्योग विभाग के निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। विवेक रंजन मैत्रेय ने ट्रेनिंग के समय विदेश भ्रमणों के दौरान बड़े बड़े शहरों के प्रबंधन कार्यप्रणाली पर रिसर्च किया है उम्मीद की जा रही है की शिवहर को उनके आधुनिक सोंच व अनुभवों का लाभ मिलेगा और शिवहर की समस्याओं से निजात भी मिलेगा। सोशल साइट्स पर काफी सक्रिय रहते हैं। वैवाहिक बंधन की बात करें तो वो पूर्णिया निवासी डॉक्टर सोनाली के साथ 3 वर्ष पहले शादी के बंधन में बंध गए।

## कादीपुर के हल्का लेखपाल की शिकायत जिला अधिकारी से

**कौशाम्बी।** जनपद के तहसील सिराथू अंतर्गत बड़नपुर कादीपुर इचौली निवासी स्वर्गीय गोवर्धन दास के पुत्र हेमंत कुमार रावत ने जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि गांव के हल्का लेखपाल द्वारा भू माफियाओं से साथ गांठ कर देश कीमती जमीन बेची जा रही है। साथ ही तलबी नंबरों पर अवैध कब्जा कराया जा रहा है शिकायती पत्र के माध्यम से हल्का लेखपाल के मनमानी रवैया पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

## ए0सी0एम0ओ0 ने एम्बुलेंस कर्मियों के प्रशिक्षण का लिया जायजा



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क संचालित 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों के प्रशिक्षण के दौरान कौशाम्बी जिले के ए0सी0एम0ओ0 डॉ हिमांशू भूषण ने ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर एम्बुलेंस कर्मियों को दी जा रही ट्रेनिंग का जायजा लिया।

डॉ हिमांशू भूषन एम्बुलेंस के जिला स्तरीय नोडल भी हैं और इनके कार्यकाल में जब से इन्होने एम्बुलेंस के नोडल का कार्यभार संभाला है लगातार एम्बुलेंस सेवाओं में सुधार देखने को मिला है।

बातचीत के दौरान डॉ हिमांशू भूषण ने रिस्पांस टाइम को लेकर एम्बुलेंस कर्मियों की सराहना भी की और सड़क सुरक्षा को लेकर भी सभी एम्बुलेंस कर्मियों को सजक रहने की सलाह दी।

एम्बुलेंस में आवश्यक मेडिसिन और इक्विपमेंट उपलब्धता 100 प्रतिशत बनाये रखने की सलाह दी।